CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

देहरादून, सोमवार 1 अगस्त 2022 देहरादून संस्करण: वर्ष 22 अंक 10 पृष्ठ 16 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com shahtimes2015@gmail.com श्रावण शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2079 2 मुहर्रम 1444 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रमंडल खेलः जेरेमी लालरिनुंगा ने 67 किग्रा भार वर्ग में रचा इतिहास

बर्मिंघम में जेरेमी ने देश को दिलाया दूसरा गोल्ड मेडल

- चोटिल होने पर भी नहीं मानी हार, राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष बने
- वेट लिफ्टर बिंद्यारानी देवी ने 55 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता
- तालिका में छठे नंबर पर भारत, 13 स्वर्ण, आठ रजत व 11 कांस्य के साथ ऑस्ट्रेलिया नंबर वन

बर्मिंघम, वार्ता

भारत को बर्मिंघम में दूसरा स्वर्ण पदक मिल गया है। वेटलिफ्टिंग में जेरेमी लालरिनुंगा ने 67 किग्रा भार वर्ग में इतिहास रच दिया।

उन्होंने 300 किग्रा भार उठाकर देश को सोना दिलाया। वेटलिफ्टिंग में भारत का यह पांचवां पदक है। इससे पूर्व भारत की वेट लिफ्टर बिंद्यारानी देवी ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में देश के पदकों की संख्या चार करते हुए शनिवार (भारत में रविवार सुबह से पहले) को 55 किग्रा भार वर्ग में रजत जीता। मीराबाई चानू और लालरिनुंगा के स्वर्ण के अलावा बिंद्यारानी देवी ने रजत, संकेत सरगर ने रजत और गुरुराजा पुजारी ने कांस्य पदक जीता है। इसके साथ ही भारत राष्ट्रमंडल खेलों की पदक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गया है। 13 स्वर्ण, आठ रजत व 11 कांस्य पदकों के साथ ऑस्ट्रेलिया तालिका में पहले स्थान पर बना हुआ है मिजोरम के रहने वाले 19 वर्षीय जेरेमी ने स्नैच राउंड में 140 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 160 किग्रा उठाया। वह इस राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष बन गए हैं। उनसे पहले मीराबाई चानू ने वेटलिफ्टिंग में ही देश को सोना दिलाया था। उनका मुकाबला समोआ के वैपावा नेवो के साथ था। वैपावा ने स्नैच में 127 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 166 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक जीता। अपने आखिरी प्रयास में उन्होंने गोल्ड जीतने की चाहत में 174 किलोग्राम वजन उठाने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। वहीं नाइजीरिया के इडिडोंग ने स्नैच में 130 और क्लीन एंड जर्क में 160 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। स्नैच राउंडः जेरेमी ने पहले प्रयास में -शेष पृष्ठ दो पर

पाकिस्तान को हराकर भारतीय महिला टीम अंक तालिका में शीर्ष पर

स्मृति मंधाना ने जड़ा अर्धशतक

बर्मिंघम। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने राष्ट्रमंडल खेलों में अपनी पहली जीत रविवार को दर्ज की। उसने ग्रुप-ए के अपने दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान को आठ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। उसके दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ दो अंक हैं। भारत के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया और बारबाडोस के भी दो-दो अंक हैं, लेकिन टीम इंडिया नेट रनरेट में बेहतर है। बारिश के कारण मैच को 18-18 ओवरों का कर दिया गया था। पाकिस्तान की कप्तान बिस्माह मारूफ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। उनका यह फैसला गलत साबित हुआ। पाकिस्तान की पूरी टीम 18 ओवरों में 99 रनों पर ही सिमट गई। भारत ने 100 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। उसने 11.4 ओवर में दो विकेट पर 102 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। 100 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने शानदार शुरुआत की। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने पहले विकेट के लिए 5.5 ओवरों में ही 61 रन की साझेदारी कर ली। शेफाली नौ गेंद पर 16 रन बनाकर पवेलियन लौटी। स्मृति ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी जारी रखी। उन्होंने आठवें ओवर में तुबा हसन की तीसरी गेंद पर छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया।

संक्षिप्त समाचार

लोकप्रिय बंगाली गायिका निर्मला मिश्रा का निधन

कोलकाता। लोकप्रिय उड़िया एवं बंगाली गायिका निर्मला मिश्रा का रविवार को यहां उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 81 वर्ष की थी। उनके परिवार में पति और पुत्र हैं। उन्हें वर्ष 2015 में मस्तिष्काघात हुआ था, जिसके बाद वह घर में ही बिस्तर पर थी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गायिका के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। सुश्री बनर्जी ने अपने शोक संदेश में कहा कि सुश्री निर्मला का निधन संगीत जगत के लिए एक बड़ी क्षति है। राज्य सरकार ने रविवार को गायिका के अंतिम संस्कार से पहले उनके पार्थिव शरीर को महानगर के सांस्कृतिक केंद्र रवींद्र सदन परिसर में लोगों के दर्शन के लिए रखने की व्यवस्था की। वर्ष 1938 में तत्कालीन बंगाल प्रेसीडेंसी के 24 परगना जिले में जन्मी सुश्री निर्मला को उड़िया संगीत में उनके योगदान के लिए संगीत सुधाकर बालकृष्ण दास पुरस्कार मिला। पश्चिम बंगाल सरकार ने 2012 में संगीत सम्मान और 2013 में संगीत मशसनमन और बंग विभूषण से सम्मानित किया था।

कांगो में शहीद जवानों के पार्थिव शरीर दिल्ली पहुंचे

नई दिल्ली/जयपुर। संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में अफ्रीका के कांगो (डीआर) में शहीद हुए भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान सांवलाराम बिश्नोई एवं शिशुपाल सिंह के पार्थिव शरीर रविवार सुबह दिल्ली पहुंचे, जहां केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। बीएसएफ में मुख्य प्रहरी एवं बाड़मेर के लाल सांवलाराम बिश्नोई तथा बल में हैड कांस्टेबल एवं सीकर के वीर सपूत शिशुपाल सिंह का पार्थिव शरीर दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचने पर श्री चौधरी ने पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया और सेना के अधिकारियों एवं जवानों के साथ शहीदों को कंधा देकर उन्हें जन्म भूमि के लिए रवाना किया। इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा कि विश्व शांति के लिए हिंदुस्तान और राजस्थान ने भारत माता के दो सच्चे और बहादुर सपूतों को खो दिया। रविवार को इन वीरों का पार्थिव शरीर को इनकी जन्मभूमि रवाना करना काफी मर्माहत और दुखद पल है।

बिहार के कई जिलों में भूकंप के झटके

पटना। बिहार में पटना समेत कई जिलों में रविवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.5 मापी गई। रविवार सुबह सात बजकर 58 मिनट पर कुछ सेकेंड के लिए भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस भूकंप का एपिसेंटर नेपाल से तीन किमी दूर दिक्तेल में बताया जा रहा है। भूकंप का असर देश के अन्य राज्यों के अलावा नेपाल और चीन में भी रहा। बिहार में भूकंप के झटके कटिहार, किशनगंज, अररिया, सहरसा, पूर्णिया, मधेपुरा, बेगूसराय, मधुबनी, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, लखीसराय एवं मुंगेर समेत कई जिलों में महसूस किए गए हैं। कटिहार में सबसे अधिक इसका असर महसूस किया गया, जहां भूकंप के झटके के कारण लोग घर से दौड़ कर बाहर निकले। हालांकि इस दौरान राज्य के किसी भी क्षेत्र से जानमाल की क्षति की सूचना नहीं है।

संजय राउत की मुश्किलें बढ़ीं

ईडी ने पात्रा चॉल केस में नौ घंटे जांच के बाद ईडी दफ्तर में शिवसेना नेता से की लम्बी पूछताछ

मुंबई, वार्ता

ईडी की जांच के दौरान संजय राउत और उनके विधायक भाई सुनील राउत अपने भांडुप के बंगले मैत्री की खिड़की पर आए और बाहर खड़े समर्थकों का अभिवादन किया। शिवसेना सांसद संजय राउत को नौ घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने हिरासत में ले लिया है।

भांडुप में उनके बंगले मैत्री पर सुबह सात बजे ईडी की टीम पहुंची थी। 10 अफसरों ने राउत और उनके विधायक भाई सुनील राउत के कमरों की तलाशी ली। टीम ने उनसे और उनके परिवार वालों से पूछताछ की। कहा गया है कि राउत जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे। राउत पर यह कार्रवाई महाराष्ट्र के 1034 करोड़ के पात्रा चॉल जमीन घोटाला मामले में की गई है। हिरासत के बाद उन्हें ईडी दफ्तर ले जाया गया, जहां उनसे लम्बी पूछताछ की गई है। ईडी दफ्तर पर पुलिस तैनात की गई है। राउत को 27 जुलाई को ईडी ने तलब किया था, लेकिन वे पेश नहीं हुए थे। ईडी ने रविवार को राउत का दादर वाला फ्लैट सील कर दिया है। आरोप है कि संजय राउत ने पात्रा चॉल जमीन घोटाले के पैसे से यह फ्लैट खरीदा था। ईडी की टीम राउत के अलावा उनके दो करीबियों के घर भी पहुंची है। वहां भी जांच-पड़ताल की जा रही है। ईडी की कार्रवाई शुरू होने के बाद संजय राउत ने ट्वीट करके

- जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे राउत, संजय का फ्लैट सील किया गया: ईडी
- मेरा किसी घोटाले से कोई लेना-देना नहीं: संजय राउत
- हिंदुत्व को लेकर बोलने की हिम्मत सिर्फ बाल साहेब में थी: उद्धव ठाकरे
- मोदी सरकार अंग्रेजों के कदमों पर चलने वाली सरकार : नाना पटोले

अपनी सफाई दी। राउत ने कहा कि मेरा किसी घोटाले से कोई लेना-देना नहीं है। मैं शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे की शपथ लेकर यह कह रहा हूं। बाला साहेब ने हमें लड़ना सिखाया है। मैं शिवसेना के लिए लड़ना जारी रखूंगा। यह झूठी कार्रवाई है। झूठा सबूत है। मैं शिवसेना नहीं छोड़ूंगा। मैं मर भी जाऊं तो समर्पण नहीं करूंगा। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि रविवार को संजय राउत गिरफ्तार हो सकते हैं। सामना में जो उन्होंने रोक-ठोक नाम से लेख लिखा है उसमें कई सवाल खड़े किए थे। यह सारी कारस्तानी सारी लाज शर्म छोड़कर निर्लज्जता से चली रही है। ये दमन शाही नीति है। हिंदुत्व को लेकर अगर किसी में बोलने की हिम्मत थी तो वो बाला साहेब ठाकरे ही एक मर्द थे। संजय राउत के खिलाफ चल रही ईडी की जांच पर कांग्रेस ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि मोदी सरकार के खिलाफ जो बोलता है, उस पर कार्रवाई की जाती है। ये कार्रवाई अंग्रेजों के कदमों पर चलना है। राउत को ब्लैकमेल करने के लिए कार्रवाई की गई है।

राउत दंपति की 11 करोड़ की संपत्ति हो चुकी जब्त

मुंबई। यह मामला मुंबई के गोरेगांव इलाके में पात्रा चॉल से जुड़ा है। यह महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी का भूखंड है। इसमें करीब 1034 करोड़ का घोटाला होने का आरोप है।

इस केस में संजय राउत की नौ करोड़ रुपये और राउत की पत्नी वर्षा की दो करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त हो चुकी है। आरोप है कि रियल एस्टेट कारोबारी प्रवीण राउत ने पात्रा चॉल में रह रहे लोगों से धोखा किया। एक कंस्ट्रक्शन कंपनी को इस भूखंड पर 3000 फ्लैट बनाने का काम मिला था। इनमें से 672 फ्लैट पहले से यहां रहने वालों को देने थे। शेष एमएचएडीए और उक्त कंपनी को दिए जाने थे, लेकिन साल 2011 में इस विशाल भूखंड के कुछ हिस्सों को दूसरे बिल्डरों को बेच दिया गया था। 2020 में महाराष्ट्र में सामने आए पीएमसी बैंक घोटाले की जांच हो रही थी, तभी

- स्वप्ना पाटकर को सुरक्षा देगी मुंबई पुलिस

प्रवीण राउत की कंस्ट्रक्शन कंपनी का नाम सामने आया था। तब पता चला कि बिल्डर की पत्नी के बैंक खाते से संजय राउत की पत्नी वर्षा राउत को 55 लाख रुपये का कर्ज दिया गया था। ईडी की टीम इसी बात की जांच कर रही है कि ये ट्रांजेक्शन क्यों किया गया। आरोप है कि संजय राउत ने इसी पैसों से दादर में एक फ्लैट खरीदा था। प्रवीण राउत गुरु आशीष कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व निदेशक हैं। पात्रा चाल केस में संजय राउत पर आरोप लगाने वालीं मराठी फिल्म प्रोडड्सर स्वप्ना पाटकर को मुंबई पुलिस सुरक्षा देगी। स्वप्ना का आरोप है कि उसे पत्र मिला है, जिसमें पात्रा चॉल मामले में संजय राउत के खिलाफ अपना बयान वापस लेने के लिए दबाव डाला गया है।

दारुल उलूम के छात्र को आठ घंटे की पूछताछ के बाद एनआईए ने छोड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- एनआईए की टीम ने सुबह छह बजे छात्र को लिया था हिरासत में
- कर्नाटक के बेल्लारी जिले का निवासी है छात्र उमर फारूक

देवबंद, (सहारनपुर)। आतंकी घटनाओं की जांच के लिए गठित राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले के देवबंद में रविवार को तड़के दारुल उलूम क्षेत्र के छात्रावास में छापा मारकर एक छात्र को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। कई घंटे की लम्बी पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक छात्रावास के कमरा नंबर 25 से कर्नाटक के निवासी उमर फारूक को कुछ घंटों की पूछताछ के बाद रिहा कर दिया। डीआईजी सुधीर कुमार ने बताया कि हिरासत में लिया गया छात्र कर्नाटक के बेल्लारी जिले का है। एनआईए की टीम ने उसे सहारनपुर ले जाकर लगभग आठ घंटे तक पूछताछ की। दारुल उलूम के मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी बनारसी ने देर शाम बताया कि उमर फारूक को एनआईए ने रविवार को आठ घंटे की पूछताछ के बाद छोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक एनआईए और एटीएस की टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से प्रातः पांच से छह के बीच दारुल उलूम के रशीदिया मस्जिद के सामने वाले बहुमंजिला छात्रावास के कमरा नंबर 25 की तलाशी ली, जिससे छात्रावास में हड़कंप मच गया। इस कमरे में रह रहे छात्र उमर फारूक को हिरासत में ले लिया गया। फारूक दारुल उलूम के अंतिम वर्ष का छात्र है। दारुल उलूम के छात्रावास प्रभारी मौलवी मुनीर इस छात्र के रिकॉर्ड की जांच करा रहे हैं।

धरती पर गिरा चीन के रॉकेट का मलबा

वाशिंगटन। चीन का लॉन्ग मार्च 5 बी रॉकेट पृथ्वी से टकरा गया। रॉकेट पृथ्वी के एटमास्फियर में एंटर करते ही जल गया, लेकिन 30-31 जुलाई की दरमियानी रात रॉकेट के कुछ टुकड़े धरती पर गिरे। 25 टन का ये रॉकेट 24 जुलाई को चीन के अधूरे तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन को पूरा करने के लिए एक मॉड्यूल लेकर निकला था। इसके लॉन्च होने के बाद से वैज्ञानिकों को चिंता थी कि ये रॉकेट अंतरिक्ष से धरती पर गिर सकता है। आसमान में तेज रोशनी दिखी, सोशल मीडिया पर लोग बोले- ये उल्कापिंड की बारिश जैसा है

10 करोड़ और मंत्री पद का था ऑफर

कांग्रेस विधायक का दावाः झारखंड सरकार गिराने की थी साजिश

- कांग्रेस के तीनों विधायकों के खिलाफ शिकायत दर्ज

रांची। कोलकाता के हावड़ा में शनिवार रात झारखंड के तीन कांग्रेस विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी की गाड़ी से पुलिस ने 48 लाख रुपये कैश बरामद किए थे। गाड़ी में ये तीनों विधायक भी सवार थे।

इस बारे में रविवार को झारखंड के बेरमो से कांग्रेस के विधायक अनूप सिंह ने बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायकों को झारखंड की मौजूदा सरकार गिराने के बदले 10 करोड़ रुपये और नई सरकार में मंत्री पद का ऑफर दिया गया था। यह ऑफर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा के कहने पर दिया जा रहा है, जो बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व के कहने पर यह सब कर रहे हैं। सिंह ने रविवार को बताया कि यह ऑफर पार्टी विधायक इरफान अंसारी ने दिया था। तीनों विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी ने फोन करके मुझे -शेष पृष्ठ दो पर

झारखंड में कांग्रेस के तीन विधायक पार्टी से निलंबित

रांची। झारखंड के तीन कांग्रेसी विधायकों के पैसे के साथ कोलकाता में गिरफ्तार होने के बाद राज्य में राजनीतिक हड़कंप मच गया है। पार्टी ने तत्काल प्रभाव से कांग्रेस के तीनों विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप, और नमन विक्सल कोंगाड़ी को निलंबित कर दिया है। वहीं कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने रांची के अरगोड़ा थाने में एक प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है, जिसमें कहा गया है कि कांग्रेस के सभी विधायकों से बीजेपी के नेता संपर्क कर रहे थे, कुछ विधायकों को ट्रैप करने का भी प्रयास किया है। बेरमो के कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने पश्चिम बंगाल में पकड़े गए तीनों विधायकों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उन लोगों ने उन्हें भी फोन किया था।

संजय अरोड़ा दिल्ली के नए पुलिस आयुक्त

नई दिल्ली। तमिलनाडु कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी संजय अरोड़ा दिल्ली के नए पुलिस आयुक्त नियुक्त किए गए हैं। गृह मंत्रालय ने रविवार को एक आदेश में यह जानकारी दी। श्री अरोड़ा दिल्ली के वर्तमान पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना का स्थान लेंगे। वह अभी डीजी-आईटीबीपी के रूप में कार्यरत हैं।

गणतंत्र की मजबूती के लिए लोगों को संविधान को जानना जरूरीः चीफ जस्टिस

रायपुर। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमन ने रविवार को कहा कि गणतंत्र संविधान से चलता है। वह तभी मजबूत होगा जब उसके नागरिकों को संविधान के बारे में जानकारी हो।

न्यायमूर्ति श्री रमन ने हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एचएनएलयू) के पांचवें दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि दुखद वास्तविकता यह है कि सर्वोच्च दस्तावेज, हमारा संविधान जो आधुनिक स्वतंत्र भारत की आकांक्षाओं को परिभाषित करता है, कानून के छात्रों, कानून विशेषज्ञों और भारतीय आबादी के एक बहुत

- बोले- प्रत्येक व्यक्ति को उनके अधिकारों व कर्तव्यों से अवगत कराया जाना चाहिए

छोटे हिस्से के ज्ञान तक ही सीमित है। संविधान प्रत्येक नागरिक के लिए है और प्रत्येक व्यक्ति को उनके अधिकारों और कर्तव्यों से अवगत कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को कानून के शासन और संविधान के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन प्राप्त करने में एक प्रमुख भूमिका निभानी है।उन्होंने छात्रों से कहा कि संवैधानिक प्रावधानों को सरल शब्दों में समझाने और इसके लोकाचार को दिमाग में आत्मसात करने का उनका प्रयास होना चाहिए।उन्होंने कानूनी पेशे का जिक्र करते हुए कहा कि युवा, जो पहली पीढ़ी के वकील हैं, और अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता के माध्यम से पेशे में नई ऊंचाइयों तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि पारंपरिक तरीकों से मत सोचो। लीक -शेष पृष्ठ दो पर

ड्रैगन की एक और नई खुराफात का खुलासा

तिब्बतियों को जबरन भारतीय सीमा के पास बसाने की तैयारी में चीन

बीजिंग, वार्ता

पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद सुलझाने के लिए भारत से बातचीत कर रहा चीन खुराफात से बाज नहीं आ रहा है। अब चीन सरकार तिब्बतियों को जबरन भारतीय सीमा के पास बसाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए एक लाख तिब्बतियों को 2030 तक दूसरी जगह बसाने की घोषणा की गई है।

ड्रैगन का इरादा तिब्बतियों की परंपरा खत्म करना और भारत से लगे सीमावर्ती इलाकों पर नियंत्रण बढ़ाना है। यह खुलासा हॉन्गकॉन्ग की एक

- हॉन्गकॉन्ग की मीडिया रिपोर्ट में चीन के सरकारी दस्तावेजों के हवाले से किया गया खुलासा

मीडिया रिपोर्ट में चीन के सरकारी दस्तावेजों के हवाले से किया गया है। तिब्बतियों को सीमा के करीब बसाकर चीन उन इलाकों में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहता है, जिन्हें भारत, भूटान या नेपाल अपना मानते हैं। चीन हिमालय के विवादित क्षेत्रों में 624 बॉर्डर विलेज बसाने की तैयारी में है। तिब्बत स्वायत्तशासी क्षेत्र (टीएआर) कम्युनिस्ट पार्टी समिति ने 2018 से अत्यंत ऊंचाई पर रहने वाले तिब्बतियों के लिए इस योजना पर काम करना शुरू किया था। चीन इसके पीछे पर्यावरण संरक्षण का दावा कर रहा है, लेकिन ऐसा कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं कि लोगों को विस्थापित करने से पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। वहीं, एक अनुमान के मुताबिक इस जबरन पुनर्वास के चलते 20 लाख से ज्यादा तिब्बती आजीविका खो देंगे। इसके बाद उन्हें विस्थापित जीवन जीना पड़ेगा। पुनर्वास योजना के तहत 2018 से 2025 के बीच टीएआर में शिगात्से, नागचू और नगारी (अली) के स्वायत्त प्रान्तों से एक लाख 30 हजार लोग विस्थापित होंगे। इसमें से एक लाख को यारलुंग त्सांगपो नदी के किनारे बसाया जाएगा। जिनपिंग ने जुलाई 2021 में तिब्बत के अरुणाचल से लगने वाले बॉर्डर टाउन निंगची का दौरा किया था। स्थानीय लोगों से भी मुलाकात की थी। जिनपिंग के पहले चीन का कोई राष्ट्रपति भारत के बॉर्डर से लगने वाले इलाकों के दौरे पर नहीं गया था। भारतीय और अमेरिकी मीडिया ने जिनपिंग के इस दौरे को तनाव बढ़ाने वाला बताया था। ग्लोबल टाइम्स ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि राष्ट्रपति जिनपिंग ने तिब्बत में तैनात बॉर्डर गार्ड बटालियन के काम की तारीफ की है। उन्होंने इसे मॉल बटालियन बताया है। इस यूनिट ने पांच साल में अपनी जिम्मेदारियों को जिस ढंग से निभाया है, वो पार्टी और लोगों को उत्साह बढ़ाते हैं।

सजायाफ्ता होने की सूचना मिलने पर सिपाही निलंबित

शाह टाइम्स ब्यूरो

- नौकरी पर बहाल रहते हुए किया न्यायिक जांच का सामना

बागपत। बागपत में तैनात एक सिपाही अपने ही दो भाइयों की हत्या का दोषी पाए जाने पर बुलंदशहर जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा था, पुलिस महकमे को जब उसके सजायाफ्ता होने की जानकारी हुई तब जाकर सिपाही को प्रक्रिया के तहत निलंबित किया गया।

पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने रविवार को बताया कि बुलंदशहर निवासी मूलवीर सिंह उर्फ मोनू कांस्टेबल के पद पर बागपत जिले की बड़ौत कोतवाली में तैनात था। सिपाही 15 मई को 15 दिन के अवकाश पर अपने घर गया था, लेकिन निर्धारित समय के बाद वापस ड्यूटी पर नहीं लौटा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उसने अनुपस्थिति के संबंध में विभाग को कोई जानकारी भी नहीं दी। बाद में जानकारी करने पर पता चला कि मोनू को दोहरे हत्याकांड में अदालत ने दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा दी है। आरोपी आरक्षी वर्तमान में बुलंदशहर जेल में बंद है। इसी वजह से आरक्षी को निलंबित किया गया है। मजे की बात यह है कि नौकरी पर बहाल रहते हुए ही दोहरे हत्याकांड के आरोपी सिपाही ने इस मामले में न्यायिक जांच का सामना भी कर लिया।

संक्षिप्त समाचार

प्रेमी युगल की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत

जौनपुर। उप्र के जौनपुर जिले में पवारा थाना क्षेत्र में अपना घर छोड़ कर बाइक से जा रहे प्रेमी युगल की रविवार को सुबह राजामार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जिले में मड़ियाहूं थाना क्षेत्र के मढैया भुभुवार गांव निवासी अशोक पांडेय का पुत्र रवि पांडेय (24 वर्ष) तथा उसी गांव के निवासी मनोज शर्मा की बेटी निधि शर्मा (17 वर्ष) शनिवार की देर रात अपने परिजनों को बताए बगैर एक बाइक पर सवार होकर घर से चले गए। जिले में पवारा थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए, जिससे दोनों की घटनास्थल पर मौत हो गई। पवारा थानाध्यक्ष राम शरीख गौतम ने मृतक प्रेमी युगल के परिजनों के हवाले से बताया कि दोनों कहीं दूर भाग रहे थे। उसी समय अचानक दुर्घटना में वे मारे गए। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एनटीपीसी से सोलर प्लेटें चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

औरैया। उप्र के औरैया जिले में स्थित राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए आई सोलर प्लेट चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 51 सोलर प्लेटें बरामद की हैं। अपर पुलिस अधीक्षक शिष्य पाल सिंह ने रविवार को बताया कि दिबियापुर क्षेत्र में एनटीपीसी प्लांट से सोलर प्लेटें चोरी होने की घटना सामने आई थी। मुखबिर की सूचना पर कम्प्रेशर बम्बा के सामने पुलिस ने शिवा उर्फ शेरू,आकाश उर्फ हनी और विमलेश को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से एक-एक सोलर प्लेट बरामद हुई जबकि शिवा उर्फ शेरू के घर से कुल 48 सोलर प्लेट बरामद हुई।

नड्डा ने टेका पटना साहिब तख्त श्री हरिमंदिर में मत्था

पटना। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज पटना साहिब तख्त श्री हरिमंदिर जी (पटना साहिब) गुरुद्वारा में अरदास एवं दर्शन किया। श्री नड्डा ने रविवार को यहां सिखों के पारम्परिक वेशभूषा पगड़ी को सिर पर बांधकर तख्त श्री हरिमंदिर जी गुरुद्वारा में धार्मिक विधानों को संपन्न किया और मत्था टेका। उनका गुरुद्वारा प्रबंधन की ओर से स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया। उनके साथ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद संजय जायसवाल, पटना साहिब के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद भी मौजूद थे।

पूर्व सांसद धनंजय सिंह बने जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव

जौनपुर। उप्र में जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। केन्द्र और उप्र में राजग के घटक दल जदयू का उन्हें महासचिव बनाए जाने के बाद उनके समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया है। धनंजय हाल ही में हुए उप्र के विधानसभा चुनाव में जेडीयू के टिकट पर ही जौनपुर की मल्हनी सीट से चुनाव भी लड़े थे। हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। दो बार विधायक रहे धनंजय सिंह एक बार जौनपुर से सांसद भी रह चुके हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू के अपमान के लिए बिना शर्त माफी मांगें स्मृति ईरानी: अधीर

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने फिर लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर उठाई मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। राष्ट्रपति के नाम को गलत तरीके से लेने का मुद्दा शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने एक बार फिर से लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर स्मृति ईरानी से बिना शर्त के माफी जारी करने का आह्वान किया है।

उन्होंने स्मृति ईरानी पर राष्ट्रपति के लिए श्रीमती जैसे आदरसूचक शब्दों का इस्तेमाल किए बगैर बार-बार द्रौपदी मुर्मू चिल्लाने का आरोप लगाया है। अधीर रंजन ने अपने इस बार के पत्र में लिखा है कि मैं दोहराना चाहता हूं कि जुबान फिसल जाने के कारण ही हमारी माननीय राष्ट्रपति महोदया का नाम अनावश्यक और अनुचित विवाद में घसीटा गया। यह अनजाने में हुई गलती इसलिए हुई क्योंकि मैं हिंदी में बहुत अच्छा नहीं हूं।

लोकसभा में कांग्रेस के नेता कहा कि मैंने अपनी गलती पर खेद व्यक्त किया है और माननीय राष्ट्रपति जी से क्षमा मांगी है, लेकिन मैं यह भी बताना चाहता हूं कि जिस तरह से श्रीमती स्मृति ईरानी सदन में माननीय राष्ट्रपति महोदया का नाम ले रही थीं, वह उचित नहीं था। वह माननीय राष्ट्रपति या मैडम या श्रीमती जैसे आदरसूचक शब्दों का इस्तेमाल किए बगैर बार-बार द्रौपदी मुर्मू चिल्ला रही थीं। यह माननीय राष्ट्रपति के पद के स्तर को कम करने जैसा है। इसलिए, मैं मांग करता हूं कि स्मृति ईरानी से बिना शर्त के माफी जारी करने का आह्वान करता हूं।

बारामूला में मुठभेड़ एक आतंकी ढ़ेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में रविवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में लश्कर का एक आतंकी मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान शनिवार शाम बिनेर में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी। सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों के दल ने जैसे संदिग्ध स्थल पर घेराबदी शुरू की वहां छिपे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई। रातभर खामोशी के बाद तड़के फिर से शुरू हुई मुठभेड़ में लश्कर एक आतंकवादी मारा गया। आतंकवादी की पहचान इरशाद अहमद भट के रूप में हुई है। पुलिस ने ट्वीट कर बताया कि इरशाद मई 2022 से सक्रिय था। मुठभेड़ स्थल के पास से एक एके रायफल, दो मैगजीन और 30 राउंड गोलियां बरामद हुई हैं। बारामूला जिले में शनिवार को हुई यह दूसरी मुठभेड़ थी। सुरक्षा बलों ने वानीगाम बाला गांव में मुठभेड़ में अज्ञात आतंकी को मार गिराया था, जिसमें दो जवान और एक पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

कैश मामले में तीनों विधायकों को कांग्रेस की चेतावनी

हेमंत सरकार को कोई खतरा नहीं

जो कांग्रेस विधायक दल अथवा गठबंधन सरकार को कमजोर करने में जुटे हैं, पार्टी उन पर नजर बनाए हुए है

रांची, वार्ता। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि पश्चिम बंगाल के हावड़ा में कैश के साथ पकड़े जाने वाले पार्टी के तीनों विधायकों को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और जांच के बाद उन्हें पार्टी से भी निष्कासित कर दिया गया।

कांग्रेस प्रभारी श्री पांडेय ने कहा कि जो भी कांग्रेस विधायक दल या गठबंधन सरकार को कमजोर करने में जुटे हैं, पार्टी की उनपर नजर बनाए हुए है, जो इस तरह की घटना में लिप्त नहीं है, पार्टी उनका सम्मान करती है और आने वाले समय में उन्हें मजबूती दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी झारखंड की हेमंत सोरेन

झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार को कोई खतरा नहीं है, गठबंधन सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी: अविनाश पांडेय

सरकार को कोई खतरा नहीं है, गठबंधन सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। श्री पांडेय ने कहा कि वे पिछले तीन दिनों से रांची में ही थे, उन्हें इस बात की पूरी जानकारी थी कि कौन इस तरह की गतिविधियों में लिप्त थे, जो कैश के साथ पकड़वाए गए हैं, उनके बारे में पहले से ही पार्टी को जानकारी थी और यह भी पता था कि ये लोग अन्य विधायकों को भ्रमित करने या डराने-धमकाने के प्रयास अथवा लोभ देने में जुटे है। कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि 8 वर्षों में जिस तरह से देशभर के कई राज्यों में गैर कांग्रेसी सरकार को गिराने का काम किया गया, उससे सभी परिचित है। लोकतंत्र और संविधान का माखौल उड़ाया जा रहा है। वर्तमान में,

देश की एजेंसियां भाजपा व संघ के प्रकोष्ठ की तरह काम कर रही हैं वह दुखद है: पवन खेड़ा

जो विधायक ऐसी गतिविधियों में लिप्त है, उन पर लानत है और उससे भी अधिक लानत उनपर है, जो उन्हें खरीदने का प्रयास कर रहे हैं। पार्टी इनके खिलाप सख्त कार्रवाई करेगी। साथ ही यह उन सभी के लिए सबक भी होगा, जिन पर जनता ने भरोसा दिलाया है, वे अपनी जमीर को ना बेचे और जनता के विश्वास पर खरा उतरे। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि मीडिया इसे अब ऑपरेशन कमल का नाम ना दें, यह ऑपरेशन कीचड़ है। उन्होंने कहा कि तरह से देश की एजेंसियां भाजपा-संघ के प्रकोष्ठ की तरह काम कर रही हैं, वह दुखद है। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में देश की एजेंसियों को अपनी आजादी का अहसास होगा।

लेखपाल परीक्षा में सॉल्वर गैंग का भंडाफोड़

अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर सॉल्वर बैठाने वाले गैंग लीडरों समेत 18 गिरफ्तार

उप्र में कुल 501 परीक्षा केन्द्रों पर रविवार सुबह दस से लेखपाल मुख्य परीक्षा की गई थी प्रस्तावित

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उप्र पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने रविवार को आयोजित राजस्व लेखपाल परीक्षा में अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर सॉल्वर बैठाने वाले गैंग लीडरों एवं अभ्यर्थियों समेत 18 लोगों को विभिन्न जिलों से गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि लेखपाल परीक्षा की शुचिंता भंग करने वाले सॉल्वरों, गैंग लीडरों एवं अभ्यर्थियों समेत 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में अयोध्या, अलीगढ़, आगरा, बरेली, मेरठ, गोरखपुर, प्रयागराज, मुरादाबाद, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ और वाराणसी के कुल 501 परीक्षा केन्द्रों पर रविवार सुबह दस से लेखपाल मुख्य परीक्षा होनी थी, जिसे पारदर्शी, नकल विहीन तरीके से कराए जाने के लिए एसटीएफ को निर्देशित किया गया था। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में एसटीएफ ने प्रयागराज में नरेन्द्र कुमार पटेल और संदीप पटेल को धर दबा. चा, जिनसे पूछताछ के आधार पर वाराणसी, लखनऊ, मेरठ, प्रयागराज और बरेली समेत अन्य जिलों से 21 सॉल्वर,परीक्षार्थी और अन्य लोगों को गिरफ्तार किया। सूत्रों ने जानकारी देते

एसटीएफ ने प्रयागराज में नरेन्द्र पटेल और संदीप पटेल को दबोचा, तो पूछताछ के आधार पर हुआ बड़ा खुलासा

हुए बताया कि वाराणसी के चेतगंज क्षेत्र में आर्य कन्या पीजी कॉलेज से अभ्यर्थी कृष्णा यादव के स्थान पर सॉल्वर राज नारायण यादव को परीक्षा देते गिरफ्तार किया गया ,जबकि परीक्षा केन्द्र उदय प्रताप इंटर कॉलेज से पुष्पेन्द्र सिंह को ब्लूटूथ डिवाइस समेत गिरफ्तार किया गया। बरेली के बिहारीपुर सिविल लाइन क्षेत्र में राजकीय बालिका इण्टर कालेज से अभ्यर्थी रिन्कू के स्थान पर सॉल्वर राजीव कुमार को परीक्षा देते गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभ्यर्थी एवं सॉल्वर के सम्बन्ध में स्थानीय पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है एवं गैंग के अन्य सदस्यों के सम्बन्ध में सूचना एकत्र की जा रही है। इसके अलावा सलीम वारसी , थाना कोतवाली नगर, गोंडा को लेखपाल भर्ती के नाम पर गोंडा से फ्रॉड करने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

अभ्यर्थियों को मोबाइल फोन के जरिये सॉल्व कराए जा रहे थे पेपर

लखनऊ। सूत्रों के अनुसार सॉल्वर गैंग के लीडर विजय कान्त पटेल ने लेखपाल परीक्षा में सात अभ्यर्थियों में से हर एक से 10-10 लाख रुपये लिए थे एवं सभी को ब्लूटूथ ईयर बर्ड एवं ब्लूटूथ डिवाइस देकर उनके परीक्षा केन्द्र पर भेजा गया था। नकल एवं शिक्षा माफिया डा. केएल पटेल का करीबी संदीप पटेल पेपर एवं उत्तर कुंजी प्राप्त कर अभ्यर्थियों को मोबाइल के जरिये पेपर साल्व करा रहा था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सॉल्वर गैंग के कब्जे से 15 ब्लूटूथ ईयर बर्ड, छह सिमकॉर्ड, छह ईयर बर्ड सेल, नौ अदद ब्लूटूथ डिवाइस कार्ड, 10 मोबाइल, एक पैनकार्ड बरामद किया गया। मुख्य अभियुक्त विजय कान्त पटेल केएल पटेल के आईटीआई कालेज, मुबारकपुर में लगभग तीन वर्ष तक शिक्षक के रूप में कार्य कर चुका है। वहीं से उसके साथ इस धन्धे में लिप्त हो गया। इस मामले में सूत्रों से मिली अन्य जानकारी के अनुसार इसने लगभग एक महीने पहले ग्रामीण डाक सेवा (जीडीएस) में भी पांच लोगों से पैसे लेकर भर्ती कराया है, जिसका वैरिफिकेशन हो चुका है, जिसके बार में विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

उप्र के बिजली कर्मचारी सांसदों से समर्थन जुटाने का प्रयास करेंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। बिजली कर्मचारियों एवं इंजीनियरों के दो अगस्त को दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में सांसदों को आमंत्रित कर उनसे इलेक्ट्रीसिटी (अमेंडमेंट) बिल के विरोध में समर्थन जुटाने का प्रयास किया जाएगा।

ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने रविवार को बताया कि सम्मेलन में सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख सां. सदों को निमंत्रित किया गया है। सम्मेलन में एक प्रस्तुतीकरण के जरिये इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2022 के दुष्परिणामों से सांसदों को अवगत कराया जाएगा और इसके विरोध में उनसे जन आंदोलन के लिए समर्थन मांगा जाएगा । दिल्ली में हो रहे राष्ट्रीय सम्मेलन में डीएमके, टीआरएस, एनसीपी, आम आदमी पार्टी, सीपीएम, सीपीआई, शिवसेना

इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2022 के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाएगा

तृणमूल कांग्रेस,सपा, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल, के प्रमुख सांसदों के सम्मिलित होने की उम्मीद है। सरकार बिल को संसद में जोर जबरदस्ती से पारित कराने की को. शिश करती है, तो देश भर के तमाम 27 लाख बिजली कर्मचारी और इंजी. नियर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।फेडरेशन बिजली कंपनियों के बारे में शनिवार के प्रधानमंत्री मोदी के बयान का स्वागत करती है। उनके वक्तव्य से बिल्कुल स्पष्ट हो गया है कि सरकारी क्षेत्र की बिजली वितरण कंपनियां सरकारों की गलत नीति की शिकार हैं और यदि सरकारें समय से सब्सिडी और बिजली बिलों का भुगतान करें तो बिजली कंपनियों के समक्ष कोई वित्तीय संकट नहीं है।

कोरोना से 24 घंटों में 39 मरीजों की मौत

इस अवधि के दौरान 19,336 लोगों ने महामारी के प्रकोप से निजात भी पाई

नई दिल्ली, वार्ता। देश में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के घटते बढ़ते मामलों के बीच बीते 24 घंटे में इस बीमारी से 39 लोगों की मौत हुई हैं। वहीं इससे 19,336 लोग ठीक हुए है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि सुबह सात बजे तक 204. 25 करोड़ टीके दिए जा चुके हैं, जबकि पिछले 24 घंटे में 31,36,029 टीके लगाए गए हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में 19,673 नए मामले सामने आए हैं। इसी के साथ ही, देश में इस बीमारी से प्रभावित लोगों की संख्या बढ़कर 4,53,12, 311 हो गई है। इस दौरान 19,336 लोगों के ठीक होने के साथ स्वस्थ्य होने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,33,49,778 हो गई है। इस बीच 39 और मरीजों की मौत होने से इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 526357 हो गई है। देश में कोरोना संक्रमण के नए मामले सामने आने के साथ साप्ताहिक संक्रमण दर 4.88 प्रतिशत हो गई है, दैनिक संक्रमण 4.96 फीसदी है। रिकवरी दर 98.48 प्रतिशत और मृत्यु दर 1. 20 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में 3,96,424 कोविड परीक्षण किए हैं।

सपा ने कीर्ति कोल को बनाया विप चुनाव में उम्मीदवार

लखनऊ। उप्र में मुख्य विपक्षी (सपा ने विधान परिषद की दो सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए कीर्ति कोल को प्रत्याशी घोषित किया है। सपा के आधिकारिक ट्विटर हैंडिल पर रविवार को यह जानकारी दी गई है। श्री कोल आगामी एक अगस्त को अपना नामांकन दाखिल करेंगी।

आवश्यकता है

एक निजी कंपनी को कुशल इलैक्ट्रिशियन की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें।

मोबाइल नंबर

9720007290

मालखाने से शिवालय पहुंचे भोलेनाथ

नदी में 14 दिन पहले मिला था 21 किलो चांदी का शिवलिंग

मऊ, वार्ता। सरयू नदी में 16 जुलाई को मछुआरों को मिले 21 किलोग्राम के चांदी के शिवलिंग की स्थापना विधिवत् पूजन के बाद देवालय में हो गई। रजत शिवलिंग को श्री रजतेश्वर महादेव का नाम दिया गया है। बाबा मेलाराम लक्ष्मण घाट पर मंदिर में स्थापना की गई।

इस दौरान दोहरीघाट थाने से लेकर घाट तक शिवभक्तों का हुजूम उमड़ा। चारों तरफ हर-हर महादेव के गगनगनभेदी नारे गूंजते रहे। इतने दिनों तक शिवलिंग को थाने के मालखाने में रखा गया था। रविवार को भारी संख्या में श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ थाना परिसर पहुंचे। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने शिवलिंग की निरंतर

रजत शिवलिंग को श्री रजतेश्वर महादेव का नाम देकर बाबा मेलाराम लक्ष्मण घाट पर मंदिर में स्थापना की गई

पूजा करने वाली महिला सिपाही सचि सिंह और प्राची पांडेय को बुलाकर माल खाना खुलवाया। दोनों महिला सिपाहियों ने सजल नेत्रों से शिवलिंग को थानाध्यक्ष को सुपुर्द किया। थानाध्यक्ष ने शिवलिंग को सिर पर रखकर बैठक कक्ष में ले गए। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिव. लिंग का रुद्राभिषेक हुआ। विधिवत् पूजन-अर्चन करने के बाद थानाध्यक्ष ने फिर से सिर पर शिवलिंग रखकर रथ तक पहुंचाया। महंत बाबा मेला राम ने थानाध्यक्ष से शिवलिंग लेकर रथ पर विराजमान किया। इस दौरान हर-हर महादेव के नारे गूंजने लगे। भारी संख्या में महिलाएं मंगल गीत गाने लगीं। गाजे-बाजे के साथ रथ नगर भ्रमण के लिए निकला। जगह-जगह फूलों की वर्षा होने लगी। चारों तरफ भक्तिमय वातावरण हो गया। रजत शिवलिंग परम तपस्वी मेला राम परिसर में पहुंचते इंद्रदेव प्रसन्न हुए। पांच मिनट झमाझम बारिश हुई।

आपके व्यापार को दे मजबूत आधार **शाह टाइम्स** का बाजार

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9
ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTTHIN 2001/05656
मुख्यालय फोन-0131-2970013
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

बर्मिंघम में... 136 किलो वजन उठाया। दूसरे प्रयास में जेरेमी ने 140 किग्रा भार उठाया। तीसरे प्रयास में उन्होंने 143 किग्रा उठाने की कोशिश की, लेकिन वह नाकाम रहे। इस तरह स्नैच राउंड में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 140 किग्रा रहा। क्लीन एंड जर्क राउंड: जेरेमी ने पहले प्रयास में 154 किग्रा भार उठाया। इसके बाद दूसरे प्रयास में उन्होंने अपने प्रदर्शन को सुधारा और 160 किग्रा भार उठा लिया। वह तीसरे प्रयास में 165 किग्रा भार उठाना चाह रहे थे, लेकिन नाकाम रहे। वह चोटिल भी हो गए।

गणतंत्र की...से हटकर सोचना शुरू करें। न्यायमूर्ति श्री रमन ने कहा कि एक वकील को एक ऑलराउंडर, एक नेता और एक बदलाव लाने वाला होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ज्ञान और जानकारी सबसे बड़ी संपत्ति है, जो किसी के पास हो सकती है। मेरे जीवन के अनुभव ने मुझे सिखाया है कि कड़ी मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। सबसे अच्छे वकील वे हैं, जो इतिहास, राजनीति, अर्थशास्त्र और अपने आसपास के अन्य सामाजिक और वैज्ञानिक विकास से अच्छी तरह परिचित हैं। उन्होंने कहा कि एक वकील को एक साधारण दीवानी मुकदमे के साथ-साथ बौद्धिक संपदा अधिकार से संबंधित विवादों से निपटने में सक्षम होना चाहिए, संवैधानिक महत्व के मुद्दों से लेकर आईटी से संबंधित अपराधों तक। एक वकील अदालत के समक्ष केवल एक प्रतिनिधि नहीं है। केवल एक कानून को जानने से आपको लंबे समय में मदद नहीं मिलेगी। न्यायमूर्ति श्री रमन ने कहा छत्तीसगढ़ सरकार ज्यूडिशियल कम्युनिटी के बजट और अधोसंरचना सम्बंधित सभी आवश्यकताओं का पूरा ख्याल रख रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ये सिलसिला इसी तरह जारी रहेगा और छत्तीसगढ़ ज्यूडिशियरी को सर्वोत्तम अधोसंरचना उपलब्ध कराने में अग्रणी राज्य बनकर उभरेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को छत्तीसगढ़ में विधिक शिक्षा के विकास में सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान करने के लिए बधाई दी और राज्य की जनता को गुड गवर्नेंस प्रदान करने उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री श्री बघेल ने हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के जर्नल लॉ एंड सोशल साइंस के छठें संस्करण का विमोचन करते हुए गोल्ड मेडलिस्ट छात्रों को उपाधि वितरित की एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

10 करोड़...कोलकाता आने को कहा था। तीनों ने आश्वासन दिया था कि वह उन्हें गुवाहाटी ले जाएंगे, जहां उनकी मुलाकात असम के सीएम सरमा से कराई जाएगी। उनके समक्ष मुझे आश्वासन देना है कि मैं उनके साथ हूं। इसके एवज में अंसारी ने मुझे 10 करोड़ रुपये के अलावा नई सरकार में मंत्री पद का ऑफर भी किया। सिंह ने रांची के अरगोड़ा थाने में इसे लेकर शिकायत दर्ज कराई है। अनूप सिंह ने कहा कि तीनों कांग्रेसी विधायक उन पर कोलक. ता आने का दबाव डाल रहे हैं, लेकिन वह इस आपराधिक कृत्य का हिस्सा नहीं बनना चाहते। इसलिए उन्होंने उन तीनों विधायकों पर शिकायत दर्ज कराई है। झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार बहुमत के साथ चल रही है। इस सरकार को वे गिराने की मंशा रख रहे हैं। आवेदन में उन्होंने लिखा है कि इरफान अंसारी को पहले ही स्वास्थ्य मंत्रालय दिए जाने का आश्वासन दिया जा चुका है। ऐसा अंसारी ने दावा भी किया है। उधर हावड़ा में भारी कैश के साथ पकड़े गए कांग्रेस के तीन विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी के खिलाफ रांची के अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

शाह टाइम्स **क्लासीफाईड्स** Sale

स्थापित 1835 **पठाना कैसा? मर्दाना कमजोरी**
फोन उठायें और परामर्श लें
नसों की खराबी कमजोरी, लिंग का छोटापन, पतलापन, मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन व नामर्दी का सफल इलाज।
अलताज दवाखाना दिल्ली-53
09971207227
09899509822

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलितयों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषिधया डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
09871683560
09811510106

तान्त्रिक बाबाओं के रूप में बैठे हैं शैतान
फिर कैसे होंगे आपके काम ज्योतिष पंडित बार-बार
नौकरी, कारोबार, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, लव मैरिज, व्यापार, मनचाहा प्यार, वशीकरण व मुठकरनी, मुहब्बत व शादी विवाह में रुकावट, पति पत्नी में अनबन, दुश्मन को अपने सामने तड़पता देखें, आपका पति या प्रेमी किसी के वश में हो, प्यार में धोखा खाये प्रेमी-प्रेमिका आदि।
64 चौकियों के माहिर
महागुरू पी.के. शर्मा
एक बार अवश्य मिलें या फोन करें
9794528991
नोटः हमारे यहां बरकत का ताबीज मुफ्त दिया जाता है।
11 वर्षों से आपकी सेवा में

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9027170666,9319393203

दर्दनाक रविवार: तीन सड़क हादसों में दो छात्रों सहित छह की मौत

बाइक सवार दो युवकों सहित चार की मौत

■ राजधानी के जीएमएस रोड़ व बल्लीवाला फ्लाईओवर पर हुए हादसें

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून । राजधानी के जीएमएस रोड पर रविवार की सुबह दो जगह पर दर्दनाक सड़क दुर्घटनाएं हो गई। दोनों हादसों में दो छात्रों सहित चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पहली दुर्घटना सुबह करीब छह बजे शनि मंदिर के पास हुई। जिसमें एक बाइक सवार ने आईएसबीटी की तरफ जाते हुए एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार भी नीचे गिर गया।

इस दौरान बाइक पर बैठा एक अन्य व्यक्ति उछलकर नीचे गिर गया। इस दौरान मूल रूप से बिहार निवासी, रघुवीर ठाकुर(65 वर्ष) पुत्र स्व लालसर ठाकुर वर्तमान निवासी निरं. जनपुर चक्की टोला, गौतम(22 वर्ष)पुत्र सिद्दोदन चकमा निवासी कमला नगर, मिजोरम व नियोन चकमा(20 वर्ष) पुत्र नामालूम निवासी कमला नगर थाना चौंगटे, मिजोरम की मौके पर ही मौत हो गई। गौतम दून पीजी कॉलेज में बीएससी का छात्र था। वहीं, नियोन हिमगिरी कॉलेज सेलाकुई का छात्र था। तीनों के शव को दून अस्पाल की मोर्चरी में रखवा दिया गया। वहीं दूसरी ओर रविवार की सुबह बल्लीवाला फ्लाईओवर पर दूसरा हादसा हुआ।

दो युवक अपनी बाइक से फ्लाईओवर पार कर रहे थे। तब अचानक उनकी बाइक रेलिंग से टकरा गई।

इस दौरान दोनों युवक बुरी तरह से घायल हो गए। दोनों को सिनर्जी अस्पताल ले जाया गया जहां बाइक सवार विजय सेमवाल(उम्र 26 वर्ष) पुत्र राजेंद्र प्रसाद सेमवाल निवासी अपर बद्रीश कॉलोनी लेन न० 02 धर्मपुर को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, मूल रूप से गुजरात के रहने वाले समीर (25 वर्ष)पुत्र कीरत हाल को गंभीर हालत देखते हुए एम्स रेफर किया गया है।

बोलेरो खाई में गिरने से दो लोगों की मौत

■ बिरसाड खड के पास हुई घटना पुरोला विधायक ने परिजनों को दी सांत्वना

शाह टाइम्स संवाददाता

त्यूनी। रविवार की प्रात: ग्राम अटाल की तरफ बिरसाड खड के पास सेब से भरी एक बोलेरो पिकअप गहरी खाई में गिर जाने से 2 लोगों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शवो को रेस्क्यू कर/निकालकर सड़क पर लाकर 108 एम्बुलेंस की मदद से मोर्चरी त्यूनी भिजवाया गया। दुर्घटना की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

रविवार को प्रात: थाना त्यूणी को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अणु से करीब 1 किलोमीटर आगे ग्राम अटाल की तरफ बिरसाड खड के पास एक बोलेरो पिकअप वाहन सड़क से नीचे पहाड़ी में गिरी है। सूचना पर थाना त्यूणी पुलिस तत्काल मय बचाव/राहत सामाग्री रस्सी आदि उपकरणों के साथ घटनास्थल पहुंचे तो एक बोलेरो पिकअप यूके07 सीडी-0843 जो टिकोची उत्तरकाशी से सेब लेकर जा रही थी, सड़क से लगभग 600-700 मीटर नीचे पहाड़ी में खाई में गिर रखी है। मौके पर 2 मृतकों के शव पड़े हैं। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शवों को रेस्क्यू कर/ निकालकर सड़क पर लाकर 108 एम्बुलेंस की मदद से मोर्चरी त्यूणी भिजवाया गया।

मृतकों की पहचान किशोर सिंह चौहान पुत्र अब्बल सिंह चौहान निवासी दुचाणू पोस्ट टिकोची थाना मोरी उत्तरकाशी उम्र 25 वर्ष व पंकज कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी पुरानी कालसी थाना कालसी जनपद देहरादून उम्र 40 वर्ष के रूप में हुई।

वहीं पुरोला के विधायक दुर्गेश लाले घटना की जानकारी मिलते ही मोरी तहसील के दुधानू गांव पहुंचे और मृतक किशोर चौहान के परिजनों से मिलकर परिजनों को सांत्वना दी और मृतक की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना कर परिजनों को शक्ति सहन करने की प्रार्थना की।

सरयू पुल से नदी में युवक ने लगाई छलांग नहीं चल पाया पता

देहरादून। जनपद बागेश्वर में एक व्यक्ति ने झूला पुल से सरयू नदी में छलांग लगा दी। जिससे क्षेत्र में हडकंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी। छलांग लगाने की घटना पर एस.डी.आर.एफ. टीम ने त्वरित रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया लेकिन इस व्यक्ति का पता नही चला। जनपद पिथौरागढ़ के धारचूला मल्ली बाजार में भूस्खलन की चपेट में आने से एक ज्वैलरी की दुकान क्षतिग्रस्त हो गयी। एस.डी.आर.एफ. टीम ने एन.डी.आर.एफ. व स्थानीय पुलिस के साथ सर्चिंग ऑपरेशन चलाकर कीमती सामान बरामद कर सिविल पुलिस के सुपुर्द किया। जनपद चमोली के लामबगड़ में बरसाती पानी से मार्ग अवरुद्ध होने पर एस.डी.आर.एफ. टीम ने त्वरित रेस्क्यू करते हुए स्थानीय लोगों व यात्रियां को सकुशल पार कराया। भगत सिंह कॉलोनी देहरादून में पूर्व में गदेरे में बहे व्यक्ति की खोजबीन के लिए एस.डी.आर.एफ. टीम ने संभावित स्थानों पर सर्चिंग अभियान चलाया ।

मंहगाई व बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस का 5 को देशव्यापी आन्दोलन

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। देशभर में आसमान छूती मंहगाई व बढती बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी 5 अगस्त को देश व्यापी आन्दोलन करेगी। जानक. ारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रशासन-संगठन एवं वरिष्ठ मीडिया पैनलिस्ट मथुरादत्त जोशी ने बताया कि कांग्रेस आसमान छूती मंहगाई एवं बढती बेरोजगारी के खिलाफ 5 अगस्त को राष्ट्रव्यापी आन्दोलन करेगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला, ब्लाक, प्रदेश स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक आन्दोलन का बिगुल फूंगा जायेगा।

उन्होंने बताया कि पार्टी के लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदगण राष्ट्रपति भवन तक 'चलो राष्ट्रपति भवन' मार्च निकालेंगे जबकि दिल्ली में कांग्रेस प्रधानमंत्री आवास घेराव करेगी वहीं प्रदेश मुख्यालयों में राजभवन का घेराव कर सामूहिक गिरफ्तारी दी जायेगी। इसी कार्यक्रम के तहत उत्तराखण्ड प्रदेश के कांग्रेसजन प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में प्रदेश मुख्यालय देहरादून में विशाल प्रदर्शन के साथ राजभवन

■ राष्ट्रपति भवन करेंगे कूच, प्रधानमंत्री आवास व राजभवन जाकर जतायेंगे विरोध: जोशी

घेराव करेंगे। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष मथुरादत्त जोशी ने कहा कि आज देश में मंहगाई अपने रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्य तेल, अनाज-दलहन जैसी जरूरी चीजों की आसमान छूती कीमतों ने आम आदमी के जीने की राह कठिन बना दी है। इस पर केन्द्र सरकार द्वारा रोज मर्रा की आवश्यक वस्तुओं पर अतार्किक तरीके से लगाई गई जी.एस.टी. के कारण मंहगाई और बढ़ गई है। साथ ही देश और प्रदेश में बेरोजगारी का आंकडा भी अप्रत्याशित रूप से आसमान छू रहा है। एक ओर जहां गांवों, शहरों, संगठित क्षेत्र, असंगठित क्षेत्र में हर तरफ बेरोजगारी विकराल रूप धारण कर चुकी है वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार की विवादास्पद और जल्दबाजी में तैयार की गई अग्निपथ योजना ने लाखों बेरोजगार युवाओं की आकांक्षाओं को नष्ट कर दिया है।

2025 का रोड मैप बनाए सहकारिता विभाग:सीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में 108 एम. पैक्स के कम्प्यूटरीकरण का शुभारम्भ करने के साथ ही मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना के तहत साइलेज उत्पादन एवं विपणन सहकारी संघ लि. के संयुक्त उद्यम टोटल मिक्स राशन (टीएमआर) की छरबा इकाई का शिलान्यास किया। कार्यक्रम मे मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर उत्तराखंड की 108 एम पैक्स को लाइव किया। यह गांव और न्याय पंचायत स्तर पर यह समितियां अब बैंक जैसा कार्य कर सकेंगी।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा है कि समाज में जो लोग पीछे रह गए हैं छूटे हुए हैं उन्हें सहकारिता विभाग आगे बढ़ाएगा। ऐसा उनका पूर्ण विश्वास है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में सहकारिता विभाग ने बहुत अच्छा काम किया है। अन्य प्रदेशों के लिए उत्तराखंड सहकारिता की योजनाएं प्रेरणा का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के हर विभाग की समीक्षा 3 महीने में करते हैं सहकारिता का नंबर भी इस बार आ जाएगा। उन्होंने सहकारिता विभाग के अफसरों से कहा कि वह 2025 का रोडमैप तैयार करें, आने वाले समय में सहकारिता क्रांतिकारी परिवर्तन करेगा। मुख्यमंत्री ने सहका. रिता मंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने और उनकी टीम ने गांव और न्याय पंचायत स्तर पर सहकारी समितियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म मे लाया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि स्वरोजगार ऋण देने में जो मानक अपनाए जा रहे हैं उन्हें और सरलीकरण किया जाए। अफसरों को दूरदराज से आए ग्रामीणों के काम करने की नियत से काम करना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों को ऋण भी वितरित किये जिनमें शंभु महिला समूह, राधेश्याम महिला समूह, मां पार्वती महिला समूह व हेमा महिला समूह को पाचं-पांच लाख रूपये के ऋण प्रदान किये गये। कार्यक्रम में सचिव मुख्यमंत्री डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव सहका.

■ मुख्यमंत्री ने किया 108 एमपैक्स के कम्प्यूटरीकरण का लोकार्पण■मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना के तहत टोटल मिक्स राशन यूनिट का भी मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास

13 से 15 अगस्त तक डीपी में तिरंगा लगाने का अनुरोध

देहरादून। मुख्यमंत्री धामी ने कार्यक्रम में कहा कि मोदी सरकार आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगाअभियान चलाने जा रही है. इसके तहत, इन तीन दिनों में घरों में तिरंगा फहराने की योजना है. मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आए किसानों और सहकारिता से जुड़े हुए अधिकारियों से कहा कि वह अपने ट्विटर हैंडल , फेसबुक व व्हाट्सएप की डीपी में तिरंगा लगाने की अपील की।

सहकारिता के ऑनलाइन होने से लोगों को मिल रही खाते की पूरी जानकारी:डॉ. रावत

देहरादून। सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में 33 लाख लोग सहकारिता से जुड़े है। सहकारिता के ऑनलाईन होने से लोगों को अपने खाते की पूरी जानकारी प्राप्त हो रही है। देश के कई राज्यों में प्रदेश की सहाकारिता कम्प्यूटरीकरण कार्य प्रणाली अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक 6.41 लाख लोगों को बिना ब्याज के 37 करोड़ का ऋण उपलब्ध कराया गया है तथा 3837 महिला समूहों को पांच-पांच लाख के ऋण उपलब्ध कराये जा चुके है। उन्होंने कहा कि महिला समूहों के साथ ही पुरूष समूहों को भी ऋण उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की जायेगी।

माइक्रो फाइनेंस में हो रहा अच्छा काम: मुन्ना

देहरादून। विकास नगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि घस्यारी योजना का डिजाइन करने पर सहकारिता विभाग का बड़ा काम है और साधुवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा साइलेज महिलाओं के लिए बहुत उपयोगी है। किसान का समय जाया न हो। इस पर काम किया गया है। मुन्ना सिंह ने कहा कि सावधानियों की आवश्यकता है। माइक्रो फाइनेंस क्षेत्र में सहकारिता विभाग अच्छा काम कर रहा हैं। 6 लाख से अधिक किसानों को 0 प्रतिशत ब्याज पर ऋण देना बड़ा काम है। उन्होंने कहा कि साइलेज खाने के बाद पशुओं का वजन कम होने और यूरीन ज्यादा आने की ओर ध्यान दिलाया और कहा कि यह बात उन्हें पशु चिकित्सकों ने बताई है।

रिता डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम, निबंधक सहकारिता आलोक कुमार पांडेय, ईरा उप्रेती, अपर निबंधक आनंद शुक्ल, नीरज बेलवाल, एमपी त्रिपाठी , रामिन्द्री मंद्रवाल , मान सिंह सैनी, अनिल गुप्ता, मोनिका चुनेरा, सुरेन्द्र सिंह बिष्ट , वंदना लखेड़ा सहित प्रदेश के कई जिलों से आए सैकड़ों सहकारी समिति के सदस्य व प्रगतिशील की किसान मौजूद थे।

हल्की गिरावट: कोरोना के 224 नए मरीज

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण की रफ्तार खतरनाक रूप धारण करने लगी है। नए मरीजों का आंकड़ा हर दिन तेजी के साथ बढ़ रहा है। प्रदेश में रविवार को कोरोना संक्रमण ने तीसरी लहर के बाद एब बार फिर दोहरा शतक मार दिया है। कोरोना के 224 नए मरीज मिले हैं, जबकि 132 मरीज स्वस्थ होकर घर लौटे हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 1645 पहुंच गई है। वहीं राहत की बात यह रही कि प्रदेश में रविवार को कोरोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। प्रदेश में सैंपल पॉजिटिविटी रेट 15.57 प्रतिशत है।

उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग से जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार एक जनवरी से रविवार तक प्रदेश में 97852 मामले सामने आ चुके हैं।



■ प्रदेश में एक्टिव केसों की संख्या बढ़कर हुई 1645, दून में मिले 173 केस

जिसमें से 92441 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। कोरोना मरीजों का रिकवरी रेट 94.47 प्रतिशत है। वहीं, इस साल अब तक 290 मरीजों की मौत हुई है। जनपद के अनुसार नजर डाले तो अल्मोड़ा 4, बागेश्वर 0, चमोली 1, चंपावत 2, देहरादून 173, हरिद्वार 8,

प्रदेश में 8761 लोगों को लगा कोविड का टीका

देहरादून। उत्तराखंड में रविवार को कोविड वैक्सीनेशन अभियान के तहत 8761 लोगों को कोविड वैक्सीन लगाई गई। अब तक 9078923 को सिंगल डोज दी जा चुकी है। जबकि 8620802 को दोनों डोज लग चुकी है। 18 से 44 आयु वर्ग में अब तक 7852849को सिंगल डोज और 7589620 लोग फुल वैक्सीनेट हो चुके हैं। 12 से 14 आयु वर्ग में अब तक 387489 को पहली और 274766 को दोनों डोज दी जा चुकी हैं। प्रदेश में 15 से 17 आयु वर्ग में अब तक 529360 युवाओं का वैक्सीनेशन हुआ है। प्रदेश में इस आयु वर्ग में अब तक 447186 को दोनों वैक्सीन लग चुकी हैं। प्रदेश में 120726 हैल्थ केयर वर्कर को सिंगल और 120241 को दोनों डोज दी जा चुकी है जबकि 188499 फ्रंटलाईन वर्कर को पहली और 188989 को दोनों डोज दी जा चुकी है। रविवार को प्रदेश में 8161 को पहली और दूसरी प्रीकोशन डोज दी गई। अब तक प्रदेश में 1162782 लोगों को बूस्टर डोज दी जा चुकी है। प्रदेश में लोगों को कोविड से सुरक्षित करने के लिए लगातार टीकाकरण चल रहा है।

नैनीताल 6, पौड़ी गढ़वाल 4, पिथौरागढ़ 0, रूद्रप्रयाग 1, टिहरी गढ़वाल 3, यूएसनगर 4 व उत्तरक. ाशी में 18 मरीज मिले हैं। वहीं प्रदेश में रविवार को बागेश्वर व पिथौरागढ़ जनपद में कोई मरीज नहीं मिला है।

स्कूलों में बैडमिंटन को बढ़ावा देने की अपील

देहरादून। अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी नीरजा गोयल ने संस्कृत शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक चंडी प्रसाद घिल्डियाल से शिष्टाचार भेंट करते हुए स्कूलों में बैडमिंटन खेल को पर्याप्त प्रोत्साहन देने की अपील की। नीरजा देवभूमि चैरिटेबल ट्रस्ट की संस्थापक नीरजा गोयल ने धर्मपुर स्थित निजी आवास पर सहायक निदेशक से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने कहा कि बैडमिंटन एक ऐसा खेल है जिसमें खिलाड़ी के चोटिल होने की संभावनाएं बहुत कम होती हैं। इसलिए वह पूर्ण रूप से विकलांग होने के बावजूद राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बैडमिंटन में बहुत सारे पदक जीत चुकी है। उन्होंने बताया कि उनका ट्रस्ट शारीरिक व आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए ऋषिकेश में अति शीघ्र निशुल्क कोचिंग सेंटर का शुभारंभ करना चाहती है। इस अवसर पर चैरिटेबल ट्रस्ट की संरक्षक कुसुम गोयल, चंद्रमोहन, डा. आरती मनमोहन उपस्थित थे।

बारिश के बाद अवरुद्ध 69 मार्ग खोले

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। राज्य में आपदा प्रबंधन तंत्र प्रभावी रूप से कार्य कर रहा है। सभी सम्बन्धित विभागों के नोडल अधिकारी नियमित रूप से आपदा प्रबंधन केंद्र में उपस्थित रहकर विभागीय व्यवस्थाओं की जानकारी साझा कर रहे हैं।

लोक निर्माण विभाग के तहत रविवार को कुल 85 मार्ग अवरुद्ध हुए तथा 82 मार्ग कल के अवरुद्ध थे अर्थात कुल 167 अवरुद्ध मार्गों में से 69 मार्गों को आज खोल दिया गया है। शेष 98 मार्ग अवरुद्ध हैं, जिसमें से 14 राज्य मार्ग, 08 मुख्य जिला मार्ग, 04 अन्य जिला मार्ग एवं 72 ग्रामीण मार्ग अवरूद्ध हैं। इसके अलावा पीएमजीएसवाई के तहत आज 24 मार्ग अवरुद्ध हुये तथा 158 मार्ग कल अवरूद्ध थे अर्थात कुल 182 अवरूद्ध मार्गों में से रविवार को 27 मार्गों को खोल दिया गया है, शेष 155 अवरुद्ध मार्गों को खोले जाने की कार्यवाही गतिमान है। वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्गों पर 80 मशीनें, राज्य राजमार्गों पर 18 मशीनें, मुख्य जिला मार्गो पर 12 मशीनें, अन्य जिला मार्गो पर 08 मशीनें, तथा ग्रामीण मार्गो पर 77 मशीनें, कुल 195 मशीनें कार्य कर रही है। इसके अतिरिक्त पीएमजीएसवाई के मार्गो पर 103 मशीनें लगायी गयी है। इस प्रकार कुल 298 मशीनें मार्ग खोलने का कार्य कर रही हैं। जल संस्थान के अंतर्गत आपदा की स्थिति में, विभिन्न शाखाओं में पेयजल उपलब्ध कराये जाने के लिए 71 विभागीय टैंकर उपलब्ध हैं एवं किराये के 219 पेयजल टैंकर चिन्हित हैं। राज्य के अन्तर्गत वर्ष 2022 में दैवीय आपदा/अतिवृष्टि से वर्तमान तक कुल 605 पेयजल योजनायें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं जिनमें अस्थायी व्यवस्था से पेयजल आपूर्ति चालू कर दी गयी है। ऊर्जा विभाग के अंतर्गत राज्य के अधिकतर जनपदों में विद्युत आपूर्ति सुचारू है। जनपद टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली के अन्तर्गत भारी वर्षा के कारण कुछ गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित चल रही है। जिसमें विभाग ने विद्युत आपूर्ति सुचारू करने के लिए कार्य गतिमान है। वर्तमान तक राज्य में कुल 100 ग्रामों में विद्युत बाधित थी। जिसमें से 90 ग्रामों की विद्युत आपूर्ति पूर्णरूप से सुचारू कर दी गई है। शेष 10 ग्रामों में विद्युत आपूर्ति सुचारू करने हेतु कार्य गतिमान है। एसडीआरएफ के तहत जनपद उत्तरकाशी के डुंडा में एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना पर एस.डी. आर.एफ. टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर गहन सर्चिंग की गई।

■ अभी भी पीडब्ल्यूडी के तहत 98 मार्गों को खोलना बाकी, कई क्षेत्रों में पेयजल योजनाओं पर भी पड़ा है असर

पेंशन बढ़ोतरी की मांग को लेकर पेंशनर्स मुखर

देहरादून। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति की बैठक में पेंशन बढ़ोतरी समेत चार सूत्रीय मांगों को लेकर दिल्ली में होने आंदोलन को सफल बनाने जोर दिया गया। रविवार को आईएसबीटी में हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पेंशनर्स कई सालों से पेंशन बढ़ोत्तरी की मांग कर रहे हैं। इसके लिए कई बार धरना प्रदर्शन भी कर चुके हैं। पेंशनर्स को साढ़े सात हजार रुपये पेंशन के साथ डीए भी मिलना चाहिए। इसके साथ पेंशनर्स के आश्रितों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा और जिन कर्मचारियों का पेंशन स्कीम में कंट्रीब्यूशन नहीं था, उन्हें मिनिमम पांच हजार रुपये पेंशन मिलनी चाहिए। इस मौके पर अध्यक्ष सरदार सुरेंद्र सिंह, भुवनचंद फुलारा, दिनेश गुसाई, आरपी श्रीवास्तव, कृष्ण रतूड़ी, रविंद्र वशिष्ठ, रामपाल, सुरेश डंगवाल, सरदार सुरेंद्र सिंह, संजीव डोभाल आदि मौजूद रहे।

दो साल में 13 लाख सहकारिता सदस्यों का डेटा किया कलेक्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह ने विभाग के कार्यों के बारे में विस्तार से दी जानकारी, 670 एमपैक्स में से 108 का कंप्यूटीकरण होने से किसान हो रहे लाभान्वित

देहरादून। उत्तराखंड के सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि देश में सबसे पहले उत्तराखंड की जमीन पर गांव और न्याय पंचायत स्तर पर बहुद्देशीय सहकारी समितियों का डिजिटलीकरण का सपना देखा था , वह सपना आज पूरा हो रहा है। 13 लाख सदस्यों का डाटा 2 साल में कलेक्ट करना बड़ी चुनौती पूर्ण कार्य था । जिसे समय पर पूरा किया गया।

रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में 108 एम. पैक्स के कम्प्यूटरीकरण का शुभारम्भ व मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना के तहत साइलेज उत्पादन एवं विपणन सहकारी संघ लि. के संयुक्त उद्यम टोटल मिक्स राशन (टीएमआर) की छरबा इकाई का शिलान्यास अवसर पर डॉ रावत ने बताया कि 670 समितियों के कंप्यूटराइजेशन करने के लिए बीते 6 साल में 100 से अधिक समीक्षा बैठक ली गई और तमाम तकनीकी विशेषज्ञों से सार्थक बात की, इसमें नाबार्ड को शामिल किया गया। समय समय पर एम पैक्स का भ्रमण , गांव स्तर पर डिजिटल प्लेटफार्म की समीक्षा, उनकी कड़ी मेहनत, लग्न, लक्ष्य का ही नतीजा है कि देश में पहले राज्य उत्तराखंड में ग्रामीणों को कंप्यूटराइजेशन की सौगात मिलने जा रही है। उत्तराखण्ड राज्य के सहका. रिता विभाग के एमपैक्स समिति सदस्यों की संख्या लगभग 13 लाख है। आज 108 एम पैक्स का कम्प्यूटरीकरण होने से करीब दो लाख से अधिक लोगों के खातें डिजिटल प्लेटफार्म पर आ गए हैं। इसके फलस्वरूप राज्य के 5 लाख से अधिक ग्रामीण जन लाभान्वित हो सकेंगे। उत्तराखंड राज्य की 108 बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति (एमपैक्स) का रविवार को ऑन लाइन कम्प्यूटरीकरण किया गया है। शेष 562 एमपैक्स का कम्प्यूटरीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। राज्य में कुल 670 एमपैक्स हैं। 108 एमपैक्स को कंप्यूटराइज्ड होने से किसानों को फायदा मिल रहा है। कंप्यूटराइज्ड होने के बाद पैक्स उर्वरक, बीज आदि जैसे कृषि इनपुट के प्रावधान के लिए सरकार की यह कोशिश बैंकिंग गतिविधियों के साथ-साथ गैर-बैंकिंग गतिविधियों के केन्द्र के रूप में एमपैक्स की पहुंच बेहतर हो गई है। उत्तराखंड राज्य में 108 समितियों को किया जा चुका है ऑनलाइन उत्तराखंड में कृषि सेक्टर में छोटे और सीमांत किसानों को मजबूत करने के लिए पैक्स एक बड़ी योजना है. पैक्स यानी प्राथमिक कृषि समितियां जो देशभर में किसानों को ऋण देने के लिए सबसे छोटी इकाई हैं और किसानों को इसके माध्यम से प्रोत्साहित किया जाता है. पारदर्शिता के लिए इन समितियों को ऑनलाइन किया जा रहा है. तकरीबन 108 समितियां ऐसी हैं जिन को अब तक ऑनलाइन किया जा चुका है. इसके लिए उत्तराखंड देश के सबसे अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है.अगस्त 2020 से ही प्रदेश के सभी बहुद्देश्यीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को कंप्यूटरीकृत करने पर काम चल रहा है। समितियों के खातें आनलाइन किये जाने की व्यवस्था सुगमतापूर्वक की जा सकेगी। एमपैक्स कम्प्यूटरीकरण से बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों में जमा सदस्यो / ग्रामीणों की पूँजी सुरक्षित हो सकेगी साथ ही जमा एवं निकासी आसान हो सकेगी। एमपैक्स कम्प्यूटरीकरण से गांव का किसान या खाताधारक अपनी जमा को कहीं भी आसानी देख सकता है और रूपये डेबिट कार्ड के माध्यम से सम्पूर्ण देश में कहीं से भी उपयोग में ला सकता है। एमपैक्स कम्प्यूटरीकरण से समितियां जमा, विपणन, उपभोक्ता, संयुक्त सहकारी कृषि लेन देन, डीबीटी आदि कार्य सुगमतापूर्वक कर सकेंगी। मंत्री डॉ रावत ने कहा कि राज्य में 670 बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (एमपैक्स) की दक्षता बढ़ाने तथा उनके संचालन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही लाने और पैक्स को अपने व्यवसाय में विविधता लाने व विभिन्न गतिविधियां/सेवाएं शुरू करने की सुविधा प्रदान करना भी सरकार का एक प्रमुख उद्देश्य है।

स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

■ स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

देहरादून। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति ने स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को परिचय पत्र के आधार पर स्वास्थ्य सुविधा देने की मांग की है। कहा कि ऐसे परिवारों के लिए अस्पतालों में एक सहायता केंद्र बनाया जाए।

समिति के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से मुलाकात की। उन्होंने सीएम को उनके द्वारा बीते वर्ष हरिद्वार में शहीद जगदीश वत्स के नाम से एक स्वतंत्रता सेनानी सदन बनाने की घोषणा याद दिलाई। कहा-हरिद्वार नगर निगम द्वारा अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। सीएम ने प्राथमिकता से इसे बनाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून में पुराने जेल परिसर के पास प्रस्तावित स्वतंत्रता सेनानी सदन को भी जल्द पूरा किया जाएगा। समिति ने आजादी के अमृत महोत्सव पर स्वतंत्रता सेनानियों और उनके आश्रितों को सम्मानित करने का सुझाव भी दिया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उनकी सरकार स्वतंत्रता सेनानियों और उनके उत्तराधिकारियों का पूर्ण सम्मान करती है। इस दौरान भारत भूषण विद्यालंकार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, जितेंद्र रघुवंशी महासचिव, राजकुमार अग्रवाल, अवधेश कुमार पंत और शशांक गुप्ता आदि मौजूद थे।

कार्यकर्ताओं को फहराना है हर घर में तिरंगा: अजेय

■ आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कसी कमर

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रप्रयाग। भारतीय जनता पार्टी की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम को लेकर हर घर तिरंगा अभियान को जनपद में भव्य रूप से मनाया जाएगा। इसके लिए भाजपा के मुख्य कार्यकर्ताओं की जिला कार्यालय में बैठक आहूत की गई, जिसमें विशेष तैयारियों पर जोर दिया गया।

गुलाबराय स्थित पार्टी कार्यालय में प्रदेश महामंत्री अजेय कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संगठन और सरकार ने योजना बनाई है। संगठन के कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक हर घर पर तिरंगा फहराना है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक विचार पर चलने वाला संगठन है, जो व्यक्ति पर आधारित नहीं है। हर कार्यकर्ता विचार के साथ जुड़े और समाज के हर वर्ग को भी जोड़ने का काम करे। हर घर तिरंगा अभियान में 9 से 11 अगस्त तक होर्डिंग्स लगाने के साथ ही व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। 11 से 13 तक शोभा यात्रा रघुपति राघव राजा राम, वंदेमातरम गाकर नगर व सार्वजनिक स्थानों पर समूह में निकाले जाएंगे। 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा लगाया जाएगा। कार्यक्रम की विस्तृत रूप रेखा रखते हुए उन्होंने संयोजक मंडल से कहा कि कार्यकर्ता के साथ समाज के हर वर्ग को जोड़ें। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष दिनेश उनियाल ने प्रदेश महामंत्री संगठन का स्वागत करते हुए आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रमों से सफलता की अपील की। इस मौके पर रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, प्रदेश कार्य समिति के सदस्य विजय कप्रवान, महावीर पंवार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, हर घर तिरंगा अभियान के जिला संयोजक अनूप सेमवाल, सह संयोजक कमल रावत, जेपी सेमवाल, पंकज करवासा, त्रिलोक सिंह रावत, केदारनाथ विधान सभा के सह संयोजक चरण सिंह राणा, मगन नेगी, रुद्रप्रयाग विधान सभा के संयोजक भारत भूषण भट्ट, सह संयोजक घनश्याम पुरोहित, दीपराज बंगारी, नरेन्द्र रावत, जिला पंचायत सदस्य सविता भण्डारी, एवं जिले के पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष व मण्डलों के संयोजक व सह संयोजक वरिष्ठ पूर्व जिला अध्यक्ष वाचस्पति सेमवाल मौजूद रहे।

कोर इंस्टीट्यूट रुड़की ने कोटद्वार के शिक्षकों को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

कोटद्वार। कोर इंस्टीट्यूट्स ऑफ हायर एजुकेशन्स, रुड़की ने रविवार को कोटद्वार के देवी रोड स्थित एक होटल में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य एक शिक्षक की समाज के प्रति उसकी भूमिका की सराहना एवं शिक्षकों को समाज में उचित सम्मान करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी रुड़की के कुलसचिव डॉ. मनीष कुमार ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के श्री चरणों में पुष्प अर्पित कर सरस्वती वंदना से किया गया। समारोह में बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह बिष्ट ने अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी रुड़की के संकाय सदस्य तोषित हर्षवाल ने किया। तोषित ने यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी रुड़की को स्कूल ऑफ डिजाईन के विभिन्न कोर्सेज के विषय में एक व्याख्यान भी प्रस्तुत किया। स्कूल ऑफ डिजाइन के विभागाध्यक्ष रितेश मोहन ने यूईटीआर में उपलब्ध कोर्सेज के विषय में विस्तारपूर्वक व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी रुड़की के कुलसचिव डॉ मनीष कुमार ने एक शिक्षक की भूमिका, उसकी समाज के प्रति उसकी निष्ठा और कर्तव्यों के विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने अपने वक्तव्य में शिक्षा एवं शिक्षकों को समाज में उचित सम्मान दिये जाने की बात कही। कहा कि हर एक छात्र को अपने शिक्षक का सम्मान करना चाहिए। समारोह में कोटद्वार शहर के लगभग 100 शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टों प्रदान किये गये। इस मौके पर यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी रुड़की के सदस्यों डॉ. आलोक प्रसाद, रितेश मोहन, सोहन लाल, मनोज धीमान, तोशित हर्षवाल, नवनीत विवेक, शान्तनु आर्या मौजूद रहे।

आपदा प्रबंधन में पारंपरिक ज्ञान व कौशल को उपयोग में लाना जरूरी

■ गढ़वाल विश्वविद्यालय में परिचर्चा का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

श्रीनगर। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा मानसून के कहर के बीच प्राकृतिक आपदाओं के लिए विभिन्न भारतीय राज्यों की आपदा नीतियों के विषय पर एक दिवसीय परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य में आपदाओं का इतिहास, भू-संरचना, एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ की भूमिका तथा चेतावनी व्यवस्थाओं जैसे पूर्व चेता. वनी यंत्र, डाप्लर रडार आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

गढ़वाल विवि के राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एमएम सेमवाल ने कहा कि उत्तराखंड आपदा प्रबंधन मंत्रालय बनाने वाला पहला राज्य बना है, किंतु राज्य में राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव, जागरूकता की कमी और संसाधनों के अकुशल आवंटन ने इस पूरी प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाया है। इसके लिए नीतियों को धरातल पर उतारने के साथ साथ विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण देकर उन्हें संसाधन के रूप में इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

इसके साथ ही अनियोजित विकास के स्थान पर सतत धारणीय विकास और आपदा प्रबंधन में स्थानीय एवं पारंपरिक ज्ञान तथा कौशल को उपयोग में लाना चाहिए। कार्यक्रम में छात्रा विदुषी डोभाल ने वर्तमान समय में मानसून तथा इससे उत्पन्न प्राकृतिक आपदाओं के विषय में श्रोताओं को अवगत कराया। शोध छात्र अरविंद रावत ने अपनी पीपीटी के द्वारा उत्तराखंड सरकार की आपदा नियंत्रण नीतियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार ने गांवों में आपदा से निपटने के लिए ग्रामवासियों को प्रशिक्षण दिया है। जिन्हें आपदा के समय काम में लाया जा सकता है।

शिक्षक डा. राकेश नेगी ने कहा कि मानव स्वयं अपनी गतिविधियों के कारण आपदा का शिकार बन रही है। इसलिए मनुष्य को प्रकृति से छेड़छाड़ तुरंत बंद करनी चाहिए। शोध छात्रा मनस्वी सेमवाल ने कहा कि तेजी से हो रहे अनियोजित शहरीकरण के कारण जलवायु परिवर्तन हो रहा है जिससे आपदाएं आ रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न राज्यों की आपदा नीतियों एवं आपदा नियंत्रण में न्यायालयों की भूमिका को रेखांकित किया। डा. सुभाष लाल, शोध छात्र मयंक उनियाल, छात्र सौरभ कुमारदीपक बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के लिए अनियोजित विकास को जुम्मेदार ठहराया।

एक नज़र

धूमधाम से मनाया गया तीज का त्योहार

कोटद्वार। हरियाली तीज का त्योहार हर्षोल्लास और परंपरागत ढंग से मनाया गया। महिलाओं व युवतियों ने हाथों पर आकर्षक मेंहदी रचाई और झूले का आनंद लिया। इस मौके पर पूजा अर्चना कर घरों में पकवान भी बनाए गए। महिलाओं के प्रिय त्यौहार हरियाली तीज को लेकर घरों में एक दिन पूर्व से ही तैयारियां शुरू कर दी गई थीं। शनिवार दोपहर से ही महिलाओं ने अपने हाथों पर मेंहदी रचाना शुरू कर दिया था। यह सिलसिला रविवार को सुबह भी जारी रहा। महिलाओं ने सज धज कर पूजा अर्चना की। इस मौके पर गीता भवन मंदिर, साईं मंदिर सहित शहर के तमाम मंदिरों में झूले भी डाले गए। जिसमें महिलाओं व युवतियों ने तीज और सावन गीत गाकर जमकर लुत्फ उठाया। विवाहित स्त्रियों के अलावा अविवाहित युवतियों ने भी यह व्रत रखा। विवाहित महिलाओं ने यह व्रत अपनी पति की लंबी आयु के लिए रखा। वहीं अविवाहित युवतियों ने परिवार की सुख-शांति, समृद्धि अच्छे वर प्राप्ति के लिए व्रत रखा। भगवान शिव देवी पार्वती को प्रसन्न करने के लिए, महिलाओं ने मंदिरों में पंचामृत से शिवलिंग को स्नान करवाया। महिलाओं का मानना है कि सबसे पहले देवी पार्वती ने इस व्रत को रखा था। इस दौरान ने महिलाओं ने मंदिरों में गौरी-शंकर का पूजन किया। प्रसाद का भोग लगाया और देवी पार्वती को सुहाग सामग्री भी समर्पित की।

निराश्रित पशुओं से कोटद्वार को मुक्त करने का अभियान लगातार जारी: खंडूड़ी

कोटद्वार। निराश्रित गौवंशीय पशुओं से कोटद्वार शहर को मुक्त कराने के लिए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने एक माह पूर्व शुरू किया अभियान अब रंग ला रहा है इस अभियान के तहत 50 से अधिक निराश्रित पशुओं को पकड़कर अभी तक गैंडीखाता स्थित भागीरथी धाम आश्रम गोशाला में रखा गया है जहां इनका पालन पोषण किया जा रहा है। ज्ञात हो कि 30 जून को उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी ने कोटद्वार को आवारा पशुओं से मुक्त कराए जाने का अभियान शुरू किया गया था। जिसके चलते अब शहर में घूम रहे आवारा पशुओं से निजात मिल रही है। अब लोगों की परेशानियां भी खत्म हुई हैं। साथ ही रास्ते पर घूम रहे बेसहारा पशु दुर्घटना का शिकार होने से बचे हैं। राहगीरों एवं वाहनों को आवागमन में आवारा पशुओं के कारण होने वाली समस्याओं से निजात मिली है। सभी निराश्रित पशुओं को पकड़ कर गैंडीखाता स्थित भागीरथी धाम आश्रम में रख कर उनकी देखभाल की जा रही है। इस अभियान पर क्षेत्र वासियों ने विधानसभा अध्यक्ष का आभार भी व्यक्त किया है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि निराश्रित पशुओं से कोटद्वार को मुक्त करने का अभियान लगातार जारी है बशर्ते बरसात के कारण निराश्रित पशुओं को पकड़ने की गति धीमी हुई है। लेकिन जल्द ही सभी निराश्रित पशुओं को पकड़ कर गैंडीखाता आश्रम में रखा जाएगा।

समाजशास्त्र विभाग में विदाई समारोह आयोजित

कोटद्वार। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में शनिवार को समाजशास्त्र विभाग में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार ने किया। विभाग प्रभारी समाजशास्त्र डॉ तनु मित्तल ने सभी अतिथियों का प्लांटर देकर स्वागत किया। विभाग की प्राध्यापिका डॉक्टर सुरेखा घिल्डियाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। विभाग के कई छात्र-छात्राओं ने गाने और नृत्य की मनमो. हक प्रस्तुतियां दी गईं जिसमें छात्रा करुणा स्वाति, श्वेता, संजना, प्रीति, रानी, तनुजा, हिमानी, अनुराग, नितिन, मीनाक्षी, प्रियंका, मुस्कान,वैशाली,अंजू रही। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि कंचन रावत, रोहित नेगी, और शिवानी धूलिया ने विभाग के साथ अपनी बीती यादों को ताजा किया और अपने अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कंचन रावत, सहायक प्रवक्ता समाजशास्त्र राजकीय इंटर कॉलेज द्वारीपैनो, रोहित नेगी असिस्टेंट प्रोफेसर,समाजशास्त्र राजकीय महाविद्यालय देहरादून शहर, शिवानी धूलिया, असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र राजकीय महाविद्यालय गदरपुर काशीपुर मौजूद रहे।

जड़ी-बूटी की खेती से काश्तकारों को मिलेगा फायदा: सेमवाल

रुद्रप्रयाग। जिला भेषज विकास इकाई के सौजन्य से जैली ग्राम पंचायत में जड़ी-बूटी कृषिकरण पर काश्तकारों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में भेषज संघ के प्रबंध निदेशक वाचस्पति सेमवाल ने काश्तकारों को संबोधित करते हुए कहा की जड़ी-बूटी कृषिकरण काश्तकारों के लिए अच्छी खेती के साथ कम मेहनत और अधिक आर्थिकी प्राप्त करने में सार्थक होगी। उन्होंने कहा कि भेषज विकास इकाई बड़ी इलायची के उत्पादन में प्रदेश में पहले नंबर की इकाई है। काश्तकार को इसके दोहरे फायदे हैं। जब तक यह फल देने के लिए तैयार होता है, तब तक यह पौध बिक्री के जरिए भी काश्तक. र के लिए आर्थिकी का स्रोत पैदा करता है। जंगली जानवर भी इसका नुकसान नहीं करते हैं। इसके अलावा उन्होंने रीठा, सतावर, एलोवेरिया, आंवला, कुटकी, लेमनग्रास, वन हल्दी की उपजाऊ विधि की जानकारी दी। प्रशिक्षण वर्ग में सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश बहुगुणा ने काश्तकारों को जानकारी देते हुए कहा कि काश्तकार पूर्ण मनोयोग से विषय विशेषज्ञों से जानकारी हासिल कर ही जन कल्याणकारी योजनाओं को अपनाए आधी अधूरी जानक. री के आधार पर सफलता नहीं मिलती।

श्रीनगर में हरियाली तीज पर्व धूमधाम से मनाया

श्रीनगर। श्रीनगर में हरियाली तीज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने सोलह श्रृंगार करके पूजा की, व्रत भी रखे। साथ ही महिलाओं ने झूला झूलकर सावन के मल्हार गाये ओर सावन के गीतों पर जमकर झूमी। हरियाली तीज का पर्व श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की तृतीय तिथि को मनाया जाता है। मान्यता है कि यह पर्व सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद खास होता है। इस पर्व पर सुहागिन महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए कामना करती है, और व्रत रखती है। तथा सोलह श्रृंगार करती है।महिलाओं ने अपने घरों पर एकत्र होकर, झूला डालकर सावन के मल्हार गीत गाये। ओर तीज पर्व को बहुत खुशी व प्यार के साथ मनाया। तीज की इस शुभ बेला को डॉली विश्नोई, नीरा अग्रवाल, र्रुकला जैन, मोनिका गुप्ता, रेणु, अनीता अग्रवाल, सलोनी, मीनाक्षी, रश्मिका जैन, अमीता, संतोष, रेखा, रश्मी, शशी अग्रवाल शैलेश्वरी उनियाल,ममता विश्नोई, छवि विशनोई, गुड़िया गुप्ता, मौजूद रहे।

जर्जर बेलनी पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही बंद

■ वर्ष 1963 में हुआ था अलकनंदा नदी के ऊपर 63 मीटर लम्बे पुल का निर्माण ■ यातायात को लेकर पुलिस ने बनाया नया ट्रैफिक प्लान, मांगा स्थानीय जनता एवं व्यापारियों से सहयोग

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रप्रयाग। रुद्रप्रयाग मुख्य बाजार स्थित जर्जर हो चुके बेलनी पुल पर अब भारी वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। जिला प्रशासन की अनुमति पर एनएच ने पुल से भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी। इससे अब पुल पर भारी ट्रक, बस और अन्य बड़े वाहनों की आवाजाही नहीं होगी। वहीं पुल से भारी वाहनों की आवाजाही बंद होने के बाद पुलिस ने भी नया ट्रैफिक प्लान बनाया है। इसमें स्थानीय व्यापारियों एवं जनता से सहयोग की अपील की गई है।

बताते चलें कि वर्ष 1963 में बने करीब 63 मीटर लम्बे रुद्रप्रयाग बेलनी पुल की जर्जर हालत को लेकर कई बार सवाल खड़े किए जाते रहे हैं। पुल पर संभावित दुर्घटनाएं होने की खबरों को लेकर बार-बार एनएच लो. निवि, प्रशासन और पुलिस को अलर्ट किया जाता रहा है, लेकिन पुल पर भारी वाहन गुजरते रहे। अब जाकर एनएच रुद्रप्रयाग डिविजन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। बेलणी पुल पर बैरियर लगाकर भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। अब कर्णप्रयाग की ओर से आने वाले भारी वाहनों को मुख्य बाजार होकर गुजरना पड़ेगा। जबकि चोपता, दुर्गाधार जाने वाले भारी वाहनों को जवाड़ी बाईपास से होकर आना होगा। एनएच के ईई निर्भय सिंह ने बताया कि पुल की जर्जर हालत की टेस्टिंग कराई जाएगी। इसके लिए कंसलटेंट को सूचना दे दी गई है। यदि पुल भारी वाहनों के चलने लायक होगा तो नए पुल के निर्माण तक आवाजाही होने दी जाएगी, लेकिन यदि स्थिति भारी वाहन चलने लायक नहीं होगी तो नए पुल बनने तक पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से बंद कर दी जाएगी। बताया कि एनएच विभाग ने इसी पुल के करीब नए पुल के निर्माण के लिए 28 करोड़ का प्रस्ताव भी सर्किल ऑफिस देहरादून भेजा है। यहां से यह प्रस्ताव भारत सरकार के सड़क परिवहन मंत्रालय को भेजा जाएगा, जिसकी मंजूरी मिलने की पूरी संभावनाएं हैं। बताया कि यदि जल्द मंजूरी मिली तो दो साल के भीतर पुल का निर्माण कर दिया जाएगा।

वहीं दूसरी ओर बेलणी से भारी वाहनों की आवाजाही बंद होने के बाद पुलिस की ओर से नया ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। इसको लेकर व्यापारियों एवं जिले के अन्तर्गत निर्माण कार्य कर रही एजेंसियों के अधिकारियों से बैठक कर चर्चा की गई और उन्हें नया प्लान समझाया गया। पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध घिल्डियाल ने बताया कि बेलणी स्थित पुल की हालत काफी नाजुक बनी हुई है। ऐसी स्थिति में भारी वाहनों की आवाजाही होनी मुश्किल है। प्रशासन की ओर से निर्णय लिया गया है कि जब तक पुल का ट्रीटमेंट नहीं हो जाता, तब तक भारी वाहनों की आवाजाही पुल से नहीं होगी। ऐसे में नया ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है, जिसका पालन वाहन स्वामियों के साथ ही व्यापारियों और निर्माण कार्य रही एजेंसियों को करना है। उन्होंने कहा कि कर्णप्रयाग से आने वाले भारी वाहन सीधे मुख्य बाजार होकर निकलेंगे। जबकि केदारनाथ मार्ग से कर्णप्रयाग की ओर जाने वाले भारी वाहन जवाड़ी बाईपास होकर मुख्य बाजार होकर निकलेंगे। इसके अलावा मुख्य बाजार में लिंक रूट को जाने वाले भारी वाहन जवाड़ी बाईपास से होकर निकलेंगे। सीओ प्रबोध घिल्डियाल ने बताया कि सब्जी का व्यवसाय करने वाले व्यापारी सुबह सात बजे से अपनी सब्जी के ट्रक खाली करवा दें। राशन की गाड़ी सुबह नौ बजे लोड होने के साथ ही अनलोड हो जानी चाहिए। ट्रकों का आवागमन सुबह नौ बजे से पहले होगा या फिर दोपहर दो से पांच बजे तक होगा। निर्माण सामग्री रेत, बजरी, पत्थर वाले डम्पर रात्रि आठ बजे सुबह 7 बजे तक चलेंगे। खाली ट्रक का आवागमन दो से पांच बजे तक हो सकेगा। लम्बे ट्राले दिन में बिलकुल नहीं चलेंगे, जबकि रात्रि 9 से सुबह 5 बजे तक चलेंगे। स्थानीय लोगों के दुपहिया व चौपहिया वाहन सड़कों के किनारे खड़े होने के बजाय गुलाबराय मैदान में खड़े होंगे। लिंक रूट के लिए मार्केट में जीएमओयू की एक बस व दो छोटी गाड़ी लगेंगी। इसके अलावा कोई भी वाहन मार्केट में खड़ा नहीं रहेगा। उन्होंने स्थानीय जनता एवं व्यापारियों से पुलिस एवं जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

प्रेम पतंग नाटक की प्रस्तुति को देख गदगद दिखे दर्शक

श्रीनगर। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि में नाट्य महोत्सव के दूसरे दिन की प्रेम पतंग के मंचन को देख दर्शक गदगद दिखे। इस मौके पर कालकारों के अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। गढ़वाल विवि के लोक कला एवं संस्कृति केंद्र की पहल पर आयोजित नाट्य महोत्सव का शुभारंभ गढ़रत्न कवि लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी ने किया। इस मौके पर उन्होंने गढ़वाल विवि के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के अभिनव प्रयासों से बच्चों को अपनी प्रतिभाओं को निखारने का एक अच्छा मंच प्रदान होता है। महोत्सव के दूसरे दिन हेमंत कुमार राय द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाटक प्रेम पतंग के मंचन की शुरुआत दो दोस्तों अन्नु और मुश्ताक की दोस्ती से होती है। नाटक में उस दौर की कहानी को बताया गया है जिस उम्र में भूख-प्यास, परिवार और जाति-धर्म से बड़ी दोस्ती होती है।

हेलंग में महिलाओं के साथ हुई घटना पर किसानों में रोष

■ दिल्ली में संयुक्त किसान मंच की बैठक में प्रमुखता से उठा हेलंग का मुद्दा

शाह टाइम्स संवाददाता

श्रीनगर। बीते दिनों चमोली जिले के हेलंग में घसियारियों के साथ हुए दुर्व्यवहार की घटना अब दिल्ली तक पहुंच चुकी है। दिल्ली में आयोजित किसान मंच की बैठक में किसान नेताओं ने इस घटना पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। उत्तराखंड किसान मंच के अध्यक्ष भोपाल सिंह चौधरी ने बीते दिनों चमोली हेलंग में महिलाओं के साथ हुई घटना पर कडा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि बीते दिनों चमोली हेलंग में महिलाओं के साथ हुई घटना पर कडा रोष व्यक्त का हैं। भोपाल चौधरी ने बताया कि हेलंग में महिलाओं के घास के गट्ठरे को जिस प्रकार से सुरक्षा और पुलिस छिन रहे है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस घटना के सामने आने के बाद देश के सभी किसान नेताओं में भारी रोष है। दिल्ली में आयोजित संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक को सम्बोधित करते हुए उत्तराखंड किसान मंच के अध्यक्ष चौधरी भोपाल सिंह ने इस मामले को प्रमुखता से उठाते हुए कहा की जिनके बलिदान और त्याग से आज हमें उत्तराखंड राज्य मिले है उनके साथ इस तरह कृत्य शर्मनाक है और उनके हक हकूकों पर प्रहार करने जैसे है। कहा कि पहाड़ के जल, जंगल पर पहाडवासियो का अधिकार है, लेकिन राजनैतिक पार्टीयां द्वारा हमारे हकहकूको को हमसे छिनने की कोशिश कर रहे है। उन्होंने कहा कि पहाडवासियों के साथ इस तरह के कृत्य को बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषिपाल अम्बावता, राकेश टिकैत, राम पाल जाट, दयानन्द पाटिल, जल पुरुष राजेंद्र सिंह, सुखदेव विर्क मौजूद रहे।

होटल संचालक को लाइसेंस व रेट लिस्ट चस्पा करने के निर्देश

श्रीनगर। खाद्य सुरक्षा अधिकारी बलवंत चौहान के ओर से श्रीनगर में होटल व्यवसायियों एवं व्यापार सभा की बैठक ली। जिसमें खाद्य निरीक्षक बलवंत चौहान ने जिलाधिकारी द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश पर होटल संच. लकों को रेट लिस्ट चस्पा, लाईसेंस होटल में लगाने के निर्देश दिए। होटल में खाने सर्व करने पर गल्पस का पहचना जरूरी होगा। साथ ही खाना बनाने में जिस तेल को इस्तेमाल कर रहे हैं वह दो या तीन बार से ज्यादा नहीं किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मीट संचालको से चिकन, मीट की दुकान से बिल लाना बहुत जरूरी है एवं वह अपने डी फ्रीजर में नॉनवेज अलग वेज अलग अलग रखने को कहा। इस मौके पर व्यापार सभा के अध्यक्ष दिनेश असवाल, उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष वासुदेव कंडारी, महामंत्री अमित विष्ट, दर्शन भंडारी, रामानंद ध्यानी, अनिल रमोला, मंगल पवार आदि मौजूद थे।

बदरीनाथ हाईवे पर बोल्डर और मलबा आने से यातायात बाधित

■ भूस्खलन से सिंचाई विभाग की बिल्डिंग आई खतरे में

शाह टाइम्स संवाददाता

देवप्रयाग/श्रीनगर। ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग भारी बारिश कके चलते कई स्थानों पर लगातार बोल्डर और मलबा गिरने के बाद यातायात बार-बार बाधित हो रहा है। देवप्रयाग व ऋषिकेश से ओर से वाहनों की सुरक्षित आवाजाही की दृष्टि से फिलहाल यातायात को मलेथा-चाका-गजा सड़क मार्ग से ऋषिकेश के लिए डाइवर्ट किया गया। बीते दो दिनों से हो रही बारिश से ऋषिकेश बदरीनाथ हाईवे फिर से जगह-जगह मलबा और पत्थरों का आने बाधित हो रहा है।

तोताघाटी के पास सुबह पांच बजे बड़े-बड़े बोल्डर आने से रविवार को फिर राजमार्ग पांच घंटे तक बाधित रहा। यातायात सुचारु रखते पुलिस द्वारा वाहनों को राजमार्ग से एक-एक कर निकाला गया। मगर भारी बारिश के चलते तोताघाटी, तीनधारा, शिवमूर्ति, सौड़पानी, महादेव चट्टी, बछेलीखाल आदि स्थानों पर मलबा और बोल्डर के गिरने का सिलसिला शुरू है। देवप्रयाग थाना प्रभारी देवराज शर्मा ने बताया कि लगातार ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी बोल्डर गिरने से यातायात बार बार बाधित हो रहा है, जिसके चलते कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिये पुलिस राजमार्ग पर चल रहे सभी वाहन चालकों को सतर्कता से वाहन चलाने के और भारी बारिश होने पर सुरक्षित स्थान पर रुकने को कहा गया है। वहीं दूसरी ओर श्रीनगर में श्रीयंत्र टापू के पास पहाड़ी से भूस्खलन होने से यातायात आधे घंटे बाधित रहा। भूस्खलन होने सिंचाई विभाग की बिल्डिंग उसकी जद में आ गया।

बारिश के चलते पेयजल लाइनें हुईं क्षतिग्रस्त

शाह टाइम्स संवाददाता

नई टिहरी। जनपद में लगातार हो रही बारिश के कारण तहसील धनोल्टी मुख्यालय के समीप आस-पास के लगभग 20-25 ग्रामों बालगंगा क्षेत्र के पानी गांव में, बौराड़ी क्षेत्र के मार्किट में विद्युत आपूर्ति बाधित है, जिनके सुचारिकरण की कार्रवाई गतिमान है।

जनपद में 08 पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त है, जिनके सुचारीकरण की कार्यवाही गतिमान है, जिनमें तहसील गजा के ग्राम सौड़ की पेयजल लाईन 25 जुलाई, तहसील नरेंद्रनगर के ग्राम पसर तलाई दोगी पेयजल लाईन 26 जुलाई, विकासखंड जाखणीधार के ग्राम नवाकोट में नवाकोट-जाखणीधार-रोडधार पेयजल लाईन व तहसील गजा के ग्राम सालागांव दंदोली मध्ये पेयजल लाईन 29 जुलाई, तहसील गजा के अंतर्गत सिरवाडी से श्रीकोट नामे तोक पेयजल लाईन व तहसील जाखणी धार के ग्राम पेटव में त्रिशिलो नामे तोक पेयजल लाइन 30 जुलाई की अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त हुई है। इसके अलावा विकासखंड जौनपुर के मारखो गाड से उ.प्रा. विद्यालय घेना तक 700 मीटर पेयजल लाईन तथा विकासखंड जाखणीधार की गेंवली-देवल-अखोडीसैण पेयजल लाईन क्षतिग्रस्त है। वहीं जनपद में 01 राज्य मार्ग व 09 ग्रामीण मार्ग अवरुद्ध हैं, जिनके सुचारीकरण की कार्यवाही गतिमान है, जिनमें राज्य मार्ग 69 लम्बगांव- मोटना- रजाखेत-घनसाली मार्ग किमी 3 में वाशआउट होने से अवरुद्ध है। ग्रामीण मार्गों में झाला-कोटी किमी 1 में वॉशआउट, बूढाकेदार-पिनस्वाड किमी 2,3 में मलवा व किमी 13 से 18.5 में मलवा व वॉशआउट एवं भरपूर-टोल-बौंठ-खरसाडी किमी. 11 में, बागी-सिलारी किमी. 9 में, खोला (थापली)-मुसमोला किमी 05 में, डागर-कोठार-पालीगोडी किमी 02,05,06 में बंद है।

डीएसीई सिविल सर्विसेज की निशुल्क प्रवेश परीक्षा संपन्न

श्रीनगर। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारियों के लिए निशुल्क कोचिंग कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रवेश परीक्षा रविवार को उत्तराखंड के तीन परीक्षा केंद्रों श्रीनगर, रुड़की और देहरादून में संपन्न हुई। गढ़वाल विवि के डॉक्टर अंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. एमएम सेमवाल ने बताया कि बिड़ला कैंपस श्रीनगर के परीक्षा केंद्र में 211 परीक्षार्थियों में से 75 परीक्षार्थी तथा देहरादून एमकेपी परीक्षा केंद्र में 187 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 22 परीक्षार्थियों और रुड़की के बीएसएम स्नातकोत्तर महाविद्यालय परीक्षा केंद्र में 160 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 35 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा के लिए उत्तराखंड और उत्तराखंड के बाहर से कुल 1371 अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त हुए थे।

ऐसे शिविर समाज हित में निभाते हैं महत्वपूर्ण भूमिका: नरेश

■ संस्कृत महाविद्यालय रुद्रप्रयाग में रक्त जांच शिविर का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रप्रयाग। स्वास्थ्य विभाग व रेडक्रॉस समिति की ओर से संस्कृत महाविद्यालय रुद्रप्रयाग में रक्त जांच शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने इस अभिनव पहल के लिए रेडक्रॉस व स्वास्थ्य विभाग की सराहना करते हुए कहा कि निकट भविष्य में इससे जनपद को निश्चित ही लाभ होगा। इसके साथ ही उन्होंने जांच के लिए आयोजित शिविर में ब्लड डोनेट किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर रेडक्रॉस के सभी पदाधिकारियों व स्वास्थ्य विभाग को बधाई देते हुए कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की ब्लड जांच के लिए इस तरह के शिविर वास्तव में समाज के हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। पहले चरण में जनपद के समस्त राजकीय महाविद्यालयों में चलाए जा रहे कार्यक्रम की शुरुआत संस्कृत महाविद्यालय से की गई है। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी व स्वास्थ्य विभाग को हर तरह के सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के दौरान रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष दीपराज बंगारी ने कहा कि आपदा की दृष्टि से जनपद बेहद संवेदनशील है। यहां स्वास्थ्य, आपदा अन्य कारणों से होने वाली घटनाओं में ब्लड की आवश्यकता होती है, जिसकी समय पर उपलब्धता नहीं हो पाती है। इसी के दृष्टिगत रेडक्रॉस द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर जनपद में ब्लड जांच शिविर व डोनेट कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ताकि समय पर जरूरतमंद को ब्लड उपलब्ध कराया जा सके।

उन्होंने कहा कि ऐसी पहल करने वाला हमारा जनपद देश का पहला जनपद है। साथ ही प्रशासन द्वारा मिल रहे सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ भानुप्रकाश देवली ने उपस्थित मुख्य अतिथियों का अभिनंदन करते हुए रुद्रप्रयाग के इतिहास, संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना, महाविद्यालय में संचालित हो रही कक्षाओं का विवरण आदि के विस्तार से जानकारी दी। वहीं रेडक्रॉस के पदाधिकारियों ने रेडक्रॉस समिति की ओर से कोरोना काल में स्वास्थ्य, आपदा आदि क्षेत्रों में किए गए कार्यों की जानकारी दी।

सीएम और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सुना पीएम मोदी के मन की बात का कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

हम सभी देशवासियों का कर्तव्य है कि हम देश को आजादी दिलाने वाले सभी ज्ञात अज्ञात महान स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान गाथाओं को सदैव याद रखे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर इस स्वतंत्रता दिवस पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेश वासियों से इस महान अभियान में प्रतिभाग करते हुए अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की है।

■ 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान में प्रदेशवासियों से प्रतिभाग की अपील

मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पूरे विश्व में हमारी एकता का संदेश जाएगा। आज पूरा विश्व भारत की ओर देखता है। भारतीय संस्कृति, योग व आयुष के महत्व को दुनिया मान रही है।

मुख्यमंत्री धामी के साथ मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट एवं अन्य गणमान्य लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

एक माह में अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करें सभी पदाधिकारी : मोहनिया

■ आप की कार्यकारिणी की बैठक, सभी जिलाध्यक्ष एक महीने में भरें रिक्त पद

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून । आम आदमी पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया ने सभी पदाधिकारियों से पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

रविवार को त्यागी रोड स्थित एक होटल में आयोजित बैठक में उन्होंने साफ तौर पर निर्देश दिए कि अगले 1 महीने के भीतर सभी पदाधिकारी अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे। प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया ने सख्त रुख अपनाते हुए जिला अध्यक्षों की भी जमकर क्लास लगाई। उन्होंने समस्त जिला अध्यक्षों को 1 महीने का समय देते हुए सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति किए जाने की गंभीरता से बात कही। इस दौरान प्रदेश प्रभारी ने कहा कि जिस तरह से आम आदमी पार्टी ने विधानसभा चुनाव लड़ा उसी तरह पार्टी पूरी ताकत से आगामी सभी चुनावों को लड़ेगी जिसकी शुरुआत जिला पंचायत चुनाव हरिद्वार से की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी का संगठन निरंतर बढ़ रहा है और आने वाले 1 महीने के अंदर जितने भी रिक्त पद है सभी रिक्त पद भर दिए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को आम आदमी पार्टी की नीतियों के प्रचार प्रसार के लिए भी निर्देश दिए।

इस बैठक में मुख्य रुप से जोत सिंह बिष्ट, डीके पाल,बसंत कुमार, रविंद्र आनंद ,उमा सिसोदिया , अमित जोशी,दिग्मोहन नेगी , शिशुपाल रावत ,आजाद अली, रजिया बेग, राधा सिंह, सुनीता टम्टा बाजवा,नितिन जोशी,मंजू तिवारी ,हेमा भंडारी, डिंपल सिंह विपिन खन्ना , वीरेंद्र सिंह समेत जिला अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

मौहम्मद साहब के इंसानियत के पैगाम को घर-घर पहुंचाएंगे: जमीयत

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। पैगंबर मौहम्मद साहब के इंसानियत के पैगाम को घर-घर पहुंच.ाने, नौजवानों को नशे से बचाने ओर मस्जिदों में संचालित शिक्षा केंद्रो को मजबूत करने का फैसला जमीयत उलेमा हिन्द की शहर व जिला इकाई की बैठक में लिया गया है।

रविवार को मदरसा दार-ए-अरकम में जिला अध्यक्ष मुफ्ति रईस अहमद कासमी की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में कई अहम मुद्दो पर विचार-विमर्श के बाद फैसला लिया गया है कि पैगंबर मौहम्मद साहब के इंसानियत के पैगाम को घर-घर पहुंचाने के लिये शहर के अलग-अलग हिस्सों में सेमिनार आयोजित किये जाएंगे। आम जनता तक इस्लामी शिक्षा ओर शरीयत के कानून को पहुंचाने की जिम्मेदारी उलेमा की है। उलेमा ने कहा कि मौहम्मद साहब को मानवता के लिये रहमत बना कर भेजा गया है, मौहम्मद साहब ने जो इंसानियत का

■ नौजवानों को नशे से बचाने के लिए किया जाएगा जागरूक: कासमी

पैगाम दिया है, वह सब इंसानों के कल्याण के लिये है, इसलिये मौहम्मद साहब के पैगाम को आम जनता तक पहुंचाया जाना चाहिए। इसके लिये जमीयत मस्जिदों के प्रबंधकों व इमामों के साथ मिलकर काम करेगी। बैठक में यह भी फैसला लिया गया है कि मस्जिदों में संचालित होने वाले शिक्षा केंद्रो को मजबूत किया जाएगा। नौजवानों में बढ़ रही नशे की लत को रोकने के लिये युवाओं को नशा से बचाव के लिये जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जमीयत के जिला अध्यक्ष मुफ्ति रईस अहमद कासमी व संचालन प्रवक्ता हाफिज मौहम्मद शाहनजर ने किया। इस मौके पर प्रदेश सचिव मौलाना अब्दुल मन्नान कासमी, शहर अध्यक्ष मौलाना राशिद कासमी, जिला उपाध्यक्ष अब्दुल सत्तार महानगर महासचिव खुर्शीद अहमद, कारी अब्दुल समद, मुफ्ती अयाज अहमद जामई, मौलाना हाशिम उमर, मौलाना नसीम अहमद, मौलाना मौहम्मद आमिर कासमी, मौलाना अब्दुल वाजिद, कारी फरहान, कारी शावेज, कारी मौहम्मद मुस्तकीम, तौसीफ खान, इरशाद अहमद, तौफीक खान, तनवीर खान आदि मौजूद रहे।

एक नज़र

सीएम ने मणि मायी मंदिर में पूजा अर्चना कर की प्रदेशवासियों की सुख - समृद्धि की कामना

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को लच्छीवाला स्थित मणि मायी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख - समृद्धि की कामना की।

भट्ट के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर महाराज ने दी बधाई

देहरादून। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तराखंड प्रदेश के नव नियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद भट्ट को शुभकामनाएं देते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। महाराज ने बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक महेन्द्र प्रसाद भट्ट को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि महेंद्र भट्ट के मार्गदर्शन में प्रदेश भाजपा संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी।

परीक्षा में धांधली व गड़बड़ी पर श्वेत पत्र जारी करे चयन आयोग: जुगरान

■ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने आयोग अध्यक्ष व सचिव पर साधा निशाना

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रवीन्द्र जुगरान ने कहा कि उत्तराखंड राज्य अधीनस्थ चयन सेवा आयोग को मुन्ना भाइयों के पकड़े जाने के बाद,इतने बड़े स्तर पर भर्ती में धांधली उजागर होने के बाद, भर्ती परीक्षाओं में इतने लोगों के पकड़े जाने के बाद श्वेत पत्र जारी करना चाहिये।

जुगरान ने कहा कि चयन सेवा आयोग के अध्यक्ष व सचिव समेत सभी सदस्यों को मीडिया के माध्यम से इस खेद जनक स्थिति पर अपना मत, वक्तव्य व विचार उत्तराखंड की जनता के सामने रखना चाहिये । विशेष कर भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कर रहे उत्तराखंड के नौजवानों के सामने। उत्तराखंड राज्य अधीनस्थ चयन सेवा आयोग के अध्यक्ष व सचिव समेत सभी सदस्यों एवं जिम्मेदार अधिकारियों को स्वयं आगे आकर अपनी अपनी सम्पत्ति की जांच की मांग भी करनी चाहिये। जुगरान ने कहा की वर्तमान और भविष्य में होने वाली भर्ती परीक्षाओं में उत्तराखंड के अभ्यर्थियों का विश्वास बना रहे इसके लिये आयोग को उत्तराखंड की जनता को विश्वास दिलाना चाहिये। जुगरान ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में उजागर हुई अनियमितता व धांधली से नौजवानों का आयोग की कार्यप्रणाली से विश्वास कम हुआ है जिसको पुन: कायम करने की जरूरत है। जुगरान ने कहा की भर्ती परीक्षा में उजागर हुई धांधली में छोटी मछलियों के साथ जब तक बड़े मगरमच्छ पकड़ में नहीं आते तब तक वर्तमान और भविष्य में भी सुधार संभव नहीं होगा। भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता बने रहे इसके लिये धांधली के लिये जिम्मेदार बड़े मगरमच्छों का पकड़ा जाना जरूरी है।

डीएम ने किया कई वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून । जिलाधिकारी सोनिका ने शनिवार को जनपद की तहसील सदर के तहत बिष्ट गांव में भारी वर्षा के कारण एक भवन के आंगन क्षतिग्रस्त होने से खतरे की जद में आये परिवार को पंचायत घर एवं रिश्तेदार के यहां शिफ्ट किया। जबकि जिला प्रशासन ने प्रभावित परिवार को टैन्ट,तिरपाल एवं खाद्य सामग्री वितरित की गई।

स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर को नियमानुसार भवन का आंगणन करते हुए मुआवजा बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने गोविन्दगढ एवं बिन्दाल नाले किनारे हुए भू-कटाव आदि स्थलों का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल सुरक्षात्मक कार्य करने के निर्देश दिए। गोविन्दगढ में निरीक्षण के दौरान स्थानीय विधायक सविता कपूर भी मौजूद रही।

जिलाधिकारी ने बिष्ट गावं में निरीक्षण के दौरान खतरे की जद में

■ बिष्ट गांव में भी गई सोनिका, प्रभावित परिवार को राहत सामग्री की गई वितरित

पहुचे भवन में निवास कर रहे भवन स्वामी के मनीराम पुत्र गंभीरदत्त को उनके भाई के मकान में तथा दीपक शर्मा पुत्र मनीराम को पंचायतघर में शिफ्ट किया गया। इससे पूर्व जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवार को टैन्ट, तिरपाल, तथा खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि क्षतिग्रस्त हुए भवन का आगणन करवाते हुए मानक के अनुरूप मुआवजा बनाने क निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गोविन्दगढ में छोटे नाले के समीप हुए भू-कटाव से खतरे से एक मकान खतरे की जद में आने की संभावना के दृष्टिगत इस भू-कटाव वाले स्थल पर अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग को सुरक्षा दीवार के लिए आंगणन तैयार करते हुए तत्काल सुरक्षा दीवार लगाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्थानीय विधायक सविता कपूर भी मौजूद रही। वहीं जिलाधिकारी ने बिन्दाल कावंली से सत्तोवाली घाटी गांधीग्राम तक स्थलीय निरीक्षण करते हुए भू-कटाव से बस्ती एवं रास्ते की सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त होने के चलते अधिकारियों को आंगणन कर सुरक्षा दीवार बनाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बरसात के चलते समस्त उप जिलाधिकारियों एवं सम्बन्धित अधिकारियों को अपने- अपने क्षेत्रों में ऐसे स्थानों जहां भू-कटाव एवं नदी नाले किनारे रह रहे लोगों की सुरक्षा को खतरा हो के लिए नजदीक सुरक्षित स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए ताकि भारी वर्षा के दौरान इन लोगों को चिन्हित सुरक्षित स्थानों पर स्थानान्तरित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान बिष्ट गांव उप जिलाधिकारी सदर, मसूरी नरेश चन्द्र दुर्गापाल, कानूनगो तथा राजस्व विभाग के कार्मिकों के साथ सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। गोविन्दगढ एवं सत्तोवाली घाटी में निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग, राजस्व, नगर निगम एवं लो. निवि के अधिकारियों सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

व्यवस्तता भरा रहा भाजपा अध्यक्ष भट्ट का दिन, कई कार्यक्रमों में हुए शामिल

शाह टाइम्सस संवाददाता

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने रविवार को राजधानी देहरादून में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की । उन्होंने सीएम आवास पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व अन्य कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुना, साथ ही प्रदेश कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की ।

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने अपने तय कार्यक्रम अनुसार सबसे पहले प्रात: बलबीर रोड़ कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की । इसके अलावा वह मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित मन की बात कार्यक्रम सुनने पहुंचे । इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की हर घर तिरंगा अभियान को शतप्रतिशत पूर्ण करने

■ सबसे पहले पार्टी मुख्यालय में पहुंचकर कार्यकर्ताओं की मुलाकात ■ कई अन्य कार्यक्रमों में भी पहुंचे महेन्द्र भट्ट

के लिये जुट जाने का आहवान किया । महेंद्र ने इसके बाद सीएम धामी के साथ कैबिनेट मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल के डोईवाला स्थित आवास पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया । प्रदेश कार्यालय पहुंच कर उन्होंने दूरदराज से उन्हें शुभकामना देने पहुचे कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात की । इस दौरान उन्होंने अपने सांगठनिक अनुभवों को साझा करते हुए, बेहद खराब मौसम के बावजूद वहां पहुंचकर अपना स्नेह देने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया ।

इस मौके पर कार्यालय में रुद्रप्रयाग विधायक,भरत चौधरी, प्रदेश महामंत्री कुलदीप कुमार, पूर्व विधायक आशा नौटियाल, सूरत राम नौटियाल, प्रदेश कार्यालय सचिव कौस्तुभानंद जोशी, विनोद सुयाल समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे ।

हर व्यक्ति का हर कार्य राष्ट्र के लिए हो:गामा

■ धर्मपुर नगर मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना प्रधानमंत्री मोदी का कार्यक्रम 'मन की बात'

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। अधिकारी हो या कर्मचारी, समाज सेवक हो या व्यापारी भारत में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपने हर कार्य को इस भावना के साथ करना चाहिए कि वह राष्ट्रनिर्माण के लिए कार्य कर रहा है।

महापौर सुनील उनियाल गामा ने रविवार को धर्मपुर नगर मंडल में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम मन की बात सुनने के बाद हुई। बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि अब हम जब आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव मना रहे हैं तो हम जो भी कार्य कर रहे हैं उसमें राष्ट्र निर्माण का भाव होना चाहिए। गामा ने

आगामी 9 से 15 अगस्त तक होने वाले कार्यक्रमों का ब्यौरा कार्यकर्ताओं को देते हुए कहा की भारत को आजाद हुए 75 वर्ष हो गए हैं। अर्थात अब भारत के अधिकतर नागरिक आजादी के बाद जन्मे लोग हैं। इस वर्ष के आजादी महोत्सव में देश के प्रत्येक आवास पर तिरंगा फहराने का प्रधानमंत्री का मकसद देश के प्रत्येक नागरिक एवं परिवार को राष्ट्र प्रेम एवं राष्ट्रनिर्माण के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम को भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी राजीव उनियाल, तिरंगा अभियान के संयोजक विनोद रागढ़, मंडल अध्यक्ष संदीप मुखर्जी ने भी संबोधित किया।

भाजपा महानगर महामंत्री रतन चौहान के अनुसार देहरादून महानगर के सभी 13 मंडलों में रविवार को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम मन की बात के बाद हर घर तिरंगा अभियान के लिए बैठक हुई। इन बैठकों में प्रदेश संगठन मंत्री अजेय कुमार, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत, विधायक विनोद चमोली, खजान दास ,तिरंगा अभियान के प्रदेश सह संयोजक वीरेंद्र बिष्ट आदि ने विभिन्न मंडलों में भाजपा कार्यकर्ताओं को हर घर तिरंगा अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

मन की बात कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता महेश्वर बहुगुणा,पार्षद राजपाल पयाल, आलोक कुमार, महिपाल धीमान, महानगर किसान मोर्चा के महामंत्री सुभाष बालियान, वाणी विलास तिवारी,रविंद्र राज अरोड़ा, शशि जोशी, नवीन नौटियाल, अजय शर्मा, मनोज धीमान, श्रीमती इंदु पुंडीर, श्रीमती अनीता, पारुल निषाद, गीता शर्मा ,नीशू शर्मा सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सीएम से की केवी की छात्राओं ने मुलाकात

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को मुख्यमंत्री आवास में केन्द्रीय विद्यालय की छात्राओं ने भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात व परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम से प्रभावित होकर उन्होंने लगन एवं मेहनत से 12वीं की परीक्षा में अच्छे अंको में सफलता प्राप्त की है। मुख्यमंत्री ने सभी को शुभकामनाये दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सौम्या सूद सहित अन्य छात्रायें उपस्थित थी।

दून के कार्बन फुटप्रिंट को कम किया जाए: अनूप

■ एसडीसी फाउंडेशन के सस्टेनेबल डेवलपमेंट डायलाग 'विजन फॉर दून' मे देहरादून विजन पर की आशीष गर्ग ने वर्चुअल बातचीत

■ दून का कार्बन फुटप्रिंट कम करने के साथ ही हेल्थ, स्पोर्ट्स और थियेटर पर भी ध्यान देने की जरूरत

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। देहरादून की हरियाली बनाये रखने और उत्तराखंड में पर्यावरण संरक्षण के लिए कानूनी और जमीनी लड़ाइयां लड़ रहे आशीष गर्ग का मानना है कि देहरादून शहर को क्लाइमेट एक्शन को अपनी पहली और सबसे बड़ी प्राथमिकता बनाना चाहिए। देहरादून के वातावरण को बेहतर बनाने के लिए यहां कार्बन फुट प्रिंट में कमी लाना बहुत जरूरी है । इसके लिए वे शहर का तापमान कम करने , पेडों को बचाने व लगाने, वर्षा जल संरक्षण के साथ ही हेपीनेस इंडेक्स बढ़ाने के लिए काम करने की जरूरत बताते हैं।

एसडीसी फाउंडेशन के अध्यक्ष अनूप नौटियाल के साथ एसडीसी सस्टेनेबल डेवलपमेंट डायलाग सीरीज के तहत एक वर्चुअल बात.चीत में आशीष गर्ग 'विजन ऑफ देहरादून' विषय पर अपनी बात रख रहे थे। उनसे पूछा गया था कि देहराद.ून का विजन क्या होना चाहिए। आशीष गर्ग ने कहा कि देहरादून पहाड़ियों, नदियों, नहरों और साफ-सुथरे पानी वाले नालों का शहर था। यह शहर एजुकेशन हब, डिफेंस और इंजीनियर एजुकेशन के लिए भी जाना जाता है। लेकिन हाल के वर्षों में शहर में जनसंख्या विस्फोट की स्थिति पैदा हुई है और इसी हिसाब से यहां की हरियाली खत्म होने के साथ शहर कंक्रीट का जंगल बन चुका है।

आशीष गर्ग के अनुसार भविष्य के सुन्दर दून के निर्माण के लिए जरूरी है कि शहर के कार्बन फुटप्रिंट को कम किया जाए। इसके लिए सबसे पहले हमें शहर के तापमान के उच्च स्तर को 32-33 डिग्री तक लाना होगा, जो फिलहाल 40 डिग्री से ज्यादा है। इसके लिए वनों और पेडों को बचाने व लगाने के साथ ही वर्षा जल का संग्रहण करना होगा।हैप्पीनेस इंडेक्स बढ़ाने की दिशा में काम करना होगा। हर वार्ड में डिस्पेंसरी और खेल का मैदान बनाने के साथ ही थियेटर गतिविधियां बढ़ाने की दिशा में काम करना होगा। अनूप नौटियाल ने उन्हें पूछा कि वे लगातार पेड़ काटने का विरोध कर रहे हैं, क्या यह विकास को अवरुद्ध करना नहीं है। इस सवाल के जवाब में उन्होंने सवाल किया कि क्या मौजूदा पर्यटन व्यवस्था उचित है, जहां वाहनों की रेलमपेल है, जाम है और पार्किंग की भी व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि पर्यटन के मौजूदा स्वरूप में हम तीर्थस्थलों और पर्यटन स्थलों पर इतनी भीड़ बढ़ा रहे हैं, जितनी क्षमता इन स्थलों की नहीं है। वे इन जगहों पर वाहनों की भीड़ बढ़ाने के बजाय पब्लिक ट्रांसपोर्ट और रोपवे जैसी व्यवस्थाओं को बढ़ावा देने की बात करते हैं। इस बातचीत में अनूप नौटियाल ने पिछले 10 वर्षों के दौरान राज्य में मतदाताओं की संख्या में हुई बढ़ोत्तरी की अपने फाउंडेशन की एक रिपोर्ट का हवाला दिया। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2012 से लेकर वर्ष 2022 तक राज्य में मतदाताओं की संख्या में 30 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई। यह इस वर्ष विधानसभा चुनाव वाले पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, पंजाब, गोवा और मणिपुर के तुलना में सबसे ज्यादा था। इस दौरान राज्य के तीन मैदानी जिलों में 40 प्रतिशत मतदाता बढ़े और देहरादून के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में यह बढ़ोत्तरी सबसे ज्यादा 72 प्रतिशत रही। उन्होंने इस चिन्ता को लेकर भी आशीष गर्ग से सवाल किया। गर्ग ने एक सवाल के जवाब में कहा कि न्यू दून के अवधारणा को उचित बताया, लेकिन कहा कि यह किसी हरी-भरी जमीन में न बसाकर फॉल्ट जोन से दूर किसी कम हरियाली वाले स्थान पर बसाया जाना चाहिए । उन्होंने स्मार्ट सिटी की परिकल्पना को सराहा, लेकिन इसके काम करने के तरीकों पर सुधार लाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

सीएम ने जानी भाजपा नेता गांववासी की कुशलक्षेम

देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को दून मेडिकल अस्पताल जाकर अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह रावत ''गांववासी'' की कुशल क्षेम जानी। मुख्यमंत्री ने उनके शीघ्र स्वस्थ लाभ की कामना की तथा मुख्यमंत्री ने गांववासी के उपचार के सम्बन्ध में चिकित्सकों से भी जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी एवं पूर्व दायित्वधारी सुशीला बलूनी के डोभालवाला स्थित आवास पर जाकर उनके स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बलूनी के स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

नैनीताल बैंक में यूथ रेडक्रॉस ने लगाया रक्तदान शिविर

■ अनिल वर्मा 'रक्तदान परम सेवा अवार्ड' से सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। यूथ रेडक्रास कमेटी की ओर से नैनीताल बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय इंदिरा नगर में 'नैनीताल बैंक शताब्दी समारोह' के उपलक्ष में आयोजित रक्तदान शिविर में महन्त इंद्रेश हॉस्पिटल ब्लड बैंक के सहयोग से कुल 31 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

इस अवसर पर रिकॉर्ड 140 बार रक्तदान कर चुके यूथ रेडक्रास के चेयरमैन अनिल वर्मा को रक्तदान के क्षेत्र में अतुलनीय सेवाओं के लिए नैनीताल बैंक के एमडी व सीईओ निखिल मोहन ने नैनीताल बैंक जन्म शताब्दी 'रक्तदान परम सेवा अवॉर्ड' प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया। रक्तदान शिविर का

उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्य रेडक्रास सोसायटी के महासचिव डॉ. एमएस अंसारी व यूथ रेडक्रास के चेयरमैन अनिल वर्मा ओर डॉ. प्रीति मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलन करके व नैनीताल बैंक के रीजनल हैंड अजय सेठ की ओर से स्वयं रक्तदान करके किया गया। रक्तदाताओं को सम्बोधित करते हुए डॉ. एम एस अंसारी ने नैनीताल बैंक के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को शताब्दी वर्ष की बधाई दी। उन्होंने कहा कि रक्तदान नि:स्वार्थ समाज सेवा का सरलतम व सर्वोत्तम माध्यम है। रक्तदान करके हम अपने शरीर का थोड़ा सा रक्त और अपने समय में से थोड़ा सा वक्त देकर एक व्यक्ति का जीवन ही नहीं बचाते, बल्कि उसके परिवार के आंसू पोंछकर उनकी खुशियां लौटाते हैं। रक्तदान शिविर में दीपक छाबड़ा, रूचि सिंह, तिलक, अक्षय, सुहेल खान, नितिन सूद, सुंद.रम, जया, आयुष मेहता, मोहित जायसवाल,नूतन चमोली, जोहेब, संजय थापा, शुभम कंसल, आरसी चमोली, प्रखर व लाल सिंह आदि ने विशेष सहयोग दिया।

लाखों की चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लाखों के जेवरात व एलईडी की बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के ग्राम बहादरपुर जट स्थित एक्कड़ रेलवे स्टेशन के सामने बंद मकान से चोरी के मामले में पुलिस ने ज्वालापुर निवासी दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों युवक नशे के लत के चलते चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देते है पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि 27 जून को एक्कड़ रेलवे स्टेशन के सामने बहादरपुर जट में आरोपियों ने एक बन्द मकान को निशाना बनाया था। आरोपियों ने मकान की खिड़की को तोड़कर अंदर प्रवेश किया और घर में रखे सामान पर हाथ साफ कर दिया था। मकान मालिक के आने पर चोरी का पता चल पाया। मकान मालिक मनोज कुमार पुत्र महावीर निवासी बहादरपुर जट ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात में चोरी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मामले में एक टीम का गठन किया। टीम ने सीसीटीवी कैमरों व मुखबिर तंत्र की मदद से दो लोगों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पुलिस को आरोपियों ने अपना नाम बिलाल 22 वर्ष पुत्र याकूब निवासी बड़ी सड़क महोल्ला पांवधोई ज्वालापुर, अरशद 45 वर्ष पुत्र शमशेर अली, पुरानी सब्जी मंडी मोहल्ला चौहानान ज्वालापुर बताया और दोनों ने चोरी करना कुबूल कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी हुआ माल बरामद कर लिया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एसओ पथरी रविंद्र कुमार ने बताया आरोपी नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी की घटना को अंजाम देते थे। आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में एसओ पथरी रविन्द्र कुमार, एसआई सुधांशु कौशिक, उपनिरीक्षक रुकम सिंह नेगी, कांस्टेबल सुखविंदर, संदीप राणा, सुशील कुमार, राकेश नेगी, दीपक आदि शामिल रहे।

जनसमस्या समाधान को तत्पर रहें सरकारी कर्मचारी : सतपाल महाराज

ग्राम्य विकास लेखा संघ उत्तराखण्ड का षष्ठम द्विवार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। ग्राम्य विकास लेखा संघ उत्तराखण्ड का षष्ठम द्विवार्षिक अधिवेशन पूल्ड आवासीय परिसर रोशनाबाद हरिद्वार के सामुदायिक केन्द्र में सम्पन्न हुआ। प्रान्तीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, सेवानिवृत्त हो रहे ग्राम्य विकास लेखा संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष के. सी. शर्मा, संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के प्रान्तीय अध्यक्ष अरूण कुमार पाण्डेय, प्रान्तीय महामंत्री शक्ति प्रसाद भट्ट, उत्तर प्रदेश के कृषि संघ के अध्यक्ष अरूण राय एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती विनिता (आईएसएस) उपस्थित रही। संगठन के प्रान्तीय पदाधिकारियों एवं जनपदों से उपस्थित अध्यक्ष, महामंत्री एवं सभी सदस्यों का प्रान्तीय अध्यक्ष के.सी. शर्मा ने स्वागत किया।

इस अवसर पर संगठन के प्रथम सत्र का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने किया। सतपाल महाराज ने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण में सरकारी कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। सरकार की विकास व कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम ग्राम्य विकास विभाग कर रहा है। प्रदेश सरकार व सरकारी कर्मचारी मिलकर आगामी दशक में उत्तराखण्ड को देश का सर्वाधिक विकसित राज्य बनाने का काम करेंगे। प्रथम सत्र का संचालन प्रदीप जोशी एवं विरेन्द्र बिष्ट द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रथम सत्र में संगठन के प्रान्तीय महामंत्री बृजमोहन आर्य ने सभी आमंत्रित सदस्यों का अभिनन्दन किया। द्वितीय सत्र में चुनाव अधिकारियों द्वारा चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न की गयी। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष के पद पर बृजमोहन आर्य, प्रदेश महामंत्री के पद मनोज कुमार त्यागी, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद विरेन्द्र सिंह, प्रदेश संयुक्त मंत्री के पद पर संजय असवाल तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष के पद पर मौ0 शाकिर निर्विरोध निर्वाचित हुए। अन्त में के.सी. शर्मा का विदाई समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान के.सी. शर्मा ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाते हुए आश्वासन दिया कि भविष्य में उनके द्वारा संघ को हर संभव सहयोग दिया जायेगा।

गाली गलौच, मारपीट में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

बहादराबाद। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अतमलपुर बोगला निवासी निटू पुत्र पाला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह किसी मरीज को देखने सोना विहार कॉलोनी में गया था, जहां उसके साथ तीन सगे भाइयों ने मारपीट कर दी। डाक्टर की शिकायत पर पुलिस ने नामजद तीनों भाइयों के खिलाफ गाली-गलौज मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जानकारी में जुटी हुई है। नीटू पाल पुत्र पालाराम, निवासी बोंगला ने कहा कि वह 24 जुलाई को सोना विहार कॉलोनी में एक मरीज के बुलावे पर उसकी मां का इलाज करने गए थे। इस दौरान वहां पर मौजूद तीन भाइयों ने उनके साथ बेवजह गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी और जेब से उनका फोन निकालकर तोड़ दिया। थानाध्यक्ष नितेश शर्मा ने बताया कि जनेश्वर, जोगिंदर और नरेश पुत्रगण राम सिंह, निवासी बोंगला के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सात को मनाया जाएगा मुल्तान जोत महोत्सव

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। मुल्तान जोत यात्रा का आयोजन 7 अगस्त को किया जाएगा। जिसमें देश भर से लाखों श्रद्धालु सम्मिलित होंगे। रविवार को प्रैस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए अखिल भारतीय मुलतान युवा संगठन के अध्यक्ष पूर्व विधायक महेंद्र नागपाल ने बताया कि 112वें जोत महोत्सव को पूरी धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। हरिद्वार नगरी को तोरण द्वारों से सजाया जाएगा। जगह-जगह हवन और सुंदर कांड का पाठ व भोग प्रसाद वितरित किया जाएगा। देश भर से आने वाली श्रद्धालु मां गंगा का दुग्धाभिषेक करने के साथ विशेष ज्योति गंगा में समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि दो वर्ष बाद आयोजित किए जा रहे जोत महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में बेहद उत्साह है। कांवड़ मेले के बाद मुल्तान जोत महोत्सव दूसरा बड़ा धार्मिक आयोजन है। जिसमें लाखों लोग सम्मिलित होते हैं। उन्होंने बताया कि महोत्सव में सम्मिलित होने वाले श्रद्धालुओं को गंगा स्वच्छता के प्रति जागरूक व प्रेरित भी किया जाएगा। प्रैसवार्ता में नागपाल अरोड़ा, दीपक गांधी, सुमित नागपाल, सुरेंद्र आहूजा, जेआर अरोड़ा, नरेंद्र चावला, रमेश बजाज आदि मौजूद रहे।

सेवानिवृत्ति पर सफाई कर्मचारी सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। सफाई मजदूर दिवस के अवसर पर कांग्रेस नेता अंकित चौहान के संयोजन में ज्वालापुर स्थित रामलीला भवन में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम से सेवानिवृत्त हुए सफाई कर्मचारी रामशरण को उनकी उल्लेखनीय सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुरली मनोहर, भेल श्रमिक नेता राजबीर सिंह चौहान, पार्षद इसरार अहमद, हाजी इरफान अंसारी, तासीन अंसारी, श्रीमोहन अधिकारी, अज्जू खान आदि ने फूलमालाएं पहनाकर व उपहार भेंटकर सफाई कर्मचारी रामशरण का स्वागत किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व श्रमिक नेता राजबीर सिंह चौहान ने कहा कि सफाई कर्मचारी रामशरण अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने में भरपूर सहयोग करते थे। रामशरण की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अंकित चौहान ने उन्हें सम्मानित किया। मुरली मनोहर ने कहा कि विकट परिस्थितियों में भी नगर निगम कर्मचारी हमेशा ही सफाई व्यवस्था एवं अन्य कार्यों में अपना योगदान देता चला आ रहा है। राज्य सरकार को कर्मचारियों की समस्याओं का संज्ञान लेना चाहिए। अंकित चौहान ने कहा कि नगर निगम में 37वर्षों की सेवा के दौरान पिछले वर्षो से मौहल्ला चाकलान में तैनात रहे रामशरण ने सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में योगदान करने के साथ अपने कुशल व्यवहार से सभी का सम्मान व प्यार प्राप्त किया। कोरोना काल में भी उन्होंने पूरी निडरता से अपने कर्तव्य का पालन किया। अंकित चौहान ने कहा कि सेवानिवृत्ति पर विभागीय अधिकारी व कर्मचारी अपने सहकर्मी का सम्मान करते ही हैं। लेकिन रामशरण का अपनी ड्यूटी के प्रति समर्पण व उनकी ईमानदार कार्यशैली के चलते क्षेत्र के लोगों ने उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि सभी को सफाई कर्मचारियों का सम्मान करना चाहिए। नगर निगम कर्मियों अजय, लक्ष्मीचंद, अशोक, सुनील राजौर, विकास, प्रमोद, कुसुमपाल ने कहा कि सफाई कर्मचारी रामशरण को सम्मानित कर अंकित चौहान के संयोजन में एक सकारात्मक पहल की गयी है। पूरे समाज में इसका अच्छा संदेश जाएगा। सम्मान से अभिभूत रामशरण ने सबका आभार जताया।

कालोनीवासियों ने की अतिक्रमण हटाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। श्यामाचरण एनक्लेव कॉलोनी वासियों ने बैठक कर कालोनी की सड़कों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी डा. विनोद चौहान, ओमप्रकाश शर्मा, मुरारीलाल भादवा, संतोष कुमार, हरीशचंद शर्मा, अतुल त्यागी, अतुल कुमार, अखिलेश कुमार, राकेश धीमान, विजय सोनी, जयप्रकाश, रविंद्र कुमार आदि ने कहा कि सड़क पर लगने वाली ठेलियों की वजह से लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर शनिवार को लगने वाली पीठ की वजह से आवागमन बेहद प्रभावित होता है। स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि इमरजेंसी में फायर और एंबुलेंस सर्विस भी कालोनी में नहीं पहुंच सकती। जिससे आमजन को भारी समस्या से जूझना पड़ता है। इस संबंध में कई बार प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन को अवगत भी कराया गया। लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। नगर निगम प्रशासन और पुलिस एक दूसरे की जिम्मेदारी बताकर अपना पल्ला झाड़ लेते है। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि पुलिस प्रशासन और नगर निगम प्रशासन इस संबंध में जल्द कार्यवाही नहीं करता है तो कालोनीवासी सड़कों पर उतरकर धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।

राजकमल कॉलेज में आचार्य बालकृष्ण के जन्मोत्सव पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

बहादराबाद। पतंजलि योगपीठ के महामंत्री और पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण के 50वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में राजकमल साइंस एंड मैनेजमेंट कॉलेज बहादराबाद, हरिद्वार में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजकमल कॉलेज के प्राचार्य डॉ राघवेंद्र चौहान व पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. अनिल यादव द्वारा महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया गया।

प्राचार्य डा. राघवेंद्र चौहान कहा कि आचार्य बालकृष्ण के जन्मोत्सव को जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया जाता है तथा उनका संपूर्ण जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि आचार्य बालकृष्ण ने योग और आयुर्वेद को पूरे विश्व स्तर पर स्वस्थ जीवन जीने की शैली के रूप में फैलाया है। हमारे निमित्त से यदि जड़ी-बूटियों का संरक्षण हो रहा है तो यह हमारे लिए गौरव की बात है। पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. अनिल यादव ने कहा कि पतंजलि को योग और आयुर्वेद की सबसे बड़ी संस्था बनाने में आचार्य बालकृष्ण का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि आचार्य बालकृष्ण ने आयुर्वेद की पुस्तकों के लेखन, प्रकाशन, पांडुलिपियों के संरक्षण, आयुर्वेदिक औषधियों की खोज, अनुसंधान, आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार व आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर स्वीकृति दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय के विभाग प्रमुख प्रो डॉ. प्रत्युष कुमार सिंह ने कहा कि आचार्य बालकृष्ण का तेजस्वी जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायक है। उनका जन्म दिवस पूर्ण पुरुषार्थ व परमार्थ का प्रतीक है। इस साल उनके जन्मोत्सव सप्ताह पर दस हजार वृक्ष लगाने का लक्ष्य है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मनीष चौहान प्रबंधक, अशोका इंटरनेशनल अकादमी, प्रो. डॉ अनिल वर्मा, डॉ. राजीव सिंह, यादवेंद्र शरण, आईआईटी रुड़की, अजय कुमार, विनीत कुमार, आस्था यादव, गुंजन चौहान आदि उपस्थित रहे।

शिव में समाहित है भारतीय संस्कृति का दर्शन : बलबीर गिरि

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। बाघम्बरी पीठाधीश्वर महंत बलवीर गिरी महाराज ने कहा है कि भगवान शिव में भारतीय संस्कृति का दर्शन समाहित है। शिव कोई व्यक्ति नहीं हैं। चेतना की जो अवस्थाएं (जागृत, निंद्रा व स्वप्न) होती है, उससे से ऊपर चेतना की अवस्था समाधि है। जब हम हर व्यक्ति व जीव के अंदर ईश्वर देखने लगते हैं तो समाधि की उस परम अवस्था को शिवत्व कहते हैं। शिवलिंग की पूजा आकार से निराकार पहुंचने का माध्यम है। श्रावण मास में विशेष शिव आराधना के दौरान श्रद्धालु भक्तों को शिव महिमा का सार समझाते हुए महंत बलवीर गिरी महाराज ने कहा कि शिव पूजन नहीं, दर्शन का विषय हैं। इसी कारण वो सबसे अलग रहते हैं। उन्हें वैद्यनाथ यानी चिकित्सा के गुरु, नटराज यानी नृत्य के गुरु, आदियोगी यानी योग के गुरु कहा जाता है। प्रभु श्रीराम के भी गुरु हैं शिव। रामेश्वरम् में स्वयं श्रीराम ने शिवलिंग स्थापित करके पूजन किया था। शिव ओंकार भी हैं और संहारक भी। जिन भूत, प्रेत व पिशाचों को कोई अपने साथ नहीं रखना चाहता, जिन्हें सब उपेक्षा की नजर से देखते हैं। उन्हें शिव अपना गण बनाकर सस्मान अपने साथ रखते हैं। वे अर्द्धनारीश्वर भी हैं। भारतीय संस्कृति हमें नारी सम्मान, किसी को उपेक्षित न करने की सीख देती है। भगवान शिव के जरिए उसका साक्षात दर्शन होता है। भोलेनाथ हैं शिव। साथ ही समुद्र मंथन से निकले विष को धारण करते हैं, लेकिन विपरीत परिस्थिति में तांडव भी करते हैं। हर व्यक्ति को स्वयं के अंदर शिवत्व धारण करना चाहिए।

लाजपतराय मेहरा न्यूरोथेरेपी 'रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट का राष्ट्रीय अधिवेशन हरिद्वार में

21 अगस्त से शुरू होने वाले तीन दिवसीय अधिवेशन में देश भर के 200 न्यूरोथैरेपिस्ट लेंगे भाग

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। तीर्थ नगरी हरिद्वार में लाजपतराय मेहरा न्यूरोथेरेपी 'रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट का राष्ट्रीय अधिवेशन हरिद्वार में होने जा रहा है। जिसमें देशभर के करीब 200 से ज्यादा न्यूरोथैरेपिस्ट भाग लेंगे। उत्तराखंड आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय के उपकुलपति सुनील जोशी न्यूरोथैरेपिस्ट का मार्गदर्शन करेंगे। लाजपतराय मेहरा न्यूरोथेरेपी 'रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट की बैठक जम्मू यात्री भवन, भूपतवाला में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए कोषाध्यक्ष सुमित महाजन राष्ट्रीय महामंत्री राम गोपाल परिहार ने बताया कि हर साल की तरह इस साल 21अगस्त से 23 अगस्त तक लाजपतराय मेहरा न्यूरोथैरेपिस्ट रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट का राष्ट्रीय अधिवेशन हरिद्वार में होगा। देशभर से 200 से अधिक न्यूरोथेरेपिस्ट अधिवेशन भाग लेंगे। डॉक्टर सुनील जोशी वाइस चांसलर आयुर्वेदिक यूनिवर्सिटी देहरादून और डॉक्टर अवधेश पांडे रिसर्चर कंप्लीमेंट्री साइंसेज डॉक्टर के. बाबू चाइल्ड स्पेशलिस्ट चंडीगढ़ के द्वारा आए हुए डेलिगेट्स का मार्गदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यूरोथैरेपी भारतीय प्राचीन वैदिक पद्धति है। जिसमें बिना दवा के हर एक बीमारी का सफल इलाज किया जाता है। जिसके जन्मदाता डॉक्टर लाजपतराय मेहरा थे। जिन्होंने न्यूरोथेरेपी का आविष्कार किया। न्यूरोथेरेपी के पूरे देश भर में 15 सौ से अधिक उपचार के केंद्र चल रहे हैं। 12वीं पास बेरोजगार बच्चों को प्रैक्टिकल न्यूरोथेरेपी की ट्रेनिंग देकर अपने पांव पर खड़ा किया जाता है। रविवार को मीटिंग में उत्तराखंड प्रदेश के न्यूरोथेरेपिस्ट ने भाग लिया। देव आहूजा, इशांत, बलराम शाह, नौशीन, मोहिनी मदान, आरती, संगीता विशेष रुप से कार्यक्रम की तैयारी के लिए उपस्थित रहे।

युवक की बरामदगी को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने की एसओ से मुलाकात

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। कनखल थाना क्षेत्र से लापता हुए 35 वर्षीय व्यक्ति की बरामदगी को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने परिजनों के साथ थाना प्रभारी से मुलाकात की। इस दौरान परिजनों के साथ आए लोगों ने हंगामा किया और नारेबाजी भी की। थाना प्रभारी ने जल्द बरामदगी का आवश्वासन देकर परिजनों और बजरंग दल कार्यकर्ताओं को वापस भेजा। परिजनों का आरोप था कि पुलिस लापता को तलाशने में दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। कुछ दिनों पहले एक मोहल्ले से 35 वर्षीय व्यक्ति घ्लापता हो गया। रविवार को बजरंग दल के कार्यकर्ता परिजनों के साथ कनखल थाने पर पहुंचे और यहां पर युवक की बरामदगी को लेकर थाना परिसर में जमीन पर बैठ गए। आरोप लगाया कि पुलिस उनकी मदद नहीं कर रही है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। थाना प्रभारी मुकेश चौहान ने परिजनों को बताया कि लापता युवक के मोबाइल की लोकेशन निकाली जा रही है। उन्होंने जल्द युवक को तलाश करने का आश्वासन दिया।

सतपाल महाराज ने ध्रुव हॉस्पिटल में किया आयुष्मान योजना का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने रविवार को नजीबाबाद रोड स्थित श्री ध्रुव चौरिटेबल हास्पिटल, सजनपुर पीली, थाना श्यामपुर में आयुष्मान योजना के शुभारंभ करते हुए कहा कि विकास की दृष्टि से अति पिछड़े लालढांग के ग्रामीणों के लिए ध्रुव चौरिटेबल हॉस्पिटल में आयुष्मान योजना शुरू होने से इलाज के लिए भटक रहे ग्रामीणों को नीश्चित तौर राहत मिलेगी। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना आयुष्मान योजना का लाभ सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को मिल रहा है। अब लालढांग में रहने वाल ग्रामीण आयुष्मान योजना का लाभ उठा सकेंगे। बेहतर इलाज के लिए ग्रामीणों को दर-दर भटकना नहीं पड़ेगा। ध्रुव्र हास्पिटल में ही आयुष्मान योजना जारी सभी सुविधाएं मरीजों को निशुल्क प्राप्त होगी। भारत सरकार के स्वस्थ भारत समृद्ध, भारत मिशन में के अंतर्गत आयुष्मान योजना क्षेत्रवासियों के मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा हास्पिटल के संस्थापक बाबा बालकदास बधाई के पात्र हैं कि उन्होंने स्वयं के खर्चे पर हास्पिटल का संचालन कर ग्रामीणों को राहत देने का कार्य किया है। अब सरकारी सुविधाओं का लाभ मिलने से ग्रामीणों को लाभ होगा। इसके पूर्व हास्पिटल पहूंचने पर बाबा बालकदास कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने को शाल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं हास्पिटल आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए खस्ताहाल सड़क का निर्माण कराने की मांग की। सतपाल महाराज ने भी शीघ्र सड़क निर्माण कराने का आश्वासन दिया।ध्स मौके पर बाबा बालकदास ने कहा कि सड़क निर्माण को लेकर बताया कि बीजेपी के पूर्व विधायक एवं कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद और वर्तमान कांग्रेस विधायक अनुपमा रावत स से गुहार लगाई। लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला है। बारिश में हाल ज्यादा खराब है। बाबा बालक दास ने कहा कि उनके हॉस्पिटल में मरीजों को समस्त चिकित्सीय सुविधाएं आसमान कार्ड पर उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा वर्तमान में 50 बेड का हॉस्पिटल संचालित किया जा रहा है भविष्य में से 300 बैड की सुविधा उपलब्ध होगी। इस मौके पर राजेंद्र सिंह भंडारी, श्रीमहंत कुंजापुरी मंदिर, जानकी नौटियाल, अजय चौधरी, बाबा प्रेमदास, बाबा कमल किशोर दास, बाबा केशवदास, बाबा गंगादास ट्रस्टी सुनील अग्रवाल, डा उमेश, डॉ अनुराग, डॉक्टर रमणीक मंगल, रामनिवास, बंसल डॉक्टर राकेश , सतीश, कृष्ण राम, प्रसाद फूल सिंह, ओम प्रकाश अमीरचंद, अनिल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

धोखाधड़ी के मामले में सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। सिडकुल की एक कंपनी में लाखों की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कंपनी के प्रतिनिधि गोपाल बिष्ट ने शिकायत कर बताया कि कोरियर कंपनी को जो कोरियर किया गया था, उसमें वह सामान नहीं निकला जो उन्होंने भेजा था। एयूएसएल फार्मा ने 14 जुलाई को कोरियर के माध्यम से बिल ले लिया था। जिसे खोलने पर पता चला कि माल सिंगल पैक में था। आरोप है कि उसकी फर्म को षडयंत्र के तहत धोखा दिया गया। जिसकी सूचना इंडिया ग्लाइकोल्स के अधिकारी दिवाकर को फोन पर दी। आरोप लगाया कि कोरियर कंपनी के कर्मचारियो और प्रभ एसोसिएटस सेलाकुई ने मिलकर टूटी सील का फायदा उठाकर उच्च मूल्य के माल को बदल दिया। बिना किसी अधिकार के दो दिन सामान अपने पास रखा। हेराफेरी कर 12 लाख रुपये से अधिक रकम की फर्म को हानि पहुंचाई है। फर्म की साख धूमिल की गई और फर्म के साथ धोखाधड़ी की है।थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार उनियाल ने बताया कि शिकायत के आधार पर योगेंद्र डबास कंपनी निदेशक, प्रभात कुमार आनन्द निदेशक ट्रैकोन कोरियर, दिनेश कुमार रोतेला निदेशक ट्रैकोन कोरियर, प्रमोद कुमार नौरंगी प्रसाद सिंह निदेशक ट्रैकोन कोरियर, निवासीगण नई दिल्ली, आरएस नेगी ट्रैकोन कोरियर कनखल ज्वालापुर रोड रामनगर, विनय नेगी ट्रैकोल कोरियर फ्रेन्चाइजी मैनेजर ट्रैकोन न्यू शापिंग काम्पलेक्स अपोजिट एसबीआई शिवालिक नगर भेल रानीपुर, संदीप गर्ग नियर ओल्ड पोस्ट ऑफिस सेलाकुई देहरादून व प्रभ एसोसिएटस ट्रैकोन कोरियर फ्रेंचाइजी ट्रैकोन कोरियर नियर ओल्ड पोस्ट ओफिस सेलाकुई देहरादून के मालिक एवं कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

दुकान के बाहर खड़ी बाइक पर चोरों ने किया हाथ साफ

शाह टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में दुकान के बाहर खड़ी गाड़ी पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने गाड़ी मालिक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि दीपक मेहता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया बीते शुक्रवार को उसकी गाड़ी यूके08-एएल3815 अनमोल एंट्रप्राइज मोहल्ला तेलियान के बत्रा एजेंसी सामने खड़ी थी। जिसको अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात चारों के खिलाफ बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

दैनिक शाह टाइम्स
कार्यालय : कमरा न. 103, भगवती कॉपम्लेक्स, प्रेम नगर आश्रम के सामने, रानीपुर मोड, ज्वालापुर, हरिद्वार। समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें 8077057637, ई-मेल : ahsanansariuk@gmail.com

एनडीएस व एनजीए के मेधावी सम्मानित

■ निर्मल आश्रम के महंत राम सिंह महाराज और संत जोध सिंह महाराज ने किया पुरस्कृत ■ छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर आशीर्वाद देकर की उज्जवल भविष्य की कामना

शाह टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। निर्मल आश्रम में सीबीएसई बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में एनडीएस और एनजीए स्कूल में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। आश्रम के महंत राम सिंह महाराज और संत जोध सिंह महाराज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मेधावी छात्र-छात्राओं को सिरोपा और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

रविवार को आश्रम में आयोजित समारोह में निर्मल ज्ञान दान एकेडमी (एनजीए) और एनडीएस स्कूल की छात्रा इशिका गोस्वामी को 98.4 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। 96.8 फीसदी अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही सोनाली नेगी और श्रेया रावत को 96.6 अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। महंत राम सिंह महाराज और संत जोध सिंह महाराज ने निर्मल ज्ञान दान एकेडमी (एनजीए) की छात्रा सुहाना मल को 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान मिलने पर सम्मानित किया। द्वितीय व तृतीय रहे नीरज पंवार को 90.4 और अनिभव धीमान को 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया। इस दौरान आशीष चौहान को विज्ञान वर्ग में 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

सम्मान के दौरान महंत राम सिंह महाराज और संत जोध सिंह महाराज ने सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। एनजीए के पूर्व छात्र राजेश चंद्र को राज्यपाल की ओर से योगा एजुकेटर अवार्ड मिलने पर सम्मानित किया गया। मौके पर सरदार बिक्रमजीत सिंह, सरदार करमजीत सिंह, एनडीएस की प्रधानाचार्य ललिता कृष्णास्वामी, एनजीए की प्रधानाचार्य डा. सुनीता शर्मा, प्रधानाध्यापिका अमृतपाल डंग, अशोक जोशी, सरदार चरणजीत सिंह, सरदार हरमनप्रीत सिंह, दिनेश शर्मा, देवेंदर सिंह, हरप्रीत सिंह, विनोद बिजल्वाण, सोहन सिंह, अनिल किंगर, सीबी जैन मौजूद थे।

झड़ीपानी कोल्हुखेत खस्ता हाल सड़क का प्रशासन ने किया मौका मुआयना

मसूरी। दुर्घटना का कारण बनी मसूरी से देहरादून जाने का संपर्क झड़ीपानी कोल्हुखेत मार्ग का निरीक्षण करने मसूरी एसडीएम कार्यालय से नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचें। उन्होंने पैदल चलकर क्षतिग्रस्त रोड़ का मौका मुआयना किया और माना कि वास्तव में रोड़ की दशा बहुत खराब है जिसके कारण कभी भी यह रोड़ दुर्घटना का सबब बन सकती है। नायब तहसीलदार भौपाल सिंह चौहान ने मौके पर जाकर देखा कि रोड़ पर खम्बे तो टांग दिए गए हैं, मगर उनपर बल्ब नहीं है, जिससे मोहल्ले की इस रोड़ पर पथप्रकाश न होने से रात में न सिर्फ लोगों के चोटिल होने का कारण बनता है वहीं इस जंगल बहुल मार्ग पर बाघ भालू जैसे खूंखार जानवर भी घूमते रहते हैं। पथप्रकाश न होना लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ है। मालूम हो कि कि राज्य आंदोलनकारी प्रदीप भण्डारी ने झड़ीपानी कोल्हुखेत रोड़ मरम्मत की मांग को लेकर 1 अगस्त धरने पर बैठने की घोषणा की हुई है।

स्वास्थ्य जांच को लगाए जाएंगे तीन शिविर: अग्रवाल

■ वीरभद्र मार्ग पर रोटरी क्लब ने आयोजित किया शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। रोटरी क्लब ऋषिकेश की ओर से समाजसेवा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के 150 लोगों ने दांतों और खून की जांच कराई। क्लब सदस्यों ने शिविर के आयोजन के साथ ही जनहित के कार्यों को लगातार जारी रखने की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

शिवालिक डेंटल एवं ऐमपैथ के सहयोग से वीरभद्र मार्ग पर आयोजित शिविर का शुभारंभ रोटरी क्लब के डीजीई अरूण मोगिया ने किया। कहा कि खून की जांच कराने में असमर्थ लोगों को शिविर से लाभ मिलेगा। उन्होंने क्लब की ऋषिकेश इकाई के समाजसेवा कार्यों की सराहना भी की। अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने बताया कि संस्था अगस्त में तीन कैंप चलो गांव संदेश के साथ आयोजित करेगी, जिसमें खून के साथ आंखों और स्कीन की मुफ्त जांच की सुविधा होगी। सचिव विशाल तायल ने कहा कि स्वास्थ्य शिविरों का सिलसिला जारी रहेगा। तायल ने एक बार फिर जनहित के कार्यों की प्रतिबद्धता को दोहराया।

शिविर में डा. पारुल गर्ग और डा. राजेंद्र गर्ग के साथ डा. हरिओम प्रसाद को सम्मानित भी किया। मौके पर राजीव गर्ग, नितिन गुप्ता, डा. अरुण शर्मा, जितेंद्र बर्थवाल, डा. एके श्रीवास्तव, संजय अग्रवाल डा. राजे नेगी, गोपाल सिंह, गोविंद अग्रवाल, बलवंत सिंह डंग, सुशील गोयल, हिमांशु अग्रवाल आदि मौजूद थे।

एक नजर

धर्मावाला पुलिस ने एक नशा तस्कर दबोचा

सहसपुर। थाना सहसपुर क्षेत्रांतर्गत चौकी धर्मावाला पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने पर एक व्यक्ति को 162 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। अवैध मादक पदार्थ/शराब तस्करी की रोकथाम को थानाध्यक्ष सहसपुर द्वारा टीम गठित कर थाना क्षेत्र में रवाना किया गया। उक्त क्रम में गठित टीम द्वारा बीते रोज 30 तारीख को प्रतीक पुर धर्मावाला के पास थाना सहसपुर से एक व्यक्ति शाहरूख पुत्र शमशाद निवासी ढाकी थाना सहसपुर को 162 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में एसआई रजनीश कुमार चौकी प्रभारी धर्मावाला, सिपाही रामगोपाल सैनी शामिल थे।

ज्योति प्रसाद बने कर्णप्रयाग के ईओ

ऋषिकेश। नगर निगम ऋषिकेश में सहायक के पद पर तैनात ज्योति प्रसाद उनियाल को शहरी विकास विभाग में प्रमोशन करते हुए उन्हें चमोली जिले की कर्णप्रयाग नगरपालिका को प्रभारी अधिशासी अधिकारी (ईओ) नियुक्त किया गया है। प्रभारी सचिव विनोद कुमार सुमन ने इसके आदेश जारी किए हैं। उन्होंने सभी स्थानांतरित अधिकारियों की शीघ्र संबंधित स्थानों पर कार्यभार संभालने के निर्देश दिए हैं। निगम कर्मचारियों में ज्योति प्रसाद के जाने से नाखुश हैं, तो उनके प्रमोशन को लेकर हर्ष भी है।

हृदय रोग जांच शिविर में 105 का किया परीक्षण

मसूरी। ग्राम क्यारकुली नागमंदिर में रेडक्रास सोसायटी उत्तराखंड एवं नाग मंदिर समिति के तत्वाधान में मेडिट्रिना अस्पताल के सहयोग से नि:शुलक हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 105 ने हृदय रोग का परीक्षण करवाया व 37 लोगों की ईसीजी जांच की गई। नाग मंदिर परिसर में लगाये गये शिविर का उदघाटन स्वामी नित्यानंद गुरूजी ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हृदय रोग की जांच व ईसीजी जांच करवायी। जिसमें डा. हिमांशु राणा, डा. साहिन एन सुरेश, डा. नाहद सलाम ने रोगियों का परीक्षण किया वहीं तकनीकि टीम में राजपाल कठैत, चंपा वर्मा व दुपमाला शामिल रहे। इस मौके पर आचार्य नित्यानंद सेमवाल, राजेंश, गजे सिंह कोटाल, जितेंद्र रावत, होशियार सिंह, , सुमित्रा थापली, बाला रावत, ग्राम प्रधान कौशल्या रावत, राकेश रावत आदि मौजूद रहे।

नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने वाला गिरफ्तार

सहसपुर। थाना सहसपुर पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 तारीख 22 को थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी एक महिला द्वारा थाना सहसपुर पर रोहित कुमार पुत्र दीपचंद निवासी डालनवाला देहरादून के द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में तहरीर दी गई थी जिस पर तत्काल थाना सहसपुर पर मुकदमा दर्ज किया गया। जिसमें लड़की की बरामदगी को थाना अध्यक्ष सहसपुर द्वारा टीम गठित गई की गई जिस के क्रम में बीते रोज 30 तारीख को पुलिस टीम द्वारा अपहर्ता नाबालिक लड़की को आरोपी रोहित के कब्जे से थाना सहसपुर क्षेत्र से बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अपहर्ता नाबालिक लड़की ने पूछताछ में अपने साथ जबरदस्ती होना बताया है जिस के संबंध में जांच जारी और मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। पुलिस टीम में एसआई निखिलेश बिष्ट, सिपाही संदीप व महिला कांस्टेबल दीपा शामिल थी।

रेणू, बबीता, आभा, शालिनी, शीतल व रूचि बनी तीज क्वीन

मसूरी। एलएनएस क्लब मसूरी के तत्वाधान में तीज उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर एलएनएस क्लब मसूरी की अध्यक्ष अर्चना गोयल ने सभी को तीज उत्सव की बधाई दी व कहा कि सभी का सुहाग दीर्घायु को प्राप्त हो।मालरोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित एलएनएस तीज उत्सव में सदस्य महिलाओं सहित अतिथि महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया व सभी श्रृंगार कर कार्यक्रम में पहुंची। इस मौके पर महिलाओं ने तीज के गीतों पर जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष अर्चना गोयल ने तीज के महत्व पर प्रकाश डाला व बताया कि यह पर्व शिव पार्वती के मिलन का पर्व है। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई वहीं सबसे आकर्षण तीज क्वीन का रहा जिसमें तीन वर्ग रखे गये। जिसमें 45 से 60वर्ष आयुवर्ग में रेणु अग्रवाल व बबीता अग्रवाल तीज क्वीन बनी वहीं दूसरे 60 वर्ष से अधिक वर्ग में आभा अग्रवाल व शालिनी गर्ग तीज क्वीन बनी, वहीं अतिथि वर्ग में चारमिंग लेडी क्वीन शीतल गोयल व गोरगिस लेडी क्वीन रूचि गुप्ता बनी। इस मौके पर एलएनएस अध्यक्ष अर्चना गोयल, सचिव मनीषा गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमनजीत कौर, नीना कौर, कमल शर्मा, सहित बडी संख्या में क्लब सदस्यव अतिथि सदस्य मौजूद रहे।

पदोनति पर बीईओ कीर्तिनगर को दी विदाई

श्रीनगर। राजकीय माध्यमिक शिक्षक संघ कीर्तिनगर व कीर्तिनगर के समस्त प्रधानाचार्य गणों ने बीईओं डा. सुरेंद्र सिंह नेगी को उनकी पदोनत्ति होने पर विदाई दी गई। कीर्तिनगर ब्लाक सभागार में शिक्षकों व प्रधानाचार्यों ने उनके शिक्षा क्षेत्र में किये गए प्रमुख कार्यों की प्रशंसा की। कहा उनके कार्यकाल में सम्पूर्ण व्यवस्था में सुधार आया है। कहा कि विभाग के प्रति अपने दायित्व को निर्वहन करने वाले स्वच्छ छवि के अधिकारी रहे हैं। इस मौके पर डा. यशवन्त नेगी, रणजीत सिंह जाखी, कलम सिंह रावत, किशोर सजवाण, सतीश बलूनी, डा. विजय गैरोला, दिलबर रावत, बीर सिंह कोहली, एचएम रतूडी, कमलेश थपलियाल, जयकेश पैन्यूली, आरती रावत, रजनी पाण्डेय व सुनील कण्डारी आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। मंच का संचालन ब्लॉक मंत्री संदीप मैठाणी ने किया।

स्व. मांगे राम ने संपूर्ण जीवन समाज सेवा के लिए किया समर्पित: धामी

■ सीएम ने किया स्व. मांगे राम अग्रवाल की प्रतिमा का अनावरण

शाह टाइम्स संवाददाता

डोईवाला। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को आशीर्वाद वाटिका, डोईवाला देहरादून में स्व. हरज्ञान चंद अग्रवाल सरस्वती शिशु व विद्या मंदिर में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के पिता एवं विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय मांगे राम अग्रवाल की 19वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वर्गीय मांगे राम अग्रवाल की प्रतिमा का अनावरण किया एवं विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। मुख्यमंत्री धामी ने विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले लोगो को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डोईवाला विधानसभा के केशवपुरी में संस्कार केंद्र की चारदीवारी का निर्माण कार्य किए जाने एवं क्रीडा क्षेत्र में क्रीड़ा मैदान बनाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय मांगे राम अग्रवाल ने संपूर्ण जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने इस क्षेत्र के अंतिम छोर पर खड़े लोगों को हमेशा आगे लाने का कार्य किया। स्वर्गीय मांगेराम अग्रवाल जी के पुत्र प्रेम चंद्र अग्रवाल के अंदर भी वही ललक दिखाई पड़ती है। उन्होंने कहा स्वर्गीय मांगे राम अग्रवाल के सपनों के अनुरूप सरकार लगातार जन सेवा का कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हंस फाउंडेशन ने हमेशा सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जन सेवा का कार्य किया है। कोरोना काल में हंस फाउंडेशन द्वारा गरीबों की मदद की गई एवं मरीजों तक ऑक्सीजन सिलिंडर, दवाइयां पहुंचाई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड पूरे हिमालय क्षेत्र को विकास की राह दिखा सकता है। इकोनोमी और इकोलॉजी में संतुलन रखते हुए सतत विकास की रूपरेखा तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा उत्तराखंड को नशा मुक्त करने के लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन भी किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि स्वर्गीय मांगे राम अग्रवाल ने हमेशा गरीबों के हितों एवं समाज के उत्थान के लिए कार्य किया।

उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में शिशु व विद्या मंदिर खोलने का बेड़ा उठाया। संघ के कार्यों में उनका अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा स्वर्गीय मांगे राम अग्रवाल की पुण्यतिथि पर सालों से लगातार वृक्षारोपण के कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में संस्थापक हंस फाउंडेशन मंगला माता, भोले जी महाराज, प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ युद्धवीर , भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट विधायक बृजभूषण गैरोला एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

बाजार रंग बिरंगी राखियों से सजने शुरू

■ बाहर रह रहे भाइयों के लिए बहने खरीद रही राखियां

शाह टाइम्स संवाददाता

विकासनगर। बाजार इन दिनों रंग बिरंगी राखियों से सजने शुरू हो गए हैं। 11 अगस्त को राखी का त्यौहार मनाया जाएगा। फिलहाल बहनें घर से दूर रह रहे भाईयों को राखी भेजने के लिए जमकर खरीददारी करते हुए देखी जा सकती हैं। बाजार में 10 रुपये से लेकर 5 सौ रुपये तक की राखी है। जिसे बजट के अनुसार बहनें अपने भाइयों की कलाई सजाने के लिये ले रही हैं। राखी बाजार में इस बार चाइना की राखियां करीब-करीब नदारद ही हैं।

प्रवीन कंगन स्टोर के स्वामी ने बताया कि बाजार में छोटे बच्चों को लुभाने के लिये कार्टून बेन टेन, डोरी मोन, छोटा भीम, स्पाइडर मैन, लाईटिंग वाली राखी दुकान पर उपलब्ध हैं। बताया कि महिलाओं में लुम्बा, रूद्राक्ष, ओम, श्री वाली राखी व स्पेशल धागों का ज्यादा क्रेज है। बताया कि राखी त्यौहार से एक हफ्ते पहले राखियों की बिक्री शुरू हो जाएगी। फिलहाल बाहर रह रहे भाईयों के लिए बहने राखी खरीद रही हैं। बाजार में राखी की खरीददारी कर रही अंजली शर्मा ने बताया कि इस त्यौहार का उन्हें पूरे साल इंतजार रहता है। भाई-बहनों के प्रेम के इस त्यौहार में वह हर साल अपने भाइयों के लिए राखी लेती आ रही हैं। इस साल भी वह इस त्यौहार को भाइयों की राखियां सजाकर यादगार बनाना चाहती हैं। आशा कंगन स्टोर के स्वामी ने बताया बाजार में चाइना राखी की कोई डिमांड नही है। यहां दिल्ली व कोलकाता की राखी की सबसे ज्यादा डिमांड है।

चेतना लायनेस क्लब ने हर्षोल्लास के साथ मनाया तीज उत्सव

शाह टाइम्स संवाददाता

विकासनगर। चेतना लायनेस क्लब के सदस्यों ने बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ तीज का त्यौहार मनाया। क्लब अध्यक्षा मोना चौहान ने तीज का महत्व बताया।

इस अवसर पर क्लब के द्वारा सभी मेंबर्स को गेम्स व तंबोला खिलाया गया और तीज प्रतियोगिता रखी गई जिसमें तीज क्वीन दीपाली जैन बनी और द्वितीय स्थान पर सुमन सिंगल और तृतीय स्थान पर निशू जयसवाल रहे, गेम्स में प्रथम स्थान पर सिम्मी जसूजा और द्वितीय स्थान पर जस्सी वर्मा रहे।

क्लब अध्यक्षा मोना चौहान ने तीज के पावन त्यौहार पर सभी को हार्दिक बधाई दी और तीज के महत्व को बताया कि तीज का त्योहार सुहागिनों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। इस अवसर पर क्लब सचिव सीमा रोहिल्ला, कोषाध्यक्ष श्वेता गर्ग व नीरू गोयल, कंचन वर्मा, सलोनी रोहिल्ला, सुमन सिंगल, निशू जायसवाल, दिव्या डांग, सिम्मी जसूजा, अर्चना करनवाल, दीपाली जैन, अंजली चावला, नीलम गुप्ता, श्वेता अग्रवाल, जस्सी वर्मा, बाला जायसवाल व साक्षी मित्तल आदि मौजूद रहे।

शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस पर की पुष्पांजलि अर्पित

डोईवाला। शहीद उधम सिंह के 82वें बलिदान दिवस पर बुल्लावाला स्थित शहीद स्मारक पर निर्मित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। साथ ही वर्ष 1962 की लड़ाई में शहीद हुए चिरंजीलाल सेमवाल के भाई शांति प्रसाद सेमवाल को सम्मानित किया व शहीद स्मारक में पेड़ भी लगाएं गए। इस मौके पर मनोज कांबोज ने शहीद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहां की शहीद उधम सिंह ने 13 अप्रैल 1919 को हुए जलियांवाला नरसहार का बदला 21 साल बाद लंदन में जाकर लिया था, जहां पर अंग्रेज सरकार ने उन्हें आज ही के दिन 31 जुलाई 1940 को फांसी दे दी थी। उनके बलिदान ने देश के अंदर चल रही आजादी की लड़ाई को एक नया मुकाम दे दिया था । इस दौरान कर्नल एस मटारू, जिला पंचायत सदस्य टीना सिंह, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परमिंदर सिंह, मंडल अध्यक्ष राज कुमार, राजेंद्र सिंह तड़ीयाल मौजूद रहे।

किसानों ने किया विभिन्न मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन

■ किसानों ने सरकार से की कई मांगे

शाह टाइम्स संवाददाता

डोईवाला। संयुक्त किसान मोर्चा ने रविवार को डोईवाला गन्ना समिति में विभिन्न मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय संयुक्त किसान मोर्चा के आहावान पर डोईवाला में भी शहिद उधम सिंह के शहिदी दिवस में उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, साथ ही साहित्यकार मुंशी प्रेमचन्द के जन्मदिन पर उन्हें पुष्पअर्पित कर याद किया गया।

पूर्व से निर्धारित हुई किसान मोर्चा के कार्यक्रम में एमएसपी गारंटी कानून अनिवार्य करने के साथ किसानों पर लगे मुकदमे वापस करने, लखीमपुर खीरी के किसानों को इंसाफ दिलाने, किसान संगठन को भी कमेटी में शामिल करने व क्षेत्र के पांच गन्ना सेंटर को बंद करने के आदेश को वापस करने की मांग की गई। जिसमें माजरी, शेरगढ़, दिद. दरवाला, नांगल बुलन्दावाला, दूधली, लिस्टाबाद शामिल हैं।

साथ ही सुसवा नदी को स्वच्छ बनाए रखने के साथ हेलांग गांव में घास काट रही महिलाओं से घास छिनना व उनको अपमानित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग रखी गई। बैठक की अध्यक्षता दलजीत सिंह व संचालन किसान नेता उमेद बोरा ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि जगतार सिंह राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संयुक्त किसान मोर्चा व ताजेन्द सिंह अध्यक्ष संयुक्त किसान मोर्चा डोईवाला ने कहा केंद्र सरकार को किसानों को एमएसपी की गारंटी कानून अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। किसानों के मुकदमों को वापस करना चाहिए और लखीमपुर-खीरी के हत्यारों को कड़ी सजा दी जाए। श्रीगुरु सिंह सभा अध्यक्ष गुरदीप सिंह एवं टिकैत यूनियन के जिलाअध्यक्ष सुरेंद्र खालसा ने कहा डोईवाला क्षेत्रों के गन्ना सेंटर को यदि बंद किया गया तो शुगर मिल गेट पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। चतर सिंह बोरा एवं चढ़नी यूनियन अध्यक्ष गुरदीप सिंह ने कहा सुसवा नदी को स्वच्छ रखने के लिए सरकार को जरूरी कदम उठाने चाहिए।

बैठक को फुरकान अहमद, जाहिद अजुंम, शंकर कन्याल, जसवीर जस्सी, बलबीर सिंह, मैसी, आसवनी त्यागी आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष इन्द्र जीत सिंह, जीत सिंह, तेज प्रताप, प्रिंस, उस्मान, चन्द बोरा, प्रीत पाल, प्रताप सिंह, शुभम कामबोज आदि उपस्थित थे।

चेरीश चैरीटी वेलफेयर सोसाइटी आयोजित की जीके क्विज प्रतियोगिता

■ सिमरन थापा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

शाह टाइम्स संवाददाता

विकासनगर। चेरीश चेरीटी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जीके क्विज का आयोजन करवाया गया। जिसमें कक्षा 6, 7, 8 के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

प्रतियोगिता में पहला स्थान सिमरन थापा ने प्राप्त किया, दूसरा स्थान नारायणी गर्ग व तीसरा स्थान अंश गुप्ता प्राप्त किया। साथ ही आदित्य राणा, आंचल राणा, शिखा, पूर्णिमा अग्रवाल आदि का क्विज पेपर चेकिंग में सहयोग रहा। इसके अलावा रक्षित एवं ओम ने अपनी कला संगीत के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में ईटरनल हार्ट केयर, डा. लाल पैर लैब, वरुण जनरल स्टोर, 90 डिग्री स्टोर का सयोग रहा। अतिथि के रूप में गौरव चावला, हनुमत धाम अध्यक्ष विष्णु महावर, सुमन रहे।

ग्रुप के कार्तिक राणा ने बताया कि आजकल युवाओं को मोबाइल से फुर्सत नहीं है, वह मोबाइल में गेम के अलावा कुछ नहीं देखते हमारा इस जीके क्विज का मकसद बच्चों को ज्ञान प्राप्त करवाना है। इसी मौके आयुष गुप्ता, अमृत सरहदी, रोहित पाल, गुरमन सिंह, प्रतीक कौशिक, प्रियांशु, वैभव शर्मा, ऋषिता भसीन, अनमोल राणा, वाणी, सागर आदि मौजूद रहे।

ग्रामीणों के हंगामे से ट्रकों पर लादे गये गायों को लौटाया

ब्रह्मखाल (उत्तरकाशी)। डुंडा प्रखंड के ब्रह्मखाल क्षेत्र में गौ तस्करों की भनक लगते ही ग्रामीणों ने चार एलपी ट्रकों मे बैरंग लौटाया। ग्रामीणों को सूचना मिली थी कि शनिवार रात्रि को विभिन्न क्षेत्रों से गौ तस्करों ने ट्रकों में गायों को लादकर क्षेत्र मे लाया जा रहा है तो उन्होने ब्रह्मखाल के पास ट्रको को रुकवा कर हंगामा काटा। पुलिस प्रशासन के समझाने के बाद चारों ट्रको को गायो के साथ वैरंग लौटा दिया गया तब जाकर ग्रामीण शांत हुये। मामले में गेंवला चौकी का प्रभार देख रहे जयपाल सिंह चौहान ने बताया कि ट्रकों पर लादे गये गायों को पुलिस प्रशासन ने पूछताछ कर वापस चिन्यालीसौड़ भेज दिया है चालकों को सख्त हिदायत दी है कि दोबारा इस प्रकार से जानवरों को न ढोया जाय यह कानूनन अपराध भी है।

सहारनपुर से रोहडू जा रहा वाहन टोंस नदी में गिरा

शाह टाइम्स संवाददाता

कालसी। सहारनपुर से रोहडू जा एक वाहन अनियंत्रित होकर करीब 150 मीटर गहरी टोंस नदी में गिर गया। जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से घायल व्यक्ति को निकाल कर पीएचसी कालसी में भर्ती कराया गया। जहां घायल का उपचार चल रहा है।

थाना कालसी को सूचना मिली कि एक वाहन संख्या एचपी10 बी-7224 लाल ढैंग के पास दुर्घटना ग्रस्त हो गया है। इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कालसी पुलिस रेस्क्यू इक्विपमेंट आदि साथ लेकर मौके पर पहुंची। यहां पर स्थानीय लोगों की मदद से घायल व्यक्ति को रेस्क्यू कर पीएचसी कालसी में भर्ती करवाया गया जहाँ घायल का इलाज चल रहा है।

घायल व्यक्ति लोकेंद्र पुत्र राजू थापा निवासी रोहडू हिमाचल ने बताया कि वह पिक अप गाड़ी से अकेला ही सहारनपुर से रोहडू हिमाचल जा रहा था कि अचानक वाहन अनियंत्रित होकर करीब 150 मीटर गहरी टोंस नदी में गिर गया। इस सम्बन्ध में वाहन के मालिक को सूचना दे दी गयी है, घायल के परिजनों को भी सूचना दे दी गयी है। दुर्घटना के संबंध में जांच की जा रही है।

खोया-पाया

मेरी ब्राइट एंजल स्कूल सीबीएससी की हाईस्कूल 2021 अनुक्रमांक 25114810 की अंकतालिका वास्तव में कहीं खो गई है। जिस किसी को मिले कृप्या इस पते पर संपर्क करें। **नीलम पुत्री सूजल सकलानी निवासी लक्ष्मीपुर, विकासनगर, देहरादून।**

महाराज ने अधिकारियों को चेताया

व्यक्तिगत रूचि लेकर हल करें समस्याओं का समाधान

देहरादून/हरिद्वार। आमजन की शिकायतों का निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिये जनता की कोई भी समस्या हो अधिकारी उसका निस्तारण व्यक्तिगत रूचि लेकर हल करना सुनिश्चित करें।

उक्त बात प्रेमनगर आश्रम में आयोजित जनता दरबार में आम लोगों के अलावा पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याओं और शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करते हुए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री सतपाल महाराज ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कही। उन्होने को चेतावनी देते हुए कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिये जनता की कोई भी समस्या हो, उसका निस्तारण व्यक्तिगत रूचि लेकर हल करना सुनिश्चित करें।

प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, लघु सिंचाई, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण, संस्कृति जलागम प्रबन्धन एवं भारत-नेपाल उत्तराखण्ड नदी परियोजनायें एवं जनपद प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने जनता दरबार कार्यक्रम में अनेक

जन-समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर महाराज ने कांवड़ मेला-2022 के सकुशल सम्पन्न होने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनायें भी दी। जनता दरबार में कुल 177 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकतर का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों को प्रकरण के निस्तारण में लगने वाले समय के अनुसार संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अगर किसी का फोन आता है, तो उसे अवश्य उठा लें, अगर कहीं व्यस्तता है, तो कॉल बैक जरूर करें। जनता दरबार में प्राप्त होने वाली शिकायतों में जमीन की पैमाईस, स्ट्रीट लाइट लगाये जाने, राशन कार्ड बनवाने, अतिक्रमण हटाने, नाले की सफाई, भूमि सम्बन्धी विवाद निपटाने, सड़क का चौड़ीकरण, तटबन्ध निर्माण, रास्ता बनवाने, कच्चे माइनर को पक्का करने, पानी की निकासी, हैण्डपम्प को रिबोर करने, शस्त्र लाइसेंस दिलाये जाने, विद्युत का कनेक्शन दिलाये जाने, सड़क व पुलिया निर्माण करने, नालों का निर्माण करने, आर्थिक सहायता दिलाये जाने, नहर की पटरी के लिये रास्ता बनाने, तालाब का जीर्णोद्धार करने शौचालयों आदि से सम्बन्धित प्रकरण प्राप्त हुये। जनता दरबार में जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी पीएल शाह, एचआरडीए सचिव उत्तम सिंह चौहान, एसडीएम पूरन सिंह राणा, मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराड़ी, परियोजना निदेशक विक्रम सिंह, लोक निर्माण, सिंचाई, ग्राम्य विकास, बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

युवा मंच ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पौधों की देखभाल का ग्रामीणों ने लिया संकल्प

रुद्रप्रयाग। भरदार क्षेत्र के मजना (गंवाना) में उत्तराखंड युवा मंच (चंडीगढ़) की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर कटहल, अमरूद, आम, अनार, आंवला, नींबू सहित अन्य प्रजातियों की करीब पांच सौ पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण के बाद सभी सदस्यों ने उनकी देखभाल करने की शपथ ली और कहा कि वे भविष्य में भी समय-समय पर पौधारोपण करते रहेंगे।

पौधारोपण कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रामीणों ने अपने-अपने नाम से पौधारोपण किया और उनकी देखभाल करने का प्रण लिया। कार्यक्रम के आयोजक गोविंद सिंह पंवार ने कहा कि पौधारोपण करना बहुत जरूरी है। पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है, इसलिए हम सभी को पौधारोपण करना चाहिए।

युवा मंच के ठाकुर गुरमीत सिंह ने कहा कि पेड़-पौधों के कारण आज मनुष्य जीवित है। यदि पेड़-पौधे नहीं होंगे तो मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। आज जो पौधारोपण किया है, वह हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए तोहफा होगा, क्योंकि ये पेड़ पौधे बड़े होकर सदियों तक सभी को जीवन के रूप में ऑक्सीजन देते रहेंगे। चंडीगढ़ से आए वासुदेव शर्मा, संजय जखमोला, अमित ध्यानी, कमल सिंह बागड़ी, महिपाल सिंह नेगी, नीरज

उत्तराखंड युवा मंच (चंडीगढ़) की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

अंथवाल, भरत सिंह पंवार, महिपाल सिंह नेगी, मोहन सिंह थपलियाल, परवीन रावत, मुकेश रावत, मोहिंदर सिंह, नवीन चंद्र, रंजीत नेगी, बलबीर रावत, धर्मेंद्र गुसाईं, राजेश रावत, कमल नेगी, धर्मपाल रावत, विजेंद्र सिंह नेगी, मनीष रावत, किशन रावत, नरेंद्र रावत ने कहा कि पौधारोपण करने के बाद उसकी देखभाल करना बहुत जरूरी है, क्योंकि अधिकतर लोग पौधारोपण तो करते हैं, लेकिन उनकी देखभाल नहीं करते। इस कारण कुछ दिनों बाद वे पौधे खत्म हो जाते हैं। पौधारोपण करने के बाद ही उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी शुरू होती है, इसलिए हमें पौधारोपण करने के बाद उसकी देखभाल करनी चाहिए।

ग्राम प्रधान उर्मिला देवी, उप वन क्षेत्राधिकारी किशोर चंद्र नैनवाल, महिला मंगल दल अध्यक्ष प्रमिला देवी, सुनील बिष्ट, शांति देवी, सचना देवी, जस्सी देवी, सुनील बिष्ट, वीरेंद्र राणा, पूर्ण सिंह बिष्ट, दिनेश बिष्ट, संजय बिष्ट, संदीप पंवार, रघुवीर सिंह, कीरत नेगी, जसवीर पंवार, मंगल सिंह ने कहा कि इंसान अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए वृक्षों को धड़ा-धड़ काट रहा है। लेकिन पेड़ लगाने से पीछे हट रहा है। उन्होंने कहा कि पौधे जहां हमारे लिए आय का साधन है, वहीं मानव जीवन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पौधो की देखभाल करके ही हम उनसे छाया व फल की उम्मीद कर सकते हैं। केवल पौधे लगाने से ही उनकी जिम्मेवारी खत्म नही हो जाती। उनकी समय पर देखभाल करने के साथ सिंचाई व गुड़ाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

एक नजर

उत्तराखंड मुक्त विवि में प्रवेश आज से शुरु

रानीखेत। उत्तराखंड मुक्त विवि के रानीखेत पीजी कालेज में संचा. लित अध्ययन केंद्र के समन्वयक डा. जेएस रावत ने बताया कि उत्तराखंड मुक्त विवि में सत्र 2022-23 के लिए ऑनलाइन प्रवेश एक अगस्त से शुरू होने जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि परीक्षा एवं परीक्षा परिणाम की प्रतीक्षा किए बिना समस्त अभ्यर्थी विवि द्वारा संचा. लित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं।

श्रद्धालु की गुम हुई ज्वैलरी को तलाश कर लौटाया

अल्मोड़ा। जागेश्वर धाम में दर्शन करने आए श्रद्धालु जीवन राम पुत्र किशन राम निवासी मठेना अल्मोड़ा की ज्वैलरी मेला क्षेत्र में कही खो गयी। श्रद्धालु द्वारा ज्वैलरी के कही गिर जाने की सूचना मेला पुलिस को दी गई। जिसपर मेला प्रभारी संजय जोशी द्वारा मेला ड्यूटी में लगे पुलिस बल को सूचना देकर तत्काल ज्वैलरी की तलाश शुरु की गई। जिसके फलस्वरुप मेला पुलिस द्वारा शीघ्र ही ज्वैलरी को तलाश कर श्रद्धालु के सुपुर्द किया गया। ज्वैलरी को वापस पाकर श्रद्धालु व अन्य दर्शनार्थियों द्वारा अल्मोड़ा पुलिस की कार्रवाई की प्रशंसा की गई।

सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान

अल्मोड़ा। थाना दन्या पुलिस टीम ने तहसील प्रशासन के साथ मिलकर दन्या तथा पनुवानौला बाजार में संयुक्त रुप से सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ दुकानों में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान दुकानदारों को किसी भी प्रकार से प्लास्टिक का प्रयाग न करने की हिदायत दी गयी साथ ही बताया गया कि यदि कोई प्रतिष्ठान तथा दुकानदार सिंगल यूज प्लास्टिक के निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और इसके इस्तेमाल करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएंगी। चेकिंग के दौरान दो दुकानदारों से पांच किलों प्लास्टिक बैग बरामद करते हुए चालानी कार्रवाई की गई।

वन आरक्षी महिला ने जहर खाकर जान दी

रामनगर। ग्राम जोगीपुरा निवासी ललिता (39) एक महिला ने अज्ञात कारणों के चलते घर में विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल लाए जहां उसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया बताया जाता है कि महिला की काशीपुर के एक निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई घटना के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है वही बताया जाता है कि मृतका वन विभाग में वन आरक्षी के पद पर तैनात थी। मामले में कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि पंचनामा भरकर मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

सुभाष चन्द्र चौधरी को सेवानिवृत्ति पर विदाई

रामनगर। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग के प्रयोगशाला सहायक सुभाष चंद्र चौधरी को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। प्रभारी प्राचार्य डा. सुमन कुमार, कुलानुशासक डा. जीसी पन्त, भूगोल प्राध्यापक डा. डीएन जोशी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जीएस जांगपांगी, व्यैक्तिक सहायक जेसी बलोदी, पीसी सती ने संयुक्त रूप से प्रतीक चिन्ह भेंट किया। सभी ने महाविद्यालय में उनके द्वारा किए गए कर्तव्यनिष्ठ सहयोग एवं अनवरत सेवा की सराहना की।

भट्ट के अध्यक्ष बनने पर जश्न

शाह टाइम्स संवाददाता

रामनगर। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता व बद्रीनाथ के पूर्व विधायक महेंद्र भट्ट के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि महेंद्र भट्ट वरिष्ठ नेता है और उन्हें संगठन का लम्बा अनुभव है उनके नेतृत्व में निश्चित ही संगठन और अधिक मजबूत होगा। कहा कि आने वाले चुनावों में भाजपा का पूर्ण बहुमत के साथ परचम लहराएगा। इस दौरान ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, नगर अध्यक्ष भावना भट्ट, मंडी समिति अध्यक्ष राकेश नैनवाल, सांसद प्रतिनिधि नवीन करगेती, पूर्व चेयरमैन भगीरथ लाल चौधरी, राज्य महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष अमिता लोहनी, मण्डल महामंत्री बलदेव रावत, पूरन नैनवाल, मान सिंह रावत, जिला पंचायत सदस्य किशोरी लाल, मनीष अग्रवाल, चन्दन बिष्ट, सत्यप्रकाश शर्मा, हरीश बेलवाल, अशोक गुप्ता, रुचिगिरी गोस्वामी, आशा बिष्ट, नीमा मठपाल, दीपा ध्यानी, हेमा जोशी, कल्पना जोशी, कैप्टन पूरन बिष्ट, मो. आदिल, जेसी लोहनी, यामीन सलमानी, रामभरोसे लाल आदि मौजूद रहे।

परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

अल्मोड़ा। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित पुलिस दूरसंचार विभाग की मुख्य आरक्षी पदों की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई है। रविवार को परीक्षा एक पाली में आयोजित की गई। नगर के राइंका, राइंबाका, एआईसी, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, एडम्स इंटर कॉलेज, विवेकानंद, विवेकानंद बालिका इंटर कॉलेज, शारदा पब्लिक स्कूल, राइंका स्यालीधार और रैमजे इंटर कॉलेज में परीक्षा आयोजित की गई। सुबह 10 से 12 बजे तक पहली पाली में आयोजित परीक्षा में कुल पंजीकृत 2860 में से 1233 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा पर कार्यशाला आयोजित

देहरादून। अखिल भारतीय यूनानी तिब्बी कांग्रेस की ओर से आयुष पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तस्मिया सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी आदि पर सीसीआरयूएम के पूर्व निदेशक डॉ. मुश्ताक ने विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. एस. फारूक ने अपने संबोधन में कहा कि इस क्षेत्र में नवीनतम विकास और भारत में 6 प्रचलित चिकित्सा प्रणालियों के अपेक्षित भविष्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन सैयद अहमद खान ने किया।

मोहर्रम की तैयारी में जुटे मुस्लिम

शाह टाइम्स संवाददाता

अल्मोड़ा। नगर में मोहर्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इन दिनों मुस्लिम समुदाय के लोग ताजिया बनाने के काम को अंतिम रूप देने के जुटे हुए हैं। नगर के पांच इमाम बाड़े में ताजियों का निर्माण किया जा रहा है। रविवार को मुस्लिम समुदाय की ओर से बैठक की गई। जिसमें लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई।

हर साल मुस्लिम समुदाय की ओर से मोहर्रम पर हजरत इमाम हसन हुसैन को याद किया जाता है। इसको लेकर अल्मोड़ा की ताजियादारी कुमाऊं भर में प्रसिद्ध है। मोहर्रम का चांद दिखते ही इन दिनों ताजियेदारी की तैयारी शुरू हो गई है। नगर के लाला बाजार, नियाजगंज, कचहरी बाजार, थाना बाजार और भ्यारखोला में इन दिनों

युवा ताजिया बनाने में जुटे हैं। देर रात तक युवा ताजिए को आकर्षक बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे है। नगर में अब तक पांच ताजिए बनाने की योजना है। इधर रविवार को जामा मजिस्द में बैठक कर समुदाय के लोगों ने मोहर्रम रूप रेखा को लेकर विस्तार से चर्चा की। असरा इसरार अहमद को नियाज कमेटी और सला. उद्दीन को अखाड़ा कमेटी के अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा सरंक्षक हाजी नुर खान, युसुफ तिवारी, उमर हुसैन, गुड्डू कश्मीरी को सरंक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। यहां सगीर खान, मुख्तार अहमद, अख्तर हुसैन, अनस अंसारी, मैराजुल इस्लाम, नासिर हुसैन, वसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

6 अगस्त को लगेगा रोजगार भर्ती मेला

अल्मोड़ा। सहायक सेवायोजन अधिकारी भगवती धर्मशक्तू ने बताया कि क्यूस कारपोरेशन लिमिटेड नोएडा द्वारा आगामी 06 अगस्त को प्रातः 10:30 बजे से क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इच्छुक पात्र अभ्यर्थी इस रोजगार मेले में अपने शैक्षिक योग्यता के समस्त मूल प्रमाण पत्र व छाया प्रतियों एवं 02 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ उपस्थित हो सकते हैं। इसके लिए कोई भी मार्ग व्यय देय नहीं होगा। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रोडक्शन ट्रेनी के 400 पदों के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया इन पदो के लिए शैक्षिक योग्यता 10वी व 12वीं तथा आयु 18 से 30 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।

फसलों का उचित दाम दे सरकार

शाह टाइम्स संवाददाता

रामनगर। ग्राम पीरूमदारा स्थित एक होटल में किसान एकता संघ की

बैठक हुई जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने की व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान मुख्य अतिथि रहे। संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित प्रमोद शर्मा ने किया। रामनगर क्षेत्र के किसानों ने बड़ी संख्या में किसान एकता संघ की सदस्यता ग्रहण की इसके पश्चात संगठन का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सोरन प्रधान ने किसान एकता संघ में आए नेताओं ने किसानों की समस्या के लिए संघर्ष करने की बात पर जोर दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान ने कहा कि सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून बनाना पड़ेगा। नवनियुक्त युवा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य कटारिया ने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है। सरकार को किसानों की फसल का उचित दाम देना चाहिए। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ गीता भाटी, प्रदेश अध्यक्ष यूपी वंदना चौधरी, उत्तराखंड के संयोजक बबली कसाना, सुखविंदर सिंह, दीपक पाल, महावीर रावत, धीरू चौहान, सुमित लोहनी, राहुल डंगवाल, नवजोत सिंह ग्रेवाल, अमृत दोसांज, प्रदीप चौधरी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

रामनगर। ग्राम चिल्किया से रामनगर दूध बेचने जा रहे एक युवक की बाइक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक बुरी तरह घायल हो गया। जिसे 108 एम्बुलेंस की मदद से रामनगर के संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। युवक की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि हादसे की जानकारी जुटाई जा रही है। तहरीर मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्राम चिल्किया निवासी दामोदर जोशी दूध का बेचने का काम करते हैं। शनिवार को दामोदर की तबीयत ख़राब होने पर उनका बड़ा बेटा मनोज दूध बेचने रामनगर जा रहा था। इसी दौरान बीच रास्ते में नया गांव के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार क्रेटा कार संख्या यूके 18 एन 8299 ने उसे टक्कर मार दी। जिसके बाद कार पेड़ से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को 108 की मदद से संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देख उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि कार में एक युवक और युवती सवार थे।

गन्ना मंत्री से मिला शिष्टमंडल

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। रविवार को हल्द्वानी गन्ना विकास समिति क्षेत्र के किसानों का

प्रतिनिधिमंडल पूर्व विधायक नवीन दुम्का के नेतृत्व में गन्ना एवं चीनी विकास मंत्री गौरव बहुगुणा से सितारगंज में उनके आवास में मिला और गन्ना मूल्य भुगतान के लिए उन्हें बधाई व धन्यवाद दिया। इस दौरान शिष्टमंडल ने उन्हें हल्द्वानी गन्ना विकास समिति के कार्यालय व सचिव भवन की भूमि खुर्द-बुर्द होने की होने की आशंका से अवगत कराया। इस दौरान शिष्टमंडल ने उन्हें बताया कि उत्तर प्रदेश के समय से ही भूमाफिया इस पर नजर लगाए हुए हैं तथा प्रयास करते रहते हैं दो बार पहले भी इनके प्रयासों को सरकार और किसानों की ताकत की बदौलत किल किया जा चुका है। गन्ना समिति का यह भवन हल्द्वानी की सबसे प्राइम लोकेशन नैनीताल रोड पर पीछे को कैनाल रोड तक लगभग 1.5 बीघा जमीन में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के सामने है तथा 1940 में समिति इसकी किराएदार है तथा 1950 से किराया भी बंद है। कार्यालय बरकरार है। समिति द्वारा गन्ना मंत्री को इस पूरे प्रकरण पर संज्ञान लेने तथा किसान हित में कार्यालय को माफियाओं से बचाने का आग्रह किया गया। शिष्टमंडल में गन्ना विकास समिति के उपाध्यक्ष कमल, प्रकाश गजरौला जगबीर सिंह, हेम चौसाली, इंदर सिंह बिष्ट, नवीन सुनाल, भुवन सिंह पंवार आदि मौजूद रहे।

पर्यावरण बचाने के लिए निकाली रैली

शाह टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। बैंक ने अपने शताब्दी वर्ष समारोहों की श्रंखला के अंतर्गत रविवार को पर्यावरण बचाने के लिए बैंक के प्रधान कार्यालय से लेकर

नैनीताल बैंक ने मनाई शताब्दी वर्षगांठ

तल्लीताल स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा से वापस मल्लीताल रिक्शा स्टैंड तक एक रैली निकाली। रैली में बैंक कर्मियों ने पर्यावरण बचाने के लिए अनेक नारे लगाए और लोगों में इस संबंध में जागरूकता लाने का प्रयास किया। इस अवसर पर बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी निखिल मोहन ने नैनीताल बैंक के कर्मचारियों को 100 वर्ष की यात्रा की बधाई देते हुए कहा कि बैंक सबके सम्मिलित प्रयासों से अगले 100 वर्षों में नए कीर्तिमान स्थापित

करेगा। बैंक के भूतपूर्व प्रबंध निद. शक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश पंत ने कहा कि बैंक पिछले अनेक वर्षों से तकनीक, अनुपालन एवं व्यवसाय में निरंतर सुधार एवं वृद्धि कर रहा है और सभी प्रमुख मापदण्डों पर मजबूती के साथ खड़ा हुआ है। वहीं बैंक के मुख्य परिच. लन अधिकारी अरुण कुमार अग्रवाल ने कहा कि यह बड़े सौभाग्य की बात है की बैंक विश्वास के साथ अपना शताब्दी वर्ष समारोह मना रहा है। इस अवसर पर बैंक परिवार ने गोविंद बल्लभ पंत की मूर्ति में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही शैले हाल नैनीताल क्लब में बैंक की ओर से एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जिसमें प्रधान कार्यालय एवं स्थानीय शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवारों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर बैंक के पूर्व अध्यक्ष वीके विग, पूर्व विधायक नारायण सिंह जंतवाल, नैनीताल बैंक स्टाफ एसोसिएशन के महामंत्री प्रवीण शाह, संजय लाल शाह, रमन कुमार गुप्ता, पुष्कर दत्त भट्ट, महेश जिंदल, महेश गोयल, सचिन कुमार, मुकुल सनवाल, संजय गुप्ता, राहुल अग्रवाल, कैलाश चन्द्र पांडे, अनिल कुमार जोशी एवम राजेंद्र सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

आर्य समाज मंदिर में विशेष वैदिक यज्ञ संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

अल्मोड़ा। गौ सेवा न्यास के सचिव दयाकृष्ण कांडपाल ने आर्य समाज में विशेष वैदिक यज्ञ सम्पन्न कराया। इस दौरान कांडपाल ने कहा कि जिस प्रकार भोजन से तत्काल ऊर्जा मिलती है। उसी प्रकार यज्ञ व हवन से तत्काल ही लाभ प्राप्त होता है। साथ ही कहा कि साधक इसकी ऊर्जा को महसूस कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि श्रावण माह में स्वयं ईश्वर पहाड़ों मन्दिरों व मैदान का वर्षा के माध्यम से जलाभिषेक कर रहे हैं। वहां कलावती तिवारी, महिला समिति की एड भावना जोशी, मंजू पन्त, सुनयना मेहरा, जानकी कांडपाल, निर्मला जोशी, कंचना वर्मा, आस्था कांडपाल, गौ सेवा न्यास के चन्द्र मणी भट्ट, पूरन चन्द्र तिवारी, डा. जेसी दुर्गापाल, आर्य समाज से दिनेश तिवारी, मोहन सिह रावत, रवि रावत, कुन्दन सिंह जीना आदि मौजूद रहे।

जीएसटी वापस ले सरकार

शाह टाइम्स संवाददाता

रामनगर। संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी हड़ताल में रविवार को रामनगर के किसानों ने भी रानीखेत रोड पुराना

टैक्सी स्टैंड के पास प्रदर्शन किया। उन्होंने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी की कानूनी गारंटी की जाए और किसानों पर आंदोलन के दौरान लगे सभी मुकदमे वापस लिए जाएं। जेल में बंद सभी सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ताओं को तत्काल रिहा किया जाए। आटा दही पनीर व स्टेशनरी आदि पर लगाया गया जीएसटी वापस लिया जाए आदि को लेकर रामनगर के किसानों सामाजिक कार्यकर्ताओं और महिला संगठनों ने प्रदर्शन किया प्रदर्शन के दौरान किसान संघर्ष समिति के संयोजक ललित उप्रेती ने कहा कि मोदी सरकार ने जो एमएसपी को लेकर कमेटी बनाई है उस कमेटी में उन लोगों को शामिल किया गया है जो तीनों कानूनों के समर्थक थे। इसलिए मोर्चा के किसान नेताओं ने इस कमेटी पर शक जाहिर करते हुए कहा कि यह कमेटी किसानों को उचित न्याय नहीं दे सकती है। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रभात ध्यानी ने कहा कि आज सरकार किसानों की आय दोगुनी तो नहीं कर पाई और किसानी को घाटे में डाल दिया डीजल पेट्रोल के रेट इतने बढ़ा दिए की किसानों को खेती में लगातार घाटा हो रहा है। सभा को संबोधित करने वालों में लालमणि किसान नेता आनंद सिंह नेगी, कौशल्या आदि रहे। इस दौरान किशन शर्मा महिला एकता मंच की संयोजिका ललिता रावत, सरस्वती जोशी, कौशल्या, सोबन सिंह तडियाल, राजेंद्र सिंह, मनमोहन अग्रवाल, बची राम, हेम आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रमंडल खेलों में भारत पर बरसा सोना-चांदी

जेरेमी लालरिननुंगा ने 67 किग्रा. भारवर्ग में जीता स्वर्ण

बर्मिंघम, वार्ता

भारत के जेरेमी लालरिननुंगा ने राष्ट्रमंडल खेलों की भारोत्तोलन प्रतियोगिता के 67 किलोग्राम भारवर्ग में रविवार को नए गेम्स रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीत लिया। भारत का इन खेलों में यह दूसरा स्वर्ण और कुल पांचवां पदक है। जेरेमी लालरिननुंगा ने स्नैच में अपने दूसरे प्रयास में 140 किला. ग्राम उठाया। उन्होंने क्लीन एंड जर्क में अपने दूसरे प्रयास में 160 किलो वजन उठाकर कुल 300 किलोग्राम का नया गेम्स रिकॉर्ड बनाया। जेरेमी लालरिननुंगा ने स्नैच में भी नया गेम्स रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने पहले प्रयास में 136 किलो वजन उठाया। उनका दूसरा सफल प्रयास 140 किलो था। उन्होंने तीसरे प्रयास में 143 किलो वजन उठाने की कोशिश की लेकिन विफल रहे। उन्हें 10 किलो की बघ्त मिल चुकी थी। क्लीन एंड जर्क में उनका पहला प्रयास 154 और दूसरा 160 किलो था। जेरेमी का 165 किलो का तीसरा प्रयास विफल रहा। लेकिन तब तक स्वर्ण उनकी झोली में आ चुका था। मीराबाई चानू ने कल भारोत्तोलन में भारत को खेलों का पहला स्वर्ण दिलाया था। सामोआ के विपावा नेवो इयोन (127 और 166) को रजत तथा नाइजीरिया के एडीडीओंग जोसफ उमॉफिया (130 और 160) को कांस्य पदक मिला। इससे पूर्व भारत की बिद्यारानी देवी ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में देश के पदकों की संख्या चार करते हुए शनिवार (भारत में रविवार सुबह से पहले) को 55 किग्रा भार वर्ग में रजत जीता। स्वर्णिम मीराबाई के 49 किग्रा में प्रथम स्थान हासिल करने के कुछ देर बाद ही 23 वर्षीय बिद्यारानी ने 202 किलो भार उठाकर अपने वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने सबसे पहले स्नैच में 86 किग्रा के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की, और फिर क्लीन एंड जर्क में 116 किग्रा उठाकर नया राष्ट्रीय और राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड स्थापित किया। बिद्यारानी सिर्फ एक किलो के अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गयीं जो नाइजीरिया की अदि. जात अदेनिके ओलारिनोए के पास गया। ओलारिनोए ने 203 किग्रा (92 किग्रा + 111 किग्रा) भार उठाकर पहला स्थान हासिल किया। मेजबान इंग्लैंड की फेयर मॉरो ने 198 किलो (89 किलो + 109 किलो) के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। बिद्यारानी ने जीत के बाद कहा, ष्यह मेरा पहला राष्ट्रमंडल खेल है और मैं रजत पदक और खेलों के रिकॉर्ड को लेकर बहुत खुश हूं। चानू की तरह बिद्यारानी भी मणिपुर की रहने वाली हैं। उन्होंने 2019 राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता था जबकि 2021 संस्करण में रजत प्राप्त किया था। उन्होंने कहा, ष्मैं 2008 से 2012 तक ताइक्वांडो में थी मगर उसके बाद मैं भारोत्तोलन में स्थानांतरित हो गई। मेरा कद छोटा था इसलिए मुझे शिफ्ट होना पड़ा। सभी ने कहा कि मेरी ऊंचाई भारोत्तोलन के लिए आदर्श है। इसलिए मैंने यह खेल चुना। इससे पहले, मीराबाई चानू (स्वर्ण), संकेत सरगर (रजत) और गुरुराजा पुजारी (कांस्य) भारत को पदक दिला चुके हैं। भारत के चारों पदक भारोत्तोलन में ही आए हैं।

बिद्यारानी ने चांदी के साथ भारत को दिलाया चौथा पदक

मुर्मू ने बिद्यारानी देवी को दी बधाई

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को ब्रिटेन के बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों की भारोत्तोलन प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर बिद्यारानी देवी को बधाई दी है। श्रीमती मुर्मू ने ट्वीट किया कि राष्ट्रमंडल खेलों में भारोत्तोलन में रजत जीतने के लिए बिद्यारानी देवी को बधाई। आपने खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और अपने छड़ उठाकर उसे प्रमाणित किया। प्रत्येक भारतीय आपकी सफलता की प्रसन्नता साझा करे। ब्रिटेन के बर्मिंघम में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में बिद्यारानी देवी ने महिलाओं के 55 किग्राभार वर्ग में 202 किग्रा भार उठाकर रजत पदक हासिल किया है। ऑस्ट्रेलिया को हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर रहा भारत बर्मिंघम। भारतीय मिश्रित बैडमिंटन टीम ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में अपने विजय रथ को आगे बढ़ाते हुए शनिवार (भारत में रविवार) को ग्रुप-ए मैच में ऑस्ट्रेलिया को मात दी। गोल्डकोस्ट 2018 राष्ट्रमंडल खेल की चैंपियन भारत ने ग्रुप स्टेज के अपने आखिरी मैच में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से मात देकर ग्रुप-ए में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। अब भारत का सामना रविवार रात के क्वार्टरफाइनल में दक्षिण अफ्रीका से होगा। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत ने भारत को विजई शुरुआत दिलाते हुए ऑस्ट्रेलिया के लिन शियांग यिग को 21-14, 21-13 से मात दी। इसके बाद दो बार की ओर्लंपिक पदक विजेता पीवी सिधु ने चेन वेंडी हुआन-यू को 21-10, 21-12 से मात देकर भारत को 2-0 की बढ़त दिलाई। पुरुष युगल मुकाबले में सुमीत और चिराग की 21-16, 21-19 जीत के साथ भारत ने 3-0 की अजेय बढ़त ले ली, हालांकि चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने वापसी की। हुआन-यू और ग्रोन्या सोमरविल की महिला युगल जोड़ी ने त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद को 21-13, 21-19 से हराया। सुमीथ रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा की मिश्रित युगल जोड़ी ने चौथे मैच की हार से अप्रभावित शियांग यिग और सोमरविल को 21-14, 21-11 से हराकर भारत की 4-1 से जीत सुनिश्चित की। पाकिस्तान (5-0) और श्रीलंका (5-0) को हरा चुकी भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर जीत के साथ ग्रुप ए में पहला स्थान हासिल किया, जबकि श्रीलंका दूसरे स्थान पर रही।

क्वार्टरफाइनल में पहुंची निखत

निखत ने राउंड ऑफ 16 में हेलेना को नॉकडाउन से दी मात

बर्मिंघम, वार्ता। भारत की शीर्ष मुक्केबाज निखत जरीन ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रविवार को मोजाम्बीक की हेलेना इस्माईल बागाओ को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। विश्व चैंपियन निखत ने 48-50 किलो लाइट फ्लाईवेट के राउंड ऑफ 16 में हेलेना को नॉकडाउन से मात दी। अब निखत भारत के लिए मुक्केबाजी में पदक सुनिश्चित करने से सिर्फ एक जीत दूर हैं। श्रीहरि सेमीफाइनल में, साजन बाहर बर्मिंघम। भारत के युवा तैराक श्रीहरि नटराज ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रविवार को पुरुषों के 50 मीटर बैकस्ट्रोक सेमीफाइनल में जगह बनाई। श्रीहरि 00:25:52 सेकंड के समय के साथ हीट-6 में दूसरे और कुल आठवें स्थान पर रहे। सेमीफाइनल में पहुंचने वाले अंतिम तैराक ने 00:25-86 सेकंड का समय लिया। इससे पहले श्रीहरि 100 मीटर बैकस्ट्रोक के फाइनल में भी पहुंचे थे जहां वह सातवें स्थान पर रहे थे। इस बीच, सजन प्रकाश पुरुषों की 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में 01:58-99 सेकंड के समय के साथ हीट-3 में चौथे स्थान पर रहे। वह सभी तैराकों में नौवें स्थान पर रहकर फाइनल की रेस से बाहर हो गए।

लॉन बोल : पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल में भारत

भारतीय पुरुष लॉन बोल टीम ने रविवार को राष्ट्रमंडल खेल 2022 के सेक्शनल प्ले राउंड में इंग्लैंड को हराकर पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। दिनेश कुमार और सुनिल बहादुर की भारतीय जोड़ी ने विपक्षी इंग्लैंड को 18-15 से मात दी। यह भारत के लिये करो या मरो का मैच था, जिसे जीतकर भारत अंकों के अंतर के आधार पर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गया है।

15 किमी के फाइनल में साइकिलिस्ट विश्वजीत

भारत के साइकिलिस्ट विश्वजीत सिंह ने रविवार को राष्ट्रमंडल खेल 2022 की पुरुष 15 किमी स्क्रैच रेस के फाइनल में जगह बनाई। विश्वजीत अपनी हीट में पांचवें स्थान पर रहे। वह रविवार, 31 जुलाई को ही फाइनल में स्वर्ण पदक के लिये अपनी दावेदारी पेश करेंगे।

भारत ने पाक को आठ विकेट से पीटा

बर्मिंघम, वार्ता

स्नेह राणा और राधा यादव (दो-दो विकेट) की अगुवाई में गें. दबाजों के शानदार प्रदर्शन और स्मृति मंधाना की नाबाद 63 रन की आतिशी पारी की बदौलत की बदौलत भारत ने पाकिस्तान को राष्ट्रमंडल खेलों की महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के ग्रुप ए मैच में रविवार को एकतरफा अंदाज में आठ विकेट से पीट दिया। भारत ने पाकिस्तान को 18 ओवर में मात्र 99 रन पर ढेर करने के बाद 11-4 ओवर में दो विकेट पर 102 रन बनाकर टूर्नामेंट में दो मैचों में पहली जीत हासिल की। मंधाना ने 42 गेंदों में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 63 रन की मैच विजयी पारी खेली। शेफाली वर्मा ने 16 और एस मेघना ने 14 रन बनाए जबकि जेमिमाह रॉड्रिग्स दो रन पर नाबाद रही। पाकिस्तान को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम के लिए राष्ट्रमंडल खेलों की शुरूआत अच्छी नहीं हुई थी। मैच में दबदबा बनाने के बावजूद आखिरी दस ओवरों में ऑस्ट्रेलिया ने उनसे पहला मैच छीन लिया था। इसलिए भारत को यह मैच ना सिर्फ जीतना बल्कि अच्छे अंदाज में जीतना था और लगता है कि भारतीय महिला टीम इसके लिए तैयार होकर आई थी। पहले भारतीय गेंदबाजों खासकर स्पिनरो और क्षेत्ररक्षकों ने पाकिस्तानी बल्लेबाजों को बांधे रखा, वहीं फिर बल्लेबाजों ने सुनिश्चित किया कि मैच को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए। स्मृति मंधाना तो आज चमत्कारिक ही दिख रही थीं। उन्होंने 8 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 150 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए और एक दर्शनीय पारी खेली। अब भारत का मुक़ाबला 3 अगस्त को बारबाडोस से होगा। इससे पहले पाकिस्तान की शुरुआत बढ़िया रही और 6 ओवर तक मैच बढ़िया गया, मगर फिर इंडियन बॉलर्स ने अपना कहर बरपाया। अंतिम 8 गेंद में आधी टीम पवेलियन पहुंचा दी गई। कमाल की गेंदबाजी की है आज भारतीय गें. दबाजों ने, निदा डार के नहीं होने की वजह से पाकिस्तान की टीम आज उतनी मजबूत नहीं दिख रही थी। पाकिस्तान के बल्लेबाजों ने लगातार विकेट गंवाए और जब भी रनों की गति बढ़ाने का प्रयास किया उन्होंने विकेट खोकर इसका खामियाजा भुगता। भारत की ओर से स्नेह राणा और राधा यादव ने दो-दो विकेट लिए। पाकिस्तान की छह बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सकी।

राष्ट्रमंडल खेलों की महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के ग्रुप ए मैच में पाकिस्तान के खिलाफ स्मृति मंधाना ने खेली नाबाद 63 रनों की आतिशी पारी

हरियाणा रेसलिंग एसोसिएशन के महासचिव बने राकेश कोच

गुरुग्राम, वार्ता

हरियाणा रेसलिंग एसोसिएशन की एक मीटिंग गुड़गांव में हुई। इसमें एसोसिएशन के विभिन्न पदों के लिए चुनाव हुआ। बहादुरगढ़ से मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक राकेश कोच को सर्वसम्मति से एसोसिएशन का महासचिव चुना गया। राकेश कोच का कहना है कि एसोसिएशन की तरफ से जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है उसे वह अपने कर्तव्य और ईमानदारी से निभाएंगे।

नवनियुक्त महासचिव कोच ने जल्द ही हरियाणा में खिलाड़ियों के लिए फेडरेशन कप प्रतियोगिता कराने की बात कही है। साथ ही एसोसिएशन के लिए बेहतर निर्णय लेने पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन की तरफ से समय समय पर खेल प्रतियोगिता कराई जाएंगी। खिलाड़ियों के लिए नए

एसोसिएशन ने जो जिम्मेदारी दी है उसे ईमानदारी से निभाएंगे: राकेश

अवसर प्रदान किए जायेंगे। खिलाड़ियों की समस्याओं पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा प्रदान करना है। इसी के तहत वह कार्य करेंगे। राकेश कोच ने अपनी इस नियुक्ति पर सांसद एवम रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण शरण, हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, प्रदेश के मुख्यमंत्री मनो. हर लाल खट्टर और हरियाणा रेसलिंग एसोसिएशन के प्रधान रो. हतास सिंह के अलावा अन्य पदाधिकारियों का धन्यवाद किया। उन्होंने पदाधिकारियों को एसो. की यथाशक्ति सहायता करने व भारतीय शैली कुश्ती को बढ़ावा देने का भरोसा दिया।

बांग्लादेश को हरा भारत सेमीफाइनल में

बर्मिंघम। भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने रविवार को राष्ट्रमंडल खेल 2022 में अपना विजय रथ जारी रखते हुए बांग्लादेश को क्वार्टरफाइनल में मात दी। भारत ने बर्मिंघम 2022 के शीर्ष-8 मैच में बांग्लादेश को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी। सेमीफाइनल तक के सफर में भारत ने सभी प्रतिद्वंदियों को क्लीन स्वीप किया है। हरमीत देसाई और साथियान ज्ञानसेकरन ने भारत को विजयी शुरुआत दिलाते हुए बांग्लादेश के रामहिलियन बॉम और मोहुतासिन रिदॉय को 11-8, 11-6, 11-2 के सीधे गेमों में शिकस्त दी। इसके बाद 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन शरत कमल ने पूरे वर्चस्व के साथ मोहम्मद शब्बीर को 11-4, 11-7, 11-2 से हराया। ज्ञानसेकरन ने तीसरे मैच में भारत की जीत पर मुहर लगाते हुए रिदॉय को 11-2, 11-3, 11-5 से मात दी और यह मुकाबला तीन मैच में ही समाप्त हो गया। उल्लेखनीय है कि भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम शनिवार को क्वार्टरफाइनल में मलेशिया को कड़ी टक्कर देने के बावजूद 3-2 से हारकर बर्मिंघम 2022 से बाहर हो गयी थी। 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में महिला एवं पुरुष दोनों टीमों ने स्वर्ण हासिल किया था, लेकिन इस बार भारत को टेबल टेनिस का स्वर्ण दिलाने की जिम्मेदारी पुरुष टीम पर है।

दसवां स्पोर्ट्स इंडिया एक्सपो ग्रेटर नोएडा में

नई दिल्ली, वार्ता

स्पोर्ट्स गुड्स एक्सपोर्ट प्रमोशन कार्उंसिल (एसजीईपसी), वाणिज्य मंत्रालय और एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समर्थित ''स्पोर्ट इंडिया 2022'' - एक्सपो, कांफ्रेंस एंड अवार्ड्स का आयोजन 04-06 अगस्त तक इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा, उप्र में इंडियन एक्जीबिशन सर्विसेज और स्पोर्ट्स इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) के सहयोग से किया जा रहा है।

यह जानकारी रविवार को एक संवाददाता सम्मलेन में स्पोर्ट्स इंडिया फाउंडेशन के निदेशक स्वदेश कुमार और पेफी के राष्ट्रीय सचिव डा. पियूष जैन ने संयुक्त रूप से दी। इस अवसर पर स्पा इंडिया के डा. देवेन्द्र अरोघ भी उपस्थित थे- इस अवसर पर हॉकी द्रोणाचार्य डा. ए- के- बंसल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से देश में खेलों को रफ्तार पकड़ने में मदद मिलेगी। इस तरह के आयोजन अधिकाधिक मात्रा में किए जाने चाहिए जिससे खिलाड़ियों और खेल से जुडे तमाम वर्गों के लोगों से खेलोत्थान में ज्यादा से ज्यादा मदद मिल सके। कार्यक्रम के आयोजन सचिव स्वदेश कुमार ने बताया कि स्पोर्ट इंडिया - एक्सपो, का आयोजन पिछले 10 सालों से किया जा रहा है और साल दर साल खेलों से जुड़े हुए और खेल व्यवसाई इस आयोजन का हिस्सा बन रहे है। स्पोर्ट्स इंडिया एक्सपो 2022 सम्मेलन और पुरस्कार उन लोगों और संस्थानों के लिए एक मंच है जो खेल, खेल व्यवसाय, खेल गति. विधियों में शामिल हैं और भारत में खेल को विकसित करने के इच्छुक हैं। यह भारत में खेल को बढ़ावा देने के लिए विचारों का आदान-प्रदान करने, ज्ञान साझा करने का एक खुला मंच भी है। मुख्य उद्देश्य भारत को विश्व खेलों में महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनाना है। पेफी के राष्ट्रीय सचिव डा. पियूष जैन ने बताया कि इस स्पोर्ट इंडिया एक्सपो में पेफी के सहयोग से एक स्पोर्ट इंडिया कांफ्रेंस का आयोजन 4 अगस्त को किया जाएगा।

मुक्केबाज संजीत राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर

बर्मिंघम। भारतीय हैवीवेट मुक्केबाज (92 किग्रा) संजीत समोआ के लीयू प्लोडजिस्कि फोआगली से हार कर राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर हो गए। मौजूदा एशियाई चौम्पियन मुक्केबाज संजीत को आखिरी दो दौर में रक्षात्मक खेल का खामियाजा उठाना पड़ा और उन्हें 3-2 के खंडित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने आक्रामक शुरुआत के दम पर पहले दौर के मुकाबले को सर्वसम्मत निर्णय से जीता।

आईओए ने मीराबाई की स्वर्णिम उपलब्धि की सराहना की, अन्य को बधाई दी

बर्मिंघम, वार्ता

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में रिकार्ड तोड़ प्रदर्शन करके देश को पहला स्वर्ण पदक दिलाने वाली भारोत्तोलक मीराबाई चानू की सराहना की है। पिछले साल तोक्यो ओर्लंपिक में रजत पदक जीतने वाली चानू ने शनिवार को महिला

पदक के दावेदारों में शामिल होना और उम्मीद पर खरा उतरना आसान नहीं

भारोत्तोलन के 49 किग्रा वर्ग में रिकार्ड 201 किग्रा (88 और 113 किग्रा) वजन उठाकर 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के अपने स्वर्ण पदक का सफलतापूर्वक बचाव किया। शनिवार को ही भारोत्तोलन में संकेत सरगर और गुरुराजा पुजारी ने पुरुष 55 किग्रा और 61 किग्रा वर्ग में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। बाद में बिंदियारानी देवी ने भी महिला 55 किग्रा में रजत पदक के साथ भारत को चौथा पदक दिलाया। आईओए के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल खन्ना ने कहा कि पदक के सबसे प्रबल दावेदारों में शामिल होगा और इस उम्मीद पर खरा उतरना आसान नहीं होता, लेकिन मीराबाई चानू ने उत्कृष्टता के साथ यह काम किया। हमें बेहद खुशी है कि उसके और उसके सहयोगियों के प्रयासों का आज फल मिला।

उन्होंने कहा कि 'उन्होंने 90 किग्रा वजन उठाने का प्रयास करके स्वयं को चुनौती दी। हालांकि नतीजा वांछित नहीं रहा, चानू की प्रतिबद्धता और अपने लिए ऊंचे लक्ष्य बनाने के लिए आईओए भारत की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक की सराहना करता है। '' खन्ना ने कहा कि हम उन्हें और अन्य पदक विजेताओं संकेत सरगर, गुरुराजा पुजारी और बिंदियारानी देवी को अपने अपने वर्ग में शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हैं।

गुप्त समस्याएं
बचपन की गलतियाँ
धात, स्वपनदोष, नामर्दी, शीघ्रपतन
लिंगदोष, वीर्यदोष, नसों में ढीलापन
ल्यूकोरिया, शुक्राणुहीनता, पेशाब रोग
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

जब कहीं न हो आराम तो हमसे लें समाधान
सेक्स समस्याऐं
निसंकोच सम्पर्क करें
हर तरफ से निराश गुप्त रोगी ईलाज करा कर थक चुके हैं तो आज ही मिलें
ISO CERTIFIED CLINIC
100% Herbal Treatment
भारत प्रसिद्ध गोल्ड मेडलिस्ट
डा.शेख
G.A. M.S. (Ayurvedacharya), D.U.M. (Unani), M.D. (TCM)
मिलें हर बुधवार
हापुड अड्डा मेरठ
www.drsheikh.in
9416215439

सैक्स समस्याएं
नामर्दी, मर्दाना ताकत
शीघ्रपतन का विश्वसनीय इलाज
पुराने जटिल रोग
रोजाना देखें Epic Channel
प्रातः 5.30 से 6.00 बजे तक
जैसे जोड़ों का दर्द, मोटापा मधुमेह, गुर्दो में पथरी, माइग्रेन, दमा आदि का विश्वसनीय इलाज
नशा मुक्ति
शराब छुड़ाएं : शराबी को बगैर बताए शराब छुड़ाएं, साथ ही हर प्रकार का नशा छुड़ाया जाता है
मिले : (विश्वप्रसिद्ध) वैद्यरत्नम
डा राकेश अग्रवाल
(आरोग्यधाम चिकित्सा केन्द्र) के समीप, डी.ए.वी. कॉलेज, आर्य समाज रोड, मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
फोनः 0131-2622326
मो. 9897073600
website: http://www.arogyadham.in
शनिवार-इतवार अवकाश

समस्याओं को लेकर भाकियू का प्रदर्शन, एसडीएम को ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की। उप जिलाधिकारी कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारियों ने तहसीलदार के माधयम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

रविवार को किसान यूनियन के जिलाधयक्ष विजय शास्त्री के नेतृत्व में किसानों ने उप जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने तहसीलदार के माधयम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन देकर बताया कि मौजूदा समय में किसानों को अपनी फसलों में भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिस कारण किसान खेती का काम छोड़ने को मजबूर हो रहा है। अपनी रोजी-रोटी के लिए शहरों में पलायन करने को मजबूर है। सरकार की सही नीति नहीं होने के कारण किसान अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है। कहा कि एमएसपी, गारंटी कानून बनाने में एक कमेटी गठित की जाए। जिसमें संयुक्त किसान मोर्चा को विश्वास हो, कमेटी में नौकरशाहों और किसान के प्रतिनिधियों को अधिक स्थान दिया जाए। एमएसपी पर अभी तक कोई ठोस कानून नहीं बना है। इस कारण कमेटी को सिर से नकारने के अलावा भाकियू के पास अन्य कोई विकल्प नहीं है। हमारी एकमात्र मांग एमएसपी गारंटी कानून को अमल में लाने की दिशा में पहल की जाए। फसलों के उचित लाभकारी मूल्य के लिए स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को केंद्र सरकार लागू करे। इसके लिए सी 2-50 के फार्मूले को लागू किया जाए। सात राज्य सूखे की चपेट में हैं और आधा दर्जन राज्य बाढ़ की चपेट में हैं। ऐसे में फसल चौपट हो गई है। किसानों को धन-जन के अलावा पशुओं की हानि हुई है। सरकार तत्काल ग्राम स्तर पर नुकसान का आंकलन कर किसानों को तत्काल उचित मुआवजे दिलाने की व्यवस्था करें। अग्निपथ योजना से मात्र चार साल बाद चयनित में से 75 फीसदी जवानों की छंटनी से देश के युवा बेरोजगार होंगे। उनके भविष्य और देश की उन्नति के लिए युवाओं को देश की अन्य एजेंसियों जैसे पुलिस, अर्द्धसैनिक बलों में प्राथमिकता के आधार पर अनिवार्य तौर पर चयनित किया जाए। साथ ही चयन न होने तक की दिशा में उन्हें बेरोजगारी भत्ता भी दिया जाए। देश के कई राज्यों में भूमि अधिग्रहण को लेकर चल रहे किसान आंदोलनों के मद्देनजर सरकार एक पोलिसी के आधार पर किसानों की भूमि अधिग्रहीत करे और मांग के अनुरूप मुआवजा राशि सर्किल रेट से चार गुना अधिक किसानों को

दिलाने की दिशा में प्रयास करे। सात राज्य में किसानों को बिजली मुफ्त में देने का काम राज्य सरकार कर रही है। बाकी राज्यों में भी किसानों को मुफ्त बिजली दी जाए। खाद-बीज व कीटनाशक के क्षेत्र समेत अन्य क्षेत्रों में किसानों के नाम पर उद्योगों को दी जा रही सब्सिडी सीधे किसानों को दी जाए।

खूनी संघर्ष में 16 लोगों पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की। खूनी संघर्ष मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 16 लोगों के खिलाफ बलवा समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों को चेतावनी दी है कि वह दोबारा से माहौल बिगाड़ने का प्रयास न करें अन्यथा पुलिस को अपने स्तर से कड़ी कार्रवाई करने के लिए बाधय होना पड़ेगा।

जानकारी के अनुसार गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के पनियाला निवासी टिंकू और रविंद्र पाल में रंजिश चली आ रही है। बीती 29 जुलाई को दोनों पक्षों में रात करीब साढ़े 8 बजे के आसपास धारदार हथियार और लाठी-डंडे चले थे। जिनमें करीब 10 लोग घायल हो गए थे। घायलों को परिजनों ने सिविल अस्पताल में भर्ती कराया था। आनंदपाल और सतीश को गंभीर चोट लगी थी। पुलिस ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की थी। अन्य घायलों का सरकारी अस्पताल में उपचार कराया गया था। इंस्पेक्टर ऐश्वर्य पाल ने बताया कि आनंद उर्फ पिंटू, सुखपाल, रविंद्र, शुभम, भोला, अशोक पाल और सतीश, सोनू, टिंकू, सतबीर, अमित, जयपाल, दीपा, मीनू, ललिता और ममता निवासी पनियाला चंदापुर के खिलाफ बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

आसमा खान के भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंगलौर मंडल अध्यक्ष बनने पर स्वागत

ाह टाइम्स संवाददाता

मंगलौर। भाजपा नेत्री आसमा खान को मंगलौर मंडल के भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की अधयक्ष बनाने पर ग्राम कुरडी के क्षेत्रवासियों ने उनका जोरदार ढंग से फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

भाजपा हाईकमान का आभार व्यक्तद्र करते हुए आसमा खान ने कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चे की जो जिम्मेदारी उन्हें पार्टी नेतृत्व द्वारा सौंपी गई है वे उस पर पूरी निष्ठा से खरा उतरने का प्रयास करेंगे और अधिाक से अधिक संख्या में लोगों को पार्टी से जोड़कर क्षेत्र में पार्टी के जनाधार को बढ़ाया जाएगा। डॉक्टर शराफत प्रधान ने कहा कि भाजपा सभी को साथ लेकर चलती है और सबका साथ, सबका विकास करते हुए राष्ट्रहित के लिए कार्य कर रही है। स्वागत करने वालों में नासिर खान, इंतजार खान, सादिक खान, मुन्ना खान, मेहताब खान, फिरोज खान आदि मौजूद रहे।

प्रॉपर्टी डीलरों के खिलाफ रुड़की में कॉलोनीवासियों ने खोला मोर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की। कुछ दबंग लोगों एवं प्रोपर्टी डिलरों पर कॉलोनी में जबरन रास्ता खोले जाने का आरोप शाकंभरी एनक्लेव वासियों ने लगाया है, इसके साथ कॉलोनीवासियों ने दबंगों से जानमाल का खतरा भी जताया है। कॉलोनी के लोगों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर मामले में कारवाई की मांग की है।

रुड़की सिविल लाइंस कोतवाली पहुंचे शाकंभरी एनक्लेव निवासी लोगों ने बताया कि उनकी कॉलोनी चारों ओर से बंद है। पोश कॉलोनी होने के कारण यहां जमीनों के दाम भी ज्यादा है, जिसका लाभ कुछ प्रोपर्टी डीलर उठाना चाहते हैं और वह जबरन कॉलोनी की दीवार तोड़कर पीछे पड़ी अपनी जमीन का रास्ता कॉलोनी में से निकालना चाह रहे हैं। जिसके कारण यहां का माहौल खराब हो सकता है। कॉलोनी वासियों ने कहा कि वह किसी कीमत पर रास्ता नहीं खुलने देंगे। उन्होंने कहा कि जबरन रास्ता खोले जानेवाले लोगों की जब उन्होंने शिकायत की, तो उनकी ओर से कॉलोनी के कई लोगों को जान से मारने की धमकी मिली। उन्होंने बताया कि कॉलोनी के लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। मांग की कि आरोपियों पर कारवाई की जाए। शिकायता पत्र दन वाला मादनश कुमार त्यागा, अशोक कुमार धीमान, दीपक शर्मा, डॉ. सम्राट सिंह, विपिन तोमर, जेके मलिक, पीके सुखीजा, सुदीप त्यागी, अनिल पवार, विकल त्यागी, नीरज चौधरी, विनोद कुमार, दिनेश खंतवाल, हर्षित चौधरी, दीपक कुमार, आरपी बालियान, नंदकिशोर, पुष्पेंद्र तोमर, पंकज चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

तीज पर महिलाओं ने किया डांस कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की।बेस्ट यूनिटी डांस एकेडमी के सदस्यों की ओर से तीज के अवसर पर रामनगर स्थित एक होटल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती रश्मि चौधरी द्वारा पूजा-अर्चना कर किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन कर श्रीमती रश्मि चौधरी ने सभी को तीज पर्व की शुभकामनाएं दी तथा कहा कि यह त्यौहार सदियों से भारत में मनाया जाता रहा है।रंगारंग कार्यक्रम में सुहागिनों द्वारा गीत एवं नृत्य आदि प्रस्तुत किए गए।डांस एकेडमी के सदस्यों अखिल नैथानी व आकांक्षा गुप्ता ने बताया कि भारतीय संस्कृति के अनुसार सभी त्यौहारों को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है,जिसमें तीज पर्व भी एक ऐसा पर्व है जो हमें रंग-बिरंगे परिधानों के साथ झूला झूलने एवं आपस में मिलजुल कर रहने तथा धारती को हरा-भरा बनाए रखने की सीख देता है।इस अवसर पर गरिमा चौहान, रोहित तोमर,अंशुल तोमर आदि बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

ऑल इंडिया ब्लड डोनर ट्रस्ट ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

रुड़की। ऑल इंडिया ब्लड डोनर ट्रस्ट द्वारा आज पहले रक्तदान शिविर का आयोजन प्राथमिक विद्यालय नंबर ग्यारह पूर्वावली में आयोजित किया गया। मदर टेरेसा रक्तकोष से आई टीम द्वारा इस शिविर में रक्त एकत्र किया गया।

संस्था द्वारा जन कल्याण हेतु लगाए गए रक्तदान शिविर में अनेक रक्तवीरों ने पूरे उत्साह के साथ रक्तदान किया। रक्तदान करने आये रक्तवीरों ने कहा कि वह निरन्तर रक्तदान करते हैं, जिससे किसी को भी रक्त की कमी का सामना न करना पड़े। शिविर में मदर टेरेसा ब्लड बैंक से डॉक्टर नीलिमा, डॉक्टर अभिषेक, डॉक्टर कंचन, सन्नी सैनी, बिटटू, शुभम, माला आदि उपस्थित रहे। शिविर में संस्था के अधयक्ष कवि चौधरी, महामंत्री दीपक चौहान, रवि कुमार, सन्नी सैनी, निखिल पाल, संदीप, अमित गिरी, अभिषेक शर्मा, भाजपा पश्चिम मंडल महामंत्री प्रद्युम्न सिंह पोसवाल, प्रवीण राणा, विकास प्रजापति, अनूप बंसल, दलीप सचिन चौधरी, मास्टर केशव त्यागी आदि सहित भारी संख्या में रक्तवीर एवं सदस्य मेहंदीरत्ता, गौरव त्यागी, मोहित त्यागी, विजय उपस्थित रहे।

लापता किशोरी बरामद अपहरणकर्ता गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

लक्सर। पांच जून को खानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी घास काटने खेतों की तरफ गई थी। इसके बाद से किशोरी लापता हो गई थी। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया था। एसओ खानपुर अरविंद रतूड़ी ने बताया कि सीमापार मुजफ्फरनगर जिले के पुरकाजी थाना क्षेत्र के सीकरी गांव का मेहताब पुत्र इरशाद किशोरी का अपहरण करके ले गया था। मेहताब दो बार पहले ही शादी कर चुका है। शनिवार को वह अपहरण करके ले जाई गई किशोरी के साथ शादी करने की तैयारी में था। बताया कि सीकरी में छापा मारकर मेहताब को गिरफ्तार करने के साथ ही किशोरी को भी उसके पास से बरामद कर लिया गया है। रविवार में मेहताब को जेल भेज दिया गया।

हाजी ने काजी पर लगाया सियासी विरोध खड़ा करने के आरोप

पंचायत चुनाव के मद्देनजर मेरे खिलाफ लोगों को बरगलाया जा रहा: सरवत

शाह टाइम्स संवाददाता

मैंगलोर। बसपा विधायक हाजी सरवत करीम अंसारी ने पूर्व कांग्रेस विधायक काजी

निजामुद्दीन पर आरोप लगाया है कि वह जानबूझकर कुछ लोगों को उनके खिलाफ बरगला कर सियासी विरोध खड़ा करने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। काजी से अपनी हर नहीं पच पा रही है, लेकिन क्षेत्र की जनता ने काजी को उनके कारनामों के बदौलत ही हराने का कम किया है।

बसपा विधायक हाजी सरवत करीम अंसारी ने कहां कि वह क्षेत्र के विकास व जनहितो की रक्षा के लिए पुरी ईमानदारी जिम्मेदारी से कम कर रहे हैं। क्षेत्र की जनता ने जिस उम्मीद के भरोसे उन्हें चुनाव जिताया है, उसे पर वह सौ फीसद खरा उतरने का प्रयास करेंगे। अपने क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ खडे रहेंगे और क्षेत्र के बुनियादी विकास व जनहित की रक्षा के लिए लगातार कम करते रहेंगे। हाजी सरवत करीब अंसारी ने कहा कि पूर्व विधायक से अपनी हर नहीं बच रही है। जनता ने उन्हें उनके कारनामे के वजह से ही जानकारी दिया, लेकिन अब वह जानबूझकर उन का सियासी विरोध खड़ा करने के लिए लोगों को बरगला रहे हैं, ताकि लोग मेरा सियासी विरोध करें लेकिन काजी की यह चाल कामयाब नहीं होगी। क्षेत्र की जनता सब जानती है कि कौन ईमानदार है और कौन चालबाज है।

बसपा विधायक हाजी शरबत करें अंसारी ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र के लोगों को काजी अब पंचायत चुनाव के मद्देनजर बरगला रहे हैं और कुछ लोगों को फिजूल मुद्दों पर मेरा विरोध करने के लिए उकसा रहे हैं, लेकिन जनता सब जानती है और समझती है कि कौन चाल चल रहा है और कौन कम कर रहा है। विधायक हाजी सरवत करीम अंसारी ने कहा कि अब पंचायत चुनाव में भी वह अपने क्षेत्र के अपने समर्थकों को पूरे दमखम के साथ चुनाव लडायेगे और विधानसभा क्षेत्र में सभी पदो पर बसपा समर्थित उम्मीदवारों को भारी संख्या में जीत दिलायेंगे। मंगलोर विधानसभा क्षेत्र की सभी वर्गों की जनता उनके साथ खड़ी है। वह भी उनके सुख-दुख में हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे और क्षेत्र का विकास पुरी ईमानदारी जिम्मेदारी के साथ बिना भेदभाव कम करेंगे।

बरसात से कई गांव के किसानों की फसल जलमग्न, हरे चारे का भी पड़ा टोटा

शाह टाइम्स संवाददाता

लक्सर। क्षेत्र के कई गांव में ऊपर पहाड़ों में ज्यादा बरसात होने से पानी भर गया है, जिससे पशुओं के लिए हरे चारे की परेशानी हो रही है।

क्षेत्र के किसान राजेश राजेश्वर सुनील आदि ने बताया कि खेत से अलग भी आम रास्ते पर एक से डेढ़ फुट पानी भर गया है। उन्होंने बताया करीब 30 गांव को प्रशासन द्वारा अलर्ट कर दिया गया है। जिनमें ढाडेकी मोहम्मदपुर मथाना सहीपुर या याहयापुर हसतमोली बहादराबाद शिवपुरी गंगदासपुर बालावाली गिद्धावाली डूंगरपुरी पंडितपुरी मथाना कुआंखेड़ा मोहम्मदपुर, मायापुर, आलमपुर मर्डर म्हाडा बिला शेरपुर बिला दल्लावाला दाब की खेड़ा जोगा वाला चंद्रपुरी कलशया आदि गांव में पशुओं के लिए हरे चारे की भी समस्या ज्यादा पानी आने से पैदा हो गई है। वही उप जिला अधिकारी गोपाल राम बेनीवाल ने बताया कि गंगा के जलस्तर पर पैनी निगाह रखी जा रही है। अभी कहीं भी खतरे की संभावना नहीं है फिर भी आपदा से निबटने के लिए तहसील प्रशासन पूरी तरह से तैयार है।

मायके गई महिला चार बच्चों संग लापता

शाह टाइम्स संवाददाता

लक्सर। 26 जुलाई को खानपुर के चंद्रपुरी गांव में मायके से ससुराल देहरादून के लिए निकली विवाहिता चार बच्चों संग लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी पता न चलने पर पति ने खानपुर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस विवाहिता व बच्चों की गुमशुदगी दर्ज कर जांच कर रही है।

देहरादून के रानी पोखरी निवासी राकेश कुमार रविवार सुबह खानपुर थाने पहुंचे और एसओ से मिले। उन्होंने तहरीर देकर बताया कि उनकी ससुराल खानपुर के चंद्रपुरी गांव में है। पत्नी निशा से उन्हें बेटा दिव्यांशु, बेटी वंशिका, राधिका और सोनाक्षी भी हैं। बताया कि कुछ दिन पहले पत्नी कुछ दिन मायके में रहने के लिए चारों बच्चों को लेकर चंद्रपुरी गांव आ गई थी। इस दौरान राकेश की पत्नी व बच्चों से कई बार बात हुई। राकेश ने 25 जुलाई को पत्नी को फोन किया और रानी पोखरी आने को कहा। अगले दिन 26 जुलाई को निशा चारों बच्चों के साथ ससुराल रानी पोखरी के लिए निकली, पर वहां नहीं पहुंची। पता चलने पर राकेश ने कई जगह तलाश की, पर पत्नी व बच्चों का कहीं सुराग नहीं लग पाया। एसओ खानपुर अरविंद रतूड़ी ने बताया कि महिला व बच्चों की गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

सामाजिक समरसता व भाईचारे के बढ़ावे के लिए क्षत्रीय समाज निकालेगा रथ यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

रूड़की, अखिल भारतीय क्षत्रि महासभा की बैठक एसडीएम चौक स्थित एक होटल में आयोजित की गई बैठक के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय क्षत्रि महासभा के राष्ट्रीय अधयक्ष महेंद्र सिंह तंवर एडवोकेट रहे। जिनका स्वागत अखिल भारतीय महासभा रुड़की के पदाधिकारियों द्वारा ऊल मालाओं से लादकर बड़ी गर्मजोशी के साथ किया गया।

मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह तंवर एडवोकेट ने बताया कि महासभा की ओर से नौ अगस्त को जम्मू से एक रथ यात्र की शुरुआत की जाएगी। इसका उद्देश्य देश में आर्थिक आधाार पर आरक्षण, महिला सशद्रिकरण व शिक्षा होगा। उन्होंने कहा कि इस रथ यात्र का उद्देश्य सामाजिक समरसता एवं आपसी भाईचारे के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ राज्य सरकारों द्वारा क्षत्रि समाज की छवि धूमिल करने का जो प्रयास किया जा रहा है, वह निद्नीय है, इतिहास को तरोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है उस पर अंकुश लगाया जाए। एससी एसटी कानून के दुरुपयोग पर अंकुश लगाया जाए। उत्तराखंड में यह यात्र 18 अगस्त देहरादून, 19 अगस्त को हरिद्वार और 20 अगस्त को रुड़की पहुंचेगी, यहां यात्र का जोरदार स्वागत किया जाएगा। रथयात्र नौ अगस्त को जम्मू से शुरू होकर पंजाब, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मधय प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, गुजरात आदि प्रदेशों से होकर दिल्ली में 7 अक्टूबर को देश के प्रधानमंत्रि व राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपने के साथ ही समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि महासभा की यह तीसरी रथ यात्र है। बैठक में अखिल भारतीय क्षत्रि महासभा के यूएस पुंडीर, नगर निगम पार्षद अनूप राणा, जसवीर सिंह पुंडीर, आलोक पुंडीर, ठाकुर नरेंद्र सिंह एडवोकेट, जसवीर सिंह राणा, कुलदीप सिंह राणा, अमित सिंह राणा, मोतीलाल कौशल, संजीव कुमार, प्रियंका चौहान, प्रतिभा चौहान आदि मौजूद रहे।

शादीशुदा ने नाबालिग का किया अपहरण, पुलिस ने किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

लक्सर। खानपुर पुलिस ने पहले से दो शादी करनेवाले व्यक्ति के द्वारा नाबालिक का अपहरण कर शादी का दबाव डालने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।

तसव्वर पुत्र तावर अली निवासी ग्राम जोगावाला ने खानपुर पुलिस में एक पत्र देकर बताया कि मेरी नाबालिग पुत्री जंगल में घास लेने अपने परिजनों के साथ गई थी, तो जंगल से ही गैर प्रांत के रहनेवाले मेहताब पुत्र इरशाद निवासी ग्राम सिकरी थाना भोपा जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश के द्वारा मेरी पुत्री का अपहरण कर लिया गया था। उसने बताया मेरे पत्र पर खानपुर पुलिस ने मेहताब के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। वही खानपुर थाना अधयक्ष अरविंद रतूड़ी ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार अपहरणकर्ता को पकड़ने के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया गया था। जिसमें उप निरीक्षक विकास रावत उप निरीक्षक मनीषा नेगी कांस्टेबल सुधाीर कुमार की टीम बनाई गई थी। गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की बताई जगह पर दबिश देकर उपरोक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया उन्होंने बताया। उपरोक्त व्यक्ति को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर लिया गया है, उसको आज माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

डॉक्टर को दर-दर भटका रहा श्रीनगर मेडिकल कॉलेज प्रशासन

माइक्रोबायोलॉजिस्ट डा. श्रद्धा ने लगाए कई गंभीर आरोप

शाह टाइम्स संवाद्दाता

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान अल्मोड़ा में माइक्रोबायलॉजिस्ट पद पर तैनात एक डाक्टर ने श्रीनगर मेडिकल कॉलेज प्रशासन पर उनके जमा दस्तावेजों को वापस नहीं करने का आरोप लगाया है। आरोप लगाते हुए डाक्टर ने कहा कि बांड अवधि पूरी होने के बाद भी कॉलेज प्रशासन उनके दस्तावजों को लौटाने के लिए दर दर भटका रहा है। माइक्रोबायलॉजिस्ट पद पर तैनात डा. श्रद्धा ने आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी बांड अवधि 27 जून 2022 को पूरी हो गई है। लेकिन बांड अवधि

पूरी होने के एक माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी श्रीनगर मेडिकल कॉलेज प्रशासन उनके जमा दस्तावेजों को वापस नहीं कर रहा है। उन्होंने बताया कि मामले में सीएम, डीएम, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा से लेकर पीएम पोटल में गुहार लगाने के बाद भी समस्या का हल नहीं हो पा रहा है। जिस वजह से वो मानसिक तनाव से गुजर रहीं है। उन्होंने कहा कि उनको अब तक प्रमोशन भी नहीं दिया गया है। माइक्रोबायलॉजिस्ट पद पर तैनात डा. श्रद्धा बीते 27 अगस्त 2020 से सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान अल्मोड़ा में अपनी सेवाएं दे रहीं है। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में सेवाएं देने के बाद भी उनकी समस्या का हल नहीं हो पा रहा है। जिससे उनकी परेशानी बढ़ते जा रहीं है। माइक्रोबायलॉजिस्ट पद पर तैनात डा. श्रद्धा ने बताया कि एमबीबीएस करने के पर पांच साल तक बांड की अविधि होती है। लेकिन एमडीएस करने के बाद यह अवधि केवल तीन साल की होती है। उन्होंने बताया कि अवधि पूरी होने के बाद भी दस्तावेज वापस नहीं किए जा रहे है। डाक्टर ने बताया कि उनको अब अपने भविष्य को लेकर चिताएं सताने लगी है। जल्द दस्तावेज वापस नहीं करने पर उन्होंने अग्रिम कार्रवाई की भी चेता. वनी दी है। इधर मेडिकल कॉलेज अल्मोड़ा के प्राचार्य डा. सीपी भैसोड़ा ने कहा कि मामला अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज का नहीं है। मामला श्रीनगर मेडिकल कॉलेज का है।

साप्ताहिक सद्भावना सत्संग का आयोजन

काशीपुर। मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में शिवनगर कालोनी में आयोजित साप्ताहिक सदभावना सत्संग कार्यक्रम में साध्वी स्नेहा बाई ने कहा कि शिव भक्ति को भौतिक जगत तक सीमित समझना गलत है। शिव भक्ति आत्म कल्याण की अति सूक्ष्म अति पवित्र अध्यात्मिक साधना है। महात्मा धर्मदासानंद ने कहा कि भगवान शिव शंकर ने माता पार्वती को अमरनाथ की गुफा में जिस अमर तत्व की अमर कहानी सुनाई थी उसी सत्य का व्यवहारिक ज्ञान माता पार्वती को स्वयं भगवान शिव ने दिया। साध्वी मधुलता बाई ने कहा कि शिवभक्ति समस्त भक्तों के लिए मंगलकारी एवं आत्म कल्याणकारी है। उस भक्ति बोध ही आत्मज्ञान कहलाता है। हर शिव साधक को होना चाहिए। कार्यक्रम में पीके शर्मा, करन सिंह, मदन सिंह, डा. राजकुमार, होरीलाल, दलपत सिंह, उत्तम पात्र, डा.मलखान सिंह, बृजेश गुप्ता, मदन सिंह, शोभा शर्मा, जयवती देवी, राम हरि देवी, लक्ष्मी देवी, माया देवी, बिनीता पात्र, रेनू शर्मा शामिल थे।

मां नंदा सुनंदा महोत्सव कमेटी का पुनर्गठन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

लालकुआं। बिंदुखत्ता के काररोड सरस्वती मॉदिर प्रांगण में मां नंदा सुनंदा महोत्सव कमेटी की बैठक का

आयोजन किया गया। जिसमें नंदा सुनंदा महोत्सव को भव्य रुप से मनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मां नंदा सुनंदा महोत्सव 2022 के आयोजन के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पद के लिए खड़क नाथ, उपाध्यक्ष भवानी नाथ (पप्पू), प्रबंधक गणेश जोशी, उप प्रबंधक ललित सिंह दुबड़िया, सचिव प्रदीप सिंह नौटियाल, उपसचि चव चंदन सिंह बिष्ट, राजेंद्र सिंह दुबड़िया, कोषाध्यक्ष संजय सिंह बिष्ट, उप कोषाध्यक्ष कमलेश सिंह दानू, प्रचार मंत्री गोविंद सिंह गड़िया, नरेश गोस्वामी, संचालक दीवान सिंह गड़िया, मनोज सिंह दानू मीडिया प्रभारी मोहन चंद्र जोशी, पुजारी दिवाकर कांडपाल, सहायक पुजारी चिंतामणि जोशी, कन्नू जोशी, भंडार मैनेजर कुंवर सिंह पंवार, पुष्कर सिंह दुबड़िया के अलावा संरक्षक वीरेंद्र सिंह दानू, अर्जुन नाथ, पंकज दानू, दौलत नाथ, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष खिलाफ सिंह दानू, राजेंद्र चौहान, प्रेम बल्लभ जोशी, मनोज दानू, चंदन फर्सवाण को बनाया गया। बैठक में तय किया गया कि मां नंदा सुनंदा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

निष्पक्ष व त्वरित कार्रवाई की मांग

रानीखेत। शनिवार को यहां इमामबाड़ा सदर बाजार में एक फर्नीचर की दुकान पर सायंकाल पुलिस के छापेमारी कर मौके पर एक युवक और दो युवतियां को पकड़ा। जिस्मफरोशी के शक के बिनाह पर पुलिस युवक और दोनों युवतियां को कोतवाली ले आई थी। रविवार को इस संबंध में व्यापार मंडल पदाधिक. ारियों ने कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक नासिर हुसैन से मुलाकात कर मामले की निष्पक्ष जांच किए जाने की मांग की। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने इस तरह की अनैतिक घटना को शहर के लिए दुर्भाग्यपूर्ण और माहौल खराब करने वाला बताया। इस अवसर पर व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष मोहन नेगी, नगर व्यापार मंडल महासचिव संदीप गोयल, उपाध्यक्ष दीपक पंत, कोषाध्यक्ष भुवन पांडेय, उपसचिव विनीत चौरसिया, मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दीकी, पत्रकार नंद किशोर गर्ग, गिरीश पांडे, दीवान नेगी, कुलदीप कुमार, नईम खान, पीसी सती सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

एक नजर

?प्रभावितों को राहत सामग्री बांटी

बागेश्वर। भारतीय रेडक्रास समिति के चेयरमैन संजय साह जगाती के नेतृत्व में टीम ग्वाड़ पजीना पहुंची। यहां उन्होंने आपदा प्रभावित मदन राम पुत्र गंगाराम को तिरपाल, कंबल, हाइजीन किट, किचन सेट आदि राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई। समिति के जिला सचिव ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि समिति द्वारा आगे की किसी प्रकार की सहायता की जरूरत पड़ने पर सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर पीड़ित परिवार द्वारा समिति का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर उमेश चंद्र जोशी, डा. हरीश सिंह दफौटी, दीपक पाठक, शंकर टम्टा, कैलाश खुल्बे आदि उपस्थित रहे। सचिव आलोक पांडे ने बताया कि भारतीय रेड क्रास सोसाइटी अब तक 18 लोगों को राहत सामग्री बांट चुकी है।

अपने वादे को निभाएं प्रधानमंत्री

बागेश्वर। बागेश्वर-टनकपुर रेल मार्ग निर्माण संघर्ष समिति ने बागेश्वर को रेल मार्ग से जोड़ने की मांग उठाई है। वक्ताओं ने कहा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री रेल मार्ग के लिए बजट स्वीकृत कर टनकपुर में जल्द इसका शिलान्यास करें। पीएम मोदी ने हल्द्वानी में आयोजित चुनावी सभा में वादा किया था। कहा चीन भारत सीमा तक सड़क और रेल लाइन का निर्माण कर चुका है। जबकि हमारे देश को सीमा तक रेल लाइन पहुंचानी चहिए। इस मौके पर प्रवीण कौटी, महेंद्र कोश्यारी, डा. प्रताप सिंह गड़िया, हयात मेहता, किशन राम, सरस्वती गैलाकोटी, पार्वती पांडे, सावित्री परिहार, गीता रावल, इंदिरा जोशी, लक्ष्मी धर्मशक्तू आदि मौजूद रहे।

भट्ट के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर हर्ष

बागेश्वर। भाजपा कार्यकर्ताओं ने महेंद्र भट्ट के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर खुशी जताई। इस दौरान उन्होंने मिठाई बांटकर एक दूसरे का मुंह मीठा किया। भाजपा पार्टी कार्यालय मंडलसेरा में रविवार को कार्यकर्ता एकत्रित हुए। उन्होंने कहा कि भट्ट के अध्यक्ष बनने से पार्टी पहले से और अधिक मजबूत होगी। कार्यकर्ताओं ने कंधे से कंधा मिलाकार साथ देने का संकल्प दोहराया। उन्होंने इसके लिए केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, उपाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, रवि करायत, खड़क दफौटी, भावना धपोला, विमला कपकोटी, आदर्श कठायत, मनोज ओली आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मेधावी छात्रों को सम्मानित किया

बागेश्वर। विवेकानंद विद्या मंदिर मंडलसेरा में बोर्ड परीक्षा 2022 और 23 में सम्मानित होने वाले छात्र छात्राओं के अभिभावकों की एक बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षा विद कैलाश चंद्र कांडपाल द्वारा की गई। बैठक में अभिभावक समिति के अध्यक्ष उत्तम सिंह टाकुली एवं प्रबंधक कुंदन सिंह परिहार द्वारा संयुक्त रूप से बैठक की शुरुवात की गई। बैठक में विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं जिन्होंने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए थे उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अब्बल सिंह तोमर ने कहा कि विद्यालय में सभी अभिभावक समय समय आकर अपने बच्चों की प्रोग्रेस रिपोर्ट एवं उनकी गतिविधियों पर नजर रखें। ताकि आने वाले दिनों के बच्चे और बेहतर प्रदर्शन कर सके। बैठक में अभिभावकों ने आने वाले दिनों में परीक्षाफल और बेहतर करने के लिए सुझाव दिए गए। बैठक में दर्जनों अभिभावक मौजूद थे।

बिजली चोरी में तीन पर मुकदमा दर्ज

काशीपुर। कुण्डेश्वरी क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाती ऊर्जा निगम की टीम ने तीन लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ लिया। मामले में उपखण्ड अधिकारी पंकज सिंह की ओर से हरिनगर ढकिया नं. एक निवासी सुरेन्द्र सिंह पुत्र धूम सिंह, सतपाल पुत्र तेजा व शिवम पुत्र रामव. ीर के खिलाफ धारा 135 विद्युत अधिनियम में केस दर्ज कराया गया है।

चाकू के साथ एक गिरफ्तार

काशीपुर। प्रतापपुर पुलिस चौकी में तैनात कांस्टेबल राजीव सिंह ने चौकी क्षेत्रान्तर्गत मीनावती फार्म के निकट से प्रतापपुर निवासी विनोद पुत्र मिट्ठन को एक अद्द नाजायज चाकू समेत गिरफ्तार कर धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत उसका चालान किया है।

मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

काशीपुर। मारपीट व गालीगलौच कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में मौहल्ला लाहोरियान निवासी अभिषेक पुत्र स्व. प्रमोद कुमार ने बताया कि बीती 8 जुलाई की रात करीब साढ़े बारह बजे वह अपने दोस्त के यहां आयोजित पार्टी में शामिल होकर घर आ रहा था कि गंगेबाबा मॉदिर के समीप मौहल्ला किला निवासी जितेन्द्र व अनिल पुत्रगण डल्लू तथा राहुल पुत्र बलराम ने उसे रोक लिया और गालीगलौच करने लगे। विरोध करने पर उस पर हाथ में पहने कड़े, ईंट व धारदार हथियार से हमला बोल दिया। हमले में उसके घायल हो जाने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शिक्षा में नवाचार पर जोर

शाह टाइम्स संवाद्दाता

बागेश्वर। शिक्षण प्रशिक्षण एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा को लेकर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीएम रीना जोशी ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार पर जोर दिया। परामर्श समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने इस दौरान पर्यावरण संरक्षण और संवर्द्धन के लिए पौधारोपण भी किया। जिलाधिकारी ने डायट की गतिविधियों को सराहा। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार पर जोर दिया। बच्चों को और प्रभावशाली और गुणवत्तापरक शिक्षा देने को कहा। नियोजन प्रबंधन विभाग के प्रवक्ता कैलाश प्रकाश चंदोला ने गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए भौतिक एवं मानवीय संसाधन विकास के प्रयासों की जानकारी दी। समिति के सदस्यों ने प्रभावशीलता

बढ़ाने पर जोर दिया। समिति ने शिक्षक, शिक्षा वार्षिक कार्ययोजना के लिए 121.1 लाख रुपये अनुमोदित किए। जिसमें 68.7 लाख सिविल, 25 लाख कार्यक्रम, गति. विधि पांच लाख, क्रियात्मक शोध एवं विविध शोध, 20 लाख अनुदान और 2.40 लाख तकनीकी को स्वीकृत किए। प्राचार्य डा. शैलेंद्र सिंह धपोला ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर सीईओ जीएस सौन, डीपीओ अनुलेखा बिष्ट, एडीआईओ गोविंद सिंह बिष्ट, खंड शिक्षा अधिकारी चक्षुपति अवस्थी, कमलेश्वरी मेहता, एमसी जोशी, प्रेम सिंह मावड़ी, संदीप जोशी आदि थे।

निबंध में मानसी व चित्रांश अव्वल

बागेश्वर। महर्षि विद्या मंदिर सैंज बागेश्वर में हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राथमिक और जूनियर वर्ग में हुई प्रतियोगिता में छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के निबंध लिखे गए। छात्रों द्वारा विभिन्न विषयों त्योहारों, विभिन्न संस्कृतियों, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जीवनी सहित अन्य विषयों पर निबंध लिखे गए। वहीं निबंध प्रतियोगिता में शिक्षकों द्वारा उत्कृष्ट छात्रों का मूल्यांकन किया गया। प्राथमिक वर्ग में मानसी सतवाल प्रथम, विधि परिहार दितीय, दक्ष मेहता तृतीय रहे, जबकि जूनियर वर्ग में चित्रांशी प्रथम, बबीता बिष्ट द्वितीय, नव्या पांडेय तृतीय रहे। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या कविता कांडपाल शिक्षक सतीश पांडेय, सुरेश कांडपाल, रमेश दानू, निर्मला बिष्ट, पूनम कठायत, किरन परिहार, तनुजा तिवारी, मनीषा रस्तोगी थे।

भाजपा-कांग्रेस ने राज्य को लूटा

शाह टाइम्स संवाद्दाता

बागेश्वर। उत्तराखंड क्रांतदल की रविवार को बैजनाथ विश्राम गृह में एक बैठक आहूत हुई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि अब चुप्पी तोड़ो अभियान की शुरूआत की जाएगी। इस अभियान को लेकर कार्यकर्ता गांव-गांव जाएंगे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा ने प्रदेश में लूट करने की प्रतिस्पर्धा की है। कौन कितना अधिक लूट सकता है। उन्हें लोगों की पीड़ा से कोई लेना-देना नहीं है। महंगाई चरम पर है। विपक्ष आंखें बंद कर सोया है। इस कारण जनता पिस रही है। गरुड़ तहसील के बैजनाथ विश्राम गृह में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड में कृषि, पशुपालन और पारंपरिक उद्योग तेजी से सिकुड़ रहे हैं और सरकारों को इस खतरे की चिंता करने की फुर्सत भी नहीं है। आरोप लगाया कि राज्य बनने के बाद के दो दशकों में हमारा राज्य भाजपा कांग्रेस के आठ मुख्यमंत्री तो ठेल चुका है। जनता का वह मुख्यमंत्री अभी तक नहीं मिला है जो राज्य को राज्य निर्माण की जन भावनाओं के अनुरूप खड़ा करने की शुरुआत कर सकता। राज्य के हित में नागरिकों को हर कदम पर चुप्पी तोड़नी होगी। बागेश्वर विधानसभा को लंबी दूरी के आरक्षण से मुक्त करवाने के लिए उत्तराखंड क्रांति दल को ही इस सत्य के साथ चुप्पी तोड़नी होगी। राजनैतिक विचारों का विकास ही किसी क्षेत्र के समग्र विकास का सही पथ है। कत्यूर के मंदिरों की पुरातन कैदखानों से मुक्त कराने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हीरा बल्लभ भट्ट ने किया। इस मौके पर डीके जोशी, भुवन चंद्र जोशी, सुंदर सिंह, राजेंद्र थायत, योगेश पांडेय, विपिन बिष्ट, सुंदर भरड़ा, खीम सिंह राना, गोपाल वनवासी थे।

सरयू नदी में कूदा युवक

शाह टाइम्स संवाद्दाता

बागेश्वर। कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत बागनाथ मॉदिर के पास बने पुल से रविवार की सुबह एक युवक ने उफनाती सरयू में कूद लगा दी और वह बह गया। सूचना के बाद दमकल विभाग की टीम खोजबीन में लग गई है। तहसीलदार दीपिका आर्या ने बताया कि रविवार की सुबह बागनाथ मॉदिर से नुमाईशखेत खेत को जाने वाले पुल से पवन पुत्र भगत राम निवासी निकट ट्रामा सेंटर ने सरयू नदी में कूद मार दी। जानकारी लेने पर पता चला कि कूद लगाने वाला युवक नशे में भी था। इधर घटना के बाद से परिजन परेशान हैं। उनके रिश्तेदार आदि भी नदी किनारे खोजबीन में लगे हैं। जबकि पुलिस एवं दमकल की टीम बारिश में भी युवक की खोजबीन ने लगी रही।

उपनल कर्मियों को बाबा बागनाथ का भरोसा

बागेश्वर। दो महीने से आंदोलित उपनल कर्मियों को अब सरकार से उम्मीद कम होने लगी है। उन्हें बाबा बागनाथ पर ही भरोसा रह गया है। सरककार की शुद्धि-बुद्धि को कर्मचारियों ने उन्हें जल चढ़ाया। रविवार की सुबह आंदोलित कर्मी सरयू में गए। वहां से जल लिया और उसमें दूध मिलाकर बाबा बागनाथ को चढ़ाया। पूजा अर्चना करने के बाद बाहर आए। आंदोलित कर्मचारियों ने बतया कि वह दो महीने से आंदोलन की राह पर हैं, लेकिन सरकार उनकी सुन नहीं रही है। अब उन्हें बाबा पर ही भरोसा है। वहीं सरकार की आंखें खोलेंगे। इसके लिए उन्होंने 108 लोटा जल बाबा बागनाथ को चढ़ाया है। सरकार की शुद्धि-बुद्धि को पूजा भी की है। इस मौके पर बलवंत सिंह, सुरेश चंद्र, संजय कन्नोजिया, हरीश गिरी, पूजा कन्नोजिया आदि मौजूद रहे।

भाविप ने मनाया तीजोत्सव

शाह टाइम्स संवाद्दाता

काशीपुर। भारत विकास परिषद ने श्रावण तीज पर्व की पूर्व संध्या पर लीला मैदान में शनिवार को आयोजित मेहंदी तीजोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रांतीय

परंपरा मेहंदी तीजोत्सव मेले का आयोजन किया। मेले में महिलाओं ने प्रतिभाग कर तीज महोत्सव का लुत्फ उठाया। रामनगर रोड स्थित श्रीराम संयोजिका महक बंसल समेत संगठन के कई पदाधिकारियों ने किया। मेले में हैंडलूम, शृंगार, ड्रेस, ज्वेलरी, गृह सज्जा समेत खानपान के स्टाल सजे थे। जहां लोगों ने खरीदारी कर खानपान स्टालों पर स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। मेले में महिलाओं के लिए उचित मूल्यों पर मेहंदी लगाने की व्यवस्था की थी। मेले की आयोजिका सुरभि बंसल ने बताया कि स्वस्थ बालिका-महिला स्वच्छ भारत के तहत एनीमिया, बीपी, शुगर की निशुल्क जांच भी की गई। जहां कई महिलाओं ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। हर घंटे लकी ड्रा भी निकाले गए। मेहंदी प्रतियोगिता के साथ कई प्रतियोगिताएं भी हुईं। इस दौरान क्षेत्रीय सचिव अजय अग्रवाल, अध्यक्ष प्रियांशु बंसल, रामनगर शाखा की सह संयोजिका नेहा गुप्ता, काव्या अग्रवाल, मिलन अग्रवाल, रेशु अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, विभु गोयल, आशीष गोयल आदि रहे।

प्रभारी सब रजिस्ट्रार को घेरा

शाह टाइम्स संवाद्दाता

काशीपुर। बैनामा पंजीकरण में नए नियम लागू करने से अधिवक्ताओं

का आक्रोश भड़क उठा। अधिवक्ताओं ने प्रभारी उपनिबंधक का घेराव कर नए नियमों का विरोध किया। काशीपुर के उपनिबंधक कार्यालय में बैनामे पंजीकृत कराने पहुंचे अधिवक्ताओं को बताया गया कि बैनामे पर गवाही देने वाले व्यक्तियों की आईडी भी अनिवार्य रूप से लगाई जाएगी। क्रेता और विक्रेता को आईडी के साथ पूर्ण विवरण देना होगा। नए आदेश के विरोध में शनिवार को तहसील के अधिवक्ताओं ने सब रजिस्ट्रार कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने प्रभारी सब रजिस्ट्रार प्रकाश बिष्ट से समस्या सुलझाने की मांग की। कहा कि नए नियम लागू होने पर रजिस्ट्री संबंधी प्रक्रिया को नए सिरे से समझना होगा। ऐसे में बार-बार रजिस्ट्रियां लौटाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। दस्तावेजों की संख्या बढ़ने से रजिस्ट्री का खर्च भी बढ़ेगा। उनका कहना था कि बैनामे में दस्तावेज लेखक आदि को गवाह की मान्यता न दी जाए ताकी मामला कोर्ट या थाने में जाने पर अधिवक्ताओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान अधिवक्ता अक्षय कुमार नायक, पवन कुमार, सुधीर चौहान, सुनील यादव, रोहित अरोरा, नरेश पाल, मनोज कुमार जोशी, शादाब हुसैन अशरफी थे।

घर में चोरी करने घुसा युवक पुलिस को सौंपा

शाह टाइम्स संवाद्दाता

काशीपुर। चोरी के इरादे से घर में घुसे एक युवक को गृह स्वामी ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पर्वतीय कालोनी निवासी घासीराम के घर में बीती रात्रि एक युवक चोरी के इरादे से घुस आया। घासीराम ने परिवार वालों की मदद से उसे धर दबोचा और कटोरातल पुलिस चौकी के हवाले कर दिया। पकड़ा गया युवक पड़ोस में ही सुनील नामक व्यक्ति के यहां किराए पर रहता है। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम सावंत कुमार बताया है। सावंत मूल रूप से झारखंड का रहने वाला है। उधर पुलिस ने बताया कि सावंत जिस मकान में रहता है। उसके मकान मालिक द्वारा उसका सत्यापन भी नहीं कराया गया है।

खत्री सभा में भी रही धूम

शाह टाइम्स संवाद्दाता

काशीपुर। स्थानीय श्री खत्री सभा भवन में तीज का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया। उत्तराखंड महिला

विंग की अध्यक्षा डॉ. इला मेहरोत्रा, नगर अध्यक्षा मोनिका मेहरोत्रा,श्वेता मेहरोत्रा, नवदीप मेहरोत्रा और उनकी टीम के प्रयास से हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। खत्री समाज की बुजुर्गों महिलाओं ने भी इस उत्सव में भाग लेकर सभी को आयोजन के लिए आशीर्वाद दिया। डॉ. इला मेहरोत्रा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान स्वतंत्र मेहरोत्रा ने बताया कि डॉ. इला मेहरोत्रा ने जब से काशीपुर खत्री सभा का महिला विंग अध्यक्षा पद का चार्ज लिया तब से अब तक खत्री सभा में खत्री समाज के अनगिनत कार्यक्रम होते रहे हैं जिसके कारण खत्री समाज में पुनः जागरूकता पैदा हुई है। इस अवसर पर खत्री सभा के अध्यक्ष दिलीप मेहरोत्रा, अजय मेहरोत्रा, स्वतंत्र कुमार मेहरोत्रा, मधु मेहरोत्रा सहित बड़ी संख्या में खत्री समाज की महिलाओं ने भाग लिया।

कोतवाली में स्वास्थ्य शिविर

शाह टाइम्स संवाद्दाता

काशीपुर। काशीपुर क्लीन एंड ग्रीन फाउंडेशन एवं डॉ. लाल पैथ लैब के संयुक्त तत्वाधान में कोतवाली में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ प्रदीप मिश्रा एसएसआई, ट्रेफिक इंस्पेक्टर नरेंद्र मेहरा, महिला दरोगा रूबी मौर्या, दरोगा प्रदीप पंत, जसवंत सिंह को पौधा भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने अपनी जांच कराई। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष अजय चौधरी के कुशल मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहते हैं।

अध्यक्ष सर्वेश बंसल ने संस्था के कार्यों पर प्रकाश डाला। उपाध्यक्ष गौरव गुप्ता ने कहा कि संस्था जन हितैषी उद्देश्य के लिए सदैव तत्पर रहती है। इसी क्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। डा. लाल पैथ लैब के उत्तराखंड हेड विवेक शाह ने कहा कि जनता में स्वास्थ्य के प्रति सजगता व जागरूकता लाने के लिए लैब इस तरह के प्रयास करते रहती है। संस्था की ओर से शशिकांत गुप्ता, अर्चना लोहानी जी, देशवीर पाल, वीरेंद्र गर्ग, प्रमोद बंटी आदि ने सहभागिता की। जांच शिविर में नरेंद्र सिंह मेहरा (कोतवाल), यूनुस, पंकज, अनिल सिंधवानी, दीपक वीरेंद्र प्रताप, हरिश. चंद्र, सुरेंद्र सिंह, आनंद सिंह, वंदना अग्रवाल आदि अनेक पुलिसकर्मी एवं उनके परिवार आदि ने स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ लिया।

सुंदरकांड पाठ का आयोजन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

काशीपुर। वैशाली कालौनी स्थित श्री शिव मंदिर में शनिवार सायं

आयोजित श्री सुंदरकांड पाठ करने व सुनने को बड़ी संख्या में रामभक्त पहुंचे। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्ति, भावना, आस्था और विश्वास का अनूठा दृश्य देखने को मिला। श्रद्धालुजन भगवान श्रीराम व बजरंग. बली की भक्ति में सराबोर थे। इस अवसर पर राजेन्द्र प्रसाद राय, डा. महेश अग्निहोत्री, केके अग्रवाल एडवोकेट, स. कमलजीत सिंह सिद्धू, राजाराम साहू, राम प्रकाश श्रीवास्तव, रामस्वरूप यादव, ब्रज किशोर मिश्रा, प्रशांत चौहान, अनार सिंह पाल, अमित चौहान, योगाचार्य जय प्रकाश शर्मा, पुलकित राय, राजीव जायसवाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। उधर, धर्म यात्रा महासंघ अध्यक्ष आरपी राय ने बताया कि श्रीराम मंदिर निर्माण प्रारंभ होने के उपलक्ष्य में आगामी 5 अगस्त को द्वितीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा।

चुनौतियों से जूझ रहा है देश

शाह टाइम्स संवाद्दाता

अल्मोड़ा। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति का सातवां जिला सम्मेलन रविवार को प्रेरणा सदन में आयोजित किया गया। इस दौरान दिवंगत साथियों, शहीद जवानों, कोरोना के दौरान बिछड़ गए साथियों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। जिसके पश्चात जिला सचिव द्वारा वर्ष 2019 से अब तक संगठन द्वारा किए गए कार्यों पर राजनीतिक व सांगठनिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिस पर संगठन के सभी साथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए साथियों ने बताया कि आज देश बड़ी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। जहां एक ओर बेरोजगारी अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच चुकी है और रोजगार के अवसर खत्म होते जा रहे

हैं वही शिक्षा, स्वास्थ्य आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा हैं। मोदी सरकार चंद बड़े कारपोरेट घरानों को भारी छूट देकर जनता के पैसे को मनमाने तरीके से खर्च कर रही है। ऐसे में यह नीतियां अमानवीय तथा जनता के साथ धोखा है। सरकार मुख्य मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए सांप्रदायिक सोच को बढ़ावा देकर समाज में फूट डालने का कृत्य बड़ी बेशर्मी के साथ कर रही है। इस दौरान वहां उत्तराखंड किसान सभा के दिनेश पांडे, सीटू के आरपी जोशी, संगठन राज्य अध्यक्ष व केंद्रीय कमेटी सदस्य सुनीता पांडे जनवादी नौजवान सभा के राज्य अध्यक्ष यूसुफ तिवारी, मुन्नी प्रसाद, रजनी पंत आदि मौजूद रहे।

व्यापारियों और प्रशासन में तनातनी

पॉलीथिन और प्लास्टिक के खिलाफ अभियान से बाजार में मचा हड़कंप

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय और सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाया। टीम ने नवीन मंडी और सब्जी मंडी में अभियान चलते हुए पांच प्रतिष्ठानों से प्रतिबंधित सामग्री मिलने पर 610000 चालान की कार्रवाई की गई, जबकि 3 कुंतल सामान जब्त कर लिया गया। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय की अगुवाई में रविवार को नवीन मंडी और सब्जी मंडी में औचक छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान शम्मी ट्रेडर्स, अब्दुल शाकिब, फारुकी ट्रेडर्स, चौहान एंटरप्राइज़ेज़, जीपी रोप वर्क्स के व प्रतिबंधित सामग्री पायी गयी। जिस पर दुक. नदारों पर 610000 रूपए की चालान की कार्रवाई की गई। जबकि 3 कुंतल सामान जब्त कर लिया गया। अभियान में नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय के साथ सिटी मैजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में मंगल पढ़ाओ सब्जी मंडी में पॉलिथीन इस्तेमाल और बेच रहे लोगों के प्रतिष्ठानों में छापेमारी की। अभियान, प्रतिबंधित सामग्री बेचने के खिलाफ था। जिस दौरान व्यापारियों ने एकत्रित होकर हंगामा खड़ा कर दिया और सरकारी कार्य को अव्यवस्थित कर दिया। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने व्यापारियों के हंगामे से नाराज होकर एक व्यापारी को जेल में बन्द तक करने के आदेश दे दिए। व्यापारियों ने प्रशासन और नगर निगम पर उत्पीड़न का आरोप लगा दिया। हालांकि बाद में व्यापरियों ने अधिकारियों से माफी मांगकर मामले को रफा दफा कर दिया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष योगेश शर्मा ने प्रशासन पर नाराज होते हुए कहा कि अगर वो शांत हैं तो क्या प्रशासन उनके सिर पर बैठेगा? प्रशासन और व्यापारियों के बीच प्लास्टिक की थैलियां और सामान जब्त करने को लेकर देर तक हंगामा होते रहा, जिसका वीडियो बन गया। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने जानकारी देते बताया कि पॉलिथीन की बिक्री पूरी तरीके से बैन हो गई है, बावजूद इसके कुछ व्यापारी पॉलिथीन की बिक्री कर रहे हैं। ऐसे में आज नगर निगम की टीम ने मंगल पड़ाव सब्जी मंडी और बरेली रोड नवीन मंडी में पॉलिथीन के विरुद्ध छापेमारी की कार्रवाई की है, जिसमें 6 व्यापारियों पर 610000 चालान की कार्रवाई की गई है। इस दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनोज कांडपाल, सहायक नगर आयुक्त गौरव भसीन, तहसीलदार सचिन कुमार व निगम कर्मी मौजूद रहे।

...इधर रामनगर में चलाया गया अभियान

रामनगर। प्रशासन, नगर पालिका और कोतवाली पुलिस ने जिलाधिकारी नैनीताल के आदेश पर रामनगर में सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन, क्रय विक्रय, परिवहन और भण्डारण को प्रतिबन्धित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। अभियान के तहत टीम ने सभी को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के सम्बन्ध में जागरुक किया गया और सिंगल यूज प्लास्टिक के बजाय अन्य विकल्पों का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। तहसीलदार बीसी पंत, नायब तहसीलदार दयाल चंद्र मिश्रा, स्वास्थ्य निरीक्षक राजकुमार भारती, राजस्व निरीक्षक संजय सिंह मनराल, एसएसआई प्रेम विश्वकर्मा, एसआई नीरज चौहान, देवेंद्र बिष्ट रहे।

मालधनचौड़ में व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

रामनगर। ग्राम मालधनचौड़ क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। रविवार की दोपहर ग्राम मालधनचौड़ निवासी 48 वर्षीय जीत सिंह शनिवार की रात अपने घर से अपने खेत के लिए कह कर गया था लेकिन पूरी रात घर वापस नहीं आया रविवार की सुबह परिजनों ने इसकी जानकारी चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह मेहता को दी जिसके बाद पुलिस ने इसकी परिजनों के साथ खोजबीन शुरू की मामले में चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह मेहता ने बताया कि जीत सिंह का शव गांव से भोगपुर को जाने वाले पुराने रास्ते में बरामद हुआ जिसकी शिनाख्त के परिजनों द्वारा की गई वही मामले में कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले में मृतक के परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने किया पौधारोपण

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति विपिन सांघी, वरिष्ठ न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय एसके मिश्रा के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल द्वारा आज सांय को सिविल कोर्ट हल्द्वानी व रामपुर रोड पंचवाटिका में फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया। प्रशासनिक न्यायमूर्ति मनोज तिवारी, जिला जज राजेन्द्र जोशी, अपर जिला जज हल्द्वानी नीलम, पोक्सो विशेष न्यायाधीश नन्दन सिंह राणा व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रमेश सिंह ने फलदार, आंवला, बेल व अन्य पौधों का रोपण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पर्यावरण संरक्षण व सम्वर्द्धन की दिशा में फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया है जिससे पर्यावरण संरक्षित रहेगा व संतुलित होगा। इस अवसर पर प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज पुनीत, सचिव तहसील विधिक सेवा समिति विशाल गोयल, अपर मुख्य न्यायाधीश अखिलेश पांडेय व अन्य न्यायिक गण उपस्थित थे।

झील का जलस्तर बढ़ा

नैनीताल। शहर में रविवार दोपहर व शाम को लगातार पानी बरसा। इस दौरान जनजीवन प्रभावित हुआ। झील का जल स्तर पांच फिट के करीब जा पहुंचा है। नगर में12 बजते ही बारिश शुरू हो गई जो डेढ़ बजे तक जारी रही। इस बीच लोग जहां के तहा ठिठकने को मजबूर हो गए। सड़के जलमग्न हो गई। नालों के उफन में आने से कूड़े कचरे के ढेर नैनी झील में समा गए। बाद में बारिश तो थम गई, लेकिन रुक रुककर हल्की वर्षा जारी रही। तेज बारिश के चलते नगर से लगे राजमार्गों पर मामूली भूस्खलन भी हुआ। वीकेंड पर नगर भ्रमण पर पहुंचे सैलानी भी बारिश के दौरान घूमने नही जा सके। बरसा थमने के बाद ही नजदीकी पर्यटन स्थलों तक पहुंच सके। सिंचाई विभाग के झील नियंत्रण कक्ष के अनुसार झील का जल स्तर बढ़कर पांच फिट पहुंच गया है।

पुलिस परिवार के मेधावी बच्चे सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। सीबीएसई परीक्षा में बेहत. रीन प्रदर्शन करने वाले पुलिस परिवार

एसएसपी ने बढ़ाया हौसला कॅरियर काउंसिलिंग सेशन की होगी शुरुआत

के बच्चों के लिए एसएसपी पंकज भट्ट ने सराहनीय पहल शुरू कर है। बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए कॅरियर काउंसिलिंग सेशन की शुरूआत करने का निर्णय लिया गया है। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले जिलेभर के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। रविवार को बहुउद्देशीय पुलिस भवन में मेधावी छात्रों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसएसपी पंकज भट्ट ने बच्चों को कड़ी मेहनत व परिश्रम करने तथा उनके माता-पिता को अपना अमूल्य योगदान के लिए बधाई दी गई। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा किवह इसी तरह से मेहनत और लगन से पुलिस परिवार का नाम रोशन करें। इस दौरान मेधावी बच्चों के लिए कॅरियर काउंसिलिंग सेशन आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया, ताकि बच्चे अपने भविष्य को बेहतर बना सकें। कॅरियर काउंसिलिंग सेशन में बच्चों का मार्गदर्शन कर उन्हें कॅरियर बनाने के टिप्सदिए जाएंगे। एसएसपी पंकज भट्ट ने भूमिका भैसोड़ा, देवराज वर्मा, गौरव जोशी, अनुष्का आर्या, प्रशस्ति चन्द्रा, अंशुल कुमार, अंतरा कुमारी, दीवांजलि, दमनजीत बल, तनु पुंडीर, आंकाक्षा बिष्ट, स्नेहा जोशी, मानसी मेहर, निखिल सिंह, सोनी मेहर, प्रज्ञा सिंह, आयुषी गोस्वामी, ललित गिरी, निखिल वर्मा, प्रियांशी रानी, आयुष कोहली, हिमांशु कम्बोज, प्रियांशु सिंह, खुशी आर्या को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसपी क्राइम/ ट्रैफिक डा. जगदीश चंद्र, एसपी सिटी हरवंश सिंह, सीओ नितिन लोहली, विभा दिक्षित सीओ यातायात समेत जिले भर के अधिकारी व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

मामा ने भांजी की अस्मत लूटी

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। रिश्तों को कलंकित करने का एक मामला सामने आया है। कलयुगी मामा ने ने दरिंदगी की हदें पार करते हुए अपनी दिव्यांग भांजी के साथ ही वहशियाना हरकत की है। पीड़िता की मां ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। वनभूलपुरा क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि उसकी 22 साल की दिव्यांग बेटी है। उसके मामा ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। महिला के पति का पहले ही देहांत हो चुका है। उसकी दिव्यांग बेटी जो बोल नहीं पाती है, अपने पिता के मकान में रहती है। मकान के दूसरे माले में उसके भाई का परिवार रहता है। महिला के अनुसार पिछले कुछ समय से उसकी बेटी डरी सहमी रहने लगी, जब भी वह अपने मामा को देखती अचानक रोने लगती और कमरे में जाकर छिप जाती। पहले तो मां नहीं समझ पाई, मगर एक दिन जब मां ने बेटी से इस अजीब व्यवहार के लिए पूछा तो लड़की ने इशारे में उसे बताया कि उसके साथ मामा ने दुष्कर्म किया है। महिला का कहना है कि उसके भाई ने पीड़िता के बीमार और नहीं बोल पाने की मजबूरी का फायदा उठाते हुए उसका यौन शोषण किया। महिला का कहना है उसका भाई पहले भी इन्हीं हरकतों के कारण जेल जा चुका है, जिसकी वजह से पिता ने उसे बेदखल कर दिया था। जब महिला ने अपने भाई से पूछताछ की तो वह जान से मारने की धमकी देने लगा। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

उत्पात मचाने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

अल्मोड़ा। द्वाराहाट पुलिस द्वारा मिशन मर्यादा के तहत चेकिंग के दौरान धर्मगांव रानीखेत रोड में शराब पीकर उत्पात मचाने पर एक व्यक्ति विवेक साह पुत्र अतुल साह निवासी नीना सदन, माल रोड लक्ष्मेश्वर, जनपद अल्मोड़ा का धारा 81 पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत गिरफ्तार कर सरकारी अस्पताल मे डाक्टरी मुआयना कराया गया। वही पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम के लिए सघन अभियान चलाया गया। जिसमें थानाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिष्ट द्वारा थाना क्षेत्र में व चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अवनीश कुमार द्वारा बग्वालीपोखर क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 15 वाहन चालकों के विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी।

एक नजर

नैना ने किया नैनीताल का नाम रोशन

शाह टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। सरोवर नगरी की प्रतिभाओ ने समय समय पर देश दुनिया में अपना और नगर का नाम रोशन करते आए हैं, उसी कड़ी को बरकरार रखते

एक नाम है नैनीताल नगर के सामाजिक कार्यकर्ता विजय अधिकारी की सुपुत्री नैना अधिकारी का जो जर्मनी में आयोजित कैनो वर्ल्ड चैंपियनशिप 2022 प्रतिभाग करेंगी। नैना अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में चयन उन्होंने निजी प्रयासों से पाया है उनके पत्राचार आदि के बाद ही उन्हें प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जर्मनी से पत्र भेजा गया। बता दें कि सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा रही नैना अधिकारी कई केनोइंग प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर चुकी हैं। साथ ही उन्हें कई पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है। वह गंगा नदी के अलावा सतलुज नदी में भी केनोइंग कर चुकी है। नैना अधिकारी की इस उपलब्धि पर नैनीताल नगर के क्षेत्रवासियों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

चिल्ड्रन फुटबॉल प्रतियोगिता आज से

नैनीताल। सीआरएसटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के तत्वाधान में सोमवार से डीएसए मैदान में एचएन पांडे इंडिपेंडेंस डे चिल्ड्रन फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू हो रही है। प्रतियोगिता 15 अगस्त 2022 तक डीएसए ग्राउंड मल्लीताल में खेला जाएगा । बता दें कि 15 अगस्त 1947 को शुरू हुए इस फुटबॉल टूर्नामेंट की विशेषता है की कक्षा 8 तक के विद्यार्थी जिनकी ऊंचाई 4 फीट 9 इंच से कम है वे इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

बारिश की भेंट चढ़े खेत

नैनीताल। सरोवर नगरी से सटे मोना ग्रामीण क्षेत्र में धान के दर्जनों खेत तेज बारिश के भेंट चढ़ गए। इस आपदा में किसानों को लाखों रुपए हो गया है। ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग की और मोना पूल की मरम्मत करने की अनुरा.

ध जिला प्रशासन से किया है। नाइसिला ग्रामसभा स्थित मोना ग्रामीण क्षेत्र में गत दिवस आई तेज बारिश में 25 नाली खेतों में मालवा भर गया और कई खेत बह गए। स्थानीय निवासी सोनू ने बताया कि यह क्षेत्र उपेक्षित रहा है। रोजी रोटी का एकमात्र साधन था, जो अब आपदा के भेंट चढ़ गया। खेतों में धान रोपे हुए थे। फसल काफी बड़ी हो गई थी और उम्मीद थी कि इस फसल से ग्रामीणों की अच्छी आय हो जाएगी। इन दिनों खेतों के ऊपर निर्माणाधीन सड़क का मलवा खेतों के ऊपर आ गया है। जिसे साफ करने में काफी समय लग जाएगा। इस ग्रामीण क्षेत्र को सड़क से जोड़ने वाला मोना पूल तीन सालों से क्षतिग्रस्त है। इस पूल को दुरुस्त किए जाने को लेकर कई बार मांग कर चुके हैं। पूल टूटने से ग्रामीणों को पैदल लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। पीड़ितों राजीव, सोनू, महेश, रंजीत व रोहित के नाम शामिल हैं।

सरकार की चापलूसी कर रहे अधिकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जनता के प्रति उदासीनता का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सरकार की उदासीनता के कारण

अधिकारी दफ्तरों से बाहर निकलेंगे तो दिखेगी समस्या: बल्यूटिया

प्रदेश में ब्यूरोक्रेसी अपंग होते जा रही है। अफसर दफ्तरों में बैठकर जनता दरबार लगाने में मशगूल हैं। अधिक. ारी जब अपने दफ्तरों से गैल्ड में निकलेंगे तभी उन्हें समस्याएं भी दिखेंगी। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि कुमाऊ का प्रवेश द्वार हल्द्वानी हो या जिला नैनीताल या फिर पूरे प्रदेश के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र सभी जगह जन समस्याएं जस की तस पड़ी हुई हैं। प्रदेश में धामी-2 सरकार को 4 महीने हो गए हैं। अभी तक कहीं भी किसी मंत्री का खुला जनता दरबार देखने को नहीं मिला। जबकि अधिकारी अपने दफ्तरों में जनता दरबार लगाने में मशगूल हैं। जनता कभी तहसील दिवस तो कभी डीएम जनता दरबार और कमिश्नर जनता दरबार में चक्कर काटती रहती है। जिस कारण जनता की समस्याएं कागजों में ही लिपट कर रह जा रही हैं। यदि यही अफसर टीम के साथ क्षेत्र में निकले तो उन्हें समस्याओं का अंबार ही अंबार नजर आएगा। हल्द्वानी जैसे मुख्य शहर जहां सभी अफसर निवास करते हैं वहां एक नाला नासूर बना हुआ है। बल्यूटिया ने कहा कि सीमांत क्षेत्र के अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का दावा सरकार करती है। परंतु यहां सरकार सिर्फ अपनों को खुश करने में मस्त हैं। सरकार को चाहिए कि वह दफ्तरों में बैठे अफसरों को फील्ड में उतारे और जनसमस्याओं को मौके पर ही निस्तारित करे। अधिकारी जन समस्याएं सुनने के लिए जनता के पास जाएं, ना कि जनता को अपने पास बुलाए। यहां अफसरशाही सिर्फ मंत्रियों और विधायकों को खुश करने में जुटी हुई है। जबकि जनता की समस्याएं जस की तस पड़ी हुई हैं।

शराबी चालक गिरफ्तार

अल्मोड़ा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार राय द्वारा जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से सभी थाना व चौकी प्रभारियों, निरीक्षक यातायात व इंटरसैप्टर प्रभारी को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चाल. कों के खिलाफ अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी क्रम में सोमेश्वर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान केमू बस संख्या यूके 01 पीए 1565 को रोककर चैक किया गया तो चालक मुकेश नैनवाल पुत्र बालादत्त नैनवाल निवासी डिना पोखरी अल्मोड़ा शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने पर चालक को एमवी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर बस को सीज किया गया। प्राप्त सूचना के अनुसार वादी दिवान सिंह निवासी ग्राम पोस्ट सुनोली सोमेश्वर द्वारा अपने पुत्र प्रेम सिंह की गुमशुदगी की सूचना दी गई। पुलिस ने युवक को ग्राम बसौली चौकी ताकुला क्षेत्र मे घूमता पाया गया।

कुमाऊ की 55 सड़कें बंद

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। कुमाऊं के अलग-अलग क्षेत्रों में पिछले 48 घंटों से रुक-रुककर हो रही बरसात लोगों के लिए आफत बन गई है। बरसात की वजह से सड़कों पर मलबा आ गया है जिस कारण से कुमाऊं की लगभग 55 सड़कें बंद हो गई हैं। 48 घंटों से पिथौरागढ़ जनपद में रुक-रुक कर हो रही बरसात से सरकारी और निजी संपत्ति को भी भारी नुकसान पहुंचा है। धारचूला में बरसात और भूस्खलन की वजह से आधा दर्जन आवासीय भवनों को क्षति पहुंची है। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने सभी जिलों के डीएम को सड़कों को खोलने और आपदा प्रभावित क्षेत्रों तक राहत पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। अपर आयुक्त जीवन सिंह नगन्याल ने बताया कि नैनीताल जिले में 14 मार्ग बंद हैं, जबकि अल्मोड़ा में 5 पिथौरागढ़ में 16, बागेश्वर में 13 और चंपावत जनपद में 7 मार्ग बंद है, जिसमें 49 ग्रामीण मार्ग के अलावा तीन बार्डर रोड बंद हैं। बारिश की वजह से पिथौरागढ़ जिले के धारचूला में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। भूस्खलन की वजह से पेयजल और विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जबकि डीडीहाट में वज्रपात के चलते विद्युत विभाग का 25 केवी का ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हुआ है। वहीं नैनीताल जिले में भी बारिश ओर भूस्खलन की वजह से नैनीताल भवाली मार्ग बंद हो गया है। भूस्खलन की वजह से तकरीबन 30 फिट सड़क धंस गई है जिसे खोलने में काफी समय लग सकता है। कुमाऊ मंडल में हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

यातायात सुचारू करने की कवायद तेज

नैनीताल। सरोवर नगरी में बीते 5 दिनों से को हो रही भारी वर्षा के चलते शुक्रवार को नैनीताल भवाली मोटर मार्ग पाइंस के निकट भूस्खलन की वजह रोड का हिस्सा गधेरे में समा गया था। जिसके कारण पिछले 3 दिनों से यातायात पूर्ण रूप से बंद है और नैनीताल भवाली से रोजाना आवागमन को लेकर लोग परेशान थे। आयुक्त दीपक रावत ने भी संबंधित विभाग से 3 दिन के अंदर रोड की कटिंग कर हल्के वाहनों का संचालन सुचारू कराने को लेकर निर्देशित किया था और जिला अधिकारी धीराज गर्ब्याल द्वारा स्वयं निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया था उनके निर्देश पर तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता दीपक गुप्ता ने रविवार से सुरक्षा के साथ पोकलैंड लगाकर पहाड़ी को काटकर रोड बनाने को लेकर कार्य प्रारंभ कर दिया है। जिला अधिकारी गर्ब्याल ने बताया उम्मीद जताई जा रही है कि बहुत जल्द हल्के वाहनों के लिए मार्ग खोल दिया जाएगा।

भाजपाइयों ने सुनी मन की बात

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का सुना। वहीं कार्यकर्ताओं ने महेंद्र भट्ट को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष जाहिर करते हुए मिष्ठान भी वितरित किया। रविवार को टनकपुर रोड वार्ड 14 में अनुसूचित मोर्चे के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुंवर ने कहा कि नए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। कहा कि उनकी अगुवाई में पार्टी को ज्यादा मजबूती के साथ उभरगी। इस मौके पर मिठाई भी बांटी गई। इस मौके पर जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा भाजपा रविन्द्र बाली, चन्द्र प्रकाश तिवारी, प्रेम सिंह पाती, अजय राज, हरीश मनराल, दिनेश बोरा आदि कार्यकर्ता थे।

सड़कों की मरम्मत कराए प्रशासन

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। शनिबाजार क्षेत्र में बहने वाला नाला क्षेत्र के लिए परेशानी का सबब बन गया है। बरसात के दिनों में

इंद्रानगर नाले से लोग परेशान: रईस गुड्डू

नाला विकराल रूप धारण कर क्षेत्र में रहने वाले लोगों की परेशानी को और भी ज्यादा बढ़ा देता है। नाले का पानी सड़कों पर बहने लगता है जिस कारण से सड़कें भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हा गई है। वार्ड 59 के पार्षद रईस अहमद वारसी गुड्डू ने सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की है। रईस वारसी का कहना है कि इंदिरा नगर नाले की वजह से गणपति बिहार, जोशी बिहार, न्यू फ्रेंड कॉलोनी, चौधरी कालोनी में सारी गंदगी बहकर आ जाती है और गंदा पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। इतना ही नहीं पानी की निकसी नहीं होने की वजह से परेशानी और भी ज्यादा बढ़ जाती है। सड़कों पर पानी इकट्ठा होने की से सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो गई है, जिस पर सफर करना जानलेवा साबित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से क्षतिग्रस्त हो चुकी सड़कों की मरम्मत कराने के साथ ही इंदिरा नगर बरसाती नाले की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

सात पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। पुलिस महकमे से सेवा. निवृत हुए कर्मचरियों को भावभीनी विदाई दी गई। साथ ही उनके उत्तम स्वास्थ्य व उज्जवल भविष्य की कामना की गई। दो पुलिस कर्मियों ने ऐच्छिक सेवानिवृति ली है। रविवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में सेवानिवृत कर्मचरियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेवा. निवृत कर्मचारियों के सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया गया। साथ ही भविष्य के उनके अनुभवों का विशेष परिस्थितियों में सहयोग लेने की बात कही गई। सेवानिवृत कर्मचारियों में एसआई मनोहर सिंह पांगती, हीरा सिंह कार्की, लीलाधर काण्डपाल, हेड

कांस्टेबल जयपाल सिंह रावत, खष्टी सैला, कां. नागेंद्र चंद्र भट्ट और मनोज कुमार सरकार शामिल हैं। सेवानिवृत्त हुए पुलिस कार्मिकों को एसएसपी पंकज भट्ट, एसपी क्राइम/यातायात डा. जगदीश चंद्र, एसपी सिटी हरवंश सिंह ने प्रशस्ति पत्र, शाल व उपहार भेंट किए। विदाई कार्यक्रम में तमाम पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

चोरों ने बंद घर खंगाला

शाह टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। मल्लीताल सैनिक स्कूल के निकट प्रॉस्पेक्ट लॉज में विगत रात्रि चोरों ने एक घर का ताला तोड़कर जेवरात, नगदी, मोटर साइकिल सहित जूते, कपड़े चोरी कर लिए।

चोरी की तहरीर मल्लीताल कोतवाली में दी गई है। मल्लीताल प्रॉस्पेक्ट लॉज निवासी सन्तोष सिंह ने मल्लीताल कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वे 29 जुलाई को अपने गांव मेहरोड़ा पट्टी बगड़ गए थे। 31 जुलाई की सुबह उनके बड़े भाई जो प्रोसेक्ट लॉज में ही रहते हैं ने फोन कर कमरे का ताला तोड़े होने की सूचना दी। जिसके बाद वे नैनीताल आये तो कमरे के अलावा अलमारी का भी ताला तोड़ा गया था। चोरों ने पूरा घर खंगालते हुए सामान इधर उधर बिखेर रखा था और अलमारी में रखा मंगलसूत्र, नगदी, कीमती कपड़े, जूते चुराए हैं। उनकी मोटर साईकिल नम्बर यूके 04 वी 8434 होंडा साइन हेलमेट सहित चुरा ली गई । चोर उनकी बाइक की चांबी घर से ले गए हैं। पुलिस के अनुसार तहरीर के आधार पर जांच शुरू की जा रही है। इधर स्थानीय लोगों ने बताया कि इस इलाके में शाम होते ही नशेड़ियों के झुंड इकठ्ठा होने लगते हैं। यहां पहले भी इस तरह की घटनाएं हुई हैं। भाजपा नगर उपाध्यक्ष भूपेंद्र बिष्ट ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल व अन्य अधिका. रियों से चोरी की इस वारदात का प्राथमिकता के आधार पर खुलासा करने की मांग की है।

जीएसटी ने देश को महंगाई की आग में झोंका

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी। 2016 में पहले नोटबंदी से इस देश के आम आदमी की कमर तोड़ी गयी। फिर 2017 में जीएसटी

सपा जिलाध्यक्ष डिंपल पांडे ने केंद्र सरकार पर हमला

लागू करते हुए प्रधानमंत्री मोदी जी ने कहा था कि एक देश एक जीएसटी। आज हालात ये हैं कि तमाम छोटी बड़ी जरूरी वस्तुओं पर सरकार ने जीएसटी लगा दिया है। इसे गब्बर सिंह टैक्स न कहा जाए तो और क्या कहेंगे। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष डिम्पल पांडे ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला है। प्रेस को जारी बयान में डिम्पल पांडे ने कहा कि देश सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के चलते धीरे धीरे रसातल में जा रहा है। एक देश एक टैक्स का जब प्रधानमंत्री ने नगाड़ा पीटा था तो देशवासियों को लगा कि अब तमाम तरह के टैक्सेज से आम आदमी को राहत मिलेगी लेकिन आज ये आलम है कि हर चीज पर टैक्स लगा दिया गया है। केंद्र सरकार का टैक्स अलग है और राज्य सरकार अलग टैक्स थोप रही है। सर्वे के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। देश में जैसे इंस्पेक्टर राज कायम हो गया है जहां पर मनमानी वसूली की जा रही है। जो व्यापारी वर्ग इस देश की अर्थिकी की रीढ़ है सरकार उसपर चोट कर रही है। सपा जिलाध्यक्ष डिम्पल पांडे ने कहा कि जीएसटी की बदौलत आज हर चीज़ महंगी है। सरकार ने दूध दही को भी नहीं बख्शा। आटे पर भी इस देश का नागरिक जीएसटी देकर सरकार को पैसे दे रहा है। उन्होंने सवाल किया कि इतने तरह से टैक्स देने वाले नागरिकों के लिए ये सरकार आखिर क्या सहूलियत दे रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई आसमान छू रही है। रसोई गैस सिलेंडर आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है और सरकार ढिंढोरा पीट रही है कि उसने उज्जवला योजना के तहत करोड़ो लोगों तक सिलेंडर पहुंचाए। जब आदमी की सिलेंडर भराने की ही हैसियत नहीं रहेगी तो इनका क्या अचार डाला जाएगा। डिम्पल पांडे ने कहा कि लोगों का काम धंधा चौपट हो चुका है। सरकारें फिजूल के मुद्दों पर जनता का ध्यान भटका रही है।

संक्षिप्त समाचार

प्रेमचंद ने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने रविवार को हिंदी साहित्य के महान रचनाकार मुंशी प्रेमचंद की 142वीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सुश्री पटेल ने ट्वीट करके उपन्यास सम्राट को उनकी जयंती पर नमन किया। उन्होंने कहा कि कलम के माध्यम से सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आजीवन आवाज उठाने वाले महान साहित्यकार, साम्प्रदायिक सौहार्द के प्रतीक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद जी को उनकी जयंती पर शत शत नमन। मुंशी प्रेमचंद जी की कहानियां आने वाली पीढ़ियों को भारत के ग्रामीण परिवेश और गंगा-जमुनी तहजीब की झलक दिखाती रहेंगी। मुंशी प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को वाराणसी के निकट लमही गांव में हुआ था। उनकी माता का नाम आनन्दी देवी था तथा पिता मुंशी अजायबराय लमही में डाक मुंशी थे। उनकी शिक्षा का आरंभ उर्दू, फारसी से हुआ और जीवनयापन का अध्यापन से पढ़ने का शौक उन्हें बचपन से ही लग गया।

घरेलू कलह में दंपति ने की आत्महत्या

हरदोई। उप्र में हरदोई जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते रविवार को एक दंपत्ति ने अपनी इहलीला समाप्त कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कुर्रिया गांव निवासी रोडवेज बस चालक मोहित (32) ने आज सुबह ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करली, जबकि उसकी पत्नी अंजली (26) ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया दो साल पूर्व मोहित की पहली पत्नी की मौत हो गई थी जिसके बाद उसकी दूसरी शादी कोतवाली लोनार क्षेत्र के महरेपुर गांव निवासी विष्णु कुमार सिंह की पुत्री अंजली से की थी। पहली पत्नी के दो बच्चे चार साल का बेटा शिवा और दो साल की बेटी सृष्टि थे। परिजनों के मुताबिक अंजली पहली पत्नी के बच्चों शिवा और सृष्टि को रखने के लिए तैयार नहीं थी। इसी वजह से दोनों के बीच अक्सर तकरार और मारपीट होती रहती थी। देर रात पति पत्नी के बीच हुई मारपीट के बाद अंजलि ने घर के अंदर कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पानी की डिग्गी में डूबने से पांच बच्चों की मौत

श्रीगंगानगर। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के रामसिंहपुर क्षेत्र में एक खेत में बनी पानी की डिग्गी में डूब जाने से आज पांच बच्चों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा के अनुसार क्षेत्र के उदासर पांचयूडीएन गांव में एक खेत में बनी पानी की डिग्गी में ए बच्चे डूब गए, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में खेतों में बनी डिग्गियां इस समय पानी से भरी हुई हैं और ये बच्चे डिग्गी में नहाने गए थे कि उसमें डूब गए। उन्होंने बताया कि इन बच्चों की उम्र दस-बारह साल की हैं और इनमें दो लड़कियां और तीन लड़के शामिल हैं। उन्होंने बताया कि डिग्गी से पानी खाली कराया जा रहा है, ताकि पूरी तरह तलाशा जा सके कि कहीं और बच्चा तो नहीं डूब गया हैं। हादसे के बाद गांव में मातम छा गया।

दृष्टिहीन छात्रा बनी यूनिवर्सिटी की टॉपर

रायपुर। दिल्ली की रहने वाली एक दृष्टिहीन छात्रा यवनिका दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते रायपुर के हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी से बीएएलएलबी (आनर्स) 2021 बैच की टापर ही नहीं बनी, बल्कि प्रोफेशनल एथिक्स में गोल्ड मेडल हासिल किया है।

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना की मौजूदगी में यवनिका को ये गोल्ड मेडल यूनिवर्सिटी के पांचवें दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया।यवनिका दृष्टिहीन छात्रा हैं, लेकिन उन्होंने इसे कभी भी अपनी कमजोरी नहीं समझा, बल्कि उनके हौंसले उन्हें उड़ान भरने के लिए लगातार प्रेरित करते रहे। दिल्ली की रहने वाली यवनिका के पिता भारतीय रेल सेवा में अधिकारी हैं तथा मां स्पेशल एजुकेटर के तौर पर काम कर रही थीं। यवनिका ने फैसला लिया कि वो लॉ की पढ़ाई करेंगी। यवनिका ने रायपुर के हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में एडमिशन लिया। यवनिका को कोई परेशानी ना हो इसके लिए उनकी मां ने अपनी नौकरी छोड़ दी और यवनिका के साथ ही रायपुर में पांच वर्ष तक रहीं। अपने मंजिल को पाने मे यवनिका ने अपनी पूरी जान लगा दी और आखिरकार वो इसमें कामयाब भी हुई। इतना ही नहीं यवनिका ने खुद के लिए नई मंजिल तय की है और इसे पाने के लिए वो नेशनल ला कालेज बंगलौर में एलएलएम कोर्स में एडमिशन लेकर पढ़ाई भी कर रही हैं। यवनिका का कहना है कि रायपुर में पांच साल के दौरान कालेज, फैकल्टी और साथी स्टूडेंट्स ने उसका बहुत सपोर्ट किया जिसके लिए वो हमेशा उनका आभारी रहेगी।

सहारनपुर में भी शुरू हुई सीड ड्रिल से धान की बुआई

हरियाणा में इस विधि से धान की खेती प्रचलित हो गई: डा. राकेश कुमार

शाह टाइम्स ब्यूरो



सहारनपुर। हरियाणा के बाद अब उप्र के सहारनपुर में भी कुछ प्रगतिशील और साहसी किसानों ने धान की पौध रोपने के बजाय सीधे सीड ड्रिल से बुआई करने की पद्धति को अपनाया है। जिले में सरसावा ब्लॉक के गांव सांपला बेगमपुर में सरदार गुरबचन सिंह ने 50 बीघा के खेत में धान की बुआई सीड ड्रिल मशीन के जरिये की है।

सहारनपुर मंडल के उप निदेशक (कृषि) डा. राकेश कुमार ने रविवार को बताया कि हरियाणा में इस विधि से धान की खेती प्रचलित हो गई है। अब सहारनपुर मंडल के शामली में भी कुछ किसान धान की सीधी बुआई कर रहे हैं, लेकिन इस जिले में पहली बार धान की सीधी बुआई के लिए जोरो सीड ड्रिल मशीन का प्रयोग शुरू हुआ है। डा. कुमार ने बताया कि नौ कतार वाली मशीन से एक घंटे में एक एकड़ धान की सीधी बुआई हो जाती है। उन्होंने बताया कि इस विधि से धान की खेती करने में जो सबसे बड़ा जोखिम है, उसमें किसान को खरपतवार के प्रकोप का सामना करना पड़ता है। खरपतवार से बचाव के लिए किसान को रसायनों का उचित तरीके से इस्तेमाल करना होता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में सांपला बेगमपुर गांव पहुंचकर किसान सरदार गुरबचन सिंह के खेतों का निरीक्षण किया। इस किसान ने धान की उन्नत प्रजाति-1509 की ड्रिल मशीन के जरिये सीधी बुआई की है। डा. कुमार ने बताया कि इस विधि से धान की खेती करने में किसान बुआई और रोपाई के खर्च से बच जाता है और करीब एक सप्ताह का समय भी कम लगता है। ऐसे किसान को बुआई के तुरंत बाद खरपतवार नाशक स्प्रे का छिड़काव करना चाहिए। ऐसा करने से धान की फसल खरपतवार के प्रकोप से बच जाती है। उन्होंने बताया कि इस विधि से धान की बुआई के दूसरे या तीसरे दिन 30 फीसद वाली 3-3 लीटर पैंडीनिथालिन को 500-600 लीटर पानी में मिलाकर एक हेक्टेयर क्षेत्र वाले खेत में छिड़काव करना चाहिए। इसके 20-25 दिनों के बाद 20 फीसद वाली आलमिक्स की 20 ग्राम मात्रा को 500-600 लीटर पानी में घोलकर एक हेक्टेयर में छिड़काव करना चाहिए। इससे चौड़ी पत्ती वाले और मोथा प्रजाति के खरपतवार काबू में रहते हैं।

इस विधि से उपजाई गई धान की फसल एक सप्ताह पहले तैयार हो जाती है। नर्सरी, रोपाई और बुआई पर श्रमिकों पर होने वाला खर्च भी बच जाता है। उन्होंने कहा कि सहारनपुर के इस किसान ने थोड़े बड़े स्तर पर इस विधि से धान की बुआई की है। वह इसके लिए हरियाणा के किसानों से प्रोत्साहित हुआ है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सहारनपुर के धान किसान भी इस विधि का भविष्य में इस्तेमाल कर लाभान्वित हो सकते हैं।

डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद विकास में राज्य फिसड्डी: तेजस्वी

भाजपा ने बिहार को बनाया बेरोजगार वाला प्रदेश

पटना, वार्ता

पत्रकारों से बोले- प्रदेश के विकास को बे पटरी कर दिया गठबंधन सरकार ने

बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देश के सबसे युवा प्रदेश बिहार को सबसे अधिक बेरोजगारों वाला राज्य बना दिया है।

यादव ने रविवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा गठबंधन की डबल इंजन सरकार होने के बावजूद सतत विकास के हर सूचकांक में बिहार फिसड्डी साबित हुआ है। उन्होंने बिहार में डबल इंजन की सरकार पर चुटकी लेते हुए हुए कहा कि तथाकथित केंद्र की डबल इंजन सरकार का इंजन बिना ईंधन गैराज में खड़ा कबाड़ हो चुका है तथा प्रदेश के विकास को बेपटरी कर दिया है। राजद नेता ने कहा कि यह विडंबना ही है कि 15 लाख रुपये हर भारतीय के खाते में, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा एवं प्रतिवर्ष दो करोड़ नौकरियां देने का वादा करके वर्ष 2014 में सत्ता में आई भाजपा सरकार ने देश के सबसे युवा प्रदेश बिहार को सबसे अधिक बेरोजगारों वाला राज्य बना दिया। दो करोड़ सालाना नौकरियों की वादाखिलाफी के बावजूद भी इन्होंने वर्ष 2020 में बिहार के युवाओं को 19 लाख नौकरियों का वादा किया और फिर विश्वासघात कर युवाओं की पीठ में छुरा खोंपा। उन्होंने कहा कि इन सबके बावजूद भी इनका पेट नहीं भरा तो इन्होंने सेना की भर्तियों में ठेके पर अग्निपथ योजना लागू कर युवाओं के सपनों को पुनः ध्वस्त किया। प्रतिपक्ष के नेता ने कहा कि 17 वर्ष से बिहार की सत्ता में बैठे संघ और भाजपा के लोग अब 17 वर्षों के अपने ही कार्यों पर उंगली उठा रहे हैं। इसका सीधा अर्थ है कि इन्होंने 17 वर्षों तक बिहार के खजाने की खूब लूटपाट की और अब अपने ही कामों से संतुष्ट नहीं है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि आठ वर्षों से केंद्र और राज्य में भाजपा गठबंधन की डबल इंजन सरकार होने के बावजूद सतत विकास के हर सूचकांक में बिहार फिसड्डी क्यों है। आम लोगों के जीवन में गुणात्मक सुधार को मापने वाली किसी भी राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय सूचकांक एवं रिपोर्ट में बिहार का पिछलग्गू तथा फिसड्डी होना दर्शाता है कि तथाकथित केंद्र की डबल इंजन सरकार का इंजन बिना ईंधन गैराज में खड़ा कबाड़ हो चुका है तथा प्रदेश के विकास को बेपटरी कर दिया है।

यादव ने कहा कि हर चुनाव में केंद्र सरकार और भाजपा के बड़े-बड़े नेता एवं वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री बिहार आकर बड़े-बड़े वादे तो करते हैं, लेकिन चुनाव का दौरा खत्म होने पर सब ढाक के तीन पात साबित होते हैं। सब कुछ यथावत बना रहता है। उन्होंने कहा कि विशेष राज्य का दर्जा, विशेष पैकेज एवं बिहार में विकास को गति देने के वादे पर बार-बार बिहारवासियों को मुंह चिढ़ाने के लिए दोहराए जाते हैं। भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की नकारात्मक और शिथिल राजनीति के कारण के देश के सबसे युवा प्रदेश बिहार का वर्तमान और भविष्य बर्बाद हो रहा है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि क्या भाजपा के अंतर्राष्ट्रीय नेताओं को यह महसूस नहीं होता कि विगत आठ वर्षों में उनकी जनविरोधी, सांप्रदायिक एवं पूंजीपरस्त नीतियों की बदौलत बिहार में नफरत, भेदभाव, गरीबी, पलायन और बेरा. जगारी पहले से अधिक बढ़ी है। केंद्र के बड़े नेता को बताना चाहिए कि राजग को 40 में से 39 सांसद देने वाले बिहार के साथ सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार की बिहार के लिए न कोई प्रगतिशील सोच है, न कोई दूरदर्शिता है और न ही स्थिति में सुधार लाने के लिए कोई संकल्प है। यदि बिहार और केंद्र सरकार के अधीन एजेन्सियों के हर पैमाने एवं सूचकांक में पीछे है तो उसमें सुधार के लिए उसी अनुपात में विकास राशि आवंटित क्यों नहीं की जाती, जबकि बिहार से जनसंख्या में कम एवं आर्थिक, सामाजिक तथा सामरिक दृष्टि से कम महत्वपूर्ण राज्यों को अधिक विकास राशि दी जाती है। उन्होंने कहा कि बिहारवासियों के अंदर अंधकारमय दिख रहे भविष्य के प्रति घोर असंतोष और आक्रोश की भावना है। श्री यादव ने कहा कि जो सरकार और नेता 100 वर्ष पुराने बिहार के गौरवशाली पटना विश्व. विद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा नहीं दे सकते वो बिहार और बिहारवासियों का क्या विकास करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए अंबेडकर, लोहिया, कर्पूरी और गांधी के सिद्धांतों पर चलने वाली एक युवा, प्रगतिशील, सकारात्मक और विकासोन्मुख विचारों की समावेशी एवं समाजवादी सरकार की सख्त जरूरत है।

भाजपा से लड़ने को क्षमता किसी दल में नहीं: नड्डा

पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज कहा कि देश में उनकी पार्टी से लड़ने की क्षमता किसी राष्ट्रीय दल में नहीं बची है।

नड्डा ने रविवार को यहां पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में राज्य के अलग-अलग जिलों में 16 नवनिर्मित पार्टी कार्यालयों का उद्घाटन एवं सात कार्यालयों का शिलान्यास करने के बाद कहा कि अब कोई राष्ट्रीय पार्टी इस स्थिति में नहीं रही, जो भाजपा को मात दे सके। कांग्रेस अब राज्यों से भी उखड़ रही है। उन्होंने कहा कि वैसे सारे राजनीतिक दल समाप्त हो गए या हो जाएंगे, रहेगी तो सिर्फ भाजपा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बिहार की मुख्य विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समेत देश के अन्य क्षेत्रीय दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार प्रजातंत्र की धरती है और यहां परिवारवाद के खिलाफ सिर्फ भाजपा ही लड़ सकती है। उन्होंने कहा कि उप्र में समाजवादी पार्टी (सपा) पारिवारिक पार्टी है, बिहार में राजद से हम लड़ रहे हैं, जो एक परिवार की पार्टी है। ओड़िशा में नवीन पटनायक की पार्टी एक व्यक्ति की पार्टी है। महाराष्ट्र में शिवसेना जो अब समाप्ति की ओर है वह भी एक परिवार की पार्टी है। उन्होंने कहा कि इसी तरह कांग्रेस भाई- बहन की पार्टी बन चुकी है। नड्डा ने कहा कि भाजपा वैचारिक पृष्ठभूमि वाली राजनीतिक पार्टी है। आज अनेक लोग जो दो से तीन दशकों तक दूसरी पार्टियों में रहें, वो अपनी पार्टियां छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

देश में सभी किस्म की फसलें पैदा करने की क्षमता:किसान कांग्रेस

नई दिल्ली। किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सरदार सुखपाल सिंह खैरा ने रविवार को कहा कि देश में सभी किस्म की फसलें तैयार करने की क्षमता है, लेकिन मोदी सरकार किसान की समस्या पर ध्यान नहीं दे रही है और देश का अन्नदाता परेशान है, उनमें जागृति लाने के लिए वह अन्य पदधिकारियों के साथ देशव्यापी दौरा करेंगे। खैरा ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित किसान कांग्रेस के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि किसान कांग्रेस सड़क से संसद तक किसानों के हित की लड़ाई लड़ेगी और सरकार के इशारे पर काम करने वाली ईडी तथा सीबीआई जैसी संस्थाओं की प्रताड़ना से उसके कार्यकर्ता किसी भी स्तर पर विच. लित नहीं होंगे। किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कोदंडा रेड्डी ने तेलगांना में 20 लाख एकड़ जमीन के जलभराव से खराब होने और राज्य सरकार द्वारा किसी प्रकार की सहायता ना देने का मुद्दा उठाया। इसी तरह से विभिन्न प्रान्तों के किसान नेताओं ने अपने प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों को उठाया, जिनमें औद्योगिक घरानों द्वारा हिमाचल में सेब उत्पाद किसानों से लूट, उप्र में गन्ना किसानों का बकाया, हरियाणा में बेरोजगारी की बढ़ती दर, पंजाब में बढ़ते नशे के कारोबार, डिस्टलरियों के दूषित जल के नहरों में डालने से राजस्थान तक उसके दुष्प्रभाव, ओड़िशा में प्रधानमंत्री फसल बीमा की राशि का भुगतान ना होने जैसे मुद्दे बैठक में सामने आए।

रावी किनारे के लोगों को तुरंत इलाका छोड़ने का आदेश

गुरदासपुर। पंजाब में गुरदासपुर जिला प्रशासन ने जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा रविवार को उज्ज नदी में दो लाख क्यूसिक पानी छोड़ने की रिपोर्ट मिलने पर रावी दरिया किनारे बसे लोगों को तुरंत इलाका छोड़ सुरक्षित स्थानों पर जाने का आदेश जारी किया है। उज्ज दरिया में छोड़ा गया पानी दोपहर करीब एक बजे तक गुरदासपुर के इलाके में पहुंच जाएगा।

जिला प्रशासन अलर्ट जारी करते हुए धार्मिक स्थानों के लाउडस्पीकरों के माध्यम से दरिया किनारे बसे लगभग 30 गांवों के लोगों सतर्क रहने तथा रावी दरिया किनारे बने धुस्सी बांध के भीतर खाली स्थानों पर रह रहे गुज्जर परिवारों को तुरंत इलाका छोड़ कर जाने के लिए कह रहा है। जम्मू-कश्मीर के इलाके में बहने वाले उज्ज दरिया का पानी रावी नदी में मिलता है। यहां पहुंचने पर दोनों दरियों के संगम पर पानी के बहाव में बहुत तेजी आ जाती है, जिससे के कारण आसपास के गांवों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो जाता है। गुरदासपुर जिला प्रशासन ने एसडीएम डेरा बाबा नानक, एसडीएम कलानौर और एसडीएम दीनानगर को लोगों को अलर्ट करने तथा रावी दरिया के भीतरी खाली इलाकों में रह रहे लोगों को वहां से हटाने के लिए कहा है। उल्लेखनीय है कि रावी दरिया के किनारों पर बने धुस्सी बंध और दरिया में बह रहे पानी के दरमियान काफी खाली जमीन है, जिस पर गुज्जर परिवार अपने पशुओं के साथ रहते हैं। बाढ़ की स्थिति में भी ए लोग इलाका खाली नहीं करना चाहते और बाढ़ आने पर ये लोग पानी में फंस जाते हैं जिन्हें बचाने में प्रशासन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

शिंदे सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी

पुणे। सामाजिक कार्यकर्ता एवं 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' के संस्थापक अध्यक्ष हेमंत पाटिल ने रविवार को कहा कि एकनाथ शिंदे नीत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार महाराष्ट्र में अपना ढाई साल का कार्यकाल पूरा करेगी। पाटिल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद केबिनेट के आवंटन की घोषणा की जाएगी जो तीन अगस्त के बाद होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के बड़े मामले कांग्रेस के कार्यकाल में हुए तथा कांग्रेस अगले 25 वर्षों में केन्द्र में सरकार नहीं बना पाएगी, क्योंकि उसके शीर्ष नेता भ्रष्टाचार में शामिल हैं और यही कारण है कि पार्टी की लोकप्रियता में कमी आई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब केन्द्र में सत्ता में थी तो उसने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए काफी परेशानियां उत्पन्न की। अगर किसी ने कांग्रेस के खिलाफ बोलने की जुर्रत की, तो गांधी परिवार के निर्देश के बाद उसे जेल में डाल दिया जाता था।

जोधपुर में युवक के पेट से निकले 63 सिक्के



जोधपुर में हुआ ऑपरेशन, ढेर देखकर डाक्टरों की टीम भी हैरान

जोधपुर। जोधपुर में एक युवक के पेट से ऑपरेशन कर 63 सिक्के निकाले गए हैं। जब एक्स-रे किया तो पेट में सिक्कों का ढेर देख खुद डाक्टर हैरान हो गए। डेढ़ घंटे चले ऑपरेशन के बाद इन सिक्कों को बाहर निकाला गया।

जोधपुर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड निवासी 36 वर्षीय युवक के पेट में गुरुवार को अचानक से पेट में तेज दर्द होने लगा। इस पर परिजन उसे गुरुवार शाम करीब 4 बजे मथुरादास माथुर हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। पेट में ज्यादा दर्द होने पर युवक को एडमिट कर दिया गया था। शुक्रवार को डॉक्टर्स ने जब एक्स-रे किया तो पेट में कुछ दिखाई दिया। मरीज से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह सिक्के निगल गया है। इस पर तुरंत ऑपरेशन किया गया। डेढ़ घंटे तक चले ऑपरेशन में पेट से सिक्के का ढेर निकाला गया। युवक की तबीयत में सुधार होने के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। एमडीएम अस्पताल के सुपरिन्टेंडेंट डा. विकास राजपुरोहित ने बताया कि गैस्ट्रोएनट्रोलजी डिपार्टमेंट की ओर से एंडोस्कोपी द्वारा यह ऑपरेशन किया गया। दोबारा जांच की गई, जिसमें किसी तरह का सिक्का नहीं मिला। उन्होंने बताया कि युवक विर्मदित था। वह बता नहीं पाया कि कब से सिक्के निगल रहा था। अधिकांश एक-एक रुपए के सिक्के थे। इसमें गैस्ट्रोएनट्रोलजी डिपार्टमेंट के हैड डा. नरेंद्र भार्गव के द्वारा ऑपरेशन किया गया। जोधपुर में ऐसा पहला मामला है जब इतनी संख्या में एक साथ पेट से सिक्के निकाले गए थे। लेकिन, एक ऐसा ही हैरान करने वाला केस 3 साल पहले उदयपुर से सामने आया था। जून 2019 में सलूम्बर के 24 वर्षीय गजेंद्र के पेट की सर्जरी कर 50 तरह की चीजें निकली गई थीं। इनमें चाबियां, नेलकटर, सिक्के, चिलम के टुकड़े, लकड़ी की माला, अंगूठी, पिन, क्लिप आदि शामिल थे।

श्रद्धांजलि

देश आज श्रेष्ठ लेखक की 142वीं जयंती मना रहा है

प्रेमचंद ने कभी काल्पनिक दुनिया में उड़ान नहीं भरी

नई दिल्ली, वार्ता

हिन्दी और उर्दू के श्रेष्ठ लेखक 'कलम के जादूगर' मुंशी प्रेमचंद अपनी अमर लेखनी से सदियों तक हर उम्र वर्ग के दिलों पर राज करते रहेंगे। उपन्यास के क्षेत्र में उनके अनुपम योगदान के लिए बंगाल के विख्यात उपन्यासकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने उन्हें उपन्यास सम्राट की उपाधि दी थी।

देश आज उनकी 142वीं जयंती मना रहा है। प्रेमचंद की कलम ने कभी काल्पनिक दुनिया की उड़ान नहीं भरी, जो भी लिखा जमीनी हकीकत और आम आदमी के चरित्र को उजागर किया। यही वजह है कि उनकी हर कथा, हर कहानी का एक-एक पात्र आज भी जीवंत लगता है। प्रेमचंद को आज की युवा पीढ़ी भी पढ़ना पसंद करती है। अगर उसके पास जेन ऑस्टिन, जॉन मिल्टन, हेरॉल्ड पिटर आदि की पुस्तकें हैं, तो प्रेमचंद की 'निर्मला', 'गोदान' और 'कफन' भी अवश्य होगी। मुंशी प्रेमचंद एक साहित्यकार, पत्रकार और अध्यापक के साथ ही आदर्शोन्मुखी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपने को किसी वाद से जोड़ने की बजाय तत्कालीन समाज में व्याप्त ज्वलंत मुद्दों से जोड़ा। उनका साहित्य शाश्वत है और यथार्थ के करीब रहकर वह समय से होड़ लेती नजर आती है। प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को वाराणसी के निकट लमही गांव में हुआ था। उनकी माता का नाम आनन्दी देवी था तथा पिता मुंशी अजायबराय लमही में डाक मुंशी थे। उनकी शिक्षा का आरंभ उर्दू, फारसी से हुआ और जीवनयापन का अध्यापन से पढ़ने का शौक उन्हें बचपन से ही लग गया।

तेरह साल की उम्र में ही उन्होंने तिलिस्म-ए-होशरुबा पढ़ लिया और उर्दू के मशहूर रचनाकार रतननाथ 'शरसार', मिर्जा हादी रुस्वा और मौलाना शरर के उपन्यासों से परिचय प्राप्त कर लिया। प्रेमचंद की कई साहित्यिक कृतियों का अंग्रेजी, रूसी, जर्मन सहित अनेक भाषाओं में अनुवाद हुआ। गोदान उनकी कालजई रचना है। कफन उनकी अंतिम कहानी मानी जाती है। उन्होंने हिंदी और उर्दू में पूरे अधिकार से लिखा। उनकी अधिकांश रचनाएं मूल रूप से उर्दू में लिखी गई हैं, लेकिन उनका प्रकाशन हिंदी में पहले हुआ। वह तैंतीस वर्षों के रचनात्मक जीवन में साहित्य की ऐसी विरासत सौंप गए जो गुणों की दृष्टि से अमूल्य है और आकार की दृष्टि से असीमीत। बहुमुखी प्रतिभा के धनी प्रेमचंद ने उपन्यास, कहानी, नाटक, समीक्षा, लेख, सम्पादकीय, संस्मरण आदि अनेक विधाओं में साहित्य की सृष्टि की। उन्होंने कुल 15 उपन्यास, तीन सौ से अधिक कहानियां, तीन नाटक, 10 अनुवाद, सात बाल-पुस्तकें तथा हजारों पृष्ठों के लेख, सम्पादकीय, भाषण, भूमिका, पत्र आदि की रचना की, लेकिन जो यश और प्रतिष्ठा उन्हें उपन्यास और कहानियों से प्राप्त हुई, वह अन्य विधाओं से प्राप्त न हो सकी। यह स्थिति हिन्दी और उर्दू भाषा दोनों में समान रूप से दिखाई देती है। प्रेमचंद के उपन्यास न केवल हिन्दी उपन्यास साहित्य में बल्कि संपूर्ण भारतीय साहित्य में मील के पत्थर हैं। वह वर्ष 1936 में लखनऊ में प्रगतिशील लेखक संघ के पहले अध्यक्ष के रूप में चुने गए थे। कई दिनों की बीमारी के बाद और पद पर रहते हुए आठ अक्टूबर 1936 को उनका निधन हो गया। उनकी कहानियों में विषय और शिल्प की विविधता है। उन्होंने मनुष्य के सभी वर्गों से लेकर पशु-पक्षियों तक को अपनी कहानियों में मुख्य पात्र बनाया है। उनकी कहानियों में किसानों, मजदूरों, स्त्रियों, दलितों, आदि की समस्याएं गंभीरता से चित्रित हुई हैं। उन्होंने समाज सुधार, देश प्रेम, स्वाधीनता संग्राम आदि से संबंधित कहानियां लिखी हैं।

कैंटर लूटने के बाद चालक की गर्दन काट कर शव को पुल के नीचे फेंका

- दोराहा क्षेत्र में शव मिलने से मचा हड़कंप
- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

शाह टाइम्स संवाददाता

बाजपुर। एनएच 74 काशीपुर रोड स्थित ग्राम महेशपुरा में शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर सीओ वंदना वर्मा, कोतवाल प्रवीण सिंह कोश्यारी, एसएसआई विक्रम धामी, दोराहा चौकी इंचार्ज देवेंद्र राजपूत, सुल्तानपुर चौकी इंचार्ज इंसानी जगत सिंह साही ने फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर परिजनों की मौजूदगी में शव को झाड़ियों से निकालकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए काशीपुर भेजा।

बताया जा रहा है कि मोहिद्दीनपुर माफी थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद निवासी शरीफ अहमद पुत्र बुद्धन ने कोतवाली में 22 जुलाई को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मृतक अलाउद्दीन की शिनाख्त उसके परि. जनों द्वारा की गई। परिजनों ने बताया की अलाउद्दीन कैंटर चलाता था और रुद्रपुर से गत्ता कैन्टर लेकर जसपुर के लिए चला था। इसी बीच लूट की घटना को अंजाम दिया गया । 20 जुलाई को कैन्टर लेकर गत्ता बेचने के लिए आया था। हत्यारे जसविंदर सिंह ने बताया कैन्टर लूटने का विरोध करने पर अलाउद्दीन की गर्दन काट कर हत्या की गई। कैन्टर लूटने के बाद उसमें भरा गत्ता हत्यारे ने बेच दिया था और मसवासी घोसीपुरा क्षेत्र से लावारिस हालत में कैन्टर छोड़कर फरार हो गए थे। स्वार कोतवाल शरद मलिक द्वारा कैन्टर बरामद कर लिया गया है। घटना स्वार कोतवाली में दर्ज है, अलाउद्दीन का हत्यारा जसविंदर सिंह लालपुर किच्छा उधम सिंह नगर निवासी को स्वार पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्या आरोपी जसविंदर की निशानदेही पर पुलिस ने शव बरामद कर लिया है। वहीं परिजनों का आरोप है कि स्वार कोतवाली पुलिस मामले को दबाने का प्रयास कर रही है।परिजनों ने आरोप लगाया है स्वार पुलिस हत्यारों को बचाने का प्रयास कर रही है। हत्या में शामिल चार से पांच लोग शामिल होने की सूचना मिली है। पुलिस एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर अन्य को बचाने का प्रयास कर रही है।

सड़क हादसे में युवक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रपुर। पंतनगर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के परिजनों को भी हादसे की सूचना दी गई।

जानकारीके अनुसार मूलरूप से हरदोई यूपी निवासी 30 वर्षीय गो. विंद पुत्र मनोहर हल्दी पंतनगर में किराए पर रहकर छतरपुर स्थित आरएमसी फैक्ट्री में काम करता था। शनिवार रात करीब 10 बजे वह हल्दी पंतनगर से फैक्ट्री जा रहा था। पत्थरचट्टा टांडा मोड़ के पास पहुंचने पर अचानक उसकी बाइक के सामने एक जानवर आ गया। जिससे बाइक असंतुलित होकर रपट गई। इसमें गो. विंद गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने सिडकुल चौकी पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। यहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिडकुल चौकी प्रभारी पंकज कुमार ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

किसानों ने 15 मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

शाह टाइम्स संवाददाता

बाजपुर। संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर दर्जनों किसानों ने गुरुद्वारा साहिब में मीटिंग कर शहीद भगत सिंह चौक पर पहुंचकर संकेतिक धरना प्रदर्शन कर 15 विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राकेश तिवारी को सौंप कर कार्रवाई करने की मांग की।

भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी राकेश टिकैत के आदेश पर जाम का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया गुरुद्वारे में सभी किसानों को लेकर एक बैठक की गई। गुरुद्वारा साहिब से 12 बजे सभी किसान जुलूस लेकर शहीद भगत सिंह चौक पर पहुंचे। यहां पर किसानों ने संकेतिक धरना प्रदर्शन करते करा एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी तहसीलदार युसूफ अली मौके पर पुलिस फोर्स के साथ मुस्तैद थे। किसानों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी को सौंपा गया। भाकियू के कुमाऊं मंडल प्रभारी विक्की रंधावा ने बताया एमएसपी तथा पीलीभीत तिकोनिया पूर्व में हुई घटना में चार-पांच किसान बंद है, जिनकी सरकार जमानत नहीं होने दे रही पीलीभीत तिकोनिया में जिलाधिकारी के कार्यालय पर 75 घंटे का आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन में देश के सभी किसान पहुंचेंगे। उन्होंने बताया अग्नीपथ वीर योजना तथा 750 किसान आंदोलन हुए शहीद किसानों पर लगाए गए सभी मुकदमे सहित किसानों के विरुद्ध बनाए गए सभी कानूनों को निरस्त किया जाए। इस मौके पर विक्की रंधावा, बल्ली सिंह चीमा, प्रताप सिंह संधू, मलकीत, पर्व सरन सिंह, गगन, सरना, संदीप सिंह, मनदीप सिंह मनु, सुरजीत सिंह, पीएस रंधावा, गुरप्रीत सिंह, दर्शन सिंह, जीवन सिंह, अवतार सिंह, कुलनोत सिंह, हरदयाल सिंह, प्रितपाल सिंह, मंदीप नरवाल, सनी निज्जर,जरनैल सिंह, जगतार सिंह आदि मौजूद थे।

प्राइवेट बस ने ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से मारी टक्कर, चार घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

बाजपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग 74 ग्राम कनोरा के पास ट्रैक्टर ट्रॉली टाइल्स लेकर दोराहा की तरफ जा रही थी। काशीपुर की तरफ से हल्द्वानी जाने वाली प्राइवेट बस ने ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें कंडक्टर सहित चार लोग घायल हो गए, जिसमें एक की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। जिसमें बस के केबिन के परखच्चे उड़ गए। वहीं दोराहा चौकी इंचार्ज ने मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

यहां बताते चलें गोपाल उम्र 53 वर्ष पुत्र दिगर सिंह निवासी हल्द्वानी नैनीताल,रामकुमार उम्र 35 वर्ष पुत्र रामकिशन निवासी ठाकुरद्वारा,हामिद अली उम्र 50 वर्ष पुत्र अब्दुल मजीद निवासी बाबर खेड़ा काशीपुर,जायदा खातून उम्र 40पत्नी हामिद अली निवासी बाबर खेड़ा काशीपुर चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है। जिसमें से हालत गंभीर देखते हुए रामकुमार को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

वहीं दोराहा पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है।

खटीमा चर्चित अकील अहमद आत्महत्या के पांच आरोपी गिरफ्तार

- सूदखोरों से परेशान होकर कर ली थी आत्महत्या

शाह टाइम्स संवाददाता

खटीमा। क्षेत्र में सूदखोरों का धंधा खूब जोरों से चल रहा है। आए दिन इन सूदखोरों का मामला थाने में या फिर पंचायतों में देखा जाता है। वही ऐसा ही सूदखोरों का मामला खटीमा में चर्चित होते हुए आया है। बताते चले कि चार जुलाई को अकील अहमद पुत्र स्वर्गीय जलील अहमद निवासी वार्ड नंबर 5 थाना खटीमा, जिला उधम सिंह नगर द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई थी। वहीं मृतक द्वारा मृत्यु से पूर्व सोशल मीडिया पर एक वीडियो बनाकर प्रसारित की गई थी। जिसमें उसके द्वारा खटीमा क्षेत्र के सूदखोरों से ब्याज पर पैसे लेने तथा उनके द्वारा प्रताड़ित किए जाने पर अन्य कोई रास्ता ना होने के कारण अकील पुत्र जलील अहमद ने सूदखोरों से परेशान होकर आत्महत्या की।

सूदखोरों के खिलाफ मृतक की पत्नी मेराज ने छह जुलाई को पुलिस में मामला दर्ज कराकर कार्यवाही की मांग की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार खटीमा बाजार चौकी इंचार्ज होशियार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी थी। 31 जुलाई को पुलिस द्वारा पांच लोगों को अकील अहमद को प्रताड़ित करने के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। जिनके नाम विमल सोनकर पुत्र कमल सोनकर निवासी वार्ड नं 14 खटीमा, मो. वाहिद पुत्र नजीर अहमद निवासी वार्ड नं 6 गौटिया खटीमा, चंद बहादुर चंद उर्फ नीरज चंद पुत्र बिक्रम चंद निवासी उमुरुखुर्द कंजाबाग खटीमा, हाफिज मोहम्मद अकील पुत्र फारुख निवासी गौटिया खटीमा, हरीश सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी वार्ड नं 4 कंजाबाग रोड खटीमा हैं। पुलिस द्वारा धारा 306 में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। वहीं पुलिस को मृतक की हिसाब किताब की डायरी, कॉपी और मृतक का मोबाइल फोन बरामद हुआ है। सूत्रों के अनुसार खटीमा में सूदखोरों द्वारा 20- 30 प्रतिशत का ब्याज लगाकर ओर ब्याज का ब्याज जोड़कर लोगों को प्रताड़ित करते हैं, जिससे लोगों को यह कदम उठाना पड़ता है। भूपेंद्र सिंह भंडारी सीओ खटीमा द्वारा बताया गया कि मृतक अकील अहमद से 500 रुपये प्रतिदिन के ब्याज के हिसाब से लेते थे। जिसके कारण अकील अहमद ने फांसी लगाकर आत्महत्या की। सीओ द्वारा बताया गया कि जो लोग बिना पंजीकरण के ब्याज का काम करते हैं उनके नाम भी चिन्हित कर लिए गए हैं। करीब 10-12 लोगों के नाम पुलिस के पास है और पुलिस द्वारा जल्द से जल्द इन ऐसे लोगों पर भी शिकंजा कसेगी। जिससे लोग इस तरह की घटना से बच सके। पुलिस द्वारा अभी इस मामले में ओर भी नाम सामने आ सकते है।

एक नजर

कातिलाना हमले में चार नामजद सहित छह पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

गदरपुर। पुलिस ने घर में घुसकर कातिलाना हमले के मामले में चार नामजद सहित दो अन्य लोगों के खिलाफ पीड़ित परिवार की शिकायत पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गदरपुर वार्ड नंबर 1 करतारपुर कालोनी निवासी तबस्सुम बी पत्नी शकील मियां थाने में दी तहरीर में कहा है कि शनिवार रात्रि हथियारबंद गांव के ही शाकिर अली, नासिक, जफर अली और शाहिन दो अन्य लोगों के साथ घर में घुसकर गाली गलौज और मारपीट करना शुरू कर दिया। घर में मेरा 20 वर्षीय पुत्र अल्तमस ने विरोध किया तो उन लोगों ने उनके सर पर भारी वस्तु से प्रहार कर घायल कर दिया। इसके बाद सभी आरोपियों ने पूरे परिवार पर फायर झोंक दिया, जिससे मैं तथा मेरे बच्चे को छर्रे लगने से घायल हो गए। जाते जाते जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शाकिर अली, नासिर, जफर अली और शाहीन समेत दो अन्य लोगों के खिलाफ धारा 147, 307, 34 तथा 452 के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पुलभट्टा पुलिस ने बकरा चोर गिरोह के एक सदस्य को हापुड़ यूपी से पकड़ा

रुद्रपुर। बीती पांच जुलाई को बकरा चोरी मामले में पुलभट्टा पुलिस ने चोरी करने वाले गिरोह के एक सदस्य गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी की घटना प्रयुक्त कार को बरामद कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

ग्राम दोपहरिया किच्छा निवासी इरफान खान पुत्र इकबाल ने ईद के लिए तीन बकरे पाल के रखे थे। बीती पांच जुलाई को कार सवार चोर उसके घर के आंगन में बंधे तीनों बकरे चोरी कर ले गए। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। इरफान की तहरीर पर पुलभट्टा पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। सूत्रों की आधार पर पुलिस टीम ने कार की तलाश करते हुए हापुड़ यूपी में चोरों के ठिकाने पर दबिश दी। इस दौरान पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वैगनआर कार बरामद कर आरोपी कार चालक अब्दुल्ला पुत्र वसीर निवासी मजिदपुर हापुड़ को गिरफ्तार कर लिया। बताया उसके साथ मंसूर और लियाकत ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। उनका गिरोह पिछले डेढ़ वर्ष से बकरे चोरी करने का काम कर रहा है। वह उत्तर प्रदेश के साथ ही दिल्ली व उत्तराखंड में भी बकरे चोरी करने का काम करते हैं। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। टीम में एसआई कीर्ति बल्लभ भट्ट, कांस्टेबल महेंद्र सिंह, ललित चौधरी आदि रहे।

पड़ोसी युवक पर नाबालिग को भगाने का आरोप

रुद्रपुर। दूधियानगर क्षेत्र से एक नाबालिग लापता हो गई। परिजनों ने पड़ोस में रहने वाले एक युवक पर नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। दूधियानगर निवासी लाल सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा उसके पड़ोस में रहने वाला सागर बाल्मिकी लंबे समय से उसकी नाबालिग बेटी का पीछा करता था। आरोप है शुक्रवार को उसकी बेटी घर में अकेली थी। इसी दौरान सागर उसके घर आया और उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। लाल सिंह का यह भी कहना है उसने लालपुर में मकान बनाने के लिए घर में 35 हजार रुपये रखे थे। उन्हें भी बेटी सागर के कहने पर अपने साथ ले गई। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

श्रद्धापूर्वक मनाया गया क्रान्तिकारी शहीद ऊधम सिंह का बलिदान दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रपुर। जलियावाला बागकाण्ड (अमृतसर) के प्रत्यक्षदर्शी क्रान्तिकारी शहीद ऊधम सिंह का बलिदान दिवस 31 जुलाई जनपद भर में श्रद्धापूर्वक मनाया गया तथा उनके देशप्रेम के जज्बे के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। इस अवसर पर कलक्ट्रेट में शहीद ऊधम सिंह की प्रतिमा पर जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, मेयर रामपाल, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला समेत अपर जिलाधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र, जयभारत सिंह, उपजिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, तहस. ीलदार नीतू डागर सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने कहा कि शहीद ऊधम सिंह की देशभक्ति प्रेरणादायक है, जिन्होंने जलियावाला बागकाण्ड के दोषी जनरल ओ डायर को इग्लैण्ड जाकर भरी सभा में अंधाधुन्ध गोलियां बरसाकर मौत के घाट उतार कर अपने अदम्य साहस का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि हमे अपने कार्यों के प्रति लगन व सच्ची निष्ठा होनी चाहिए यहि उन्हे सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि शहीद ऊधम सिंह ने अथाह देशभक्ति भाव से देश के खातिर अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया। देश के प्रति उनके बलिदान से हम सबको सीख लेकर आजादी के महत्व को समझना चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

अवैध कच्ची शराब बेचते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति दबोचा

सितारगंज। पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध रूप से कच्ची शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। युवक के पास से पुलिस ने 45 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पूर्वी उकरौली मंदिर के पास पहुंचने पर एक व्यक्ति अवैध रूप से कच्ची शराब बेचते हुए कांटे के पास दिखाई दिया। पुलिस को देखकर कच्ची शराब बेचने वाला व्यक्ति भागने लगा तो पुलिस ने भागकर उसको दबोच लिया, जिसके पास से पुलिस ने 45 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम मंजीत सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी प्रतापपुर नंबर 4, थाना नानकमत्ता बताया। पुलिस ने युवक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

लेखपालों के कार्य बहिष्कार से आम जन बेहाल

शाह टाइम्स संवाददाता

बाजपुर। तहसील क्षेत्र के अतिरिक्त राजस्व ग्रामों में कार्य देख रहे लेखपाल कार्य बहिष्कार कर रहे हैं। इससे क्षेत्रीय जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उत्तराखण्ड लेखपाल संघ के प्रांतीय आह्वान पर लेखपाल अतिरिक्त क्षेत्रों का 27 मई से कार्य नहीं कर रहे हैं। जिसके कारण दूरदराज के क्षेत्रों से तहसील मुख्यालय आने वाले लोगों को आय, जाति, स्थाई निवास, उत्तरजीवी/वारिसान इत्यादि प्रमाण पत्र बनाने के लिए भटकना पड़ रहा है। किसानों को खसरा एवं बैंक संबंधी कार्यों को पूरा कराने में भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। तमाम भर्तियों में आवेदन करने हेतु आवश्यक प्रमाण पत्र जारी न होने से विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावक भी बेहाल हैं। करीब दो माह बाद भी शासन-प्रशासन लेखपालों के कार्य बहिष्कार को समाप्त नहीं करा सका है। लेखपालों के कार्य बहिष्कार से आम जन बेहद बेहाल हैं।

शासन-प्रशासन द्वारा मामले को गंभीरता से न लिए जाने के कारण जनहित के तमाम कार्य प्रभावित हो रहे हैं। तहसीलदार युसूफ अली ने कहा कि लेखपालों के कार्य बहिष्कार से विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वैकल्पिक व्यवस्था बनाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। आम जन की समस्या दूर करने को शासन स्तर पर भी वार्ता निरन्तर गतिमान है।

राइजिंग फाउंडेशन के किए जा रहे कार्य सराहनीय: डीएम

- फाउंडेशन की 8वीं वर्षगांठ पर लगाए गए 180 फलदार और छायादार पौधे

शाह टाइम्स संवाददाता

रुद्रपुर। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने आज रविवार को रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन की 8वीं वर्षगांठ पर रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि प्रतिभाग कर फलदार पौधों का रोपण किया। इस दौरान उन्होंने 8वीं वर्षगांठ पर फाउंडेशन के सभी सदस्यों को बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाऐं दी।

डीएम ने कहा कि फाउंडेशन के द्वारा किए जा रहे सभी गतिविधियों की जानकारी तस्वीर आदि के माध्यम से मेरे पास निरन्तर आती रहती है। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में सिंगल युन्ड पॉलीथिन पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित किया जा चुका है, हमें अपने क्षेत्र को पॉलीथिन मुक्त कराने हेतु हम सबको उसमें अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए जनभागीदारी होना आवश्यक है, इसलिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें। उन्होंने फाउंडेशन की महिला विंग के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि महिला विंग द्वारा समाज में मासिक धर्म, जीवने जीने की शैली, समस्या होने पर कहा जाना चाहिए आदि जैसी गम्भीर मुद्दों पर लोगों को समझाना एवं उनको जागरूक करने का कार्य कर रहे है यह बहुत ही सराहनीय है। इस दौरान उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय को निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रुद्रपुर राइजिंग फउंडेशन के सदस्यों को सम्मानित किया। रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन के अध्यक्ष विजय आहुजा ने बताया कि फाउंडेशन के 8वीं वर्षगांठ पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत आम, लीची, नींबू, जीवा, नीम आदि प्रजातियों के 180 फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। उन्होंने बताया कि रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विगत आठ वर्षों से लगातार विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे। इस अवसर पर डीपीआरओ आरसी त्रिपाठी, प्रधानाचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय कंचन जोशी, सदस्य रुद्रपुर राइजिंग फउंडेशन आलोक जैन, रविंदर कुमार, सुनील आर्य, राजीव कामरा, मिंटू अरोरा, मनोज सरकार, राजीव कुमार, अजमेर सिंह बहल, संदीप भट्ट, महिला अध्यक्ष चंद्रकला राय, मीनू जोशी, नीलम काण्डपाल, रूनू शर्मा, पिंकी तिवारी, अभिनव गुप्ता, सुमन मिश्रा, राखी राय आदि उपस्थित थे।

कैबिनेट मंत्री ने किया हाईटेक शौचालय व हॉल निर्माण का लोकार्पण

शाह टाइम्स संवाददाता

सितारगंज। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्र के विधायक सौरभ बहुगुणा नगर पालिका परिसर में हाईटेक शौचालय और हॉल निर्माण का लोकार्पण किया। इससे पूर्व नगर पालिका पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री का जोरदार स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री बहुगुणा ने कहा कि क्षेत्र का विकास करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। उनके ऊपर सितारगंज के साथ ही पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी है। लोगों को सुलभ शौचालय की व्यवस्था आसानी से मिल सके, इसलिए नगर पालिका परिसर में हाईटेक शौचालय का निर्माण किया जा रहा है, इसके साथ ही नगर

पालिका परिसर में और हॉल निर्माण का भी कार्य हो रहा है। हॉल निर्माण से नगर पालिका परिसर में अपने काम से आने वाले लोगों को आराम करने की सुविधा भी मिलेगी। श्री बहुगुणा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में विकास तेजी से हो रहा है। सरकार हर वर्ग के व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं बना रही है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष हरीश दुबे, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सलूजा, सभासद पंकज रावत, दीपक गुप्ता, पंकज गहतोड़ी, रवि रस्तोगी, नितिन चौहान, जिलानी अंसारी, राधेश्याम सागर, सचिन गंगवार, रहमत हुसैन, अकरम बेग, जहरू इस्लाम, अनिरुद्ध राय, भोला जोशी, कुलदीप गंगवार, बीना साहू, सुमन राय आदि मौजूद थे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र निशांत सैनी ने मदर इण्डिया पब्लिक स्कूल बाजपुर से 10 की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। वहीं स्कूल से टीसी प्राप्त कर उपयोग कर ली गई है। अत: 12 वीं के प्रवेश में पुन: टीसी की आवश्यकता है। अत: उसे दोबारा टीसी प्रदान की जाए।

इंदर सिंह पुत्र श्री भागमल सिंह
निवासी-मौ. टाण्डा बंजारा, सुल्तानपुर, तहसील बाजपुर, उधमसिंह नगर

बदलकर अपना व्यवहार करें कोरोना पर वार।

दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन व समाचार के लिए संपर्क करें।
पता-जनता इण्टर कालेज मार्ग जेके टावर, रुद्रपुर (उधमसिंह नगर)
9759273715
9756982886

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

shaheditorial@gmail.com

सोमवार, 1 अगस्त 2022

झारखंड में साजिश तो नहीं

कांग्रेस ने अपने तीन विधायकों को पार्टी से निलंबित कर दिया है। कांग्रेस की यह कार्रवाई ऐसे समय में की गई है, जब पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से ईडी कई-कई दिन पूछताछ कर रही है। कांग्रेस ने इन विधायकों को निलंबित कर अनुशासन का नमूना दिखाया है। जिन विधायकों को निलंबित किया गया है, वे तीनों झारखंड कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर विधायक बने थे। इन्हें पश्चिमी बंगाल के हावड़ा में पुलिस ने 48 लाख कैश के साथ गिरफ्तार किया था। कांग्रेस ने इन पर कार्रवाई करके भाजपा को दिखाया है कि त्वरित कार्रवाई कैसे होती है। पार्टी ने यह जताने की कोशिश की है कि जिस भाजपा के मंत्री और उसके बेटे ने लखीमपुर खीरी में कई किसानों को रौंद डाला था। हालांकि मंत्री के बेटे को तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन उसके मंत्री पिता अभी तक मंत्री की कुर्सी पर सुशोभित है। यानि उन पर भाजपा ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। कैश रिकव. री के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जेपीसीसी) अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने आशंका जताई है कि यह झारखंड सरकार को अस्थिर करने की साजिश है। उनका यह कहना किसी हद तक सही भी है, क्योंकि भाजपा ने कई प्रदेशों में तोड़फोड़ कर वहां की सरकार को गिरा दिया है। इसका ताजा उदाहरण महाराष्ट्र में हैं। हालांकि अभी आने वाले समय में चीजें और स्पष्ट होंगी। महाराष्ट्र में पिछले महीने उद्धव ठाकरे सरकार के पतन के साथ जो राजनीतिक उठापटक समाप्त हुई है। कुछ वैसी ही तस्वीर झारखंड में भी बनाने की कोशिश की जा रही है। झारखंड कैश कांड में एक के बाद एक नए आरोप सामने आ रहे हैं। इस बीच झारखंड के एक कांग्रेस विधायक ने लेटर बम फोड़ा है। बेरमो विधानसभा क्षेत्र से विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने हावड़ा में पकड़े गए विधायकों पर आरोप लगाया है। इसके साथ जयमंगल सिंह ने झारखंड में सरकार गिराने की साजिश और इसमें असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा के शामिल होने की बात भी पत्र में लिखी है। दरअसल, राष्ट्रपति चुनाव के बाद महागठबंधन खेमे में हुई क्रॉस वोटिंग के बाद से ही कांग्रेस विधायकों पर शक था। झारखंड राज्य में कांग्रेस के 18 विधायक हैं। कांग्रेस के समर्थन से झामुमो के हेमंत सोरेन की सरकार चल रही है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने इसको लेकर पार्टी के विधायकों के साथ वन टू वन मीटिंग भी की थी। उन्होंने कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम से इस संबंध में रिपोर्ट सौंपने का भी निर्देश दिया था। पांडे ने यह भी साफ कहा कि क्रॉस वोटिंग करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। हावड़ा में झारखंड के जिन तीन कांग्रेस विधायकों की गाड़ी से बड़ी मात्रा में कैश मिला है, उनमें जामताड़ा के इरफान अंसारी, रांची जिले के खिजरी से राजेश कच्छप और सिमडेगा जिले के कोलेबिरा से नमन विक्सेल कोंगाड़ी के नाम शामिल हैं। राजेश ठाकुर के कथन में कुछ सच्चाई नजर आती है, क्योंकि देश आज उसी मुकाम पर खड़ा है, जहां 1947 में अंग्रेजों की 'बांटो और राज करो' की चाल को समझने में गलती कर बैठा था, लेकिन आज देश इस चाल को जानता है, समझता है और उसका विरोध कर सकता है। आमतौर पर शासकों को सत्ता का नशा खुद के खुदा होने की गलतफहमी का शिकार बना देता है। उन्हें अपनी 'खुदाई' का गुमान क्यों न हो। जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के ऐसे शासक बन बैठे जिसके हर झूठ पर करोड़ों भारतवासियों ने विश्वास किया। लेकिन इतिहास गवाह है कि जब फिरऔन (प्राचीन मिस्र का ऐसा राज, जो खुद को भगवान समझता था) की खुदाई नहीं चली तो, ऐसे शासकों की कब तक चलेगी। यह भारत है, पाकिस्तान नहीं। यहां लोकतंत्र का राज चलता है, तानाशाही का नहीं। लोकतंत्र कभी कभार झूठे प्रचार में बह जाए, और यह भी हो सकता है कि उसकी आंखों पर कभी कभार धर्म की पट्टी बांध दी जाए, लेकिन ऐसा कभी नहीं हो सकता कि इस लोकतंत्र की चेतना जागृत ही न हो और उसकी आंखें न खुलें।

जान्हवी ने फिटनेस का बताया राज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने अपनी फिटनेस का राज बताया है। जान्हवी कपूर की हाल ही में फिल्म गुड लक जेरी रिलीज हुई है। जान्हवी कपूर अपनी सारी ऊर्जा अभिनय और फिटनेस पर खर्च करती है। जान्हवी कपूर योगा, वर्कआउट और पिलाटे करती है, जिससे जुड़ी जानकारी वह इंस्टाग्राम पर भी शेयर करती रहती है। जान्हवी कपूर ने उनकी वर्कआउट रूटीन और फिटनेस के बारे में बताया है। उन्होंने बताया कि वह बहुत ज्यादा ही योगा, पिलाटे और एंटी ग्रेविटी चैलेंज करती है और वह अपने वर्कआउट सेशन को लेकर काफी उत्साहित रहती है। जान्हवी कपूर ने अपनी डाइट के बारे में बताया कि पिछले 2 महीने से वह स्ट्रिक्ट डाइट पर है जिससे वह अपनी आने वाली फिल्म मिस्टर एवं मिसेस माही के लिए तैयार हो सके।

गुजरात दंगों में साजिश की तलाश से मोदी बच गए, असली दोष नेतृत्व की जिम्मेदारी

2007 और 2017 में पालकीवाला फाउंडेशन के तत्वावधान में दिए गए दो यादगार व्याख्यानों में, भारत के पूर्व सॉलिसिटर-जनरल हरीश साल्वे ने न्यायिक सक्रियता की उत्पत्ति का पता लगाया, जिसे उन्होंने 1970 के दशक में भारत में न्यायशास्त्र के कृष्ण अय्यराइज. `शन का नाम दिया था। साल्वे के शब्दों में, उनके सामने सर्वोच्च न्यायालय भारत का सर्वोच्च न्यायालय था। न्यायमूर्ति कृष्ण अय्यर ने इसे भारतीयों के लिए सर्वोच्च न्यायालय बनाया। अपने 2007 के व्याख्यान में, साल्वे ने चार महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला, जिन पर सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसा किया। एक दशक बाद उन्होंने तीन और मामलों की पहचान की, लेकिन 2007 में, और फिर 2017 में और अधिक मजबूती से, साल्वे ने यह भी चेतावनी दी कि न्यायिक सक्रियता अपने स्वयं के खतरे पैदा कर सकती है।

सर्वोच्च न्यायालय भारतीय लोकतंत्र का अंतिम स्तंभ है, लेकिन उसे पता था कि एक प्रधानमंत्री के खिलाफ प्रतिकूल परिणाम पूरे प्रासाद के पतन को तेज कर देगी। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हाल के वर्षों में कई संदिग्ध निर्णय लिए हैं, लेकिन गुजरात दंगों के लिए अदालत द्वारा नियुक्त विशेष जांच दल द्वारा मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को जिम्मेदारी के उनके अपने हिस्से से भी बरी कर दिए जाने के खिलाफ जकिया जाफरी की अपील को खारिज कर दिए जाने का 24 जून का उसका फैसला गुलबर्ग सोसाइटी के नरसंहार में जकिया जाफरी के पति और रिश्तेदारों की मौत की जिम्मेदारी से भी बरी कर दिया जाना उन सब में सबसे संदिग्ध है।

संदिग्ध कहना कम हो सकता है बेहतर शब्द विनाशकारी होगा। क्योंकि इस फैसले के साथ, सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय न्यायशास्त्र की निष्पक्षता में नागरिक समाज के बचे-खुचे विश्वास को भी नष्ट कर दिया है। न्यायमूर्ति खानविलकर और उनके साथी न्यायाधीशों ने न केवल जकिया जाफरी की याचिका को दो अवमाननापूर्ण शब्दों-बगैर योग्यता के साथ खारिज कर दिया और इस बात को ध्यान में रखा कि मौजूदा कार्यवाही पिछले 16 वर्षों से चल रही है। यही नहीं, अपने फैसले का एक अच्छा-खासा हिस्सा उन्होंने सिटिजन फॉर जस्टिस एंड पीस की संस्थापक और 2006 से जाफरी की सलाहकार तीस्ता सीतलवाड़, राज्य खुफिया ब्यूरो के दो अधिकारी संजीव भट्ट और आरबी श्रीकुमार, जिनकी गवाही पर श्रीमति जाफरी न्याय की तलाश में भरोसा कर रही थी, को बदनाम करने में लगाया। विद्वान न्यायाधीश यहीं नहीं रुके। एक महत्वपूर्ण पैराग्राफ में उन्होंने सरकार को इन तीनों पर मुकदमा चलाने के लिए एक तरह से आमंत्रित किया और जो कहा उसका मतलब यही है कि नरेन्द्र मोदी की गुजरात सरकार ने साजिश नहीं की थी, बल्कि गुजरात दंगे में मोदी को दोषी ठहराने के लिए इन तीनों ने मामले को गर्म रखने का काम किया था और ऐसा उन्होंने तब किया जब भट्ट और श्रीकुमार मामले में याचिकाकर्ता भी नहीं थे और याचिकाकर्ता के रूप में तीस्ता के अपने अधिकार को स्वीकार करने से ही इनकार कर दिया! नागरिक समाज के सदस्य, जो अदालत में पेश भी नहीं हो रहे थे, उन पर यह हमला न केवल भारतीय बल्कि वैश्विक न्यायशास्त्र में एक मिसाल हो सकता है। इस मामले का एकमात्र चिंताजनक पहलू विद्वान न्यायाधीशों का अनर्गल दर्ज किया गया यह निर्णय नहीं है। फैसला 416 पन्नों का है, लेकिन गुजरात पुलिस फैसला सुनाए जाने के बाद एक दिन के भीतर सीतलवाड़ को गिर" तार करने मुंबई पहुंच गई। श्रीकुमार की गिर" तारी और संजीव भट की फिर से गिर" तारी, बदनाम करने के लिए है और इसके लिए न्यायाधीशों ने अपने फैसले के 50 से अधिक पृष्ठ समर्पित किए हैं। इसपर कार्रवाई कुछ ही घंटों में हो गई।

क्या गुजरात पुलिस के पास स्पीड रीडर्स थे, या वह यह फैसला सुनाए जाने से पहले किसी तरह से इसकी एक प्रति प्राप्त करने में सक्षम थी? हालांकि यह असंभव है, केवल यह तथ्य कि संदेह मौजूद है, और आवाज उठाई जा रही है, अविश्वास की गहराई को उजागर करता है जो अब सर्वोच्च न्यायालय और नागरिक समाज के बीच विकसित हो गया है। अपनी स्थापना के बाद से यह अभी तक यह नागरिकों के व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा कर रहा था और अन्य लोकतंत्रों में संवैधानिक स्वतंत्रता तथा भारत में बढ़ती ताकत के साथ ऐसा कर रहा है, क्योंकि पिछले आठ वर्षों में मोदीवाद से इसे खतरा पैदा हो गया है। तीस्ता की गिरफ्तारी के तीन दिन बाद, 28 जून को, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मदन लोकुर ने इस कॉलम में पूछा, तीस्ता सीतलवाड़ को गिरफ्तार किया जाना चाहिए यह सुप्रीम कोर्ट का इरादा था या सुझाव? अगर ऐसा नहीं था तो उसे यह स्पष्ट करना चाहिए था, लेकिन अदालत आज तक चुप रही, जिससे इस संदेह को बल मिला कि वास्तव में इस पीठ के तीन न्यायाधीशों के मन में यही था। इसलिए, अपनी चुप्पी के माध्यम से, अदालत ने खुद को बंदी प्रत्यक्षीकरण के थोक विनाश के लिए एक पक्ष बना लिया है। नागरिकों को स्वतंत्रता का अधिकार है और यह कारावास जैसे दंडनीय अपराध का दोषी साबित होने तक है। यह लोकतंत्र की आधारशिला है और 2014 में संघ परिवार के सत्ता में आने के बाद से विशेष रूप से भारी हमले का शिकार रहा है। सुप्रीम कोर्ट इतना नीचे क्यों गिर गया है? जब से सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने इस सरकार की पसंद के निर्णय देने के बाद आकर्षक पदों को स्वीकार करना शुरू किया, तब से नागरिक समाज को सबसे बुरे का संदेह होने लगा है। सर्वोच्च न्यायालय के एक अत्यधिक सम्मानित मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति पी. सदाशिवम, को कई उल्लेखनीय फैसलों का श्रेय है। शुरुआत उन्हीं ने की थी जब 2014 में अदालत से हटने के 16 सप्ताह बाद केरल के राज्यपाल का पद स्वीकार कर लिया था। अप्रैल 2013 में, न्यायमूर्ति सदाशिवम ने तुलसीराम प्रजापति फर्जी मुठभेड़ मामले में अमित शाह के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को खारिज कर दिया था और आदेश दिया था कि इसे सो. हराबुद्दीन और कौसर बी की हत्या के लिए दायर पूरक आरोप पत्र के रूप में माना जाए, चूंकि शाह पहले से ही बाद के मामले में जमानत पर थे, इसलिए यह उनके लिए एक बड़ी राहत थी, क्योंकि इसका मतलब था कि उन्हें फिर से गिरफ्तार नहीं किया जा सकता जैसाकि सीबीआई चाहती थी। क्या सदाशिवम को इस बात का एहसास नहीं था कि जब उन्होंने केरल का राज्यपाल पद स्वीकार किया, तो वे नागरिक समाज के इस डर को मजबूत कर रहे होंगे कि मोदी और शाह देश के सर्वोच्च न्यायालय को अधीन करने पर आमादा हैं?

प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई ने इस डर को और मजबूत किया जब उन्होंने सदाशिवम के नक्शेकदम पर चलते हुए मोदी सरकार द्वारा राज्यसभा के लिए नामांकन को उतनी ही शिद्दत से स्वीकार किया। नागरिक समाज का संदेह तब और बढ़ गया जब सीबीआई के पूर्व निद. `शक आरके राघवन, जिन्हें पांच साल के लिए एक निरर्थक एसआईटी के प्रमुख के रूप में रखा गया था, अप्रैल 2017 में स्वास्थ्य आधार पर इस्तीफा देने के बाद उन्हें को साइप्रस में भारत का उच्चायुक्त नियुक्त किया गया था। राघवन ने इन पापों को इस तथ्य के बावजूद स्वीकार किया था कि उनकी अपनी एसआईटी ने मोदी पर प्रतिकूल टिप्पणी की थी, जो 27 फरवरी, 2002 को उनके घर पर देर रात की विवादास्पद बैठक में शामिल होने वाले तीन सबसे वरिष्ठ सिविल सेवकों को सेवानिवृत्ति के बाद के पदों पर रखते थे, जांच की पूरी अवधि तक ताकि वे अपना मुंह बंद रखें। इसलिए जाकिया जाफरी की याचिका को सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में खारिज किए जाने से पूरी दुनिया में लोगों को जो सदमा लगा है, वह समझ में आता है, लेकिन खानविल. कर बेंच के फैसले के बारे में सबसे बुरा मानने से कोई फायदा नहीं होगा, क्योंकि यह केवल उस तबाही को तेज करेगा, जिससे नागरिक समाज सबसे ज्यादा डरता है। यह उस अंतिम स्तंभ का पतन है, जिस पर हमारे लोकतंत्र के पस्त अवशेष अभी भी टिके हुए हैं। इस डर को समझने के लिए मामले को जजों के नजरिए से देखना जरूरी है। जकिया जाफरी की दलील गुलबर्ग हत्याकांड के बारे में नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस और आठ अन्य विशिष्ट मामलों की निगरानी की थी। गुलबर्ग मुकदमे के परिणामस्वरूप 24 दोष सिद्ध हुए और 32 बरी हुए। जकिया जाफरी की पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर), जिसे उन्होंने दंगों के बाद सबसे पहले गुजरात पुलिस को सौंपी थी और जब उसने कोई कार्रवाई नहीं की तो गुजरात उच्च न्यायालय में जिसमें गुजरात सरकार की ओर से निर्णय लेने वालों पर दंगे होने देने के लिए सक्रिय रूप से साजिश रचने का आरोप लगाया था। प्राथमिकी के शब्द बहुत स्पष्ट थे। मैं आपके कृपापूर्ण संज्ञान में राज्य सरकार की जानबूझकर की गई लापरवाही और इरादतन हासिल की गई विफलता को लाना चाहता हूं जिससे इस देश के निर्दोष नागरिकों के जान-माल की रक्षा करने में ऊपर नामित अभियुक्तों ने अच्छी तरह से निष्पादित और भयावह आपराधिक साजिश रची परिणामत: 2002 के बाद से राज्य में संवैधानिक शासन टूट गया और राज्य प्रशासन तथा कानून और व्यवस्था मशीनरी के दबाव में तथा उसकी मिलीभगत का उपयोग करके राज्य कार्यकारिणी में सबसे शक्तिशाली द्वारा सामूहिक नरसंहार किया गया था। 62 साजिशकर्ताओं की सूची में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और 2014 से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थे। इस याचिका ने सुप्रीम कोर्ट के लिए एक गंभीर समस्या पैदा कर दी, वास्तव में गंभीर न्यायिक अतिक्रमण से कैसे बचा जाए, जो उस स्थिति को नष्ट कर देगा जिसे अदालत ने नागरिकों के अधिकारों के अंतिम संरक्षक के रूप में तब बनाया था जब कार्यपालिका की कार्रवाई और विधायिका द्वारा धमकी दी गई थी। इस भूमिका को संविधान में कहीं भी वर्णित नहीं किया गया था, लेकिन अदालत द्वारा ही बनाया गया था, क्योंकि भारत का लोकतंत्र परिपक्व हो चुका था और बाद के दशकों में कुछ मामलों में खराब हो गया था। संविधान ने अनुच्छेद 132-134 और 143-144 में सर्वोच्च न्यायालय के मूल, अपीलीय और सलाहकार क्षेत्राधिकार का वर्णन किया है। इसके अपीलीय क्षेत्राधिकार ने इसे उन मामलों में दीवानी मामलों में अपीलों पर विचार करने की अनुमति दी, जिनमें सामान्य महत्व के कानून का एक महत्वपूर्ण प्रश्न शामिल था और आपराधिक मामलों में अगर एक उच्च न्यायालय ने अपील पर, एक आरोपी को बरी करने के आदेश को उलट दिया और उसे मौत की सजा सुनाई या अधीनस्थ अदालत से किसी भी मामले को सुनवाई के लिए वापस ले लिया था। ये अत्यधिक प्रतिबंधात्मक धाराएं थीं, लेकिन उनकी गंभीरता को एक ऐसी धारा से कम कर दिया गया था, जिसने सर्वोच्च न्यायालय को अपील के लिए विशेष अनुमति देने की अनुमति दी थी, यदि वह संतुष्ट था कि एक मामले में इसकी आवश्यकता है। यह इस अंतिम, सर्वव्यापी अनुमति के तहत था कि इसने नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने की भूमिका ग्रहण की थी, क्योंकि भारतीय लोकतंत्र की कमियां सामने आने लगी थीं। इस प्रावधान के तहत इसके फैसले ने अदालत को कानून के मुद्दों पर अंतिम अपील की अदालत से बदल दिया, जो आमतौर पर केवल अमीर और शक्तिशाली के लिए सस्ती, अधिकारों और स्वतंत्रता के अंतिम संरक्षक में संविधान में लोगों को गारंटी दी गई है।

केंद्र में शीर्ष पर भाजपा के सत्ता में आने के साथ, नागरिकों के अधिकारों का हनन सामान्य हो गया, इसलिए कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच की खाई तेजी से चौड़ी हो गई। 2017 में जकिया जाफरी की सुप्रीम कोर्ट में अपील ने इसे अतुलनीय बना दिया क्योंकि इसके मुख्य आरोपी अब भारत के प्रधानमंत्री थे। इसने सर्वोच्च न्यायालय को एक असंभव स्थिति में डाल दिया उसकी याचिका पर विचार न करने से न्यायपालिका के अपने अधिकारों की संरक्षकता में जनता का विश्वास और कम हो जाता, लेकिन मामले को फिर से खोलने से संवैधानिक संकट पैदा हो जाएगा। नागरिक समाज के कार्यकर्ताओं के प्रति उनके फैसले से जो खुला विद्वेष प्रदर्शित होता है, वह उस स्थिति के साथ उनकी अत्यधिक बेचैनी को दर्शाता है जिसमें उन्होंने खुद को पाया। वह गुजरात दंगों के पीड़ितों के साथ जो हुआ उसे नजरअंदाज नहीं कर सकती थी। इसलिए वह जकिया जाफरी के मामले की एक और सुनवाई से इनकार नहीं कर सकती थी, लेकिन वह यह भी जानती थी कि अगर उसने नए सिरे से जांच के उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया, तो मोदी के लिए बाकी अवधि के लिए पद छोड़ने की संभावना 1975 में इंदिरा गांधी की तुलना में बहुत कम थी। इसलिए यह स्पष्ट था कि कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच आमने-सामने का एक और टकराव इस बार, भारत के लोकतंत्र को स्थायी रूप से समाप्त कर सकता था। यही वजह हो सकती है कि खान. विलकर बेंच ने जाफरी की अपील को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया। इसने प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करके किया, न कि जांच की सामग्री पर और इसमें कोई गलती नहीं पाई। इस निष्कर्ष में कोई आश्चर्य नहीं है कि उचित प्रक्रिया का पालन किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने राघवन एसआईटी बनाया था। एसआईटी ने रिपोर्ट सौंपी थी अदालत के न्यायमित्र ने रिपोर्ट की आलोचना की थी। अदालत ने उनकी टिप्पणियों के आलोक में रिपोर्ट को पुनरीक्षण के लिए एसआईटी को वापस भेज दिया था। एसआईटी ने कुछ और लोगों को दोषी ठहराते हुए एक संशोधित रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, लेकिन अभियोजन योग्य सबूतों की कमी के लिए मोदी के दोषमुक्त होने की पुष्टि की थी। बेंच ने आखिरकार इसे सही ठहराया। दूरंदेशी फैसलों का शायद ही कभी वास्तविक महत्व होता है, पर फैसले किए जाने होते हैं क्योंकि 2002 में जो अपराध हुआ वह तेजी से दो हिस्सों में बंट रहे हमारे सांप्रदायिक समाज में फिर से हो सकते हैं। न्याय का मकसद तब बेहतर ढंग से पूरा होता अगर जकिया जाफरी ने मोदी सरकार पर आपराधिक साजिश का नहीं, बल्कि नेतृत्व की जिम्मेदारी न निभाने की श्रंखला का आरोप लगाया होता। इसलिए जब एसआईटी ने प्रधानमंत्री मोदी को मुकदमा चलाने योग्य सबूतों की कमी के लिए बरी कर दिया, तो जकिया जाफरी बहुत मजबूत आधार पर होतीं, अगर उन्होंने गुजरात सरकार के खिलाफ कमांड जिम्मेदारी सिद्धांत की श्रंखला की सटीक घोषणा के आधार पर एक नया मामला शुरू किया होता। इसे साबित करने के लिए, उन्हें बस इतना दिखाना होगा कि विहिप द्वारा मृतक के शवों को अपने कब्जे में लेने के बाद होने वाली प्रतिक्रिया को अच्छी तरह से जानते हुए और जानबूझकर ऐसा करने की अनुमति देकर, सरकार ने इसे रोकने के लिए कुछ भी नहीं किया था। इस तरह के मामले को खारिज करना मुश्किल होगा, क्योंकि 2010 में, सिटीजन फॉर जस्टिस एंड पीस-तीस्ता सीतलवाड़ और उनके पति जावेद आनंद द्वारा स्थापित संगठन-ने सेल-फोन रिकॉर्ड का पता लगाया था, जिसमें दिखाया गया था कि अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त पीसी पांडे ने संयुक्त पुलिस आयुक्त एमके टंडन से छह बार बात की थी जब वे गुलबर्ग सोसाइटी में मौजूद थे और भीड़ अशांत हो रही थी। उन्होंने कोई सुधारात्मक कार्रवाई किए बिना गुलबर्ग सोसाइटी को छोड़ दिया और उनके जाने से नरसंहार हुआ, जबकि टंडन के साथ दंगाई भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुसज्जित स्ट्राइकिंग फोर्स (हमलावर सेना) थी। वह अवसर चूक गया है और तभी लौटेगा जब मोदी और भाजपा सत्ता में नहीं होंगे।

...प्रेम शंकर झा
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक चिंतक हैं)

अम्मा ने बनाया भारत का सबसे बड़ा अस्पताल

आमतौर पर ज्यादातर मशहूर धर्माचार्य कॉर्पोरेट जिंदगी जीते हैं। महलनुमा आश्रमों में रहते हैं। महंगी गाड़ियों में घूमते हैं। हीरे जवाहरात से लदे रहते हैं। सैकड़ों करोड़ रुपये के निवेश करते हैं। अमीरों के पीछे भागते हैं और गरीबों को हिकारत की नजर से देखते हैं पर दक्षिण भारत के केरल राज्य में मछुआरों की बस्ती में एक दरिद्र परिवार में जन्मीं माता अमृतानंदमयी मां अम्मा एक अपवाद हैं। जिनका पूरा जीवन गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा के लिए ही समर्पित है। पूरी दुनिया में करोड़ों लोगों के जीवन में सुख देने वाली अम्मा जनसेवा के क्षेत्रा में एक और ऐतिहासिक कदम रखने जा रही हैं। आगामी 24 अगस्त को फरीदाबाद में अम्मा के नए अस्पताल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। 133 एकड़ भूमि में फैला ये अस्पताल भारत का सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का अस्पताल है।

कोच्चि (केरल) में प्रतिष्ठित 1,200 बिस्तरों वाले अमृता अस्पताल के बाद यह देश में अम्मा का दूसरा बड़ा अस्पताल होगा। केरल के इस अस्पताल को 25 साल पहले माता अमृतानंदमयी मठ द्वारा स्थापित किया गया था। फरीदाबाद के सेक्टर-88 में फैला यह अस्पताल 1 करोड़ वर्ग फुट का होगा, जिसमें एक 14 मॉजिल ऊंची टॉवर है, जहां प्रमुख चिकित्सा सुविधाओं की मदद से विभिन्न बीमारियों के रोगियों का इलाज होगा। अम्मा के इस अस्पताल की 81 विशिष्टताओं में न्यूरोसा. इंसेस, गैस्ट्रो-साइंसेस, ऑन्कोलॉजी, रीनल साइंस, हड्डी रोग, कार्डियक साइंस और स्ट्रोक और मां व बच्चे जैसे उत्कृष्टता के आठ केंद्र शामिल होंगे। 2400 बिस्तरों के लक्ष्य वाले इस अस्पताल में इस साल 500 बिस्तरों के साथ मरीजों का इलाज चरणबद्ध तरीके से चालू किया जाएगा। आने वाले दो वर्षों में, यह संख्या बढ़कर 750 बिस्तरों और पांच वर्षों में 1,000 बिस्तरों तक हो जाएगी। गौरतलब है कि पूरी तरह से चालू होने पर अस्पताल में 800 से अधिक डॉक्टरों सहित 10,000 लोगों का स्टाफ तैनात होगा। अस्पताल में कुल 2,400 बेड होंगे, जिसमें 534 क्रिटिकल केयर बेड शामिल हैं, जो भारत में सबसे अधिक होंगे। 64 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, सबसे उन्नत इमेजिंग सेवाएं, पूरी तरह से स्वचालित रोबोट प्रयोगशाला, उच्च-सटीक विकिरण ऑन्कोलॉजी, सबसे आधुनिक परमाणु चिकित्सा और नैदानिक सेवाओं के लिए अत्याधुनिक 9 कार्डियक और इंटरवेंशनल कैथ लैब भी होंगे। फरीदाबाद में अल्ट्रा-आधुनिक अमृता अस्पताल कम कार्बन पदचिन्ह के साथ भारत की सबसे बड़ी ग्रीन-बिल्डिंग हेल्थकेयर परियोजनाओं में से एक होगा। यह एक एंड-टू-एंड पेपरलेस सुविधा है, जिसमें शून्य अपशिष्ट निर्वहन होता है। मरीजों के तेजी से परिवहन के लिए परिसर में एक हेलीपैड और एक 498 कमरों वाला गेस्ट हाउस भी है, जहां मरीजों के साथ आने वाले परिचारक रह सकते हैं। अम्मा की संस्था द्वारा चलाई जा रही सेवाओं का मुख्य उद्देश्य दीनहीन लोगों की नि:स्वार्थ मदद करना है। मसलन, उनके सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में गरीब और अमीर दोनों का एक जैसा इलाज होता है। पर गरीब से फीस उसकी हैसियत अनुसार नाम मात्र की ली जाती है। आज जब राम रहीम, आसाराम, राधे मां, रामलाल, जैसे वैभव में आंकठ डूबे ढोंगी धर्मगुरुओं का जाल बिछ चुका है, तब गरीबों के लिए अपना सब कुछ लुटा देने वाली ये अम्मा कोई साधारण व्यक्तित्व नहीं हो सकतीं। आज टीवी चैनलों पर स्वयं को परम पूज्य बताकर या बाइबल की शिक्षा के नाम पर जादू-टोने दिखाकर या इस्लाम पर मंडरा रहे खतरे बताकर, धर्म की दुक. नें चलाने वालों की एक लंबी कतार है। ये ऐसे धर्मगुरु हैं, जिनके सानिध्य में आपकी आध्यात्मिक जिज्ञासा शांत नहीं होती, बल्कि भौतिक इच्छाएं बढ़ जाती हैं। जबकि होना इसके विपरीत चाहिए था, पर प्रचार का जमाना है। चार आने की लागत वाले स्वास्थ्य विरोधी शीतल पेयों की बोतल 20 रुपये की बेची जा रही है। इसी तरह धर्मगुरु विज्ञापन एजेंसियों का सहारा लेकर टीवी, चैनलों के माध्यम से, अपनी दुकान अच्छी चला रहे हैं और हजारों करोड़ के साम्राज्य को भोग रहे हैं, जबकि दूसरी ओर केरल की ये अम्मा गरीबों का दुख निवारण करने के लिए सदैव तत्पर रहती है। इसका ही परिणाम है कि केरल में जहां गरीबी व्याप्त थी और उसका फायदा उठाकर भारी मात्रा में धर्मांतरण किए जा रहे थे, वहीं आज अम्मा की सेवाओं के कारण धर्मांतरण बहुत तेजी से रुका है।

हिंदू धर्मावलंबी अब अपनी छोटी-छोटी जरूरतों के लिए मिशनरियों के प्रलोभनों में फंसकर अपना धर्म नहीं बदलते, पर इस स्थिति को पाने के लिए अम्मा ने वर्षों कठिन तपस्या की है। कृष्ण भाव में तो वे जन्म से ही डूबी रहती थीं, पर उनके रूप, रंग और इस असामान्य व्यवहार के कारण उन्हें अपने परिवार से भारी यातनाएं झेलनी पड़ीं। वयस्क होने तक अपने घर में नौकरानी से ज्यादा उनकी हैसियत नहीं थी, जिसकी दिनचर्या सूर्योदय से पहले शुरू होती और देर रात तक खाना बनाना, बर्तन मांजना, कपड़े धोना, गाय चराना, नाव खेकर दूर से मीठा पानी लाना, क्योंकि गांव में खारा पानी ही था, गायों की सेवा करना, बीमारों की सेवा करना, यह सब कार्य अम्मा को दिन-रात करने पड़ते थे। ऊपर से उनके साथ हर वक्त मारपीट की जाती थी। उनके बाकी भाई-बहिनों को खूब पढ़ाया लिखाया गया, पर अम्मा केवल चौथी पास रह गईं। इन विपरीत परिस्थितियों में भी अम्मा ने कृष्ण भक्ति और मां काली की भक्ति नहीं त्यागी। इतनी तीव्रता से दिन-रात भजन किया कि उनकी साधना सिद्ध हो गई। कलयुग के लोग चमत्कार देखना चाहते हैं, पर अम्मा स्वयं को सेविका बताकर चमत्कार दिखाने से बचती रहीं। पर ये चमत्कार क्या कम है कि वे आज तक दुनियाभर में जाकर 5 करोड़ से अधिक लोगों को गले लगा चुकी हैं। उनको सांत्वना दे चुकी हैं, उनके दुख हर चुकी हैं और उन्हें सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती रही हैं। इस चमत्कार के बावजूद हमारी ब्राह्मणवादी हिंदू व्यवस्था ने एक महान आत्मा को मछुआरिन मानकर वो सम्मान नहीं दिया, जो संत समाज में उन्हें दिया जाना चाहिए था। ये बात दूसरी है कि ढोंगी गुरुओं के मायाजाल के बावजूद दुनियाभर के तमाम पढ़े-लिखे लोग, वैज्ञानिक, सफल व्यवसायी, सिने कलाकार,

विनीत नारायण

नेता और पत्रकार भारी मात्रा में उनके शिष्य बन चुके हैं और उनके आगे बालकों की तरह बिलख-बिलख कर अपने दुख बताते हैं। मां सबको अपने ममतामयी आलिंगन से राहत प्रदान करती हैं। उनके आचरण में न तो वैभव का प्रदर्शन है और न ही अपनी विश्वव्यापी लोकप्रियता का अहंकार। जबकि वे संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व की सबसे बड़ी सम्मानित संत हैं। उनके द्वार पर कोई भी, कभी भी, अपनी फरियाद लेकर जा सकता है।

सेंट पीटर्सबर्ग। रूस में नौसेना दिवस समारोह के दौरान सैन्य परेड में भाग लेने पहुंचे रूसी राष्ट्रपति पुतिन।

महाराष्ट्र में कोरोना से चार मरीजों की मौत

मुंबई। महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के 2,087 नए मामले सामने आए हैं तथा इस दौरान चार लोगों की इस बीमारी से मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने रविवार को जारी बुलेटिन में बताया कि नए मामले सामने आने के साथ ही राज्य में कोविड-19 से अब तक 80,45,606 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 1,48,101 लोगों की अब तक इससे मौत हो चुकी है। बुलेटिन के अनुसार राज्य में इस दौरान 2,259 लोग कोविड ठीक हुए। इसके साथ ही राज्य में इस बीमारी से स्वस्थ होने वालों की कुल संख्या 78,84,495 हो गई। वर्तमान में रिकवरी दर 98 प्रतिशत और मृत्यु दर 1.84 प्रतिशत है। राज्य में इस समय 13,010 सक्रिय मरीजों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा हैं।

सोना 540 व चांदी में 2388 रुपये की साप्ताहिक गिरावट

मुंबई। दुनिया की प्रमुख मुद्रओं के मुकाबले डॉलर के सुस्त रहने से बीते सप्ताह वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में आई तेजी की बदौलत घरेलू सर्राफा बाजार में सप्ताहांत पर सोना 540 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 2388 रुपये प्रति किलोग्राम महंगी रही। समीक्षाधीन सप्ताह में वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में तेजी का रुख रहा। सोना हाजिर 19.98 डॉलर प्रति औंस मजबूत होकर सप्ताहांत पर 1754.19 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। साथ ही अमेरिकी सोना वायदा भी 15.6 डॉलर प्रति औंस की तेजी लेकर 1750.60 डॉलर प्रति औंस हो गया। इसी तरह सप्ताहांत पर चांदी हाजिर 0.91 डॉलर प्रति औंस चढ़कर 19.80 डॉलर प्रति औंस रही। बीते सप्ताह विदेशी बाजार की तेजी का असर देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स पर भी देखा गया।

सप्ताहांत पर सोना 540 रुपये की बढ़त लेकर 51269 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। इस दौरान सोना मिनी 909 रुपये चढ़कर 51249 रुपये प्रति दस ग्राम पर रही। इसी तरह समीक्षाधीन अवधि में वैश्विक तेजी के साथ ही स्थानीय स्तर पर मांग मजबूत रहने से चांदी 2388 रुपये की तूफानी तेजी लेकर 57920 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। साथ ही चांदी मिनी 2202 रुपये उछलकर सप्ताहांत पर 58369 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 571.6 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 1.15 अरब डॉलर गिरकर 571.6 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 7.54 अरब डॉलर कम होकर 572.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 22 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.43 अरब डॉलर कम होकर 510.14 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 14.5 करोड़ डॉलर की बढ़त लेकर 38.5 अरब डॉलर पर रहा। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 10.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 17.96 अरब डॉलर पर रहा।

पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद देश में रविवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया। देश में करीब दो माह से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं होने से आम आदमी के लिए यह राहत बनी हुई है। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के अनुसार, दिल्ली में आज पेट्रोल के दाम 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है।

भारत व पाक के बीच तल्खियां अभी जारी

एसओसी में नहीं मिले जशंकर-बिलावट

ताशकंद/नई दिल्ली, वार्ता

भारत और पाकिस्तान के बीच तल्खियां जारी हैं। उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में दोनों देशों के विदेश मंत्री शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एसओसी) की मीटिंग में मौजूद थे। एक मौके पर तो हमारे विदेश मंत्री एस जयशंकर और पाकिस्तान के फॉरेन मिनिस्टर बिल्कुल बगल की सीटों पर मौजूद थे। इसके बावजूद बातचीत होना तो दूर दोनों के बीच किसी तरह की दुआ-सलाम तक नहीं हुई।

मीटिंग में एसओसी के सभी आठ सदस्य देशों के फॉरेन मिनिस्टर मौजूद थे। जयशंकर ने समिट के इतर 7 देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की, लेकिन बिलावल से आंखें तक नहीं मिलाईं। दूसरी तरफ, पाकिस्तान मीडिया में दावा किया जा रहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बैक चैनल बातचीत शुरू हो चुकी है। पाकिस्तान के अखबार 'द डॉन' के मुताबिक, ताशकंद में जयशंकर और बिलावल के बीच बातचीत की उम्मीद थी। बिलावल ने अप्रैल में पद संभाला था। इसके बाद किसी प्लेटफॉर्म पर दोनों पहली बार साथ थे। माना जा रहा था कि बेहद मुश्किल आर्थिक हालात से गुजर रहे मुल्क को बचाने के लिए बिलावल भारत से बातचीत की पहल करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हैरानी की बात यह है कि जब उज्बेक राष्ट्रपति ने सभी विदेश मंत्रियों के डिनर होस्ट किया, तब भी बिलावल और जयशंकर अलग-अलग बैठे।

■ एक फीट दूरी पर बैठे थे दोनों देशों के विदेश मंत्री, पाक मीडिया का दावा-बैक चैनल बातचीत शुरू

जयशंकर ने पाकिस्तानी विदेश मंत्री को छोड़कर सभी से बातचीत की। उज्बेक राष्ट्रपति ने सभी विदेश मंत्रियों के डिनर होस्ट किया, तब भी बिलावल और जयशंकर अलग-अलग बैठे। समिट के दौरान जिस चेयर पर जयशंकर बैठे थे, उसके ठीक अगली सीट पर बिलावल बैठे थे। दोनों के बीच कोई और नहीं था। इसके बावजूद दोनों नेताओं ने आंखें तक नहीं मिलाईं। ग्रुप फोटो के दौरान भी दोनों के बीच 5 फीट से ज्यादा फासला नहीं था। यहां सभी विदेश मंत्रियों ने हाथ मिलाए, लेकिन जयशंकर और जरदारी अलग-अलग ही खड़े रहे। बिलावल ने अप्रैल में पद संभालने के बाद एक बयान में कहा था कि भारत जब तक कश्मीर में धारा 370 और 35-ए बहाल नहीं करता तब तक उससे बातचीत मुश्किल है। हालांकि, पाकिस्तान में ही यह मांग उठ रही है कि अगर पाकिस्तान में महंगाई कम करना है तो भारत से ट्रेड बहाल करना होगा। ताशकंद में दोनों देशों के विदेश मंत्री शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एसओसी) की मीटिंग में मौजूद थे। ग्रुप फोटो के बाद भी जयशंकर और बिलावल ने हाथ नहीं मिलाए। पाकिस्तान के स्ट्रैटेजिक अफेयर एक्सपर्ट और जर्नलिस्ट डॉक्टर कमर चीमा के मुताबिक, भारत और पाकिस्तान के बीच बैक चैनल डिप्लोमैटिक बातचीत शुरू हो चुकी है। इसके लिए दुबई को चुना गया है। चीमा ने कहा-पाकिस्तान की सरकार कट्टरपंथियों के दबाव की वजह से भारत के साथ खुलकर बातचीत नहीं कर रही। हालांकि, वो ए अच्छी तरह जानती है कि भारत से ट्रेड शुरू किए बिना वो मुल्क के आर्थिक हालात नहीं सुधार सकती। आज नहीं तो कल, पाकिस्तान को भारत से ट्रेड रिलेशन फिर शुरू करना होंगे। चीमा आगे कहते हैं-तनाव तो भारत और चीन के बीच भी है, लेकिन दोनों के बीच 125 अरब डॉलर सालाना ट्रेड होता है। क्या हम भी यही नहीं कर सकते। भारत तो बहुत मजबूत स्थिती में है, और हमें अपना वजूद बचाने के भी लाले पड़े हुए हैं।

'बोल राधा बोल संगम होगा कि नहीं'

एसओसी मीटिंग में बॉलीवुड सान्ग, उज्बेकिस्तान के बैंड ने दी परफार्मेंस

ताशकंद। उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में शंघाई कोआपरेशन आर्गनाइजेशन (एसआ.ेसी) के विदेश मंत्रियों की मीटिंग में विदेश मंत्री एस जयशंकर शामिल हुए। उन्होंने बैठक के समापन समारोह का एक वीडियो शेयर किया है। 45 सेकेंड लंबे इस वीडियो में उज्बेकिस्तान के कलाकार बॉलीवुड का गाना गा रहे हैं। उज्बेकिस्तान के इस बैंड ने राजकपूर की फिल्म 'संगम' का लोकप्रिय गाना बोल राधा बोल संगम होगा कि नहीं गाया। वीडियो सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रहा है। एसओसी में शामिल देश हैं-भारत, चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान और पाकिस्तान। इन सभी देशों के फारेन मिनिस्टर्स ताशकंद में मौजूद रहे। बैठक में चीनी विदेश मंत्री वांग ई, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की मौजूदगी में जयशंकर ने कहा-हमें आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं है। ये नीति सभी की होनी चाहिए।जयशंकर ने एसओसी की बैठक में कहा कि वैश्विक ऊर्जा और खाद्य संकट का समाधान करने की तत्काल जरूरत है। एसओसी के लिए सितंबर बेहद अहम होने जा रहा है। सभी 8 देशों के राष्ट्रप्रमुख उज्बेकिस्तान के समरकंद में जुटेंगे। 15 और 16 सितम्बर तक यह सम्मेलन चलेगा। इस मीटिंग में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के अलावा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन भी हिस्सा ले सकते हैं।

रूस शिक्षा मेले का आयोजन

- भारत में नीट परीक्षा पास कर चुके विद्यार्थियों के लिए खुशखबरी
- रूस में एमबीबीएस और अन्य विषयों का अध्ययन करने की पहल

नई दिल्ली, वार्ता

रूस सरकार की ओर से भारत में नीट परीक्षा पास कर चुके विद्यार्थियों के लिए रूस में एमबीबीएस और अन्य विषयों का अध्ययन करने की पहल की जा रही है। रूस हाउस के निदेशक ओसिपोव ओलेग ने शनिवार को अपने सम्बोधन में कहा कि रूस के विश्व. विद्यालय अपनी उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हैं।

मैं रूसी शिक्षा मेले 2022 में शामिल होने के लिए आप सभी का स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि रूस के शिक्षा मेले के जरिए बड़े शैक्षिक कार्यक्रमों के चयन की जानकारी, छात्रवृति के साथ रूस विश्वविद्यालय में अंग्रेजी माध्यम से अध्ययन के अवसर की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान एयर मार्शल डॉ. पवन कपूर (रुस शिक्षा के उपाध्यक्ष) और रूस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे। इस अवसर पर कुछ सेक्टर के प्रतिनिधिमंडल और उनके प्रस्तुतिकर्ता भी शामिल हुए, जिनमें चिकित्सा, इंजीनियरिग, विमानन, प्रबन्धन, पर्यटन, भाषा अध्ययन प्रमुख विशेषज्ञ प्रमुख हैं। इस दौरान सभी विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से मिलकर रूस में आवास सुविधा, रहने की लागत, भारतीय भोजन की उपलब्धता, पासपोर्ट, वीजा संबंधी सहायता सहित कई विषयों की जानकारी ली। हाल ही में यूक्रेन से भारत लौटे विद्यार्थी भी रूस में किसी भी संस्थान में उसी शुल्क पर फिर से दाखिला ले सकते हैं। उनके लिए विशेष सीटें आरक्षित की गई हैं। रूस शिक्षा मेले का आयोजन नई दिल्ली स्थित रशियन हाउस, 24 फिरोज शाह रोड पर रविवार सुबह 11 बजे आयोजित किया गया। इस दौरान, शीर्ष रूसी विश्वविद्यालय के प्रति भारतीय विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।

नागरिकों को डोनेट्स्क क्षेत्र खाली करने की हिदायत

कीव, वार्ता

यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने यूक्रेन के नियंत्रण वाले पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र के कुछ हिस्सों में निवासरत नागरिकों को इलाके को खाली करने का आदेश दिया है। श्री जेलेंस्की ने कहा कि लड़ाई और अधिक तीव्र हो सकता है तथा जितने अधिक लोग डोनेट्स्क क्षेत्र छोड़ते हैं, वे सुरक्षित रह सकते हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने यह चेतावनी ऐसे समय दी है, जब रूस ने संयुक्त राष्ट्र और रेडक्रॉस के अधिकारियों को रूसी समर्थित अलगाववादियों द्वारा आयोजित डोनेट्स्क क्षेत्र के एक अन्य हिस्से में युद्ध के 50 यूक्रेनी कैदियों की मौत की जांच के लिए आमंत्रित किया है।

■ लड़ाई और अधिक तीव्र हो सकती है: जेलेंस्की

संक्षिप्त समाचार

पाक में विस्फोट में तीन लोग घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के तुरबत शहर में फुटबाल मैच के दौरान हुए विस्फोट में कम से कम तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार शनिवार रात को केच जिले में स्थित तुर्बत के एयरपोर्ट चौक इलाके के पास एक फुटबॉल स्टेडियम में एक फुटबॉल मैच के दौरान शक्तिशाली विस्फोटक (आईईडी) धमाके में तीन लोग घायल हुए है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि विस्फोट के बाद घटनास्थल पर लोगों में दहशत है और सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है। प्रांत के गृह मंत्री जिया उल्लाह लांगौ ने हमले की निदा की और पुलिस को हमलावरों को तुरंत गिरफ्तार करने का निर्देश दिए है।

मंकीपॉक्स: न्यूयॉर्क में आपदा आपातकाल की घोषणा

वाशिंगटन। अमेरिका में न्यूयॉर्क प्रांत की गवर्नर कैथी होचुल ने मंकीपॉक्स के बढ़ते मामलों को देखते हुए आपदा आपातकाल घोषित कर दिया है। सुश्री होचुल ने एक बयान में कहा कि मैं इस प्रकोप का सामना करने के लिए प्रयासों को और मजबूत करने के वास्ते राज्य में आपदा आपातकाल की घोषणा करती हूं। न्यूयॉर्क में मंकीपॉक्स का संक्रमण तेजी से पैर पसार रहा है। शुक्रवार तक इसके संक्रमण के 1,383 मामले दर्ज किए गए। उन्होंने कहा कि इस देश में चार में से एक से अधिक मंकीपॉक्स का मामला न्यूयॉर्क से हैं, और हमें अपने पास रखे हर उपकरण के उपयोग की आवश्यकता है। न्यूयॉर्क के स्वास्थ्य आयुक्त की ओर से मंकीपॉक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए आसन्न खतरा घोषित करने के एक दिन बाद आपदा आपातक. ाल की घोषणा की गई। ताजा आंकाड़ों के अनुसार अमेरिका में शुक्रवार तक मंकीपॉक्स के 5,100 से अधिक लोग के संक्रमित होने की रिपोर्ट है।

मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ पीटीआई के तेवर उग्र

■ सर्वोच्च न्यायिक परिषद में अयोग्यता का मामला दायर करने की तैयारियां

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी (पीटीआई) मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सिंकदर सुल्तान राजा के खिलाफ सर्वोच्च न्यायिक परिषद में अयोग्यता का मामला दायर करेगा।

पार्टी सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने श्री राजा पर सत्तारुढ़ पार्टी से मिलने का आरोप लगाते हुए कहा कि पीटीआई ने फैसला किया कि प्रांतीय सरकारें चुनाव आयोग और प्रांतीय विधानसभाओं के खिलाफ भी कार्रवाई करेंगी और पंजाब और खैबर-पख्तूनख्वा में विधानसभाएं मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित करेंगी। पीटीआई के सूचना सचिव फारुख हबीब ने इस मुद्दे पर कहा कि प्रतिबंधित फंडिंग मामले में फैसला सुरक्षित रखने के बाद श्री राजा ने पीडीएम नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने उनकी शपथ, आचार संहिता के साथ-साथ उनके संवैधानिक कर्तव्य का उल्लंघन किया। इससे पहले पीटीआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी फवाद ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने पीटीआई फंडिंग मामले पर चर्चा करने के लिए शुक्रवार को सत्तारुढ़ गठबंधन के लोगों से मुलाकात की, जिसे उन्होंने खुद स्वीकार किया।

अमेरिका में काम कर रहे पाकिस्तानी मेडिकल ग्रेजुएट्स की किस्मत अधर में

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी मेडिकल कॉलेजों से स्नातक करने वाले डॉक्टर वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेडिकल एजुकेशन (डब्ल्यूएफएमई) के मानदंडों को पूरा करने में विफल रहने के कारण जनवरी 2024 के बाद अमे. रिका में काम करने में सक्षम नहीं हो सकेंगे। पाकस्तान के समाचारपत्र 'डान' ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। इससे पहले पाकिस्तान मेडिकल एंड डेंटल कौंसिल ने डब्ल्यूएफएमई मान्यता के लिए आवेदन किया था और उनके प्रतिनिधिमंडल को पाकिस्तान आने के लिए आमंत्रित भी किया था, लेकिन 2019 में पीएमडीसी को भंग कर दिया गया और इसकी जगह पाकिस्तान चिकित्सा आयोग (पीएमसी) की स्थापना की गई। इसके बाद डब्ल्यूएफएमई का दौरा स्थगित हो गया था।

हिम शिवलिंग दर्शन को नया जत्था रवाना

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में रविवार को अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए एक हजार से ज्यादा तीर्थयात्रियों का नया जत्था पहलगाम और बालटाल से रवाना हुआ। आधिकारियों ने कहा कि 42 श्रद्धालुओं ने ग्यारह बजे तक पवित्र गुफा के दर्शन किए। तीस जून से अब तक 2,91,644 श्रद्धालु गुफा के दर्शन कर चुके हैं। रविवार को धूप निकलने के बीच दक्षिण कश्मीर में पारंम्परिक नुनवन पहलगाम आधार शिविर और गंदेरबल जिले में छोटे रास्ते बालटाल से तीर्थयात्रियों के नए जत्था को रवाना किया गया। बालटाल में वाया दोमैल के रास्ते 471 तीर्थ यात्रियों के दल में 92 महिलाएं , तीन साधु तथा ग्यारह बच्चे रवाना हुए और 65 तीर्थयात्रियों को पवित्र गुफा के दर्शन के लिए बालटाल से हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट किया गया। पहलगाम में नुनवन आधार शिविर से पांच सौ ज्यादा तीर्थयात्रियों को पवित्र गुफा के लिए रवाना किया गया। मौसम विभाग ने पहलगाम और सोनमर्ग के रास्ते शाम तक बारिश की संभावना जताई है।

करीना ने लाल सिंह चड्ढा के लिए दिया ऑडिशन

मुंबई। बॉलीवुड अभिनत्री करीना कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म लाल सिंह चड्ढा के लिए ऑडिशन दिया था। करीना कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म लाल सिंह चड्ढा के प्रमोशन में व्यस्त है।

इस फिल्म में करीना, आमिर खान के साथ नजर आएगी। करीना कपूर ने बताया है कि उन्होंने फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में अपने रोल के लिए ऑडिशन दिया था। करीना कपूर ने कहा कि आमिर उस तरह काम नहीं करते हैं। वो कभी ये नहीं कहते कि ये फिल्म करो क्योंकि मैं भी इसमें हूं। वह हमेशा कहते हैं कि सबसे पहले फिल्म की कहानी सुनो। उन्होंने सबसे पहले मुझसे इस फिल्म का एक नरेशन सुनने को भी कहा था। उन्होंने मुझे 4 घंटे का नरेशन दिया और इसके बाद मैंने 'लाल सिंह चड्ढा' को हां कह दिया। मुझे 'लाल सिंह चड्ढा' के लिए एक ऑडिशन भी देना पड़ा था। ऐसा इसलिए था जिससे मैं साबित कर सकूं कि मैं इस रोल के लिए पर्फेक्ट हूं। गौरतलब है कि अद्वैत चंदन के निर्देशन में बनी फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' हॉलीवुड स्टार टॉम हैंक्स की फिल्म 'फॉरेस्ट गंप' का रीमेक है। फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में आमिर खान और करीना कपूर के अलावा मोना सिंह और नागा चैतन्य की भी अहम भूमिका में हैं। आमिर खान प्रोडक्शंस, किरण राव और वायकॉम18 स्टूडियोज द्वारा निर्मित 'लाल सिंह चड्ढा' को भारत के 100 से अधिक स्थानों पर शूट किया गया।

■ ऐसा इसलिए था जिससे मैं साबित कर सकूं कि मैं इस रोल के लिए पर्फेक्ट हूं

शाहरुख की फिल्म जवान में काम करेंगी दीपिका पादुकोण!

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण किंग खान शाहरूख खान की फिल्म जवान में काम करती नजर आ सकती है। दीपिका पादुकोण ने अपनी करियर की शुरुआत शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' से की थी। दीपिका इन दिनों फिल्म 'पठान' में शाहरूख खान के साथ काम कर रही है। चर्चा है कि फिल्म 'पठान' के बाद दीपिका, शाहरुख खान की एक और फिल्म में काम करने वाली हैं। कहा जा रहा है कि दीपिका पादुकोण, शाहरूख की फिल्म 'जवान' में भी नजर आ सकती हैं। शाहरुख खान और फिल्मकार एटली के साथ 'जवान' में दीपिका को कास्ट करने के लिए बातचीत चल रही है। इस फिल्म में दीपका का छोटा, लेकिन अहम किरदार होने वाला है। इस बारे में मीटिंग्स की जा रही हैं जिसमें रोल और डेट्स पर चर्चा चल रही है।

काजोल ने फिल्म इंडस्ट्री में 30 साल पूरे किए

मुंबई। जानीमानी अभिनेत्री काजोल ने फिल्म इंडस्ट्री में 30 साल पूरे कर लिए हैं। काजोल ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत फिल्म 'बेखुदी' से की थी। यह फिल्म 31 जुलाई 1992 को रिलीज हुई थी। फिल्म इंडस्ट्री में 30 साल पूरे होने के मौके पर काजोल ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फैंस का आभार जताया है। काजोल ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो साझा की है। इसमें उनकी तीस साल के सफर की चुनिंदा फिल्मों को संजोया गया है। इस वीडियो में उनकी फिल्म 'बेखुदी', 'दिल वाले दुल्हनियां ले जाएंगे', 'गुप्त', 'प्यार किया तो डरना क्या', 'प्यार तो होना ही था', 'कुछ कुछ होता है', 'कभी खुशी कभी गम', 'फना', 'माय ने इज खान', 'हैलिकॉप्टर इला' और 'त्रिभंग' की झलक है। काजोल ने वीडियो के साथ एक प्यारा नोट भी लिखा है। उन्होंने लिखा है, 'कल किसी ने पूछा कि मैं कैसा महसूस कर रही हूं? वास्तव में इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

आवश्यकता है
व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए ऑल इंडिया रायफल और पिस्टल के लाइसेंस / परमिट धारक सेना से सेवानिवृत्त की आकर्षक वेतन एवं अन्य सुविधाएं स्वीकृत।
सम्पर्क करें - 9720007290

CMS RED. करे एलौ० CMO Regi. मे परैक्टिस करें।
10th/12th पास करने का सुनेहरा मौका
इसी साल 10th/12th करके साल बचाएं
SAMRAT INTER COLLEGE
MIMLANA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Distance & Online Courses
*BA *BCOM *BSC *MSC *BCA *BBA
MCA MBA* BSC* MCOM* BLIB* MLIB
REGULAR UNIVERSITY COURSE
BA, BCOM, BSC, MA, MCOM, MSC, MLIB, B.TECH, M. TECH, BHM, BSC, (Agriculture), MSC (Agriculture) B.ED, M.ED, LLB, LLM, DMLT, BMLT, DXRT, BXRT, BPT MPT, PGDMLT, D.PHARMA, M.PHARMA & Many More...
Diploma in Fire Safety Management (DFSM), Diploma in Computer Application (DCA)
Note: All Course Are Recognized By (UGC) & Receptive Council.
Note: Associates Are Invited for Bulk Admissions
DR SAMRAT
CHAIRMEN
Mob: +91-9412211108
WWW.SAMRATINTERCOLLEGE.COM

यदि आप मैडिकल/इंजिनियरिंग में अच्छी रैंक से चयन पाना चाहते है तो जूम इंस्टीट्यूट पर जरूर दाखिला ले।
Batches Starting for NEET/Enggn. 2023
सरकारी MBBS मैडिकल कॉलेज में चयनित जूम के कुछ छात्र छात्राऐं
2007 Shazia Ahmed, MBBS AMU, D/o Dr. Shameem Ahmed, Ghas Mandi Chowk, Mzn
2010 Huma Jahan, MBBS, Meerut Med. Coll., Moh. Devidas, Madrsa Faizal Kuran, Khatauli
2011 Mohd. Tabish, MBBS, KGMU, AMU Selected, (Std. of Shishu Niketan), Vill. Nirana Jansath Rd. MZN
2011 Amir Khan, MBBS, AFMC, Pune, AMU Sel., S/o Sh. Abrar Ahmed, V & P Biswa, Modinagar
2014 Md. Arshad, CPMT 7th General Rank, KGMC, AIIMS Selected, S/o Mohd. Shahnawaj, Islamiya Inter Coll. MZN
2011 Anas Khan, Selected in CBSE-PMT (Std. of UP Board), Khatauli
2012 Mohd. Asif, Muzaffarpur G.M.C. Sardhana, Distt. Meerut
2012 Mohd. Ahmed, KGMC, Lucknow, S/o Sh. Atiqurrehman, Islamabad Sardhana
2013 Farhana Praveen, Haldwani Med. Coll., D/o Mr. Sabir, Naseerpur, Gandhi Col. MZN
2013 Mohd. Adnan, LLRM Med. Coll Meerut, Deoband, Distt. Saharanpur
2013 Sana Praveen, KGMC Lucknow, D/o Dr. Mehboob Hasan, 407, South Khalapar, MZN
2014 Ashba Tyagi, D/o Tahir Tyagi, 1073, Laddhawala, MZN., Std. of Ajmat Girls
2015 Izhar Azeem, Meerut Medical College, S/0 Dr. Shahid Ahmed, Azad Rd, Thanabhawan
2015 Aleena Rehman, Kannauj Med. Coll., D/o Dr. G.Rehman, Distt. Hospital Campus SRE
2015 Nida Rehman, GSVM, Kanpur, D/o Dr. G.Rehman, Distt. Hospital Campus SRE
2016 Amjad, Saharanpur Med. College, S/o Md. Islam Ahmed, Azad Rd, Thanabhawan, MZN
2016 Aysha, Ambedarkar Medical Coll., D/o Mohd. Asjad, 835/8, Yogender Puri, MZN
2016 Farman, Saharanpur Med.Coll., S/o Nazar Mohd., Vill. Katka, Jansath
2017 Aamir Beig, Meerut Med. Coll., S/o Mr. Abid Beig, Budhana, MZN
2020 Sayma Praveen, Govt. Med. Coll.Noida, D/o Mohd. Yameen, 1013, Mahmood Nagar MZN
2020 Nawaz Nafees, GSVM Kanpur, S/o Sh. Nafees Ahmad, Jahangir Patti, Sujroo, MZN
2021 Sameer Haider, Meerut Med. Coll., S/0 Mr. Shabab Halder, Vill. Halbat pur, MZN
साइंस विषयो (PCMB) की कोचिंग में 18 वर्षो से विश्वसनीय नाम
ZOOM Institute For PMT/ IIT
Separate Batches for UP/CBSE Board Students
Hostel Facility for Outside Students
ZOOM INSTITUTE
150, शिवपुरी, भोपा रोड, निकट भोपा पुल, मु० नगर
Mob. - 9368787704, 9837935900